नीलकंठ पाखी की टोह

[प्रथम भाग]

अतीन बंद्योपाध्याय

अनुवादक
प्रबोधकुमार मजुमदार

नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, नयी दिल्ली

भूमिका

प्रकृति के साथ सपर्क स्थापित करना ही भारतीय कला की विशेषता है। उस अनुष्टुप छन्द का स्मरण करें—शब्द वाल्मीकि के हैं

> मा निषाद प्रतिष्ठात्वमगम शाश्वती समा।
> यत क्रौंचमिथुनादेकमवधी काममोहितम॥

समग्र सस्कृत साहित्य म प्रकृति के लिए प्रेम और उद्वेग वार-वार घम फिर कर आता रहा है। राम क वनवास पर लका की छाया जब तक नही पडी तब तक निर्वासन की क्लेश यातना उभर कर नहीं आयी, चित्रकूट पहाड, माल्यवती नदी और दडकारण्य की स्निग्धछाया ही पडती रही। स्वर्गारोहण के पथ पर पाडवों का अनुसरण किया था एक कुत्ते ने और यह दिखाई पडा कि पूरा रास्ता तय करने की शक्ति उसी म है। वस्तुत जीवजगत के लिए सस्कृत साहित्य म चरित्र की सृष्टि नही हुई, प्रकृति के साथ आत्मिक योग से ही मनुष्य को वहा पूर्णता प्राप्त हुई है। यहा तक कि गुप्त युग म, जिन दिनों प्राचीन भारत आर्थिक दृष्टि से सबसे उन्नतिशील था, तपोवन का आदश मलिन नहीं हुआ था। कालिदास का काव्य ही उसका श्रेष्ठ प्रमाण है। विना आश्रम के शकुतला की कल्पना

ही नही की जा सकती अलका तक पहुचने से पूव मेघदूत को भारत के विभिन्न प्रातो के पहाड पवत नदी नगर पार करने पडे। मस्कृत काव्य म मृगया की हिंसकता नही पशुपक्षियो के आत्तरव ही सुनाई पडते हैं। कादबरी के कथाकार बाणभटट की दीप्त वन्ना कितनी ही शताब्दियो को पार कर आज भी हृदय को छू लेती है। एक समकालीन बगला उपन्यास की भूमिका लिखते समय इतनी सारी बातें करने की आवश्यकता थोडी ही देर म स्पष्ट हो जायेगी। एक जाति के पास जो अनुभव धरोहर क रूप म रहता है अगल युग के लेखक उसी को पूजी बनाकर अकमर सफलता का सेतु ढूढ लेते हैं इसी प्रकार हृदयावेग विनिमय की राह अविच्छिन्नता प्राप्त कर लेती है। भारतवष की सस्कृति बहुरगी, बहुधर्मी होने हुए भी मूलत एक है क्योकि इस परपरा की अभिव्यक्ति सहस्र आचलिक विभिन्नताओ के बावजूद एक प्रीति सत्र से जुडी हुई है।

भारत गीत वदे मातरम के रचयिता बकिमचद्र चटटोपाध्याय (1838 94) *बगला भाषा क सही अर्थों म प्रथम उपन्यासकार हैं। सन 1865 म दुर्गेशनदिनी* के प्रकाशन के माथ माथ बगला उपन्यास की जययात्रा शुरू हुई। राममोहन राय (1772 1833) और ईश्वरचद्र विद्यासागर (1820 91) के हाथो यथाक्रम इस विद्या का बीजारोपण और अकुरोद्गम हुआ और बकिम तक आते वह फूलने और फलने लगा। मणालिनी (1869) दुर्गेशनन्दिनी सीताराम (1887) देवी चौधुरानी (1884) आनद मठ (1884) की प्रकाशन तिथि के बजाय यदि उनके विषय विन्यास के अनुसार इन उपन्यासो को क्रम बद्ध करें तो देखेंगे कि इनम बकिम का इतिहासकार बोलने लगा है मुसलमानो के आक्रमण से लेकर वारेन हैस्टिंग्ज क समय तक (1772 85) बगाल का इतिहास इसमे अतर्निहित है। मुगल राजपूत द्वद्वकथा है राजसिह (1882)। इतिहास की पृष्ठभूमि मे लिखे इन उपन्यासो म बकिम की मूल प्रेरणा है स्वाधीनता की इच्छा। लेकिन उसके साथ व्यक्तिगत भागवासना का परिमाण भी भाषा की वर्णोज्वल ओजस्विता लेकर प्रकट हुआ है। देश को इट-काठ पत्थर की समष्टि न मानकर साहित्य म उस माता क रूप म उन्होने प्रतिष्ठित किया। जिस प्रकार आनद मठ मे वदेमातरम का गायन होने से पहले विद्रोही नायक भवानद के मुख से सुनते हैं हम लोग कोई दूसरी मा नही मानत— जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। हम लोग कहते हैं जन्मभूमि ही जननी है हम लोगो क न मा है न बाप है न भाई है न पत्नी,

न पुत्र है न घर द्वार, हमारे लिए है तो केवल वही सुजला, सुफला, मलयज शीतला, शस्य श्यामला !" समाज के निकट कलाकार का जो उत्तरदायित्व होता है, बगला उपन्यास के जन्मलग्न मे बकिम ने उस पर तिलक लगा दिया। राममोहन का गद्य विचारक और समाज सुधारक का गद्य था, विद्यासागर का भी वैसा ही था, किंतु उनकी शैली काफी सुसाध्य थी और वे शिक्षादाता तो थे ही। उपन्यास म स्वदेशीपन लाने का श्रेय बकिम को है। उनके विरुद्ध कुछ लोग साप्रदायिकता का अभियोग लगाते हैं लेकिन किसानो के प्रति उनके प्रेम मे हिंदू मुसलमान का भेदभाव नहीं था। साम्य (1879) निबध ग्रथ इसका यथेष्ठ प्रमाण है। अपने उपन्यासो म उन्होंने मुसलमान आक्रमणकारियो के सामने हिंदुओ के पराभव के चित्र अधिक अकित किये हैं इस तथ्य से भी इनकार नही किया जा सकता। बकिम ने बगाली हिंदुओ की उन्नति चाही थी यह सत्य है किंतु अन्य धर्मों के प्रति द्वेष लेकर नही। जीवन के अतिम वर्षों म लिखे एक लेख म उन्होंने यह मनोभाव व्यक्त किया है जब सर्वत्र समानता हो, सभी को आत्मवत समझना ही वष्णव धम है तब हिंदू और मुसलमान में छोटी जाति और बडी जाति कहकर भेद भाव नही करना चाहिए।' अतीन वद्योपाध्याय ने नीलकठ पाखी की टोह' लिखते समय जिस उदार दृष्टिकोण से निम्नवित्त मुसलमान जीवन देखा है उसकी जडें बगला उपन्यास के क्षेत्र म बकिम तक प्रसारित हैं।

रवीन्द्रनाथ ठाकुर (1861 1941) तक हम लोग एक कदम और आगे बढ जाते हैं। सन् 1906 मे प्रकाशित अपने उपन्यास 'नौका डूबी' क प्रसग म परिवर्तन काल की एक उक्ति म उन्होंने स्वय कहा है "इस युग म कहानी का कौतूहल मनोविश्लेषिक हो गया है। घटनाओ का वर्णन गौण हो गया है।' चरित्रो का विश्लेषण कर उन्हें स्वभावधम मे पहुचा देना ही उपन्यासो म रवीन्द्रनाथ का लक्ष्य है। यहा भी उनकी कविसत्ता उनसे अलग नही हुई बल्कि व्यजना के गुण से अभिव्यक्ति को बल ही देती रही। प्रारभिक रचनाए 'बउ ठाकुरानीर हाट' (1883) या राजर्षि (1887) उन दिनो समादृत होने पर भी आज के विचार में दोषमुक्त नहीं हैं। चोखेर बालि (1903) मे वे अपने उपन्यास तथा उसकी भाषा म एक नया मोड ले आये। इसम आख्यान भाग अपेक्षतया कम है। उनका रुझान चरित्र चित्रण की ओर अधिक रहा हैं। महात्मा गाधी ने उनको 'गुरुदेव' की पदवी दी थी और वे अपने कथासाहित्य में एक चिंतक क रूप म सामने आये।

कहीं कहीं जैसे गोरा (1910) या घरे बाहिरे (1916) में स्वदेशी आंदोलन को नवीन राष्ट्रवाद में परिणत करने के विरुद्ध में तर्जनी उठाई गई है। चार अध्याय (1934) राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा किस प्रकार मानवीय प्रवृत्तियों को नियंत्रित करती है उसका मर्मान्तक रूप है। आदर्शवाद के साथ यथार्थ अध्यात्मवाद का द्वंद्व चतुरंग (1916) में फिर तब ही साथ सामाजिक प्रश्न का प्रस्फुटन व दांपत्य जीवन में नीरसता के परिवार में सत्ता के रूप में सन् 1929 में प्रकाशित दो उपन्यास 'शेषेर कविता' और 'योगायोग' को लेकर प्रस्तुत होते हैं। किंतु मूल मंतव्य रवींद्रनाथ के उपन्यासों में प्रतिभा नहीं कविता के कवित्व विकास का पक्ष है।

लेकिन बंगाली जीवन का सारा का सारा रूप रवींद्रनाथ में चित्रित नहीं है। समाज में पतिता के बारे में सर्वप्रथम शरत्चंद्र चट्टोपाध्याय (1876-1938) ने चार खंडों में प्रकाशित 'श्रीकांत' उपन्यास में लिखा (1917-33) स्वयं रवींद्रनाथ की भाषा में 'शरत् की दृष्टि ने बंगालियों के हृदय में डुबकी लगायी है।' बंगालियों की उस कोमलता का निदान शील में बसन्त दिखाया है शरत्चंद्र में चरमोत्कर्ष है। समाज में अनाचार होने पर भी इसमें अच्छे संस्कारों की कमी नहीं अतः उनकी रचनाओं में विवेकवान पात्रों की बहुतायत है उनका सामाजिक पक्ष भी नजर-अंदाज नहीं हो पाता। उपन्यासों में शरत्चंद्र का मुख्य अवलंबन है प्रेम उन्होंने केवल रूमानी कहानी या गार्हस्थिक जीवन की जटिल समस्याओं को लेकर दत्ता (1918) या देना पावना (1923) का वर्णन ही नहीं किया वरन् पतिहीना या यहां तक कि सधवा नारी की परपुरुष में आसक्ति जैसे विषय को भी उन्होंने ममता से रूपान्तरित किया है 'पल्ली समाज (1916) और 'गृहदाह (1910) में। हालात के दबाव से अक्सर मजबूर होने के कारण पेशा अपनाने वाली को पतिता या कलुषिता कहना उचित नहीं है। बंगालियों के मन में शरतचंद्र ने यह गहरी अनुभूति और करुणा जगा दी। अपनी तिरपनवीं वर्षगांठ के अवसर पर दिये भाषण में उनका मूल्यबोध स्पष्ट है त्रुटि विच्युति, अपराध, अधर्म ही मनुष्य का सब कुछ नहीं। उसके बीच की असली वस्तु है मनुष्य —जिसे आत्मा भी कहा जा सकता है—वह उसके सारे अभाव, सारी आपत्तियों से बढ़कर है।

किंतु रवींद्रनाथ की असामान्य मेधा और शरतचद्र के भावप्रवण लेखन से प्रथम महायुद्धोत्तर लेखक वग का मन पूरी तरह सतुष्ट नही हुआ। मुक्त यौनाचार और स्वच्छद जीवन धारा से पूण उनकी रचनाए 'कल्लोल (1923 29) पत्रिका म प्रकाशित हुइ और व कल्लोल गुट नाम स विख्यात हुए। उनसे सबद्ध एक लेखक शलजानद मुखोपाध्याय (1900) न कहानियो म अधिक प्रसिद्धि प्राप्त की। उन्होंने हा 'सोलह आना (1925) या 'शहर थेके दूरे' (1947) आदि उपन्यासो म आचलिकता का पुट लाकर एक नये पथ का सकेत दिया। ताराशकर बद्योपाध्याय (1898 1972) ने इसी शैली को रूपायित किया है अपनी 'धात्री देवता (1939) 'कालिंदी (1940) 'गण देवता—पचग्राम (1942-43) 'हासुलि बाकेर उपकथा' (1947) आदि विशिष्ट रचनाओ मे। दिगतविस्तृत राढ अचल के सौंदय-स्थल मयूराक्षी की आकस्मिक बाढ, घेंटू के गीत, नवान्न म नगाडो की ध्वनि, डकतो के सकत जमींदारी ठाठ-बाट—यत्र उद्योग के सस्पश म आयी ग्रामीण अथ-व्यवस्था किस प्रकार पुनव्यवस्थित हो रही है इसकी अतरग झाकी इन उपन्यासो म है। इसी शैली में पद्मा नदीर माझी (1936) में पूर्वी बगाल के जनजीवन की सुगठित कथा को मानिक बद्योपाध्याय (1908 56) न वण्य विषय बनाया यद्यपि ताराशकर से उनका कथावस्तु भिन्न है शहर के मध्यवग और निम्नवग के लोगों की समस्याओ को ही उन्होंने मुखरित किया है। अरण्य प्रातर का सौंदय अवलोकन करना हो तो जाना पडगा विभूतिभूषण बद्योपाध्याय (1894 1957) के पास। पथेर पाचाली (1929) 'अपराजित' (1932) 'आरण्यक (1938) आदि उपन्यास हम अनुपम प्राकृतिक सौंदय के सम्मुख खडा कर देते हैं। वस्तुत ताराशकर के 'धात्री दवता के अत म बुआ से नायक शिवनाथ का श्रद्धा निवेदन और अपराजित' के अत म विभूतिभूषण के उद्धरण निवेदन से साफ-साफ समझा जा सकता है कि बगाली जीवन पर रवींद्रनाथ का प्रभाव कितना गहरा और स्पष्ट है—प्रादेशिक को सावजनिक और क्षणिक को चिरतन बनाने के अभिप्राय से उनकी विशेषता स्वत स्पष्ट है।

'जीव की धात्री जो धरित्री हैं जाति म वे ही तो देश हैं मनुष्य के निकट के वे ही वास्तु हैं उसी वास्तु की मूर्तिमता हो तुम। तुम ही ने मुझे वास्तु से परिचित कराया है और उसी से मैंने देश को पहचाना है। आशीर्वाद दो,

धरती को पहचानने के बाद तुम्हारी पहचान भी पूरी कर सकू।'

—'धात्री देवता —ताराशकर।

तीस, पचास सौ हजार, तीन हजार वष बीत जायेंगे। उस समय भी ऐसी जिहरी ऐसी ही बैसाखा आधी आयगी तीन हजार वप बाद के बशाख के अत म। उस समय भी इसी तरह पछी चहवेंग इसी तरह चाद निकलेगा। नि शब्द शारदीय दोपहर मे वनपथ पर क्रीडारत उस नौ साल के बालक के मन की विचित्र अनुभूतियो का इतिहास कहा लिखा रहेगा ?

—'अपराजित —विभूतिभूपण।

ताराशकर विभूतिभूपण मानिक—आधुनिक बगाली उपन्यासकारो की पथ प्रदशक के रूप म अतीन बद्योपाध्याय साभार स्मरण करते ह। व्यक्तिगत रूप स उनक प्रिय लेखक है बकिमचद्र और अवनीद्रनाथ ठाकुर (1871 1951)—जो कि रवीद्रनाथ के भतीजे थ और उपन्यासकार न होने पर भी कथासाहित्य म जिनका सहज सुरीला लहजा बगला भाषा म लासानी है। उपन्यास लिखना अतीन के लिए आत्मकथन के समान ही है, नालकठ पाखी की टोह के माध्यम से अपनी स्वीकारोक्ति म उन्होने अपने को पेश करना चाहा है। हालाकि लिखा वही है जो कला माध्यम से लिखा जा सकता है। वास्तव म उस मे कल्पना की रगीनी का विन्यास है। रचना के देशकाल को ध्यान म रखना जरूरी है—घटनाओ का प्रमुख केंद्र वही है। ढाका जिले क राइनादी गाव म सन 1930 म अतीन बद्योपाध्याय का जन्म हुआ। पूरा नाम है अतीद्र शेखर बद्योपाध्याय। पूर्वी बगाल के जिस वातावरण म नीलकठ पाखिर खोजे की कहानी गढी गयी है उसके साथ उनके किशोर वय की स्मृति जुडी हुई है। वह पश्चिम बगाल के बहरामपुर जिले म आय और वही स प्राइवट मट्रिक पास किया। वह वाणिज्य के छात्र थ, कुछ दिना तक पत्रिका के दफ्तर म भी काम करते रहे। फिर 1953 म जहाज मे शिक्षार्थी क रूप मे लगभग साल भर विभिन्न बदरगाहो का अनुभव सचित कर बगला साहित्य के क्षेत्र मे नयी प्रतिभा क रूप म उभर कर सामन आय। मानिक बद्योपाध्याय क नाम पर मानिक स्मृति पुरस्कार से सम्मानित हो सन् 1960 म समुद्र मानुप' उपन्यास प्रकाशित होते ही उनको प्रतिष्ठा मिल गयी। अब तक उन्होने बाइस उपन्यास लिखे है। विभिन्नाकार म प्रकाशित इन सारी कलाकृतियो मे जो मूल स्वर निकलता है वह उनकी उक्ति के अनुसार नीलकठ पाखी की टोह म ही मिल जायगा। 1961

स 1971 तक—दस वर्षों मे आपने इतना लिखा है।

'नीलकठ पाखी की टोह' मे कौन है और जा है वह किसलिये ? यह बात ध्यान में रखना जरूरी है कि उपन्यास म ग्रथित हान स पूव शुरू के अठारह परिच्छेद कहानियो के रूप म लिखे गय थे। इसीलिए य परिच्छेद स्वतत्र होत हुए भी इनके कथानक म एक तारतम्य है।। सप्रति वे एक प्रयोगात्मक बगला कहानियो की पत्रिका के अन्यतम सपादक हैं। नीलकठ पाखी की टोह एक अकेले चरित्र या उसस सबधित घटनावली की खोज नही बल्कि बहुकाणीय जिज्ञासा का मिश्रफल है। कौतूहल मिटाने के लिए हालाकि पहले ही अध्याय म स्पष्ट निर्देश हैं। वाकई अब बडे मालिक दोना हाथ ऊपर उठाय तालियाँ बजाने लगे मानो आकाश के किसी छोर म उनके पाले हुए हजार नीलकठ पाखी हो गये हैं। तालियाँ बजाकर उनको लौटान की कोशिश कर रहे हैं। देखने स लगता है कि मध्ययुगीन कोई नाइट रात क अधेरे म पाप की तलाश मे भटक रहा है।" बड मालिक यानी मणीद्रनाथ नीलकठ पाखी के प्रतीक म जिसे ढूढत फिर रहे हैं वह पलिन है—जिसके साथ भेंट हान की सभावना अब नही रही वे पहुच के बाहर चली गयी हैं फिर भी उसी के आकपण स मणींद्रनाथ हाथी की पीठ पर अचानक ही लापता हो जात हैं पड की शाखो से अपने को बाध रखते हैं, नदी मे लक्ष्य भूल जाते हैं। व्यक्ति विशेष न होकर पलिन अब कल्पसत्य है अप्राप्य किंतु अतिवाछित अछूती लेकिन मानस नेत्रा म इतनी ही स्पष्ट कि भटकाव स थके मणींद्रनाथ उनको खिडकिया के बाहर हेमलाक वक्ष क नीचे खडी पाते हैं इतनी मोहिनी कि अभिव्यक्ति की क्षमता खोकर कविता की पक्तियो मे मणीद्रनाथ आवग की गूज ढूढ लेत

स्टिल स्टिल टू हियर हर टेंडर टेक्न ब्रीथ
एड टु लिव एवर —आर एल्स स्वून टू डय।

तो फिर 'नीलकठ पाखी की टोह' एक रोमाटिक अन्वेषण है एक ऐस सौंदय की तलाश है जो कायाहीन होने पर भी आशा की सीमा स परे नही। मध्ययुगीन वष्णव साहित्य से जो हृदयावेग बगला साहित्य मे सचारित है उसी की चचलता

धरती को पहचानने के बाद तुम्हारी पहचान भी पूरी कर सकूं।"
—'धात्री देवता'—ताराशंकर।

'तीस पचास सौ हजार, तीन हजार वर्ष बीत जायेंगे। उस समय भी ऐसी जिहरी, ऐसा ही बसाखी आंधी आयेगी तीन हजार वर्ष बाद के बशाख के अंत में। उस समय भी इसी तरह पंछी चहकेंगे इसी तरह चांद निकलेगा। निःशब्द शारदीय दोपहर में वनपथ पर क्रीडारत उस नौ साल के बालक के मन की विचित्र अनुभूतियों का इतिहास कहां लिखा रहेगा ?
— अपराजित —विभूतिभूषण।

ताराशंकर विभूतिभूषण, मानिक—आधुनिक बंगाली उपन्यासकारों को पथ प्रदर्शक के रूप में अतीन बंद्योपाध्याय साभार स्मरण करते हैं। व्यक्तिगत रूप से उनके प्रिय लेखक हैं बंकिमचंद्र और अवनींद्रनाथ ठाकुर (1871 1951)—जो कि रवींद्रनाथ के भतीजे थे और उपन्यासकार न होने पर भी कथासाहित्य में जिनका सहज सुरीला लहजा बंगला भाषा में लासानी है। उपन्यास लिखना अतीन के लिए आत्मकथन के समान ही है नीलकंठ पाखी की टोह के माध्यम से अपनी स्वीकारोक्ति में उन्होंने अपने को पेश करना चाहा है। हालांकि लिखा वही है जो कला माध्यम से लिखा जा सकता है। वास्तव में उसमें कल्पना की रंगीनी का विन्यास है। रचना के देशकाल को ध्यान में रखना जरूरी है—घटनाओं का प्रमुख केंद्र वही है। ढाका जिले के राइनादी गांव में सन् 1930 में अतीन बंद्योपाध्याय का जन्म हुआ। पूरा नाम है अतींद्र शेखर बंद्योपाध्याय। पूर्वी बंगाल के जिस वातावरण में नीलकंठ पाखिर खोंजे की कहानी गढी गयी है उसके साथ उनके किशोर वय की स्मृति जुडी हुई है। वह पश्चिम बंगाल के बहरामपुर जिले में आये और वहीं से प्राइवेट मैट्रिक पास किया। वह वाणिज्य के छात्र थे, कुछ दिनों तक पत्रिका के दफ्तर में भी काम करते रहे। फिर 1953 में जहाज में शिक्षार्थी के रूप में लगभग साल भर विभिन्न बंदरगाहों का अनुभव संचित कर बंगला साहित्य के क्षेत्र में नयी प्रतिभा के रूप में उभर कर सामने आये। मानिक बंद्योपाध्याय के नाम पर मानिक स्मृति पुरस्कार से सम्मानित हो सन् 1960 में 'समुद्र मानुष' उपन्यास प्रकाशित होते ही उनको प्रतिष्ठा मिल गयी। अब तक उन्होंने बाइस उपन्यास लिखे हैं। विभिन्नाकार में प्रकाशित इन सारी कलाकृतियों में जो मूल स्वर निकलता है वह उनकी उक्ति के अनुसार 'नीलकंठ पाखी की टोह' में ही मिल जायगा। 1961

स 1971 तक—दस वर्षों में आपने इतना लिखा है।

नीलकठ पाखी की टोह' में कौन है और जो है वह किसलिये ? यह बात ध्यान में रखना जरूरी है कि उपन्यास म ग्रथित होने से पूर्व शुरू के अठारह परिच्छेद कहानियों के रूप म लिखे गये थे। इसीलिए ये परिच्छेद स्वतत्र होने हुए भी इनके कथानक म एक तारतम्य है।। सप्रति व एक प्रयोगात्मक बगला कहानियों की पत्रिका के अन्यतम सपादक हैं। नीलकठ पाखी की टोह एक अकेले चरित्र या उससे सबधित घटनावली की खोज नहीं बल्कि बहुकोणीय जिज्ञासा का मिश्रफल है। कौतूहल मिटाने के लिए हालांकि पहले ही अध्याय म स्पष्ट निर्देश हैं। बाबई अब बड़े मालिक दोनों हाथ ऊपर उठाये तालियां बजाने लगे मानो आकाश के किसी छोर म उनके पाले हुए हजार नीलकठ पाखी हो गये हैं। तालियाँ बजाकर उनको लौटाने की कोशिश कर रहे हैं। देखने से लगता है कि मध्ययुगीन कोई नाइट रात के अधेरे म पाप की तलाश म भटक रहा है।' बड़े मालिक यानी मणीद्रनाथ नीलकठ पाखी के प्रतीक म जिसे ढूढते फिर रहे हैं वह पलिन है—जिसके साथ भेंट होने की सभावना अब नहीं रही व पहुच के बाहर चली गयी हैं फिर भी उसी के आकर्षण से मणीद्रनाथ हाथी की पीठ पर अचानक ही लापता हो जाते हैं पेड़ की शाखों से अपने को बाध रखते हैं नदी में लक्ष्य भूल जाते हैं। व्यक्ति विशेष न होकर पलिन अब कल्पसत्य है अप्राप्य किंतु अनिवार्छित अछूती लेकिन मानस नेत्रों म इतनी ही स्पष्ट कि भटकाव से थके मणीद्रनाथ उनको खिडकियों के बाहर हेमलाक वृक्ष के नीचे खडी पाते हैं इतनी मोहिनी कि अभिव्यक्ति की क्षमता खोकर कविता की पक्तियों म मणीद्रनाथ आवेग की गूज ढूढ लेते

स्टिल, स्टिल टू हियर हर टेंडर टेकन ब्रीथ
एंड टू लिव एवर —आर एल्स स्वून टू डेथ।

तो फिर 'नीलकठ पाखी की टोह एक रोमांटिक अन्वेषण है, एक ऐसे सौंदर्य की तलाश है जो कायाहीन होने पर भी आशा की सीमा से परे नहीं। ... वैष्णव साहित्य से जो हृदयावेग बगला साहित्य म सचारित है उसी की ...

मणीद्रनाथ के लहू म हम पाते हैं। ज्ञानदास की भाषा मे

अमिया सागरे सिनान करिते
सकलि गरल भेल ।।
सखि, कि मोर करमे लेखि ।

(अमृत के सागर मे स्नान करते हुए सभी विषमय हो गया। सखि मेरे भाग्य म क्या लिखा है।)

मणीद्रनाथ की अभिलाषा निर्बाध है वे विक्षिप्त हैं। लेकिन 'नीलकठ पाखी की टोह' के अन्याय चरित्र भी निर्दोष नहीं। शुद्ध वासना के खिचाव से उनकी मनोवृत्ति का अनुभव किया जा सकता है। स्त्री चरित्र म जोटन शादीशुदा होने पर भी तृप्ति नही पाती, मालती का वधन्य दुस्सह है। कामना के साथ विवेक का द्वद्व यही प्रखर है। जोटन अपने को धिक्कारती है—'इबलिस का जिस्म—बस खाऊ खाऊ।' मालती का प्रेम गुप्त रूप से बाल सखा रजित की ओर प्रवाहित होता है लेकिन अत म उसके साथ जाने का सौभाग्य पाने पर भी उससे पूव अपहृत हो पाशविक भूख का शिकार बन जाती है। और एक नारी भी अपने आवेश अस्वीकृत होते पाती है—मझली बीवी के साथ फेलू के मिलन की सभावना नही रह जाती। फेलू अपने यौवन की सामर्थ्य खोकर समझ जाता है कि अन्नू बीवी को रखने की शक्ति उसमे नही रही। सस्कार और भावावेश के इस घात प्रतिघात की प्रतिक्रिया स वृद्ध महेंद्रनाथ को भी क्षत विक्षत होते देखते हैं। चिता पर चढते समय भी व शका करते हैं कि पुत्र मणीद्रनाथ उनकी भत्सना करेगा। 'नीलकठ पाखी की टोह' के लेखक ने जिस पशन की रक्ताभा को अकित करना चाहा है उसकी सबसे काव्यमय अभिव्यक्ति शायद पिता के प्रति उद्दड पुत्र क इस तिरस्कार म है। आप वही व्यक्ति हैं जिन्होंने मेरी आत्मा के निकट रहने वाली युवती पलिन को, जिसकी नाक लबी और आखें नीली हैं दूर हटा दिया है। समुद्र मैंने देखा नहीं किंतु वसत का आकाश देखा है आकाश के नीचे सुनहरे रेत वाली नदी का जल देखा है—जल म उसका मुखडा तिरता है। आकाश का कोई बडा नक्षत्र जब जल म प्रतिबिंब डालता है तो लगता है वही लडकी कितने दूर देश से पुकार

रही है मनी, चलोग नही। विला पाडी के बगल म बठकर हम लोग सातावलाज के बारे म बातें करेंगे। चलोगे नही। और देखा है सर्दियों के मैदान मे घास पर ओम की बूदें। ओस की बूद जैसा वह पवित्र मुखडा आपने छीन लिया है बाबा।"

पलिनको ग्रहण करने में महेंद्रनाथ का धम बाधक बना। और यही धम बागला देश के दो बहुत्तम सप्रदाय—हिंदू और मुसलमान के बीच दीवार की नाईं खडा हो गया था। हालांकि सदा से नही। ग्रथ के आरभ में ढाका के दगे की खबर सुनने के बाद भी आबिद अली सरीखा हिंदू विरोधी नहीं बन पाता "मुसलमान जिबह होने पर वह जाने कसे जोश म आ जाता है—लेकिन बडे मालिक और बगल के गाव के अय अनेक हिंदुओ की उदारता पीढियो से आता आत्मीय सबध सारे दुख और उत्तेजना को धो पोछ देते हैं। शम्सुद्दीन न जब पहने चुनाव मे मुस्लिम लीग का पक्ष लिया तो उनकी बीवी अलीजान ने प्रश्न किया—"वजह क्या है?" लेकिन विद्वेष का बीज गहराई में था आर्थिक विषमता मे। कौवा खदेडते वक्त फेलू के मन की बात लेखक बता रहे हैं 'भीतर ही भीतर इन सारे सुखी हिंदू परिवारो के विरुद्ध उसका आक्रोश भयकर रूप म उसको पीडित करने पर शामू मानो मौला मौलवियो की तरह कुछ इस्लामी की बातें सुना सकता है। शामू की लीग पार्टी जिदाबाद—हमारे लिए एक देश चाहिए। साप्रदायिक कट्टरता और कुछ निहित स्वार्थ के निर्देशन स खुलकर सघष मे आने मे इसके बाद देर नहीं लगती।' आनदमयी के मकान के बगल की जमीन पर मुसलमान किसान-हलवाहे लोग नमाज पढेंगे। वह मसजिद नहीं है। ढहा हुआ प्राचीन कोई गढ है जो कि ईशा खान का हो सकता है, चाद राय केदार राय का बनाया हुआ भी हो सकता है। अब उस ढहे गढ म नमाज पढाने के लिए लोगो को उकसाया जा रहा है। आज सवेरे ऐसी ही इत्तला कचहरीबाडी मे देने आये थे—मुसलमान लोग खास तौर से बाजार के मौलवी साहब जिनके दो बडे-बडे सूत के कारोबार हैं जिनके पास चाकी पर धान की लबी जमीन है खास मे हजार बीघे है, वही आदमी बाबुओ के पीछे पड गया है। यह जो देवी है, शायद इसी देवी की महिमा से सब कुछ बिला जायेगा। किसकी मजाल जो देवी के विरुद्ध खडा हो जाय। मानो हाथ का पना खडग अब उस महिषासुर का वध करने को उद्यत हो। इसी प्रकार शास्त्र से शस्त्र आता, पारस्परिक हत्या मे लोग उन्मादी बन जाते, लेकिन फिर भी मनुष्यत्व के

लक्षण कभी विलुप्त नहीं होते। जफर द्वारा मालती के अपहरण का वाकिदपुर मुसलमानो ने इकट्ठे एतराजी का बनाया, मालती की ध्वस्त देह का जोगन ने उद्धार किया और जोटन ही के पास कुछ दिनो के निरपेक्ष के अन्त की ओर रजिन मालती को सौंप आने के बारे म सोचता है। इसी के साथ-साथ दूसरा एक प्रश्न उभरता है—आक्रोश का निशाना कौन है जफर या सतोष दरोगा जो देश प्रेमी को देखते ही हथकडी डाल देने की बात सोचता है ? विशेष कोई कम हकीकत नहीं लेकिन उद्धार का पथ भी बराबर खुला ही था आजाद बगला देश के निर्माण म जिसका परिचय हम मिलता है। यह कोई आश्चर्य नही कि नीलकठ पाखी की टोह उपन्यास बगबधु शख मुजीबुरहमान को निवेदित है क्योकि राष्ट्र के कर्णधार के रूप म उन्होने ही अपने देशवासियो को युगातर के तोरण-द्वार तक पहुचाया है।

नीलकठ पाखी की टोह उपन्यास म सामाजिक और व्यक्तिगत घात प्रतिघात मे से आगे बढते चरित्रो के जुलूस म हम अन्य एक सत्ता की उपस्थिति निरतर लक्ष्य करते हैं—भारतीय साहित्य के साथ जिसका सयोग अति निकट है और वह है—प्रकृति। कहानी भाग के प्रारभ म नवजातक की वार्ता लेकर ईशम शेख के आगमन स ही इसकी शुरुआत है उसको देखकर लगता है कि तरबूज के खेत से या सुनहरे रेतवाली नदी की चाकी स सिर्फ ऐसी ही खबर सुनाने के लिए वह उठ आया है। बाद म भाषा के विस्तार मे कितने ही विचित्र दृश्य जुड जाते हैं तरबूज का खेत गुआफल, शीतलक्ष्या का जल और बस उसी के साथ आकाशी प्रवाह की तुलना हो सकती है चिरयाचुनमुन की चहचह और पशुओ का समावेश भीड लगाने लगते हैं। एक स्वतत्र जगत प्राणियो के अधिकार मे। यहा तक कि मछलिया जो साधारणतया भोजन की तालिका म होती हैं जलाली की मृत्यु के बाद वे भी मानो अपना अधिकार जताने लगती है। मच्छ के शरीर पर ताजिदगी कितने ही मनुष्यो के कौंच या भाले के चिह्न हैं। मच्छ की देह पर कौंच के छोटे छोटे फाक। वही मच्छ अब उल्लास और जोश से झील मे जल भेद कर आसमान की ओर उछल पडा। इसके बाद किनारे खडे लोग जो अकेली पतीली बहती जा रही देखकर हाय हाय कर रहे थे उन लोगो ने देखा झील के जल मे ऐसा एक मच्छ नही हजारो लाखो मछलिया उस प्राचीन झील के जल को भेद कर आसमान की ओर जा रही हैं और उतर आ रही हैं। भय और विस्मय से लोगो

ने देखा अनत जलराशि के भीतर बडे-बडे राक्षसीय गजार, मच्छ घन्ियाल जैसे पानी पर उचक आय हैं। वे मानो सभी को चुपके से चेतावनी दे रहे हो—अरे भाइयो देखो, ेखो हम लोगो का तमाशा दखो हम जल के जीव हैं हमारा सारा सुख जल मे है।'

खास अतर नही, पशुजगत और मनुष्यजगत पडोसियो की तरह पारस्परिक सबध का विनिमय करते हैं। सोना पुत्र का जब जन्म हुआ उस समय खेता म कछुओ का अडा देने का समय था और इससे दूरी अधिक कही नही वन्ती। आरभ म ही मैंने बताया था, भारतीय साहित्य की विशेषता, प्रकृति के साथ मित्रता स्थापित करने मे है। बक्मि से लेकर विभूतिभूषण तक बगला उपन्यास की धारा पर हम ऐसी एक कहानी तक जा पहुचे जिसका रूमानी उच्छवास घर टूटने का हाहाकार भूख मिटाने का सग्राम साम्प्रदायिक सकीर्णता मानवीय मूल्यबोध ऐसे एक प्रतीक द्वारा वर्णित हुए हैं जो शाखानिर्भर होते हुए भी नभोचारी गति से स्वग और मय के केंद्रबिंदु म अपने नाम का प्रसार करते हैं धूलिकण और तारागण के युगपत आकषण से वही है नीलकठ पाखी।

—निखिलेश गुह

सुनहरे रेत वाली नदी की चाकी पर धूप ढलने लगी है। ईशम शेख मड़ैया के नीचे बठा तमाखू पी रहा है। हेमत की तिजहरी। नदी के कछार से हाकर गाव के लाग हाट से सौदा लेकर लौट रहे हैं। दूर-दूर तक सारे गाव खेत दिखाई पड रहे हैं। तरबूज की बेल इस समय गगनमुखी है। तमाखू पीते हुए ईशम सब कुछ देख रहा था। हवा मे कुछ फतिंग उड रहे हैं। खेतो म सुनहरे धान की गध। अगहन के इन अतिम दिना मे झील-नहरो से पानी उतरने लगा है। उतर कर नदी म आ रहा है। पानी उतरने का यह शब्द उसके काना म आ रहा है। सूरज खेतों के उस पार उतर गया है। रेतीली चाकी पर बरगद की छाह आ पड़ी है। बगल म कुछ गरम जमीन। ठड पडने लगी है। मछलिया अब सर्दी के कारण पानी म खास कोई हरकत नही कर रही हैं। सिफ किसी किसी सोनकीडवा की आवाज। वे धान-खेत पर मडरा रहे है और कुछ पछिया की छाया जल मे। दक्खिनी मदान से वे बम धीरे धीरे आने ही लग हैं। एसे ही समय कुछ लोगा का एक दल गाव की सडक स उतर कर इधर आ रहा है—जाने वे आपस म क्या बातचीत कर रहे हैं। मानो एक मानुस इस दुनिया म जन्म ल रहा है ऐसा ही एक समाचार। ठाकुर बाडी के घनकत्ता के अगहन की ढलती बेला म बेटा हुआ है।

सुनते ही ईशम शेख न छाजन की खपच्ची से नारियला लटका दी। चिलम उलट दी। फिर घुटना के बल बाहर निकल आया। ऊपर आकाश नीचे तरबूज का यह खेत और सामने सुनहरे रेत वाली नदी। जल, बिल्लौर सा स्वच्छ। ईशम इस छाह घिरती पृथ्वी पर पश्चिम की ओर मुह कर खडा हो गया। बोला सुभान अल्लाह। फिर वहा ठहरा नही। नदी का कछार पार कर वह सडक स चलन

लगा। धनकर्त्ता के बेटा हुआ है—कितना ही आनद, कितनी खुशी। सभी कुछ खुदा की मेहरबानी है। सडक के दोनो तरफ बस धान और धान—जाने कितनी दूर तक धान के ये खेत चले गये हैं। ईशम ने आखें उठाकर सब कुछ देखा। क्षितिज पर के इन विचित्र रगो को निहारते हुये उसके मन म आया—अगल-बगल के सारे गाव—उसके कितने जाने पहचाने कितने ही दिनो के कुटुब हैं सब—नीचे नहर मछलिया पानी म फुदक रही हैं। उसने सडक के एक किनारे अगोछा बिछा लिया। नीचे घास है घास पर गिरी ओस से अगोछा भीगता जा रहा है। उसने इस ओर कोई ध्यान नही दिया। दोजानू होकर वह बैठ गया। नहर का पानी लेकर उसने वजू किया। दाढी पर उसने कई बार हाथ फेरे। जमीन पर कई बार सिर टेकने के बाद आसमान देखते देखते जाने कैसा विभोर हो गया। अगहन के झिल-झिल ईशम नमाज पढ रहा है। सूर्य अस्ताचल को जा रहा है इसलिये उसकी परछाही दूर तक चली गई है। नहर का जल काप रहा है। उसकी छाया भी जल म काप रही है। कुछ पीले से फतिंगे सिर के ऊपर उड रहे हैं। सूरज के सुनहरे रग म उसका चेहरा अनूठा लाल सा दीख रहा था। मानो किसी फरिश्ते की आभा इस इसान के मुख पर आ पडी हो। नमाज से फारिग होकर वह चलने लगा और रास्ते मे जिससे भी मुलाकात हो गई उसी से कहा अगहन के आखिरी बेले म धनकर्त्ता के बेटा हुआ है। उसको देखकर लगता है कि तरबूज के खेत से या सुनहरे रेत वाली नदी की चाकी से सिर्फ ऐसी ही एक खबर सबको सुनाने के लिये वह उठ आया है। सडक पार कर वह सुपारी-बाग म गया। बैठक म लोगो की भीड। बाहर भी कई लोग खडे इतजार कर रहे है। उसने लगभग सभी को आदाब अर्ज किया और भीतर दाखिल हो अपनी जगह पर बैठ चिलम भरने लगा।

सुनहरे रेत वाली नदी म सूरज डूब रहा है। कछुवे धानगाछ के अधेरे म दुबके पडे है। इन कछुओ को जरा नरम मिट्टी मिलते ही ये किनारे उठकर अडे देने लग जाएग। टोडरबाग के मदार म बहुत सारे सियार फेंकरने लगे। एकाध जुगनू दलदल के किनारे दिपदिपाने लगे। जुगनू अधेरे म उन फलाकर उडने लग गये। पछियो का आखिरी जत्था गाव के ऊपर से उड गया। ये सारे गाव खेत जन शून्य और शात हैं। अधेरे म भी पता चल जाता है कि सिर के ऊपर से पछी उडे जा रहे हैं। वह जानता है कि वे कहा जाते हैं। वे हसनपीर की दरगाह जाते हैं।

पीर की दरगाह मे वे रात बिताते हैं। सर्दी का पहाड उतर आने पर व दक्खिन की झील म चले जायेंगे। ईशम अब उठ खडा हुआ।

ईशम ने गुहारा नानी जी मैं आ गया।

दरवाजे से बाहर निकल छोटे मालिक आकर खडे हो गये। —क्यो रे ईशम आ गया तू ?

—जी आ गया। धनकत्ता का सदेशा भजोगे न ? भेजना हो ता मुझे भेज दो। सदेश दे आऊ। एक तहमद वसूलूगा।

छोटे मालिक ने कहा तो फिर चला जा। धनदादा मे कहना, कल ही रवाना हा जायें। चिता की कोई बात नही। धनवहू खरियत से ही है।

—वाहे न कहें। अपनी कहो। नानी जो कहा हैं ?

—अम्मा सौर म है। तू बल्कि वडी भौजी से भात देन को कह।

ईशम ने खुद ही केले का पत्ता काटा और खुद ही लाटाभर पानी लेकर अदर जाकर खाने बठ गया। बोला हमै द देव वडी भाभी।

वडी बहू न कहा पत्ता धो लो।

ईशम ने पत्त पर पानी छिड़क दिया और कहा, लाओ दव।

वडी बहू न ईशम को खाना दिया। ईशम जब खाता है तब बडे ही एकाग्रता स खाता है। भात का एक दाना भी नही छोडता। ऐसा खाते देखना वडी वहू को अच्छा लगता। ईशम की ओर देखत हुए उसकी बीवी याद आ गई। ईशम का टूटा घर पगु बीवी सरकडा की बाड और टूटे फूस आवास के बारे मे सोचती हुई वडी बहू को कुछ तरस आ गया। अन्य दिनों की तरह ही वह बोली, पेट भर कर खाओ ईशम। दाल दू या मछली ? बहुत दूर जाना है तुम्हें जाते जाते रात विहान हा जायगी।

ईशम मगन होकर खा रहा है और दस हाथ दूर बन सौरी वाले छप्पर को देख रहा है। वहा धनभाभी हैं नानी जी हैं। ईशम न कोठरी के कोने-कोने म बेंतकी पत्तिया झूलते हुये देखा। दरवाजे पर भटकटैया की डाली। कोठरी म दीया जल रहा है। बच्चा दो बार टिहा टिहा करके रोया। ओदा लकडी की बू धुए की बू धूप की गध—सब मिलमिलाकर इस घर म एक नवजातक का जन्म हुआ है। टीन और लकडी के बने घर, कमरख दरख्त की छाह धनभाभी वडी भाभी और, इस घर व बडे मालिक पागल हैं यह बात याद आते ही ईशम

ने कहा, बड़ी मामी बड़े मामा नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

बड़ी बहू ने फटी फटी आँखों से ईशम को बस देखा। कुछ बोली नहीं। मानो बोलते ही आँखों से सारे दरबन्द खुल जाएँगे। ईशम ने मामी की आँखें देखकर ही भाँप लिया है कि बड़े मामा इस वक्त घर में नहीं हैं। वो कब कहाँ जाते हैं कहाँ रहते हैं कोई भी इसकी खोज खबर नहीं रखता। रखने की फुरसत ही नहीं मिलती। या जरूरत नहीं पड़ती। ईशम ने दोनों में मानो भात मिलाकर मक्खन की तरह भकोस डाला। इस समय बड़ी मामी रसोई में नहीं। बैठक में लोगों की भीड़ छटने लगी है। बड़ी मामी का बड़ा बेटा और छोटी मामी का बड़ा बेटा रसोई में बैठ झटपट खाए ले रहे हैं।

ईशम ने बैठक से एक लाठी ली और हाथ में एक लालटेन भी। ईशम ने अँगोछे की पगड़ी बाँध ली सिर पर। इस अगहन की ठंड में कोस-भर की राह तय करनी है। पूल पार करने होंगे, झील पार करनी होगी। सिर पर अँगोछा बाँध वह पाँच कोस रास्ता तय करेगा। कहाँ नहरों की कगार से होकर तो कहीं पुल से। कभी चुपचाप तो कभी मल्हार का गीत गाते हुए ईशम यह लंबा रास्ता तय करेगा। रसोई के पास से गुजरते वक्त ईशम ने देखा बड़ी मामी कुएँ की जगत के बगल में खड़ी अँधेरे में किसी की बाट जोह रही हैं। ईशम को देखकर बड़ी बहू ने कहा, ईशम तनिक देख लेना तुम्हारे बड़े मामा टेवा के बरगद तले मिलते हैं या नहीं। तुम तो बरगद तले होकर ही जाओगे।

बसवाड़ी पार कर मैदान के अँधेरे में उतर जाते वक्त ईशम ने कहा, आप घर जाएँ। चलते वक्त अगर मिल गये तो भेज दूँगा। यह कहकर ईशम धीरे धीरे अँधेरे मैदान में विला जाने लगा। ईशम अब दिखाई नहीं पड़ता। सिर्फ मैदान के बीच लालटेन हिलती जा रही है।

ईशम के दाहिने हाथ में लाठी और बाएँ में लालटेन। अगहन का महीना। ओस गिरने लगी है। अब भी धान-खेत के भीतर मेड़ अच्छी तरह से बन नहीं सके हैं। खेतों के बगल में सकरी पगडंडी। रास्ते से बरसात का पानी उतर गया है—रास्ते की मिट्टी गीली गीली कीच मिट्टी में पैर धँस धँस जाय। फिर भी धँसते नहीं—नम नम मिट्टी के लाद पर पैर रखते हुये ईशम चला जा रहा है। अँधेरा गाढ़ा होने के कारण अपने चारों ओर सिवाय लालटेन की रोशनी और अपने अस्तित्व के वह कुछ भी न देख सका। इस इलाके में हेमंत ऋतु में ही सर्दी पड़ने

लपती है। सर्दी के कारण झाड-झखाड के कीडे मकोडे भी जाने कैसी चुप्पी मा
हैं। लालटेन उठाये ईशम जब टीलिया जमीन पर चढ गया। बगल म करेले क
खेत। ऊपर टेवा का पोखर और वही बरगद। यहा काफी रात गये तक व
मालिक बठे रहते हैं। कितनी ही गहरी रातो म बडे मालिक यही ढूढे मिले है
ईशम न लालटेन उठा उठा कर झाड झखाड मे बडे मालिक को ढूढा। हर था
मे जुगनू। बरगद की जटायें जमीन तक उतर आई हैं। पुरानी जटायें हान
कारण, जटाओ ने भिन भिन कोठरिया-सी छायाओ का सजन किया है। उस
गुहारा, बडे मामा हैं? उसे कोई जवाब नही मिला। फिर भी लालटेन उठाये व
पड के चारो तरफ ढूढता रहा—फिर जब उसन यह जान लिया कि बडे मा
वहा नही हैं वे और कही पदयात्रा पर निकल पडे हैं तो वह फिर निचली जमी
पर उतर गया और वहा चलते समय दूर-दूर सारे गाव, गाव की रोशनिय
हाशिम की शौकीन चीजो की दूकान स आती हैजक की रोशनी देखत देखत ना
के किनारे आकर उसे मानो आदमी की आहट मिली।

वह बोल उठा, कौन जाग रहा है?

अधर से जवाब आया तुम कौन हो?

—मैं हू ईशम शेख। साकिन टाडरबाग। ईशम ने मानो कहना चाहा,
गहोना* नाव का माझी था। अब ठाकुरबाडी क अन्न पर पलता हू। अंधेरे
परवाह नही। बाबू शुरफा के साथ मेरा रहन-सहन है। नदी की चाकी
तरबूज-खेत व पट्टे पर हू। ठाकुरबाडी का बदा हू मैं। उम्र बढ रही है
मुझस गहनी नाव चलाई नही जाती।

—अंधियारी रात म मैं हासिम भुइया जागू। साकिन कलागाइछा।

—ओह हासिम भाई। यहा क्या कर रहे हो?

—मछली पकड रहे हैं। देखत नही, पानी उतर रहा है। कवई मछली
जाल गिराये बठा हू। घुप्प अधेरे म किधर को चल पडे?

—जाना है मुडापाडा। धनकर्त्ता के बेटा हुआ है। यही सदेशा लकर
रहा हू।

—भला धनकर्त्ता के कितन बटे?

—इसका लेकर दो। तुम्हारे पास काम्ी तो नही बीडी सुलगा लता।

*यात्री सध्या में मसाफिर ढोने वाली नाव।

ईशम ने बीड़ी सुलगा ली। बड़े मालिक के लिये उसका मन करक रहा है। रात को बड़े मालिक नहीं लौटेंगे तो बड़ी भाभी अंधियारे में जागती बैठी रहेगी। उसने कहा बड़े मामा को तो नहीं देखा?

—दुपहर को देखा था—कछार पर चले जा रहे थे।

उदास स्वर में ईशम ने कहा भाई रे तुम्हारे हमारे दुख छोटे-मोटे हैं। ईशम फिर चलने लगा। वह सनसनाता चला जा रहा है। हाट टूटने से पहले अगर वह पहुंच जाय तो गुदाराघाट का घटवार मिल जायगा। वर्ना इस सर्दी में तैरकर कूला पार करना पड़ेगा। सर्दी की बात सोचते ही वह सिमट सा गया।

चाहने पर ईशम एक संक्षिप्त रास्ता अख्तियार कर इससे पहले ही कूला के घाट पर पहुंच गया होता। लेकिन एक अज्ञात भय। खासतौर से वामदिघी का बूढ़ा सेमल और गाज गिरने से उसकी जली हुई दो शाखें ही इस भय का कारण है। उसके नीचे कब्र हैं जाने किस जमाने में लोगों के कब्र हजार होंगे ज्यादा भी हो सकते हैं—ईशम मारे डर के उस रास्ते से नहर किनारे नहीं पहुंच पा रहा है।

ईशम ने हाथ की लाठी और भी मजबूती से पकड़ ली। डर लगते ही वह आसमान की ओर निहारता है। अल्लाह मेहरवान है। वह मानो आसमान में उस मेहरवान को ढूंढ रहा हो। अनगिनत तारे अब बुंदकियां में टिमक रहे हैं। नीचे बस गाढ़ा अंधेरा है। दूर दूराज में गांव की रोशनियां हैजक की रोशनी—उसकी प्रकाश रेखायें पेड़ों की संध और झाड़ झखाड़ों में अब भी नजर आती हैं। परापरदी के पथ से कुछ लोग पानी में चल रहे हैं—उनके हाथ में कोई बत्ती नहीं—पानी हटाने में उनकी पदचाप सुनाई पड़ती। कुछ बातचीत की भनक भी ईशम को सुनाई पड़ती।

वह क्रमशः कूला की ओर उतरता जा रहा था। उसके घुटने तक धान के बिरवों की ओस से भीग रहे हैं। ईशम क्रमशः परापरदी के पथ से दाहिने सरकता जा रहा है। इस इलाके में उसे लोगों की कोई आहट नहीं मिल रही है। मैदान मानो अंधेरे में एक गाभिन गाय सी चुपचाप लेटी हुई है। रास्ते पर हाट से लौटने वालों में कोई नहीं चल रहा है। फसल के वजन से बिरवे रास्ते पर झुक आए हैं। वह अपनी लाठी से बिरवों को हटाकर रास्ता बनाकर उतरता चला जा रहा है।

कूला के किनारे पहुंचकर देखा गुजारा बद है। घटवार दूसरी ओर नाव रखकर चला गया है। नाव धुधली धुधली सी दिखाई पड रही है। कई कदम वह बायी ओर चला। उसे लगा ज्यादा दूर नही, आकाश म एक लालटेन जल रही है। ईशम जानता था कि इन दिनो मछुवा की बस्तिया होगी—बरसात का पानी अब कूले और नहरो स उतरता जा रहा है। जो जल ज्वार म इस खित्ते भर मे आ गया था अब अगहनी खिवाव म उतर जायेगा और पानी के साथ-साथ मछली और कछुवे भी। मछुए खडा जाल लेकर आए हैं। कूला मे जाल डालकर दुबके बठे हैं अधेरे म। ईशम कूला के किनारे किनारे उस लालटेन तक चला गया। कछार पर खडा हो गया और गुहारा—मैं ईशम हू। मुझे पार पहुचा दो। मैं एक सदेश लेकर जा रहा हू। धनकर्त्ता के बटवा हुआ है। फिर चारो ओर निगाह दौडाकर उसन पुकारा बड मामा हैं, बडे मामा। बडी मामी आपके लिए जागती इतजार कर रही ह। घर जाइए। कोई जवाब नही आया। सिर्फ एक नाव दूसरी ओर स इधर चली आई। कोई बोला, धनकर्त्ता के बेटा हुआ है ?

ईशम न कहा, हा।

—तो फिर कल चले जायेंगे—एक तगडी मछली लेत जायेंग। मछली देकर एक सलूका माग लूगा। कहकर उसन पटवतन उठाकर अधेरे म एक बडी-सी मछली निकाली। ईशम की लालटेन की रोशनी म नीले रग की ताजा मछली पटवतन पर फदकन लगी। आख बडी अबोल हैं। मानो एक पगला सा आदमी निरतर इन मदाना म भटकता फिर रहा है। फूल फल पछी देखता फिर रहा ह—एसी आखें देखन पर उस पगले शख्स की आखें ही सामने तिरती रहती। बडी मामी बडी-बडी आख किये प्रत्याशा म बठी है कि कब वह आदमी लौटेगा। उसन कहा बडे मामा को देखा ?

उस आदमी न कहा, बडे मालिक आज तो नही दिखाई पडे।

ईशम आगे और कुछ भी न बोला। इन सब खेत मदाना म वह पागल आदमी रात दिन घूमते फिरत हैं। किस अधेरे म कहा वे किसके उद्देश्य म चले जा रहे है ईशम समझ नही पाता। कूला पार कर लेन के बाद वह खेता म से बस चलने लगा।

अब वह पटसन के खेत पार कर रहा है। अब यहा कोई फसल नही। उडद, खेंसारी होना चाहिए—पर कुछ भी नही है। सिर्फ खसखसी दाढी जसी पटसन की खूटिया झाक रही हैं। जोगी टोला म इतनी रात गए भी करघे चल रहे हैं।

खेत से ही उस करघा की आवाज सुनाई पडी। गाव मे जाने के लिए वह तिरछे चलन लगा है। मछुवो की नावें अब दिखाई नही पडती। सिफ खडे जाल के सिर पर बास के सिरे स बधी लालटेन मानो ध्रुवतारा हो—उसका पथनिर्देश दे रही है। कितना रास्ता वह चलकर आया और किस ओर उसको जाना है—अधरे म यही एक जोत उसे सब बतलाय दे रही है। इस मदान के अत म ही वह बूढा सेमल मानो क्रमश काया अपनाने लगा है। दिन को इस जमीन से वह दरख्त साफ दिखाइ पडता है। उसी दरख्त क बगल के गाव म एक बार वबा फली थी—ईशम कुछ कुछ डरता हुआ सा चलने लगा। सेमल की दूरी ईशम को किसी तरह स भी भय स छुटकारा नही मिला पा रही है। वह जितनी ही दूर स जाता उस लगता वह दरख्त उसकी आर पदल चला आ रहा है। दाहिने बाजू अगर आधा कोस चलकर जाओ ता वह दरख्त मिलता और उसके नीचे है कब्रिस्तान—चूकि टोलिया जमीन स उसन एक बार उस दरख्त को दखा था एक बार हाट से लौटते रात के वक्त उसन दरख्त के सिर पर रोशनी जलते देखा था इसलिए ईशम डरकर जागीटोला चला आया। किसी के देख लते ही बोल पडेगा कब्रिस्तान म से होकर आ रहा हू—क्या ईशम जसा दिलेर मद कोइ नही—इस जवार म वह एसा ही हिम्मती है। लकिन ईशम कभी भी अपन भय के बारे म खुलकर नही बताता। वह हिम्मती है तभी दिल म हौल लुकाये आखें मूदे चलता रहता। जोगीटोला म आते ही लोगो की बाता चरखा की आवाज और करघे की कभी-कभी की आवाज स भय दूर हो गया। फिर परिचित गले की आवाज सुनकर बोल पडा अमीर चाचा की आवाज सी लगती है।

—तुम—?

—मैं ईशम हू।

—इत्ती रात गय?

—मुडापाडा जाना है। धनकर्त्ता के बटा हुआ है—सदेश लेकर जा रहा हू। आपकी तबीयत कसी है?

—कोई अच्छी नही है बेटा। अच्छी नही। फिर जरा ठहरकर बोला, बडे मालिक का दिमाग अभी तक दुरस्त नही हुआ?

—नहा चाचा।

—सुना कि बूढ मालिक आखा स दख नही पात।

—नहीं। दिन भर घर ही में पड़े रहते हैं। बड़ी मामी और बूढ़ी मालकिन देखभाल किया करती हैं।

—बेटा पागल हो गया तो हमारे मालिक की आँखें जाती रहीं।

—जी चाचा।

—हाँ, तो बैठो तनिक। तमाकू पीओ।

—फिर कभी चाचा। आज इजाजत दो। बातें करते हुए ईशम मयन मिस्त्री के मोला का मचान पार कर रामपद जोगी की अमराई में हेल गया। फिर गांव की मसजिद पार कर मदान में उतरते ही सेमल पेड़ याद पड़ गया। उसने जबरन मन में हिम्मत वगैरह के लिए यहां दुआही भरा था। यह दरख्त मानो धीरे धीरे शैतान बनता जा रहा है। शैतान सा ही पीछे पड़ा है। कभी-कभी हाथ की लाठी और लालटेन उसको भारी लगने लगती। उसने सोचा—ऐसा तो नहीं होना चाहिए। उसने सोचा कितनी ही रातों में, कितने ही दूर-दराज इलाकों में कितने ही लोगों की भली और बुरा खबरों का सदेशी बनकर वह गया है लेकिन आज अभी तक वह फासले का चक्र भी तय नहीं कर सका। सेमल उसका बहुत नजदीक लग रहा है। कभी पीछे से खदेड़ रहा है तो कभी सामने से। उसने अपने सिर के ऊपर लाठी उठाकर दन दन घुमाई। उस लठैती का पटा-बनेठी का खेल याद आ गया। लठैती में उस्ताद ईशम इस मदान में दरख्त को प्रतिपक्ष मानकर बीच-बीच में लाठी घुमाता रहा। लालटेन को बाएं हाथ में थामे दाहिने हाथ से वह लाठी अपने सिर के ऊपर घुमा रहा है जो कि धीरे धीरे नीचे की ओर उतरती जा रही है। धान के बिरवे जब पैरों से लिपट जाते तो लाठी से उनको सरकाकर वह फिर चलने लगता। लाठी से बीच-बीच में वह धान के बिरवों को हटाता कुछ अपने को अन्यमनस्क करने के लिए तो कुछ रास्ता साफ करने के लिए। मदान में उतरते ही ईशम का जिस्म ठंडा पड़ता जा रहा है। ईशम का जिस्म बड़ा ही गठा हुआ ताकतवर और मजबूत है। इस बूढ़ी उम्र में भी वह अपनी गर्दन को मजबूत बनाये हुए है। लेकिन यह रात, अंधियारा, विशाल झील वाला मदान और वह सेमल का पेड़ जो इतनी देर से उसको खदेड़ता आ रहा है—सभी कुछ मिल मिलाकर उसको एक अजीब गोलमाल में फंसा चुके हैं। ईशम को मानो लालटेन की रोशनी में रास्ता नहीं दीख रहा है। यह झील पार करने के बाद ही गांव मिलेगा फिर गांव का रास्ता, गोलाबादाल का भूतहा पुल

और पूरी पूजा का मदान। फिर एन के बाद एक गाव फिर बुनना की बाउडी और नमशूद्रो का पुरवा पडाव, पोनाव और मानाव गाव।

अधरे के कारण ही आकाश म इतने ज्यादा तारे दमक रहे थ। गरम जमीन नीचे उतरत उतरत मानो पाताल म उतर गई है। मड के रास्त अभी तक ठीक तरह स शक्ल अख्तियार नही कर सके हैं। अगहन के बाद धूप आने पर और धान कट जाने पर ये रास्ते साफ दिखाई पडेंगे। इस झील म रास्ता पहचान कर दूसरी ओर पहुच जाना इस समय बडा ही तकलीफदेह है।

बहुत दर तक ईशम एक परिचित मड का पथ ढूढता रहा। जो लोग मल म जाते है या बनी म व इसी मड पथ स झील क दूसर कछार पर पहुच जाते हैं। धान क खेतो की आड म जाने कहा वह रास्ता छिपा हुआ है। बडी सावधानी स वह बिरवा को उठा उठाकर दख रहा है और आग बढ रहा है। शायद यही वह रास्ता हे लेकिन कुछ दूर चलते ही लगता कि वह ठीक रास्त स नहा आया है—वह रास्ता उस लक्र इस झील क बीच लुकाछिपी खेल रहा है। फिर उसन सोचा ढलवा जमीन क किनार किनारे चलत रहन पर बेशक वह बगल के गाव पहुच जायगा। मन ही मन फिर उसने उच्चारण किया दुहाही भरोसा तेरा। उस इस रात म यह झील यह मदान पार करना ही होगा। अधर म रास्ता कितना भी अनचीन्हा हो शतान की आखें कितनी भी खौफनाक क्या न हो—वह इस मदान को पार कर दूसर मदान म जरूर जा पहुचेगा। धनकर्त्ता का सदेशा पहुचा कर रहगा।

कभी तो उसन दिल को मजबूत किया। फिर कभी सशय म पडकर जान कसा कमजोर होता जा रहा है। वह मानो धीरे धीरे इस झील म डूबता जा रहा है। और उस लग रहा है कि घूम फिर कर वह एक ही जगह बार बार चला आ रहा है। वह कतई आग नही बढ पा रहा है। घम फिरकर वह एक ही जगह लौट रहा है या नही इसको परखने क लिए उसन हाथ की लाठी धान के बिरवे हटाकर कीच म गाड दी। उसने निर्धारित स्थान को पहचानने के लिए कुछ बिरवे उखाड डाल। सलीब की शक्ल म उनको जमीन पर बिछा दिया। फिर उसने चारो ओर एक गोल सा दाग बनाया।

बडी देर स यह झील और रास्ता उसके साथ मसखरी कर रहे हैं। थोडा-सा वह बठ गया। सारा विश्वचराचर सन्नाटा मारे। लगने लगा कि यह झील भी

उस पगले ठाकुर जैसी ही रहस्यमय है। अपन ही मन उसने हँसने की कोशिश की। लेकिन गला खुश्क है। गले से जग सा बलगम निसर आया। यह शब्द तेजी से झील के चारों ओर फैलता जा रहा था। कोई अनात-सा शब्द वहीं। उसने कान पसारा। जब यह मदान उसके लिए पगले ठाकुर जैसा रहस्यमय नहीं निस्मय मैदान अगहन की ओस में आदा होकर उसकी पशु बीवी की तरह सो रहा है या रात के सारे कीड़े-मकोड़े सारे झींगुर सर्दी के मौसम के लिए आर्त्तनाद कर रहे हैं। कब जाने सर्दी आएगी खेत खाली हो जायेंगे अनाज के दाने मेंता में पड़े रहेंगे हम लोग उड़ उड़कर खायेंगे घूमेंगे फिरेंगे नाचेंगे-गलेंगे। जितना ही वह यह सब सुनता रहा, जितनी ही ये सारी चिंताएं उदास होने लगीं उतना ही वह भयावह सेमल का दरख्त सिर पर बत्ती जलाये उसकी ओर बढ़ता आ रहा है।

समल के सिर की बत्ती जल रही है और बुझ रही है। या बुझकर अगिया बेताल बनी जा रही है। दूर दूर मानो झील के इस सिरे से दूसरे सिरे तक वह अगिया-बेताल नाच नाचकर उसे तमाशा दिखा रहा है। उसने कहा भली रे भली। इस तरह बैठे रहने से यह खौफ उसको गुज-मुज बना देगा। वह अगर उल्टे पांव कहीं तेज दौड़ जाय तो किसी न किसी गांव पहुंच जायगा।

इसलिए वह हाथ की लालटेन लेकर तेज भागने लगा। हाथ की लालटेन दो बार लप्प-लप्प कर भभक उठी। लालटेन बुझ जायेगी इस डर से वह तेज न भाग सका। उसको अपने घुटनों में बल नहीं मिल रहा है। बार-बार वह पीछे की ओर देख रहा है। उसने इस बार देखा, साफ-साफ देखा कि वह सेमल का पेड़ सचमुच आगे बढ़ा जा रहा है। उसने देखा दरख्त के सिर पर बत्ती और डालियों में लटकती बबाओं की लाशें। वह उन बिरवों से बनाये सलीब वाली जगह पर लौट आया है। समल का पेड़ सहसा जीवन हो उठा। तब तो इतनी देर से वह एक ही वृत्त में चक्कर लगाता रहा है। भय में विवश ईशम ने जमीन पर देव की तरह लात जमाई। उखाड़े हुए बिरवे चील की प्रचंड हवा में उड़ते रहे।

उसने शैतान के उद्देश्य में कहा शैतान के पिल्ले, तुमने सोच क्या रखा है? झील के पानी में मुझे डुबो कर मारना चाहते हो। कहकर ही उसने लाठी उठाकर ऊपर की ओर घुमायी। जिस तरह मुहर्रम के दिन बाजे के साथ-साथ वह सामने-पीछे ऊपर-नीचे या दाहिने-बाएं लाठी घुमाता था, लाठी को आगे बढ़ा देता या पीछे हटा लेता था ऊपर की ओर चलते समय वह यही सब करतब दिखाता हुआ

चला। इस झील की जमीन और सेमल पेड़ म गोफ ग थ जा पर मनने लगा है। लेकिन करतब दिखाने से क्या होगा—जान कौन सब उस पीछे स दाव रहे हैं। जाने कौन उसके चारा आर चक्कर लगा रहे हैं। लग रहा है झील भर म लोगो की पछट सुनाई पड रही है। कुछ विदेही शतान उसके साथ नाच रहे हैं पर बोल नही रहे हैं। अधेरे म ऊपर उठन की बजाय वह बस नीचे हा उतरता चला आ रहा है। अब वह चिल्ला उठा ऐ खुदा यह क्या हुआ। अरे धनकर्त्ता, मुझ पर कानावाला सवार हो गया है। लालटेन और लाठी फेंककर वह रातो की मडा पर चक्कर लगाने लगा। धान की पत्तिया स पैर कटे जा रहे हैं। बार बार घूम फिर कर वह एक ही जगह आ पहुचता। और ऐसे ही समय उसने देखा कि वह भुतही रोशनी बिलकुल आखो के सामने जल बुझ रही है। वह रोशनी हजार आखो वाली हो गई अधेरे म भूत की आखें दमक रही हैं। ईशम स आग और जूझा न गया मेड पर वह बेसुध गिर गया।

सामने हाथ म लालटेन लिए सुदर अली। पीछे पीछे धनकर्त्ता। उसको चार दिन पहले धनबहू स खत मिला है। धनबहू ने लिखा है—तबीयत ठीक नही चल रही है। ऐसे म अगर तुम पास रहते। धनबहू का खत मिलने पर चद्रनाथ ने कोई देर नही लगाई। बड़े शरिस्तखाने म मझले दादा रहते हैं। उनके पास जाकर उसने कहा दादा मैं एक बार घर जाने की सोच रहा हू। आपकी बहू ने खत भेजा है। उसकी तबीयत ठीक नही—एक बार घर हो आऊ। भूपेंद्रनाथ ने साथ म सुदर अली को कर दिया है। पहुचने मे रात हो जायगी। शरिश्त म ज्यादा काम आ पडा है वर्ना वे खुद घर जाते। बच्चा हुआ है यह जानने पर शायद चद्रनाथ इतने उद्विग्न न होते। वह तेज चाल चला जा रहा है। सुदर अली को लेकर लालटेन हाथ म लिए वह उतरता आ रहा है। शीतलक्ष्या के किनारे किनारे कुछ दूर आकर बाजार को बाए हाथ रख मासाब पोनाब होकर बुलता वाली बावडी पार कर आगे बढ रहा है। कारिंदा सुदर अली बीच-बीच म खास रहा था। उसके मुह से यह शब्द भी नही। निडर खामोश वे इन खेतो म उतर आए हैं। यह मदान पार करते ही फाओसा का कूला, फिर दो-कोस रास्ता। घर पहुचने म अब कोई देर नही। ऐसे ही समय सुदर अली चिल्ला उठा, नायब साहब खून। लगा सुदर अली के हाथ से लालटेन गिर जायेगी। सुदर अली ने

पीछे की ओर भाग जाना चाहा।

धनकर्त्ता हक्का-बक्का हो गय—इस जगह खून-डकैती।

सुदर अली ने कहा, ऊपर मदान मे चले चलिए मालिक। नीचे स होकर नही जाऊगा।

धनकर्त्ता न अब जोर की घुडकी लगाई, इधर आ, देखें भी कसा खून है, कौन खन हो गया। धनकर्त्ता न लालटन उठाकर सावधानी से उस आदमी के मुह के पास थामा। यह आदमी बडा जाना-पहचाना सा लगता है। उसने उसे हिलाया। देखा सास चल रही है। उसने पुकारा, ईशम, तुझे हो क्या गया है? ईशम, ऐ ईशम। ईशम के शरीर पर कोइ चोट की निशानी नही। उसन बारीकी स अग-अग देख लिया।

ईशम क बगल मे बठकर धनकर्त्ता ने उसकी आखें खोलकर देख ली। नही सभी कुछ तो दुरस्त है। अब लगा—झील वाले इन गरग खेता म अधियारे म ईशम भटक गया है। वह झील से पानी ले आया। रूमाल भिगो भिगो कर मुख और आखो पर पानी डाला और जब होश लौट आया तो उसस कहा क्या तुझको डर न घर दबोचा था। मैं हू तेरा धनमामा।

ईशम न आखें खोलकर धीर धीरे देखा। शुरू शुरू म वह पहचान न सका। फिर बेएतबारी स्वर म पुकारा धनमामा। आप धनमामा है। धनकर्त्ता को देखत ही वह रो पडा।—ऐ मामा हम पर कानाकाना सवार है। सारे खेत मदान झील म भटकाता रहा। मर गया मैं। मरे बदन म अब कोई कूवत ही नही मामा।

—आहिस्ता आहिस्ता चल। झील म क्या आया था तू?

इतनी देर म ईशम को सब कुछ याद पड गया। क्या वह इस मदान म आया था, कहा जायगा क्या सदेशा दना ह सभी कुछ एक एक कर याद आ गया। धनमामा, आपके बेटा हुआ है। मैं आपके पास जान के लिए ही निकला हू। रास्त म यह मानरा—कानावाला।

विशाल झीलवाले खेता म अधेरे उजाले म खडे धनकर्त्ता को सूझा नही कि क्या जवाब दें। आसमान म वसे ही हजारो तारे टिमक रह हैं। ठडी हवा म धान की महक। ईशम ने तब कहा, चलिए मामा, धीर धीरे चलें। चलत समय बहुत ही सकुचाते हुए उसन कहा, मुझे एक तहमद दना पडेगा।

चलते चलते व किसी समय टेबा के तालाब के किनार आए। पीपल का दरख्त

पार करके मगर ईशम ने पुकारा बड़े मामा ? बड़े मामा। कोई जवाब नहीं मिला। कगार पर सजग से नाद लगाई। इस रात में उस अंधेरे में कोई धँस रहे तो किसी तरह से उसका पता नहीं चलेगा। भीतर कोई है या नहीं—फिर भी पता नहीं चल पाता। ईशम और चन्द्रनाथ ने फिर आगे बढ़कर पुकार पुकार नहीं मचाई। करना का गर पार कर धान गार में उतर आते ही पता चला धान-खेत के भीतर कुछ गर गर आवाज हो रही है। धान गार में पानी-पानी पानी। पर ये तनुय डूबे कि न डूबे। ईशम ने लालटेन उठाई ही देखा—बड़े मालिक। धान-खेत के भीतर बड़े मालिक उकडूं बैठे हैं। ईशम गार के भीतर घुस क्या और वाला उठिए। घर जाना है। कभी मामी तरह लिए जाते रहे हैं। लेकिन उन्हें मालिक ने चन्दर पर कोई जकिन ना। जम बैठे थे बस ही बैठे रहे। किसी बन्दर नहीं उठ रहे हैं। जान किस पर सवार बैठे हैं। पता के नीचे अंधेरा और धान के बिरवे। धान-खेत शान्त। बिरवे हिल रहे हैं। लालटेन नीचे करते ही उसने देखा एक बड़ा सा कछुवा। एक बहुत बड़े कछुवे को चित्त कर के उसके सीने पर जम कर बैठे हैं। कछुवा पर निकाले और मुंह निकालकर काटने की कोशिश कर रहा है। लेकिन उनके पैरों तक पहुंच नहीं पाता। सिर्फ बिरवे हिल रहे हैं। ईशम कुछ कहने जा रहा था कि साथ ही साथ कछुवे के सीने पर बैठे बड़े मालिक लनवार उठ गतचारतसाता।

ईशम ने कहा बड़े मामा यह आप क्या कर रहे हैं ? इतने बड़े एक कछुवे को पकड़े आप बैठे हैं। फिर उसने कहा आप घर चलिये। धनमामा आए हैं। धनमामा के एक बेटा हुआ है।

धनकर्ता ने कहा उठ आइए बड़े दा। कछुवा ईशम ले जायगा।

बड़े मालिक ने भले मानुस की तरह धनकर्ता का अनुसरण किया। जाने कब बड़े मालिक दौड़ने लग जाय जाने कब हाथों से ताली बजाने लग पड़े—इन सारी घटनाओं से मुठभेड़ करने धनकर्ता बड़ी ही सावधानी से पीछे पीछे धनकर्ता चलने लगे। बड़े मालिक ने अंधेरे में दौड़ लगाना चाहा तो धनकर्ता ने कहा मेरे हाथ में लाठी है बड़े दा। अगर आप दौड़े तो टांग पर दे मारूंगा। टांग तोड़ दूंगा।

चंद्रनाथ के मुंह ऐसी बात सुनकर बड़े मालिक पलट कर खड़े हो गये। मुझे तुम फटकार रहे हो चंद्रनाथ। ऐसा ही एक करुण मुखड़ा लिए वह चंद्रनाथ को

देखने लगे। वे कभी कोई बात नही करते इस समय भी बिना कुछ कहे वे अपलक देखते ही रहे।ऐसी आखें देखतेही लगने लगता यह चालीस पार व्यक्ति शायद अब आकाश के छोर तक हाथ उठाकर ताली बजायेंगे।चाद की नीमजुन्हाई अब आकाश मे सवत्र। वाकई अब बडे मालिक दोना हाथ ऊपर उठाये ताली बजाने लगे मानो आकाश के किसी छोर म उनके पाले हुए हजार नीलकठ पाखी खा गये है। तालिया बजाकर उनको लौटान की कोशिश कर रहे हैं। और धनकत्ता न खड-खडे सब कुछ नये ढग स गौर किया—बडे दा की बडी-बडी आखें, लबी नाक चौडे माथे के बगल मे बडा सा मसा, सबसे बडी बात सूरज सा अनूठा रग बदन का और साढे छह फुट का सीधा तना शरीर। देखन पर लगे कि मध्ययुगीन काई नाइट रात के अधरे म पाप की तलाश म फिर रहा है। चद्रनाथ ने देखा बडी बडी और गहरी आखें दिनभर के उपवास स कोटरो म धस गई हैं। पीडा से चद्रनाथ आखा म आसू न रोक सका। बाला, बडे दा आप अभी कितना कष्ट और झेलेंगे और सब लोगो के दिल को दुखाएगे।

बडे मालिक उफ मणीद्रनाथ न सिफ कहा, गत्चोरेतसाला। फिर वे आकाश की छोर पर ताली बजान लग गय। ताली की वह आवाज इतने बडे मदान मे जाने कैसी विस्मयकर एक ध्वनि की सृष्टि कर रही है। य सारी ध्वनिया गाव मदान पार कर सुनहरे रत वाली नदी की चाकी पार कर मानो इस समय तरबूज खेत पर झूल रहा हो। मणीद्रनाथ की बडी आकाक्षा है जीवन के सारे खोये हुए नीलकठ पाखी लौटकर रात के सन्नाटे म मिला जायें—लेकिन व उतर नही रहे हैं—यह भावना बडी ही कष्टदायक है।

चद्रनाथ का अनुसरण कर घर की ओर चलते चलत अब मानो उन्होंने कहना चाहा चद्र, तुम्हारे बच्चा हुआ है बडा खुशी है। लेकिन बाता के अवयव म एक ही अभिव्यक्ति गतचारतसाला। इस बार व अपनी अभिव्यक्ति के इस अभाव से जाने कैसा दुखी हो गये—आकाश म इतने सारे तारे हैं लेकिन काई भी उनकी पागल चिता का समभागी नही बनना चाहता। सभी माना उनकी टाग ताड देना चाहते हैं। बिना कुछ कहे मणीद्रनाथ अपने मझल भाई के पीछे पीछे चलन लगे।

ढाक-ढोल का बाजा सुनाई पड़ रहा है। बैंड पाइप बजाया जा रहा है—लग रहा है कि कोई नगाड़ा भी बजा रहा है। लोगों का दल ढाक-ढोल बजाता हुआ कछार से ऊपर आ रहा है। शचीन्द्रनाथ तालाब के किनारे खड़ा यही आवाज सुन रहा था। शायद नारायणगंज से फलू लौट रहा है। फलू के गले में काला फीता बंधा हुआ। वह कबड्डी खेल कर लौट रहा है। कप मडली के हाथ में दिख रहा है।
तो फिर इस बार भी फलू गोपालदी के बाबुओं के विरुद्ध गया था?
मुँह पर काले सूखे पत्ते-सी दाढ़ी हिलाते और कंधे पर हरे—हमेशा लाल अंगोछा डाल रहने से फलू की बनियाइन के ऊपर छाती कछुवे की तरह—कितनी चौड़ी नापी नहीं जा सकती। लेकिन नजदीक आने पर लगा यह मडली फलू की नहीं कोई दूसरी ही मडली है। तो क्या इस बार फलू हार कर आया। उसकी मडली क्या लौट नहीं रही? शायद यही पहली बार फलू की मण्डली हार गई है। तो फिर फलू की जवानी चली जा रही है। जब उसकी जवानी थी तो इस जवार में दो ही आदमी थे—फलू और शावू—बड़े खिलाड़ी कबड्डी के खिलाड़ी। इन दिनों इस इलाके में विश्वासटोला नयाटोला या दस-बीस कोस दूर या गोपालदी के मैदान में और नदी पार कर मघना की उस चाक़ी पर उन लोगों का खेल देखने के लिये कतार में लोग—फलू जब चल कबड्डी चल् कबड्डी कह कर दाग के ऊपर बाघ की तरह टूट पड़ता था—तब फाइनल खेल का नगाड़ा बजता या बैंड पाइप बजता था उस वक्त फेलू का मुख देखने से लगता था कि फलू गजब का उस्ताद खिलाड़ी है। उस वक्त कितने ही तमगे उसके गले से झूलते रहते थे।
अपनी मडली के लिये जाने कितने कष्ट वह ले चुका है। न रात समझा न दिन, बीस-पच्चीस कोस पैदल चल कर फेलू खेलने चला गया है। एक बार बड़े शहर में खेलने गया था तो पालकी में लौटा। फेलू की जय जयकार। पालकी के दोनों बाजू पर दो आदमियों के सिर पर दो बड़े-बड़े कप डे-लाइट जला कर नगाड़ा बजाते हुये वे शहर से गांव लौटे थे। लागल बंद के मैदान और नदी पार करने के बाद गांव के लोग और बहू बेटी देखने के लिये जो खड़े हो गये तो उसकी इन्तहा ही नहीं। वे फेलू को देख रहे थे दो बड़े बड़े कप देख रहे थे—गले में काला फीता बांधे कबड्डी दल के खिलाड़ियों को देख रहे थे—मानो ठाकुर का झूलन यात्रा जलूस जा रहा हो। वही फलू इस बार हार गया है। दूसरे दल के लोग जय गोपालदी के बाबुओं की जय—नारे लगाते चले जा रहे हैं। जाने क्यों

शचीद्रनाथ को इस समय फेलू का मुख देखने की बडी इच्छा हुई। फेलू शायद हार कर पहले ही घर चला गया है। शायद कुछ और करने म असमर्थ वह अपनी बीवी अन्नू की ही पिटाई कर रहा हो।

उसकी समझ मे नही आया कि क्या कहे। वह ध्यान लगाकर फिर चिउडा कूटने लगी। कुरर की वह बाली अब भी उसके भीतर निसर रही है। उसकी फटी-नुची साडी अब तक सूख आई है। बडी बहू ने जोटन को एक दौरी चिउडा दिया खाने को पर उसने खाया नही। आचल मे बाध लिया। पलटू ने कई कच्ची सुपारिया ला दी। वह भी उसने आचल मे बाध ली। काफी रात हुई जा रही थी। केले का पत्तल धो बिछाकर वह बठी रही—खाना पक जाते ही उसे खाने को मिलेगा।

खान बठकर जोटन ने डटकर खाया। चाटचूट कर खाया। बड ही जतन से उसने सारा भात खाया। बगन के साथ हिलसा मछली का स्वाद और भदई चावल के मोटे भात न जोटन को इस परिवार की सहृदयता के बारे म अभिभूत कर डाला। बूढी मालकिन बडी बहू धनबहू सभी की उदारता माना इस परिवार के पगन ठाकुर जसी ही है। इस भोजन के साथ रात की चादनी और एक पागल मनुष्य का अस्तित्व बूढे मालिक क सात्विक विचार भूपेंद्रनाथ की ईमान

दारी—सभी कुछ मिलकर जोटन को निस्सग सुख पहुचा रह हैं। और ये सारे परिवार मानो कितने दिनों के कुटुब हो। उसने बडी बहू की आर रख कर कहा, मामी री, मुद्दत के बाद पेट भर भात खाया मैंने। यह खाना भूल नहीं सकती।

बडी बहू ने ऐसी टीसभरी बात सुनी तो कहा, तूने ता कहा कि किसी दरगाह के फकीर साहब तुझसे निकाह करना चाहते हैं।

—आप भी क्या कहती हैं मामी। ख्वाब तो कितने ही देख चुकी हू। लेकिन अल्लाह की मर्जी न हो तो आप हम कर भी क्या सकते हैं ?

—क्यो आविद अली तो कह गया कि फकीर साहब आया था।

—आया था। पेट भर भात भकोसा। भकोसने के बाद कहता क्या है कि आप रहिए मैं कुरवान शेख के मिलाद शरीफ म जा रहा हू। लौटते वक्त आपको लेकर लौटूगा। यह कहकर वह निपूता गया सो गया।

—कहके गया है तो जरूर लौटेगा।

जोटन आगे कुछ न बोली। उसने केले के पत्ते पर सारे जूठन समेट और जामुन के पेड के अधियारे को पारकर बडे घर के पीछे आकर खडी हो गई। गधपादाल की झाडी के उस पार उसने जूठन फेंक दिया। चादनी रात होने के कारण यह झाडी-झुरमुट वन जगल, दूर कहार, हरे धान खेत का धुधला-सा चिह्न उस सुहा वना लगता। उसने हिसाब लगाकर देखा कि उसका जिस्म दो साल से अल्लाह का महसूल अदा नहीं कर रहा है। खासतौर से यह रात और झाड-जगल के इर्दगिर्द अधियारे की तस्वीर या भरपेट भोजन के कारण एक पनी सी ख्वाहिश जोटन को उतावली कर रही है। इस समय फकीर साहब बहुत याद आने लगे।

उसने बडी मामी से एक पान माग लिया। एक समूची कच्ची सुपारी चबाती हुई वह बाग के भीतर घुस गई। एक मत्रवत् इच्छा शक्ति उसको बाग मे कुछ देर रोके रही—अगर एक पकी सुपारी पेड से टप्प से—यह शब्द घास मे होगा—वह कान पसारे रही—कहा यह टप्प का शब्द उभरेगा—कब चमगादड उडकर आएगा। लेकिन एक भी चमगादड उडकर नहीं आया। न टप्प शब्द ही हुआ। सिर्फ कच्ची सुपारी के रस से दिमाग कुछ भारी भारी-सा खुमारी म जसा लगन लगा। वह अब पानी मे हेल जायेगी। तर कर अपने गाव पहुचना है। चादनी रात। जल पर सफेद बगबग जुहाई और जोटन जल म उतरती जा रही थी। धीरे धीरे उसने कपडा घुटनो के ऊपर उठा लिया। ज्यों ज्यों पानी म उतरती गई

त्या त्यो कपड़ा ऊपर उठाती वह कमर के पास समट लाई। नही पानी बढता ही जा रहा है। कपडा खोल सिर पर रख वह एक गोह की तरह पानी म हेल गई। जोटन के पास एक ही धोती है। भीगे कपडो म रात काटना बडा तकलीफदेह है।

झाड झखाडा की आड से जोटन ने देखा नरेनदास के बरामद म एक कुप्पी जल रही है। पूरब वाले कमरे म करघे की कोई आवाज सुनाई नही पडती। अमूल्य उनका करघा चलाता है। अमूल्य घर चले जाने पर करघा बद रहता। तिस पर बाजार म सूत नही मिल रहा है। इसके लिये भी नरेनदास रात को करघा बद रख सकता है। अब जोटन और नरी नही भर पा रही है। जोटन न काफी तकलीफ उठाकर एक चरखा खरीद लिया और दो पसा कमाने लगी और जब उसने सोचा कि हिंदू घर की औरता की तरह कासे की एक छोटी सी थाली खरीद कर वह अमीर बन जाएगी तभी सूत की कीमत दो पसे से चार पसे हो गई और एक फकीर को पालने की जब लियाकत होने लगी ही थी कि बाजार मे सूत मिलना बद हो गया।

जोटन पानी काट रही थी। दोनो हाथो से मढक की तरह पानी पर तरती जा रही है। हाथ पर पानी के भीतर बुल्ल पदा कर रहे हैं। इस गरमी म पानी की ठडक आकाश की स्वच्छदता और पूरब की ओर के बडे चदा का हास्य जोटन के भीतर मुद्दत के बाद अल्लाह का महसूल वसूल करने को कह रहे हैं। भरपेट खाकर अब शरीर म जाने कितने शौक चर्रा रहे है। दूर प्रातर म रोशनी की एक बुदकी। सामन पटसन के खेत। पटसन कट चुके है—जल स्वच्छ है। हवा से चारो ओर से पानी म हिलकार। स्वच्छ जल म जोटन अपने बदन की गरमाई उडेल रही थी—माना जमाने से गाजी के गीत के साजिदा की तरह सूरज की गरमी न पाकर निढाल है। इस समय मुह पर पानी लेकर उसने आकाश की ओर फेंका। बोली अल्लाह यह बता कि तेरी दुनिया म मेरा क्या काम रह गया।

आकाश म उजाला है। जल म कूइ—कोकाबेली हैं और प्रातर क अत म आम जामुन परछाही डाले हैं—यही देखते रहना अच्छा है। कूद फूल जसा अपना मुख पानी स ऊपर उठा दो लकोट के पड पार करत ही उसन देखा कछार क बरगद के नीचे एक लालटेन और नाव की छाया। शायद एक आदमी की भी। झट जल म गुम हो जान क लिय उसन घास वन म अपन शरीर का ढाप लिया। लकिन भागत वक्त जल म शब्द। शायद कोई मछली भाग रही है। या कश्तियां म, बुआर

के कटिए मे कोई बडा बुआर माछ फस गया है। वह आदमी नाव लेकर मछली की टोह म आकर देखता—कोई आदमी-सा पानी के भीतर झाडिया म बहता जा रहा है। जोटन न फुर्ती स गले तक पानी मे डुबोकर घास-वन म अपना शरीर छुपाना चाहा। लेकिन छुपा न सकी। उसके मुख के पास लालटेन उठाकर मजूर कहन लगा, अरे, जोटन, तू है।

जोटन ने शम स आखें मूद ली। आखें मूदे ही बोली, हा, मैं ही हू।

—गई कहा थी ?

—ठाकुरबाडी गई थी। रास्ता छोडो, मैं जाऊ।

पानी के भीतर उसकी हालत भाप कर मजूर ने मुह फेर लिया था। उसने फिर मुह न फेरा। लेकिन बोला, मैंने सोचा शायद एक बडी मछली कटिया म फस गई है।

—और कुछ नही साचा।

—और क्या सोचना है। कहकर वह नाव पर बठ गया।

—क्यो, क्या और कुछ सोचा ही नही जा सकता। तू इधर क्यो ? कहकर जोटन ने आखें खोल ली। बातचीत स मानो सारा सकोच दूर हो गया है। देखा, मजूर नगे बदन है। कमर म महीन अगोछा। सो भी पानी म भीग कर काफी ऊपर उठ गया है। मजूर किसी तरह से भी जोटन की तरफ ताक नही रहा है। जोटन को बडी हसी आई। तेरे पास तो ढेर पसे हैं। बडा अगोछा एक खरीद नही सकता क्या ?

मजूर बोला तू जा भी।

—न जाऊ तो क्या कर लेगा। जोटन के भीतर वह इच्छा बहुत जोर मार रही है।

—करेंगे क्या भला। अपनी इस उपस्थिति के लिये उसने कारण दर्शाये। बोला। हाईजादी गया था। दवा लाने। लौटन म रात हा गई। कछार पर आया हू देखने कि कटिया मे मछलिया फसी कि नही। आकर तेरा यह माजरा देख रहा हू। चादनी रात म इस जगह तूने अधियारी छा रखी है। तेरे साथ मुलाकात होगी जानता तो तहमद पहनकर आया होता।

मजूर जोटन का हम उम्र है। बचपन की कुछ घटनाआ को वे इस वक्त सुमिर सके। कभी बचपन म इन पटसन खेतो की मेड पर वे विचरते रह हैं। जोटन ने

इन स्मृतिया को स्मरण करना चाहा लेकिन मारे सकोच के एक-दूसरे से कुछ भी कह नही पा रहे हैं। दो साल से अधिक यह देह जल जल कर धुधुआ रही है। जोटन ने दर्द भरे स्वर मे कहा, रास्ता दे जाऊ।

—मैं क्या तेरे को पकड़ हुए हू।

यह जल देख रात की जुन्हाई देख और भरपेट भोजन से तृप्त शरीर लिये जोटन किसी तरह से ही नाव का चक्कर लगा तक नही सकी। उसकी देह जाने कैसे धीरे धीरे पानी के उपर उभर आ रही थी। जल पर एक मढक सरीखी। मानो एक सुनहरा मढक जुगनुओ का ध्यान के लिये जल मे उभर कर मुह बाये है। मजूर कोई बात नही कर रहा है देखकर उसी ने कहा तेरी सूरत आसमान के चाद की नाइ है। लेकिन अब देखकर लगता अमावस की अधेरी रात है। बिलकुल कुम्हला गई है।

—कुम्हला गई है। तुझसे कहा है।

मजूर अपनी बीमार बीवी का मुख याद कर जरा सकपका गया। एक लबे अरसे से बीबी की बीमार देह उसके गरम कलेजे पर पानी नही छिड़क सकी है। मजूर बस सुलग रहा है तो सुलग ही रहा है। एक शादी का शौक न हुआ हो ऐसी बात नही, फिर भी मजूर अपनी बीवी से मुहब्बत करता है। मजूर ने मानो बडी कोशिश से कहा, अधेरी रात को क्या उजियाली कर सकती। और मजूर के मुह पलटते ही जोटन ने फिर अपना शरीर जल के नीचे डुबो लिया। सामने पीछे जलज घास। अच्छा खासा परदा बना हुआ है। जोटन ने इन जलज घासो के भीतर मजूर को लेकर डुबकी लगाना चाहा। और मजूर से रहा नही गया तो दोनो हाथो से मानो मरी मछली को नाव पर उठा रहा हो इस तरह खीच कर उस नाव की पटौरी पर रख दिया।

कुछ देर के बाद पटसन-खेतो के भीतर से रुलाई की एक आवाज गाव से तिरती हुई आई। जोटन सुन पा रही है मजूर भी सुन पा रहा है। नाव के ऊपर कुछ कीडे उड रहे थे। धनखर पर चादनी बडी माया भरी। सुख या आनद इस पट वतन पर इस समय लोट पोट रहा है। सारा दुख पानी मे बहता चला जा रहा था, सारा ताप चादनी की तरह ही गल गल कर झर रहा है। अरमानो की दुनिया मे कठपुतली बना मजर बीवी का मुर्दा चेहरा देखते हुए बोल पडा, कौन रो रहा है री ?

—लगता है तेरे ही घर से यह आवाज आ रही है।

—तो फिर बौठ़ीजान का शायद इतकाल हो गया।

जोटन ने देखा मजूर का चेहरा लकवा लगे मरीज की तरह। सारा उत्ताप
हा उडेल कर मजूर अब हो हा कर रो रहा है और नाव मे रहा है।

कुत्ते को कोई फेंक गया है। पानी म फेंक कर नाव लेकर भाग गया ह। जीने
की लालसा से वह कुत्ता पानी म जी जान से तैरता जा रहा है। किसी तरह से
पानी स ऊपर अपनी नाक भर निकाले है। फिर लगा कि जगह छिछली है। कुत्ता
मानो उठकर खडा हो गया। नही, दूर कोई गाव नहीं दिखाई पडता। निराशा से
उसका चेहरा घबराहट स भरा हुआ। बरसात का अंतिम छोर है अब। जल,
प्रान-स्वन स पटसन खेत म उतरता जा रहा है।

उस समय पागल ठाकुर नाव को मेडा पर खीच खीच करले जा रहे थे। सोना
पगोरा पर घुटरुआ के बल बढ रहा है। धान गाछ झुक गय हैं। सावन भादो का
वह स्वच्छ भाव अब नहीं रहा। पानी गदला। पानी से सडाध आ रही है। दोनो
ओर कीचड पानी भरे घाषे दुर्गधमय जलज घास। नाव को सरकार के खेत मे
डाल देते ही लगा एक कुत्ता खडा है। उसकी शक्ल पर घबराहट छायी हुई।
कुत्ता पागल ठाकुर को देखते ही भूक उठा भौ।

पागल ठाकुर खडे हो गये। फिर पुराने कायदे से हाथ मलते हुए बोल पड,
गतचोरतसाला।

कुत्ता फिर बोल उठा भौ।

पागल ठाकुर बोले गैतचोरेतुसाला।

पानी छिछला होने के कारण ही वह कुत्ता मेड के एक अलग खडा रह पा रहा
है। एक अलग खडे रह उसने इन लोगो के लिए रास्ता छोड दिया है। कुत्ते की
यह शराफत पागल ठाकुर को बडी भली लगी। वे फिर उसस कोई बुरे शब्द नही
बोले। व बगल स नाव खीचकर ले जाते समय जाने क्या सोच कर पीछे की ओर
ताके—कुत्ता मासूम बच्चे सा ताक रहा है। उन्होंने अब दुलारने की मुद्रा म मुह
से एक प्रकार शब्द निकाला ही था कि पानी मे छप्प छप्प शब्द करता कुत्ता बगल
म आकर खडा हो गया। पागल मानुस मणीद्रनाथ ने कुत्ते के मुह को चूमा और
उसे नाव पर उठा कर बोले गतचोरेतुसाला।

कुत्ता पगली के एक ओर दुबका सा पड़ा है। [illegible]। फिर उसके होंठ जुड़ाई सी सी और कांपने लगे [illegible] सीख लिये रहा। [illegible] हुए और नाना का [illegible] हाथ रहा है। कुत्ता लगातार दुम हिला रहा है। [illegible] अब लगातार [illegible]।

[illegible] नाना की आंखें [illegible] कर जाता। [illegible] नाना को [illegible] था। नाना अब भी कोई शब्द सीख सा नहीं पाता। [illegible] उस [illegible] गया। उसका सारा पहनावा [illegible] गया। अब वह रो रहा है। उस बार भी [illegible] उन्हीं बातों का दुहराव।

दो गज पार करते ही हमारे पीर की दरगाह है। जाड़े के मौसम का और [illegible] पत्थर सता गया है। उस समय पीर का मेला सा लगा था [illegible]। [illegible] साग आग थे और सामग्री [illegible] थे। इस समय साग साग की कोई आहट नहीं। [illegible] मस्जिद और पीर साहब के कब्र की दीवार पर कई कौवे लगातार उड़ रहे हैं और नाना की रुलाई किसी तरह से भी कम नहीं हो रही है। वे एक हाथ से नाना को सीने से लगाकर दूसरे हाथ से माथा ठोकने लगे। इतने पीर की पीठ पर [illegible] साथ बांध [illegible] आए।

कौवे दीवार पर शोर मचाए हैं। पीर साहब के कब्र के बगलवाले पलाश का पेड़ वैसा ही खड़ा है। पागल मानुस को देखकर कौवे उड़कर पलाश पेड़ पर जा बैठे। जगत मास्टर के बीच से दूर का माइनर स्कूल दिखाई पड़ रहा है। कभी मणीन्द्र नाथ पैदल चलकर इसी विद्यालय में विद्याभ्यास करने आया करते थे।

यह जमीन सीना जरा ऊंची है। कई आम के पेड़ कुछ चिरया चुनमुन फॅले की झाड़ियां फैंकड़े सांप और नागरमाथा घास जंगल लेकर पीर साहब कब्र के नीचे सो रहे हैं। बरसात का तनिक सा पानी भी पीर साहब को छू नहीं सकता। तब दूर के नदी नाला के कछुए भी नम मिट्टी की टोह में पीर साहब के पास चले आते थे। अंडे देने के लिए उन्हें आश्रय चाहिए अंडे सेने के लिए भी। अगहन का महीना। वर्षा थमने में अब कोई देर नहीं। सोना उस वक्त भी रो रहा था। कुत्ता इनके पैरों से चिपका चल रहा है। कब्र पर दो चार पत्तियां झर कर गिरीं। हेमंत की खुनकी सारे घास पत्ते चिरया-चुनमुन और पीर साहब की दरगाह की दीवार पर छाई हुई। दीवार के नीचे कितने ही तरह के बिल और

वानिया। कब्र की वेदी स टूटे शीशे उखड आए हैं।

सोना को गाद म लिय मणीद्रनाथ इस दीवार के चारो ओर चक्कर लगान लगे। इस वीरान बियावान दरगाह म अचानक आदमी देखकर कौव कुछ बौरा स गये। व मणीद्रनाथ के सिर के ऊपर मडरात उडत रहे। कितने दिनो क बाद मणीद्रनाथ पीर साहब की दरगाह म आए हैं, कितने दिना के बाद मणीद्रनाथ न पीर साहब से गल म फासी लगाकर मरने का कारण पूछना चाहा।

अब सोना रो नही रहा है। पागल ठाकुर ने साना को घास पर लिटा दिया। कुत्ता इतनी देर तक पैरा से सटा घूम रहा था। मणीद्रनाथ सोना को रख कर जरा सामन की ओर चले गय। कुत्ता साना के बगल म बठा रहा। जरा सा भी वहा से नही हिला। घास पर लटा साना अब हाथ पर हिला हिला कर खेल रहा है। मणीद्रनाथ जान कहा जा रहे हैं। व दीवार की दहली लाघ कर भीतर घुस गय और बोले, गैलचारेतसाला। साना उन्हान कहना चाहा पीर साहब, तुम्हारी दरगाह म मेला लगा है तुम हिंदू मुसलमान सभी लागा के पीर हो तुमन गले म फास क्या लगा ली कहकर वे वदी के बगल म जाकर खडे हो गय और एक सूखी टहनी इसी समय दीवार के उस पार टूट गिरन म उन्हान देखा छतिवन के धुर ऊपर वाली शाख पर कुछ गीधा न घासला बनाया है।

पागल मानुस न कहा गनचोरतसाला। मानो कहन की इच्छा हो, पीर साहब क्या आप भीतर हैं। वे वेदी के पास बठ गये और जमीन से कान लगा दिया—पीर साहब का चेहरा व याद कर सक उस वक्त पीर साहब बूढे जईफ हो गये थे। दूर के विद्यालय से पढ कर लौटत समय मणीद्रनाथ इस दरगाह म जाकर पीर साहब की लम्बी मूछ म शून्य मुख देखत थे। और वह पीर साहब एक दिन रात का जान क्या गल म फासी लगा कर छतिवन की डाला स झूलन लग। हाय इश्वर जानत हैं कि ऐसा इमान अमूमन मिलता नहा और कहा जाता था पीर साहब को खाद्य की जरूरत नहा पडती थी। पीर साहब का हुक्का चीलम कमर मे बधा रहता था। व इस दरगाह के चारा ओर बस चक्कर लगाया करत थे और रात के अधेर म जब दूर दूर सार गाव गहरी नींद म डूबे होन, जब दूर दूर गहाने नावा म इधर उधर एकाध रोशनी तभी वे साग पत्ती या पुरान छतिवन की डाली पर चढ कर गीध के अडे तलाशते थे। कछुव इस दरगाह म या कूला के किनार हमत के अन्त म और जाडे की शुरुआत म अडे दे जात थे—तलाश कर

उनको भी व कमरे म उठाकर रख देत थे।

अब साग पत्ता वे व पौधे इस दरगाह म नही हैं। सड-गल सूख-साख गए हैं। बरसात बीत चुकी है इसीलिए दरगाह के चारो ओर तरह-तरह क लमेरा का जगल—कुछ घास भी उग आए हैं कही कहा। नम घास पर सोना सो रहा है—इस समय याद पड जात ही वे दीवार क पास आकर खड हो गए। जब देख लिया सोना घास पर लट सा रहा है कुत्ता भी पहर पर ह ता व चले गय। दीवार के भीतरी तरफ काफी जगह है। बडे बडे गडढे, कब्र स मानो ढक्कन खोल कर कोई आदमियो को उठा कर ल गया है। बड-बडे पक्के स्लब पडे हैं। स्लब से ढक देने ही एक आदमी गायब हो जायगा। कोई भी नही जान सकगा कि स्लब के नीचे कोई आदमी गायब है। ढेर सी जगह देख घर बना कर रहने की इच्छा हो रही है मणीद्रनाथ को। मले के दिनो म जहा मामबत्ती जलाकर पीर साहब के नाम पर शीरनी चढाई जाती है उतनी ही सिफ साफ है। उसी जगह पर दूब घास और उसी जगह पर एक झोपडा या टूट घडे हाडा थे। पीर साहब के कुछ गुर थे—जिसकी बदौलत हसन चोर फकीर बना और कभी पीर बन गया। माला ताबीज गडे और तरह तरह की हड्डिया सग्रह करने की लत थी हसन की। दफ नाते समय सभी कुछ उसके कब्र म दे दिया गया है। अब लबी वदी पर बस गीध ही बीट कर रहे हैं। कौवे और दूसरे चिरया चुनमुन जस मन, इस दरगाह म बेहद भीड करने लग गये है। और हसन पीर ने ही कहा था तेरी पुतलिया ऐसी है कि आखें ही बताती हैं कि तू पागल हो जायगा।

—आप भी कसी बात करते हैं पीर साहब।

—मैं बात ठीक ही कर रहा हू ठाकुर। तेरा सारा लिखना पढना बेकार है। पीर-पगबर बनना हो तो तुझ जसी आखें होनी चाहिए तुम जसा जिस्म हो मुखडा हो। तुम जसी आख न हो तो न दीवाना ही हुआ जा सकता है और न किसी को दीवाना बनाया ही जा सकता है।

और फाट विलियम क रपट पर बठकर पलिन कहती थी तुम्हारी आखें बडी गहरी और विषादभरी हैं मणि। योर आइज आर ग्लूमी। या बोटानिकल के पुराने बरगद की छाया म पलिन अपने बाबकट बालो मे अगुलिया फेरती अग्रेजी म महीन स्वर म उच्चारण करती आओ हम दोनो एक साथ बठ कर कीटस की कविता पढें। देयर नन आई ग्रीव टू लीव बीहाइड बट ओनली ओनली दी।

तब दूर के नारियल वक्ष या गगावश पर जहाज की वसी या समुद्र स आए सारे पाखियो के पाखा के शब्द दाना को अयमनस्क कर देते। वे तव एक दूसरे को प्रगाढ रूप से निहारा करते। कविता उच्चारित होन के बाद पछी के पर से जसे हल्के एक विपाद म डूव कर दोना बातें ही न करते।

पलिन कहती, चलो, इन सब जहाजा पर चढ कर हम लोग किसी दूमरे समुद्र म चले जाए।

इस दरगाह म वठे मणीद्रनाथ इन सब स्मृतिया से इस समय व्याकुल हो रहे थे। उनके अरमानो के वक्ष म पलिन—सन् 1925 26 पलिन जब युवती थी, प्रथम विश्वयुद्ध मे पलिन के दादा की मृत्यु और उस परिवार में किसी रात के अधियारे मे मोमवत्ती के सामने ईसामसीह का चित्र पलिन का घुटना टेके वठे रहना—कैसी-कमी स्मृतिया वार-बार दिमाग म उभर आती, फिर बिला जाती। मणीद्रनाथ कुछ भी याद नहीं कर पाते। उनको अब केवल एक भले चगे व्यक्ति की तरह बातें करन की इच्छा हो रही थी, दरगाह के मालिक हुमन पीर स कहने का जी कर रहा था क्या पीर साहब क्या फिर वहा लौट नही सकता हू। लेकिन वातें करने के समय वही एक उच्चारण। और ऐसे ही समय पछी उडन लगे। हेमत की धूप ढल चुकी है। वरसात का पानी अब खेतो मे घुटनो तक उतर आया है। छोटी छोटी मछलिया और चादा खहामछलिया धानविरवो के तन के पास पूछ हिला हिला कर सहला खा रही हैं। मरदी का यह आभास सारे प्राणी जगत म काई अशुभ सदेश लकर आया है। फिर भी कितनी ही नागरमोथा की वाडिया रौदकर कितन ही वन-जगल लाध कर कितन ही नदी-नाले पार कर केवल फोर्ट विलियम का किला, उसका हराभरा मदान और गुवद के ऊपर फिराज़ी कबूतर उड रहे हैं—दरगाह की वदी पर वठे मणींद्रनाथ इस समय केवल किले के शीर्ष पर सूरज देख रहे हैं। माना पलिन सूरज की यह रोशनी इम अवले जाडे क खेता पर विखरती जा रही है।

सोना न वठा हुआ है और न घुटनों के वल चल रहा है। वह मा गया है। कुत्ता वठा है। हिल नही रहा। उसे भी कुछ नींद मी आ रही है। वह आखें वद किए थे। मणीद्रनाथ ने आर देखा हमत के धूप की पतली सी रखा दीवार म लगी है। सोने का जल जसी ही यह रखा चमचमा रही है। मणीद्रनाथ ने पलाश की डाली हटाकर आकाश म सिर डाल दिया और जहा स प्रकाश का वह जल धर

रहा है उसे दोनो हाथो से पकडना चाहा। वह अधेरा बडा उष्ण सा लग रहा है। लिहाजा कूद कर दीवार फाद गये। दोनो हाथ ऊपर उठाये उस प्रकाश के घर सूय को पकडने के लिए दौडने लगे। लेकिन जितना ही वे आगे बढते, सूय क्रमश उतना ही दूर खिसकता जा रहा है। घासो का जगल पार करते ही दरगाह की जमीन खत्म हो जाती है। वे क्रमश खेतो म उतरने लगे खेतो म घुटनाडुबान पानी, पानी हल कर वे आगे बढ़ने लगे—मानो वह सूय रथ पर भागा चला जा रहा है, वे उस रथ पर चढ बठेंगे। और घोडो की वल्गा थाम लेंगे। फिर सूय को लेकर भगोडा बन जाओ वहा के लिए जहा पलिन अब भी सोती हुई सपने देख रही है। और ऐसा अगर न हो तो सूय को लाकर वे पीपल की डाली से लटका देंगे। इस धरती का सारा कलक दूर करने, अधेरा हटाने के लिए वे सूय को पकड लाएगे। यानी वे मानो धरती को सारे कालुप कालिमा से रक्षा करने के लिए या यहा एक प्रिय निदशन रखने के लिए पागल की तरह धान खेत जाडा, पानी और झील कूला तैर कर जब टेबा के तालाब के भिडपर जा उठे तब देखा सूय पलातक सा पेड पाता के अय छोर पर उतर गया है। सूय को उस पार झील के जल म अदृश्य होते देख कर वे टूट से गये। पराजित सनिक की तरह एक पेड से टेक लगाये मानो बदूक की नली पर हाथ रखे हैं ऐसे ही एक अदाज म खड रहे। चारो ओर रात के सारे कीडे मकोडा की आवाज और दूर से आती हुई किसी बच्चे की रुदन ध्वनि। उनके सिर म फिर मे दद होने लगा। पीछे मानो कुछ छोड आए हैं बिलकुल कुछ भी याद नही। इतनी दूर स आती बच्चे की वह रुलाई—लगता है सारे खेतो म हजारो बच्चे उच्च रोल मे रो रहे हैं। उनको कुछ भी याद नही पड रहा है। कीच भरे रास्ते से वे घर लौट जायेंगे। यह रास्ता उनका बहुत पहचाना हुआ है। चारो और अधेरा उतरता आ रहा है मगर दूर से आती बच्चे की रुदन ध्वनि से वे दुखी हो रह थे। तिपहर को बरामदे म बठ सोना अकेले खेल रहा था, पागल ताऊ के साथ टूटी फटी बातें भी कर रहा था और वे उसको लेकर लाड से टोले की सर कराने निकल पडे थे मबक अनदेखे नाव लेकर—सोना देखो कसी धरती और खेत इसी धरती पर तुम बडे होगे यह तुम्हारी जन्मभूमि है मा से भी बडी ईश्वर से भी अधिक सत्य है यह घास फूल मिट्टी—लेकिन अब वे किसी तरह से भी उसे याद नही कर पा रहे हैं—कब वे घर स निकल पडे थे, कौन, कौन उनके साथ था।

देखो, सोना से कहा नक्श देखो—घास पतिंगे फूल-परिंदे देखो, जन्मभूमि देखो। फिर स्वयं देखा—आकाश पर अंकित है सोना का मुख, पलिन की आंखें। कुत्ता पटौरी पर खड़ा खामोश दुम हिला रहा है।

और भी कुछ अरसे के बाद। सोना तन्मय हो तरबूज के खेत म बठा मिट्टी खोद रहा था। बलुही मिट्टी इसलिए उसने काफी मिट्टी खोद निकाली। सुनहरे रेत की चाकी अब खुश्क है। चाकी पार करो तो नदी का जल पतले चादर जगा हिल कोरे म थिरक रहा है। स्वच्छ जल म नन्ही-नन्ही मालिनी मछलियां घूम फिर रही हैं। नारियल के खोल म सोना नदी से पानी ले आया। छोटे से गढे को पानी से भर दिया। चूंकि नदी म घुटनाडुबान पानी ढोर-डंगर गाडी-लढिया पार जाते हैं इसलिए घुटनेपानी मे उतर कर सोना ने एक मालिनी मछली पकड ली। मछली को अंजुरी म भर कर वह नदी से उस गढे के सामने आ कर खडा हो गया। पानी मे मछली छोड कर उसने तरबूज के पत्तो मे से खरगोश की तरह सिर ऊंचा कर देखा, दूर मडया के नीचे बठा ईशम तमाकू पी रहा है। सोना और तरबूज की ओर माना वह निगरानी रखे है। सोना ने अपने को तरबूज के पत्तो म और जरा ढाप लिया। नन्हा सा शरीर सोना का। शरीर का रंग रेतीली चाकी की तरह। सोना के पर नंगे हैं और यह वसतकाल है। नदी की चाकी से बासती हवा आ रही है। हवा जोर से चल रही है इसलिए तरबूज के पत्ते अलग बिलग हो जा रहे हैं। इसलिए पत्तो की आड मे सोना का शरीर स्पष्ट है। पत्तो की आड मे सोना को तन्मय बठा देखकर ईशम तनिक फिक्र करने लगा। उसने सोचा—यू सोनवा कहो बठे बठ तरबूज की लतिया तो नहीं उखाड रहा है। वह मडया स घुटनो के बल निकल आया। पुकारा, सोना मानिक कहा गये ?

सोना झटपट पत्ता म और छिप गया। पहली बात वह अकेले-अकेले घर से निकलकर इस जगत म आ गया है दूसरी बात, उसन गढा बना नदी से जल लाकर एक पोखर बनाया है। पोखर बनाने म तरबूज की दो लतिया उखड आई हैं। यह सारा अपराधबोध उसके मन मे काम कर रहा है। उसने एक बार

पत्तियों की आड से सिर ऊंचा कर देखा, ईशम सोना को ढूंढने के लिए इधर ही आ रहा है। सोना फुर्ती से पत्तों की आड में मिट्टी से सट कर रेंगने लगा। ईशम जितना ही उसकी ओर बढ़ने लगा वह उतना ही जमीन की आड लिए जौ के खेत में घुस गया और चुपचाप बैठा रहा।

ईशम ने सोना को जहां बैठा देखा था अब वह जगह सूनी है। तरबूज की दो लत्तियां उखड़ गई हैं। एक छोटे से गड्ढे में थोड़ा सा जल और उसमें एक मालिनी मछली तर रही है। पानी क्रमश कम होता जा रहा है। मालिनी मानो ईशम को देखकर पानी के गदले अंधेरे में छिप गई। ईशम ने फिर पुकारा, हो मेरे सोना मालिक। गये कहां?

नदी का कगार जहां ऊंचा होता हुआ गांव में मिल गया है वहां जौ के खेत हैं गेहूं के खेत हैं। इस समय गेहूं और जौ कटने का समय है। कुछ गंगामैना गेहूं और जौ के खेतों में उड़ रहे हैं। ईशम ने फिर पुकारा, सोना मालिक कहां गये जी। मैं क्या आपकी बराबरी कर सकता। आये जाओ मालिक फिर तुमको कंधे पर चढ़ा कर नदी पार ले जाऊंगा।

सोना ने पुकार सुन ली लेकिन ओट से जरा भी हिला नहीं। इस वक्त ईशम के साथ माना उसको आंखमिचौनी खेल का शौक हो आया है। वह जौ के खेत के भीतर और भी घने में बैठ गया। बैठे-बैठे वह सूखी घास नोचने लगा। जौ के बिरवे हिल रहे थे। ईशम खेत की मेड़ में सब भाप ले रहा था। तेज चलकर जौ के खेत में घुमकर सोना को उसने बांहों में भर लिया और कहा, अब कहां जाओगे मालिक?

जौ के खेत के भीतर ही सोना हाथ पैर फेंक रहा था। उसकी चीख-पुकार से जौ गेहूं के खेतों से सारे गंगामैना उड़कर ढलते दिन की धूप में उड़ गये। उड़ते उड़ते वे नदी की चाकी में उतर गये। सोना बोला, नहीं, नहीं जाऊंगा। मुझे आप छोड़ दें।

—आपसे क्या मैंने कुछ कहा है? मेरे साथ चलें। छप्पर के नीचे बैठेंगे और आसमान देखेंगे। कहकर, सोना को कंधे पर उठा ईशम चलने लगा।

अब सोना में कोई पराजित भाव नहीं। वह कंधे पर बैठ पैर डुलाने लगा। सुनहरे रेत वाली नदी में जल कुछ नाव और कुछ गांव के लोगों को सोना ने देखा। बसंत की हवा इस समय जौ-गेहूं के खेतों में घुसकर अदृश्य हो रही है।

शब्द मिला सोना को लेकिन फिर भी वह नहीं उठा। वह तन्मय होकर नदी की चाबी देख रहा है। यह अचल बड़ा सुनसान है। उसने गेहूं-जौ के खेतों में एक भालू का मुंह देखा। फुर्ती से मडया की ओर चले जाते वक्त ही उसे याद आ गया कि भालू का मुंह उसने एक चित्रभरी पुस्तक में देखा है। इसलिये डरने की कोई बात ही नहीं। छप्पर के नीचे घुसकर सोना ने कहा, निशि सुमरा मेरा भी दोस्त है। मैं किसी से नहीं डरता।

छप्पर नीचे पहुंचकर सोना कुछ देर तक उछलता रहा। मचान के नीचे बोरसी में ईशम ने तमाकू पीने के लिए आग रख छोड़ी है। धुआ उठ रहा था। बाहर आकर बठिए, देखिए आसमान तले कितना सुख है। ईशम ने कहा।

तरबूज के खेत मे ईशम पैर पसार कर बठा। सोना उसके गोद में बठकर बोला, मुझसे जो आपने कहा कि कंधे पर लेकर नदी पार करेंगे—सो तो नहीं किया। एक लंबे अरसे से सोना की नदी पार करने की तमन्ना है। लेकिन ईशम ने उसकी बात पर कुछ भी कहा नहीं तो मन ही मन वह रूठने लगा। दूर-दूर नदी का जल पतले चादर की तरह काप रहा था। जौ गेहूं के खेतों में से होकर नदी के किनारे किनारे दो बुर्का पहन बीबिया का उसने आते हुए देखा। अब वह सचमुच डर गया। अब वह ईशम से सटकर बठ गया। ईशम दादा की सुनाई हुई वे भूत की कहानिया उसे याद आने लगीं—दोनो आखें सफेद और कोई शरीर ही नहीं। रात को मा के बताये राक्षस खोक्कस की गंध मानो इस बालूचर पर रेंगती सी उतरी आ रही है। उसने बड़े ही विनीत ढंग से कहा ईशम दादा, मैं मा के पास जाऊंगा।

—जाइएगा, मेरे संग जाइएगा।

—नहीं मैं अभी जाऊंगा।

दो बुर्के पहनी हुई औरतें नदी में उतर रही हैं। पीछे नयावाड़ी के बड़े मिया। उसने जान लिया कि बड़े मिया की दो बीबिया हैं। लिहाजा उसने हाथ उठाकर पुकारा, ओ बड़े मिया बड़े मि   या। बड़े मिया से मिलने के लिए वह सोना को कंधे पर लेकर तरबूज के खेत पार करने लगा।

नदी के किनारे किनारे बड़े मिया चले आ रहे हैं। ईशम इस समय बालूचर पार कर रहा है। इन सब घटनाओं से सोना भीत और त्रस्त है। केवल बोल रहा है मैं नहीं जाऊंगा, मैं मा के पास जाऊंगा। फिर भी उसने देखा ईशम के

गल की आवाज म उत अवयव शून्य अधकार रग म दो गुडिया की तरह स्थिरता है। उसने जान लिया कि क्रमश व परस्पर क आमने-सामने आते जा रहे हैं। उसने फिर कहा मुझे डर लग रहा है मैं घर जाऊगा।

ईशम ने कहा, ओ बड मिया तनिक ठहर हो जाओ। अपनी बीबियो को दिखा जाओ। बुर्का पहन आ रही हैं देख कर सोना मालिक को डर लग रहा है।

वड मिया की शक्ल बडी बदसूरत और डरावनी है। चेचक के दाग चहरे पर और एक आख गायब और मरी हुई।

सोना, अब ईशम स लग कर लिपट गया। सोना मैं शरारत नहीं करूगा। मुझ छोड दीजिए।

सोना की ऐसी बात पर बड मिया बिना हस नहीं रह सके। बोले छनकर्ता का बेटा है ?

—हा। ईशम भी हसा।—डरते क्यो हैं ? आप लोगो के पुराने जमाने का नौकर है।

अब सुनहरे रेत वाली नदी के जल म सूय का अतिम आलोक सोने का राजहस जसा लग रहा है। वे काली और अवयव शून्य दोनो वस्तु नीरव और निश्चल मानो जादूगर के करिश्म स इन दो अपरिचित प्रेतात्माओ को बदी बना भूत का खेल दिखा रहा हो। सोना आखिरी बार ईशम स कसकर लिपट गया—सकस म सिंह का खेल देखने जसा ही अयाचित भय—सारे दृश्य रोमाचकारी।

ईशम ने कहा अब अपनी दोनो प्राणप्यारी बीवियो को दिखाइए। सोना मालिक का डर तो दूर कर दें। देखते नहीं जुबान पर ताला लग गया है।

चारो ओर जौ गेहू के खेत। किनारे किनारे लटकन के दरख्त और उन दरख्तो की डालियो पर नीलकठ पाखी जस ही मना ने आश्रय ले रखा है। चहचहाहट। दूर गाय का रभाना। सूय का आलोक स्वण राजहस जसा ही। उस विचित्र विस्मय मुग्ध प्रकृति की निस्तब्धता के भीतर बडे मिया ने अपनी दोनो बीवियो के नकाब हटा दिये—अनोखे मुखडे वाली इन युवतियो के छरहरे बदन। बडे मिया की दो बीवियां—दुर्गा प्रतिमा जसे मुख डौल, नाक म नथ और परो के पजनिया छम छम करती। सोना की कातर आख अब नदी के जल म अधरी रात मे नाव की रोशनी जसी—विस्मय से चमक रही हैं।

छोटी बीवी ने कहा, आइए मालिक गोद मे आइए। कहकर ईशम के गोद से

सोना को अपनी गोद म ले लिया और मुख के पास मुख रखकर बोली, आखें फाड फाडकर आप देख क्या रहे हैं ?

सोना से कोई जवाब दते न बना। उसने छोटी बीवी के मुख स आखें हटा लीं। ईशम को दखा। ईशम अब बड मिया के साथ फसल की बातें कर रहे हैं।

बडी बीवी न कहा, मालिक हमरे सग चले चलें।

सोना न आखें बद कर कहा, नही।

सोना न फिर छोटी बीवी के मुख की ओर दखा, बोला, आप मुझे बहुत पसद हैं। अजी बडे मिया, सोना मालिक मुझ पर निगाह डाल हैं। कहकर वह खिल खिलाकर हस पडी।

हमी सुनकर ईशम न कहा, तरी हसी पहले जैसी ही है। अचानक कुछ याद पड जान के अदाज म ईशम बोल पडा, जाबिदा, तेरी अम्मा कैसी है री ?

—अच्छी ही हैं भाई साहब।

छोटी बीवी ने सोना की ठोडी पकडकर कहा मालिक हमस निकाह करना हो तो बडी-बडी दाढी रखनी पडेगी। दाढी न हो तो शौक नही मिटा सकोगे। बडी-बडी आखें हैं। भरे भरे नाक मुह हैं, नदी की चाकी जैसा बदन का रग है। सभी कुछ है मालिक बडे ही खूबसूरत हुए हैं आप लेकिन गाल म दाढी नही। इतना कहकर कनखिया मे उसने बड मिया की ओर देखा। ऐसी बातो से बडे मिया की मरी हुई आखें भी सजग हो उठी। छोटी बीवी की आखो म उस समय माणिक दमक रहा था। हस कर बोली डरो मत। और सोना को छातिया म चापकर उसन सोचा अल्लाह सोना मालिक जैसा ही मुझे एक बटा दो।

वडे मिया ने कहा, चलें ईशम भाई। दिन ढल चुका है। घर लौटने म रात हो जायेगी। फुरसत मिले तो आइएगा।

छोटी बीवी ने कहा लीजिए भाई साहब अपने मालिक को लें। कहकर छोटी बीवी ने सोना को नीचे उतारकर चेहरे पर नकाब डाल लिया। फिर वे चलने लगे। वे नदी मे उतरते जा रहे हैं—वे क्रमश दूर सरके जा रहे हैं। सोना का दिल दुखने लगा—बडी-बडी आखें दुर्गा प्रतिमा जसा मुखडा, नाक मे नथ पैरो म पजनिया, अब भी छमछम शब्द कानो म लगा हुआ है। फिर चित्र वाला वह भालू सोना की आखो पर फिर तिर गया। उसने ईशम से कहा मा ने कहा है मुझे एक बदूक खरीद देगी।

ईशम भी अब तक जाने क्या सोच रहा था। बड़ी बीवी के जवानी के दिन या और कोई छोटी घटना शायद जवानी की याद उसका मुख दर्द के लिए अप्रमारथ किए हुए थी। और यह भी हो सकता है—सूर्य डूब रहा है गाँव की आवाजें अब सुनाई नही पडती घास लेकर खेत से मजूर लौट रहा है इसलिए घर लौटने का समय होते ही उसे पगु बीवी याद पड जाती है। बडे मिया की किस्मत म सुख लिखा है दो बीवियां लिए घर लौट रहा है। तभी सोना कहने लगा, बड़ा होकर मैं एक भालू मारूगा।

ईशम ने इस बार भी कोई जवाब नही दिया। सोना का हाथ थाम वह तरबूज खेत म हल गया। कई बड़े-बड़े तरबूज उठाकर उसने मडया के भीतर रख दिए फिर टटटर गिरा कर कहा चलिये चलें।

सोना मचान से नीचे उतर कर बोला मुझे कधे पर लेकर नदी नहीं पार करेंगे?

—आज रहने दो। साझ उतर आई है, धनमामी खोज-तलाश करेंगी। फुर्ती करें घर चलें।

तरबूज-खेत पार करते ही सोना को याद आया कि उसकी प्रिय मालिनी मछली तरबूज खेत म अकेली पडी है। उसने कहा जरा ठहर जाइए उस मछली को पानी म छोड आऊ।

सोना छलाग मार मार कर तरबूज के पत्त और फल फाद गया। जब ढूढ-ढाढ कर उसे अपनी निर्दिष्ट जगह नही मिली तो निराश सा तरबूज खेत म खडा रहा। बार-बार बुलाकर भी ईशम को जवाब नही मिला। नजदीक आने पर भर्राये गले से सोना ने कहा वह मालिनी मछली मिल नही रही।

सोना का हाथ पकडकर ईशम ने उसे गढे के सामने ला खडा कर दिया। गढे मे अब कोई पानी नही। मालिनी मछली बलुई मिट्टी म मुह खोसे पडी है। सोना गढे के पास बठ गया। हथेली पर मछली को रख उलट-पुलट कर जब उसकी समझ म आया कि सचमुच मछली मर गई है तब पीर भरी आखो से चारो ओर ताकता रहा। उसको अब उठने का जी नही कर रहा है। मालिनी मछली की आखें शायद उसे इस वक्त पीडित कर रही हैं—या छोटी बीवी की आखें—उसने अब धीरे धीरे मछली को बलुई मिट्टी पर लिटा दिया। पास की मिट्टी से मछली का सारा शरीर ढक दिया। फिर तरबूज का एक छोटा सा पत्ता उसकी

कंधे पर छावन सा रख दिया। फिर ईश्वर से इस छोटी सी मछली के लिए प्रार्थना करते समय उसने देखा, गेहूँ-जौ के खेतों के बीच बड़े मियां अपनी सफेद भरा आँखों से देख रहा है। मानो कह रहा है—आऊ माऊ खाऊँ—मानुस की गंध पाऊँ। लेकिन माना ने देखा वही एक से खेत हैं—जौ-गेहूँ के खेत, चाकी की रेत पर तरबूज का गाढ़ा रंग और नदी के जल में ढलती वेला को आखिरी धूप और नदी के उस पार से बड़ी खामोशी से वही एक मरी आँख मुख पर दाढ़ी लिए आग बनी आ रही है।

इसलिए सब कुछ छोड़कर, ईशम को छोड़कर चाकी की जमीन पर साना भागने लगा। उसको बार-बार यही लग रहा है कि लिशि उस पर सवार है। ईशम तक को उसने बछड़ा समझ कर इस अनजाने जगह से भाग जाना चाहा। वह भाग रहा है तो भाग ही रहा है। लेकिन ज्यादा दूर तक वह भाग नहीं सका। जौ-गेहूँ के खेत की मेड़ों में वह भटक गया। डर से उसका गला सूख गया। जोर गले में वह रो भी नहीं सका। भय से चेहरे की रंगत उड़ी हुई, चारों ओर जौ-गेहूँ की बालियाँ—उसका शरीर दिखाई नहीं पड़ता।

डर से आँखें मूँदे जब वह रास्ता ढूंढ रहा था, जब खेतों पर अँधेरा सचमुच उतर आया था और आसपास सियार फेंकरने लगे थे कि ईशम ने सोना को अपने सीने की गरमाई में भर लिया। बोला, मालिक, आप मुझे छोड़कर कहाँ चले जाएंगे?

इस बार साना ने आँखें खोलीं। देखा, वही परिचित जगह वही प्रिय मालसिरी दरख्त की छाँह में अनगिनत मौलसिरी फूल की सुगंध। साना ने अब निडर सा कहा, ईशम दादा, मैं फिर कहीं नहीं जाऊँगा आपको छोड़कर कहीं नहीं जाऊँगा।

धीरे धीरे कुछ समय बीत गया। कई साल गुजर गये।

खेत में अनाज का आखिरी दाना भी घर चला गया है। अब चैत का मध्य है।

खेत अब धू-धू कर रहे हैं। सूखी जमीन में हल नहीं धंसता। हर कहीं खेती-किसानी के लिए बास बन्द है। जितनी दूर आँखें दौड़ाओ—सामने सफेद धुआं धुआं सा। सूखे सख्त जमीन पत्थर की तरह उभरी पड़ी है। चिरैया-चुनमुन सारे

लापता—या जल भुन कर खत्म हो गये है। लगता ही नही कि इस जमीन पर स्वर्णिम फसल उगती या यहा कभी बरसात म बाढ भी आ जाती है। झाडिया और जगल कुछ खाली खाली से। गरीब दुखी लोग झरे पत्ते इक्ट्ठा कर रहे हैं। मुसलमान खेतिहरो की बहू बेटिया इन झरे पत्तो को इकटठा करते समय आसमान देख रही थी।

जोटन भी आसमान देख रही थी क्योकि इस समय उसके दिन बुरे हैं। पाच साल पहल नाश्ता कर फकीर साहब जो मिलाद शरीफ का नाम लेकर चले गये सो आज तक नही लौटे। आबिद अली भी आसमान देख रहा था क्याकि काश्त कारी बिलकुल बद है। नाव का काम भी बद है। गहोना नाव का काम जाडे के मौसम से ही बद हो गया है। बारिश होने पर नई साग पत्ती धरती फोडकर निकलेगी इसलिए जोटन आसमान देख रही थी। इस इलाके म इन दिनो आसमान देखना सभी की आदत है। नई ताजी घास नये नये पत्ते और बारिश की भीगी भीगी महक—अहा क्या मजेदार सफर होगा नाव पर कुटमती जाते वक्त। जोटन बोली बरसात आने पर आबिद अली तू मुझे कुटमती ले चलेगा ?

आबिद अली न कहा कुटमती मे जाने वाली ठौर कौन सी है तेरी ?—काहे,—क्या हमारे बाल-बच्चे जिन्दा नही ?

—है। तेरे पास तो सभी कुछ है। लकिन तेरी कोई खोजखबर भी नही लेता।

जोटन न आबिद अली की इन रजभरी बाता का कोई जवाब नही दिया। वक्त आबिद अली क पास कोई काम नही था। आज दिन भर हिंदूटोल म घमन क बाद भी एक काम नही जुटा सका। इस समय चत का महीना है। सभी कुछ महगा है। आबिद अली ने गौर सरकार क घर का छावन छा दिया है। जो मिलगा—बहुत ही कम। पसे की बात उसने नही की। आबिद अली ने दिन भर काम किया है। मजूरी करने वालो की सख्या बहुत है और मुसलमानटोल म रोजी-कमाई ठप्प पडी है जिसके पास गाय है, दूध बेचकर एक जून भात और एक जून शकरकद उबाल कर खा रहा है। आबिद अली क पास न गाय है और न जमीन उसके पास है तो सिर्फ जागर ही। जागर बेचकर भी पसा नही मिल रहा। दिन भर की मेहनत मशक्कत के बाद गौर सरकार स पसा लेकर बदशक्ल हो गई। भद्दी भद्दी गालिया देकर आबिद अली चला आया।

आबिद अली की बीवी जलाली उस वक्त भी पट स पेट सटाये पडी है। दिन

भर से पेट म कुछ गया नही। जब्बरआसमानदी की चाकी मे गाना सुनने गया है।

जलाली जमीन से पेट सटाये ही बाली, मिला कुछ ?

आबिद अली ने कोई जवाब नही दिया। उसने अपने बगल से पोटली ढेले की तरह जमीन पर फेंक दी। सामने जोटन का झोपडा। झोपडे का टट्टर बद। पोटली देखते ही जलाली झटपट उठकर बैठ गई। और खडे होकर धोती की खुली गाठ फिर से कमकर पेट पर बाध ली। ध्यान बटाने के लिए आबिद अली हुक्का लेकर बठ गया। और जलाली झरे पत्ते आगन मे ठेलकर गदले पानी से हडिया पतीली खगार कर धोने चली गई।

आबिद अली का ध्यान ही नही रहा कि कब से वह हुक्का सुडक रहा है। उसने देखा चूल्हे के दूसरी ओर बठकर जलाली हडिया मे चावल डाल रही है। छोटी धोती। दोना घुटना के बीच पेट का थोडा सा हिस्सा दिखाई दे रहा है। साली, औरतिया को पेट उघार रखने की बडी आदत है। जिस्म साथ नही देता। फिर भी यह उघरा पेट आबिद अली को लुभाने लगा। आबिद अली जब ज्यादा देर तक बीवी को इस तरह बठे रहते दखता है तो कभी उस उडद का खेत तो कभी एक खाली मदान दिखाई पडने लगता है। उसने फिर अपना ध्यान बटाने के लिए कहा यह ज बरवा गया कहा ? कल से देख नही रहा हू।

जलाली मानो आबिद अली की शरारत भाप रही है। बाली ज भरवा गुनाई बीवी का गीत सुनन गया है। लकडी के कलछुल से भात का चावल हिलाती हुई जलाली बोली—गुनाई बीवी का गीत सुनने का मेरा भी मन करता है।

इतनी तगदस्ती म भी आबिद अली को हसी आ रही है। इतने दु ख म भी आबिद अली ने कहा—नदी नाला म जब बढ़िया आ जायेगी तुझे लेकर तब मैं पानी म बह जाऊगा।

जलाली की एसी ही बातें मानो आबिद अली के लिए छूट है। खेत म उतरने या जोतने की छूट।

आबिद अली की दीदी जोटन अब तक ओसारे मे बठी ये सारी बातें सुन रही थी। इतने सुख की बातें उसमे बरदाश्त नही होती। उसने चुपके से टट्टर बद किया। और बद कर चुपचाप बठी रही। काई काम नही—सार बदन म आलस। बालो की जडसे चिकोटी काट-काटकर जुआ ढूढ रही थी। और जलाली की इतनी सुखभरी बातें सुनते ही मानो बालो की जड स उसने एक जुआ पकड लिया।

जोटन के मुख पर इस समय बदला लेने की इच्छा है—मदार वक्ष के नीचे मजूर का चेहरा जाग आया। जुए को दो नाखुना के बीच रखकर टट्टर की आड से झाकते ही उसने देखा, आगन की दूसरी तरफ आबिद अली। शेर जमे कधे पर दात गडा कर या पजा मे शिकार ले कर भागता है वसे ही जलाली से वह लिपटा है। जलाली दो परा के बीच लतर सी झूल रही है। चत का महीना है यह इस लिये गाहे बगाहे चक्रवात। धूल का एक झपट्टा आया—आगन म अधेरा छा जाने से कमरे के भीतर शिकार लेकर आबिद अली क्या कर रहा है वह देख न सकी। रजो गम व गुस्से से अब वह मदान म निकल कर धूल के अधड म डूब गई।

चत का महीना। इसलिए खेत धूप मे भाय भाय कर रहे है। तालाबा म पानी नही। केवल सुनहरे रेत वाली नदी के पाट म उस वक्त भी महीन चादर जसा जल बहा जा रहा है। मसजिद के कूए म पानी नही। गाव के दुखी लोग बहुत दूर चल कर पानी ला रहे हैं। सुनहर रेत वाली नदी म घडे नही डूब रहे। नमशूद्र टोले की बहू बेटिया कतार म पानी लाने जा रही है। वे खोद खोद कर पानी निकाल रही हैं। टेबा के पोखर और सरकार क तालाब का गदला पानी। गाय बल के उतरने से पानी एकदम हरे रग का हो गया है। बडा ही दुर्दिन है इस वक्त। निकलते वक्त जोटन घडा लेकर निकली। सुनहरे रतवाली नदी से घडा भर पानी लेकर वह हाजी साहब के घर चली जायेगी। बूढे हाजी साहब के लिए इतनी तकलीफ उठाकर पानी ढो लाने पर शायद कुछ धान पान मिल जाय—पसा न भी हो गौनी भर चावल तो मिल ही सकता है। बाहर निकल आते ही उसने देखा मदान म कुछ लाग भागत लपकते जा रहे हैं। चिलचिलाती धूप म लोगा का एक दल भागा जा रहा है। उनके सिर पर शायद हैजा की देवी है। विश्रामटोल म हैजा लगा है। इतनी दूर स वह लोगा को साफ साफ पहचान नही पा रही है।

मदान म पर धरते ही जोटन को ख्याल आया—जलाली अब उधर कमरे क भीतर है। चूल्हे पर चावल पक रहा है। पत्ते टहनी या वन आदि म आग लगते लगते आग लग जान म कितनी देर लगती। नदी की ओर चलन के समय जोटन को एम सारे दृश्य याद आ रहे थे। चत म आग मानो बास फूस म छिपी ही रहती है। जोटन का मन भारी होन क कारण वह तेज चल रही है। अभी पानी लेकर जल्दी म घर लौट रहे हैं उसे भी जल्दी लौटना है। गाव-गाव म हैजा मारी की नाई। जो लाग धूप म दौडते जा रहे थे वे धार धार जोटन के

नजदीक हो रहे हैं। बिलकुल आमने-सामने। जोटन भट बगल म घडा रख घुटने टेक कर बैठ गई। गधे की पीठ पर ओला-ओठा (हैजा) देवी जा रही हैं। उनको सिर पर लिये ढाक बजाते हुए लोग चले जा रहे हैं। जोटन उनके पीछे-पीछे ज्यादा दूर तक नही गई। सडक के किनारे मदार का पड। उससे लीग का इश्तहार झूल रहा है। उस पड की छाह स होकर जोटन गाव की ओर चली गई।

रास्ते में फेलू से भेंट हो गई। फेलू ने कहा, जुटी, पानी किसके लिये ले आई ?

जोटन ने जमीन पर थूक दिया। इस शख्स के साथ बात करना भी गुनाह है। इस शख्स न एक ही बार मे अन्नू के मर्द को काट डाला था और अब अन्नू के साथ घर कर रहा है। आबिद अली न एक दिन यह सारा किस्सा सुनाया है। कितना सगदिल है। न खौफ न डर। अब शमसुद्दीन के साथ लीग की नेतागीरी कर रहा है। जोटन किसी तरह से भी उससे नही बोल रही। मेड के बगल मे खडे होकर उसके जाने का रास्ता छोड दे रही है।

लेकिन फेलू के लच्छन कोई अच्छे नहीं। वह सामने ही खडा रहा। खडे खडे कसा मुस्कियाता रहा। चेचक से उसकी एक आख जाती रही। चेहरा कितना हौलनाक और बदसूरत है। इन दिनो आधा चेहरा दाढी से ढका रहता। कबड्डी खेलने की उमग मुरझा गई। शायद जिस्म मे अब उतनी ताकत भी नही रही। फिर भी एक आख अब भी हौलनाक ढग से धधकती रहती। फेलू ने मुस्कुरा कर कहा क्यो जुटी, तेरा वह फकीर साहब फिर तो आता नही।

—ता फिर क्या करने को कहते हैं। जाटन ने फिर थूका।

फेलू ने अब दूसरी बात की। क्योकि जोटन की सूरत देखकर वह ताड गया कि इस भाडी जगल म खडे रहना वह पसद नही कर रही। उसने अब वडे ही भलेमानुस की तरह कहा य सारे लोग सिर पर क्या उठाये ले जा रहे हैं।

—ओलाओठा देवी को लिये जा रहे हैं।

—सिर तोड दिया जाए तो कसा हो ?

जोटन न इस बार भी दात कस लिये शायद कहना चाहा तेरा सिर तोड दूगी निपुते कहीं के। लेकिन मुह स उसन कोई आवाज नही की। इस आदमी से सभी को खौफडर है। किसका सिर किस समय उतार लेगा कौन जाने। हसते हसते सट्ट स सिर कलम करने में फेलू से ज्यादा माहिर कोई नहीं। इस शख्स को कोई छेडता नही। माना छेडते ही वह रात के अधियारे मे बिसमिल्ला रहमाने रहीम

बढ़कर कुरबानी में खस्सी की तरह गला काट देगा। कुरबानी के दिन तो यह आदमी और भी भयंकर है। इसलिये जोटन ने चाहा कि जल्दी से जल्दी जंगल के भीतर से निकल आए।

फेलू ने देखा चैत की आखिरी धूप बसवाडी के सिर पर। शमसुद्दीन अपनी टोली के साथ आगे बढ़ गया है। अब सामने का मैदान सूना है। सतरों की मुर मुट और सेहुड का जंगल और जंगल के बीच में वे दोनों। जरा मजाक मखौल करने की मुखमुद्रा बनाये वह सामने झुक पडा। फिर फुसफुसा कर बोला, दू एक हत्या तुझे ?

जोटन अब जान पर खेल कर बोल पड़ी तुझे हैजा हो जायेगा रे मुहझोंसा। रास्ता छोड दे वर्ना चीख पडूगी। न बात न चीत अचानक ऐसी एक घटना के लिये जोटन तैयार नहीं थी। फेलू ने हसते-हसते कहा खफा क्या होती हो। तुम्हारे साथ जरा हसी की। फिर चारो ओर देखभाल कर हसते हसते बोला शीतला माई का डर मुझे न दिखाना जोटन। अगर तू कहे तो आज ही रात को उसका सिर ले आऊ।

शमसुद्दीन अपने दल के साथ जा रहा है। लीग का जलसा होगा। शहर से मौलवी साहब आएगे। इसलिये फेलू नेता सा लग रहा है। चारखाने की लुगी पहने। बदन पर कटी बाह वाली काली बनियाइन। और गले में गमछा मफलर की तरह बधा हुआ। उसने जोटन के लिए रास्ता छोड दिया। वे काफी दूर आगे बढ़ गये है। उनको जा पकडना है। मेड पर बेतहाशा भागने लगा। मैदान से ओलाओठा देवी भी गाव में गायब हो गई। उस समय धुए का एक बगूला गाव खेत पार कर ऊपर की ओर उठता जा रहा है। उसने जो सोचा था वही होकर रहा। नदी नाले में पानी नही। खेत मैदान सूखे पत्तियां सूखी। और दिनभर धूप से पत्तों की छाजन तपी हुई सैंटियां की दीवारें भी। जोटन अपनी कमर पर घडा लिए भागने लगी। उसने देखा बगल के गाव से भी लोग दौडते आ रहे है। जो लोग सुनहरे रेत वाली नदी में पीने का पानी लाने गये थे वे भी इस दुस्समय में आग पर सारा जल डाल दिये।

लेकिन यह आग आग जैसी ही आग बयार से मिल जुलकर अशिक्षित और अनगढ हाथो से बने सारे गृह-आवास राख करने लगी। जोटन का घर जला जा रहा है। आबिद अली का घर सबसे पहले जल चुका है। आबिद अली ने जलाली

के अस्तव्यस्त शरीर को पहले जैसा ही बाहों मे जकड रखा है। वर्ना कही झपट कर आग म त फाद पडे। उसकी कथरी, तकिया, चटाई, तामचीनी की थाली मिट्टी की थाली सब चली गई। सब कुछ जला जा रहा है। भड भड बास फट रहे हैं—बरतन भाडों की भी आवाज सुनाई पडती। आग गाव भर म फल चुकी है। इसलिए हरा बास या केले का दरख्त या कीचड पानी सभी कुछ जरूरी है। चारो ओर वीभत्स दृश्य। जिनके पास तकिया-कथरी है वे उनको लाकर खुले मदान मे फेंक रहे हैं। जलाली उस समय आम के पेड के नीचे बठी माथा ठोक रही है। पूरब घर के नरेनदास एक दाओ (कटारी) लेकर आया है। जिन घरों मे आग नही लगी, अब लगन ही वाली है—लौ निकल कर लबी हो जाती और एक छप्पर से दूसरे छप्पर पर फलागती हुई चलती—उन छप्परो के छाजन को वह काटने लगा। घर को अलग-थलग किये दे रहा है। ताकि आग और आगे न फल सके। सारे लोग आग बुझान के लिए जुट गये हैं। कुए का पानी खत्म हो गया है। हाजी साहब के पाखर म जो नीचे बचा-खुचा पानी था वह भी खत्म हो गया है। मजूर के तालाव म केवल कीच रह गई है। अब लोग फावडा की सहायता से कीचड फेंक रहे हैं। छाजनो पर। उस समय दूर मे ओलाओठा देवी के सामने ढाक बज रहा था ढोल बज रहा था। विश्वासटोले मे हरिपद विश्वास हिचकी लेकर मर गय। सायकिल चलाकर गोपाल डाक्टर घर घर दौड रहा है—मरीज देखन के लिय, रुपये के लिय। जाते समय आग देखकर उसने इन जाहिल लोगो को गाली दी। हर साल किसी न किसी गरीब गाव म ऐसा हो रहा है। अनपढ कत्र गोपाल डाक्टर की अब पाचा घी म। मरीज देखकर रुपया गरीब लोगो को बुरे वक्त पर रुपया देकर सूद। मेड पर खडा गोपाल डाक्टर इस समय टिन टिन सायकिल की घटी बजा रहा है। माना कह रहा हो कौन हो,जाओ, आकर रुपया ले जाओ, दवा ले जाओ। रुपए देकर सूद अदा कराग उधार चुकाओगे।

खडाऊ पहने शचीद्रनाथ भी भागते हुए आया था। जोटन आबिद अली और गाव के अन्य लोग तसल्ली पाने के लिए उनको घेरकर खडे हो गय। शचीद्रनाथ न सभी का मुख देखा। सभी लोग इस समय आबिद अली और जलाली पर दोप थोप रहे थे। शचीद्रनाथ ने कहा नसीब।

शमसुद्दीन का जत्था काफी रात गये जलसा खत्म होने के बाद लौट आया। वे भी घूम फिर कर सबको दिलासा दने लगे। आग बुझाने की कोशिश म जब बास

की बडी-बडी लाठिया या कीच मिट्टी डालकर जब वे जान गये—कोई चारा नही, सब कुछ जल ही जायेगा—तब वे मसजिद की ओर चल पडे। मसजिद अब लप लप जल रहा है।

आखो के सामने सारा गाव जला जा रहा है। विश्वासटोले म अब भी ओला ओठा देवी की अचना हो रही है। मदाना मे या जोते हुए खेतो म लोग अपनी अपनी भस्म म से उठा लाई हुई धन सपत्ति अगोर रहे हैं। आग म उनके चेहरे साफ दिखाई पड रहे थे।

जब आग धीमी पड गई और चारा ओर ठडक-सी छाने लगी—जोटन शोक से व्याकुल होने लगी। चारा ओर घना अधेरा। रह रह कर धुआ उठ रहा है। उस अधेरे म जली राख के भीतर से धन दौलत बटोरने की उम्मीद म वह हाजी साहब के खलियान म हेल गई। वह फुदक फुदक कर चल रही थी। कुछ रास्ता वह चक्कर लगाकर भी गई। जलने की बू चिरायध। इद गिद सारे गरीब दुखी लोगो का हाय तोबा सुनाई पड रहा है। अधरे म परिचित गल की आवाज सुन कर जोटन बोली, फफा मेरा घर तो फुक गया। अच्छा ही हुआ। जिधर नजर जाय चली जाऊगी। घर के लिए बडा मोह था। उसके जी म आया कह दे—फकीर साहब शायद अब नही आएगे। जब वह आया ही नही तो किसकी आशा म वह यहा बठी रहेगी। परिचित व्यक्ति ने अधेरे म भाप लिया, जोटन बडे दुख से ये बातें कर रही है।

परिचित व्यक्ति न कहा आबिद अली को क्या पहर दुपहर का भी लिहाज नही।

जोटन अब पलट कर खडी हो गई। बोली किससे क्या बताऊ—कहिए। मदम नहीं। रात देखे न दिन—खाऊ खाऊ करता रहता है। लेकिन औरत जात होकर भी तूने पहर दुपहर का लिहाज नही किया। उघार कर जिस्म पर पानी उडेला।

जोटन फिर ठहरी नही। बकझक करती अधरे मे वह हाजी साहब के खलियान म घुस गई। बडे-बडे खलियान सब राख हो गये है। धान जलने की मसूर जलने की बू निकल रही है। इस गर्दिश म भी कही से एक मेढक टर टर कर उठा। जोटन ने आग को कोचा। नही कुछ भी निकल नही रहा है। अधेरे के भीतर कुछ राख ढकी आग दमक कर फिर बुझ गई। उस आग म जोटन का मुख गभवती

औरत की नाई—लालची और पेट—मवस्व सूरत उस आग म जोटन ने अधेरे म रास्ता पहचान लिया। उस समय ओलाओठा देवी के सम्मुख ढाक का बाजा, ढोलक का बाजा। उस समय हाजी साहब अपनी तीन बीवियो की गोद म टाग पसारे माथा पीट रहे हैं और हाजी साहब के तीन बेटो की तीन बहू खेत म जोती जमीन के ऊपर विस्तर बिछाये घात लगाये बठी हैं। मानो यह अच्छा ही हुआ। द दिलाकर लोट-पोट।

जोटन को लगा कि अधेरे मे कोई एक और आदमी ओना-कोना ढूढ रहा है। जोटन ने कहा कौन हो तुम ?

जोटन को लगा कि फेलू शेख है। वह अधेरे म दौलत चुराने आया है। या मझली बीवी के साथ उसका आशियाना है। हाजी साहब की मझली बीवी भी इस रात के अधेरे म जब कोइ भी कहीं जाग न रहा हो सभी खेतो म उतर गये हैं, कुछ छोड आय हैं इस बहाने अगर लौट आवे तो फेलू शेख चुपके स उसे पहचान लेगा। पता भला किसको चलना चाहिए ? फेलू की एक जलन—उसी जलन को मिटाने के लिए—वह जलन भी क्या ? उज्जल पर जात वक्त हाजी साहब भोला अचल के पास समदर के किसी किनारे से इस मझली बीवी को उठा लाये थे। उस समय फेलू उनके साथ था। फेलू ने ही फुसला कर रुपय की लालच दिखाकर मझली बीवी को हाजी साहब की नाव पर ला बिठाया था। उन दिनो हाजी साहब हाजी नही हुए थ उन दिना फेलू की जवानी बुलदी पर थी, उसकी कितनी शोहरत भी थी—जवामद फेलू मझली बीवी से आशनाई करने का बहाना ढूढ रहा था। शायद अब भी एकात म वह गाना मझली बीवी गाती होगी। जब कलिमुद्दी साहब हज करन गय और हाजी बनकर लौट आए तो मझली बीवी के गले म वही गाना लगा हुआ था। अकेली शरीफा वाले बाड के पास बठी-बठी गाया करती। फेलू घाट पर बठा रहता। वह उन दिना उन लोगो का बडी नाव का माझी था—वक्त-जरूरत पर उस बाजार-हाट जाना पडता था, सौदा लाना पडता था। इस लिय मझली बीवी के साथ इश्क लडाने के बहाने वह घाट का मानी बने बठा रहता था। लेकिन कलिमुद्दी हज करके लौटा तो सभी कुछ जान गया। उसने कहा मिया यही तुम्हारे मन म था। फिर फेलू हाजी साहब के घाट से भगा दिया गया। जाने कब की बातें हैं। तभी स फेलू फिर हाजी साहब के घर नही जा पाता कभी-कभी मझली बीवी का मुखडा उसके दिल म घनघोर बाढ ला देता। उस

समय मान लो अकेले मे वह पागल ठाकुर सरीखा ही है। वह कछार म या अधरी रात को चुपचाप पीपल के नीचे चला आता। थाडी-पुरमुट म दुबक कर बठ जाता। जाने कब शरीफा के बाढ के पास वह मुखडा झाक जाय। बीवी अन्नू आज कल हाजी साहब के घर आया जाया करती। छोटी बीवी के साथ अनू की बडी दोस्ती है। वही बीवी लुके छिपे उसे तेल देती दाल देती उडद की वरी देती। अनू कहती छोटी बीवी देती है—लेकिन जोटन का मन कहता यह सब मझली बीवी का काम है। मझली बीवी के साथ ही फेलू का आशियाना है।

जोटन सभी कुछ समझती है। अनू दिखावा करती है कि छोटी बीवी मे उसकी बडी दोस्ती है—सहेली अरी सहेली तेरे ही साथ पीर मेली।

और फेलू को जब भी उसियत की याद आ जाती उसस लमहे भर की देर नही की जाती। वह इम अधेरे मे आग के भीतर मझली बीवी का तन मन मुखडा देखने की तमन्ना लिये बठा है। चारो ओर हो-हल्ला—कौन कहा भाग-दौड रहा है—कौन कहा है कौन जाने। यही तो मौका है। लिहाजा वह यहा आकर बीवी के आने के इतजार मे। जान क्या जादू है बीवी के ननो म और कौन सा जादू है इस मन म। यह मन हर वक्त जाने क्या चाहता रहता है। फेलू हर वक्त जाने क्या चाहता रहता है। उसके घर मे युवती बीवी अनू फेलू की उम्र भी दो कौडी से ऊपर हो गई है—फिर भी जाने यह दिल क्या चाहता रहता है। इतने तगी गरीबी मे भी भीतर मे कुछ पाने की इच्छा सी होती रहती है। जाने सुख किसम है—इसी अनू के लिए क्या-कुछ नही कर डाला उसन। अलताफ साहब का गला उसने सट्ट से काट डाला है। पटसन खेत के भीतर अलताफ साहब की आखिरी निकाह की बीवी को ईद के त्योहार पर पीर की दरगाह म देखकर वह दीवाना सा हो गया था—क्या करे क्या किया जाए। फेलू कुछ भी सोच नही सका। फेलू की जवानी उतार पर थी। वह सारे जवार का फेलू था। इस ईद के अगले त्योहार म वह अलताफ साहब के घर मेहमान बन गया। उनसे उसने पटसन का व्यापार करन का कहा—मानो फेलू कितना बडा महाजन है। उन दिनो वह दाढी म अतर लगाता था बाबुर हाट से बढिया तहमद खरीद कर लाता था। दिलखश रहने पर गल म मेडल झुला लेता था।

बूढे अलताफ खेल कूद के बडे उत्साहदाता थे। फेलू से उनकी कितनी जान पहचान कितना बडा खिलाडी फेलू उनके घर मेहमान बनके आया है—बीवी

बेट भी इसको देख लें, खिलाड़ी फेलू को एक दिन जनानी ड्योढ़ी म वह ल गया। फेलू को माना इश्क करन के सारे दाव-पेंच मालूम हैं। मौका देखकर अलताफ की फूलकली जैसी छोटी बीवी को उसने एक दिन अपना कछुवा जैसा चकला सीना दिखा दिया। अन्नू ने उस सीन पर चमकते हुए तमगा का देखा। और अन्नू को उस समय अपने बचपन की बात याद आ रही थी। बालिका अन्नू खेल देखने गई थी — कबड्डी का खेल। परापरदी के हाट मे खेलने आया है फेलू। उस दिन हाटवाला दिन नहीं था फिर भी कितन ही लोग और लाग। दो—दस मील के दायरे म उस दिन घर मे कोई जवान आदमी नही रहा होगा। मेले जैसा ही मदान म थड़िया उड़ रही थी—मानो ईद मुबारक हो। उस मेले का प्राण था फेलू। खेल खत्म होते ही फेलू की जय-जयकार। अन्नू, बालिका—अन्नू उसी दिन फेलू के प्रेम म पड गई। वही फेलू आज महमान बनकर आया है—अलताफ साहब की बीवी न मानो अपने स ही पूछा—यही था तर दिल म। फिर मौका महल समझकर फेलू न सट्ट से गला काट डाला। पटसन-खेत के भीतर सट्ट से गले की नली काट डाली। जिस तरह कुरबानी के दिन दस-पाच कुरबानिया म वह चाकू चलाता है बिसमिल्ला रहमान रहीम कहता है, उसी तरह बिसमिल्ला रहमाने रहीम कहकर उसने सट्ट स अलताफ साहब का गला काट डाला। जिस दिन बुर्का पहनकर बीवी का वह ले आया उसी दिन उसने बीवी स पहला बार बताया कि उसन सट्ट से गला काट डाला है। अन्नू न सुनकर कहा, यही था तुम्हारे दिल म। कहकर विस्तीण मदान म हा-हाकर हस पडी थी। अन्नू का देखन पर पता ही नही चलता कि फेलू के कारण वह इतना बडा हत्याकाड हजम किये बैठी है।

अधेरे म फेलू उस ओर की एक छायामूर्त्ति देख रहा था और सोच रहा था। शायद मझली बीवी चोरी छिप आ गई है। लेकिन यह क्या—यह किसकी आवाज है, यह तो जोटन लगती है। वह पकडा जायगा, इस जली राख से वह धन-दौलत चुराने आया है—वह डर गया।

जोटन न तिरस्कार क अदाज म कहा नाम नही बता सकते मिया? मैं फला हू।

—मैं हू मतिउर। फेलू न अधेरे म खडे झूठ कह दी।

—तुम्हारे और सारे लोग कहा है?

—आग देख कर भाग गये हैं।

—तुम यहा क्या कर रहे हो ?

—अपनी थाली ढूढ रहा हू।

—हाजी साहब नही जानते कि उनका बठर ाला नही।

—आग से हाजी साहब को बेहद खौफ है। यह शख्स दूर ही से बातें कर रहा है। अधेरे से इस समय उन सभी को डर है। आवाज साफ नही। कभी तो फकीर साहब जसी तो कभी लगता फेलू ही मतिउर की आवाज म बातें कर रहा है। इसके बाद ही लगा उस आदमी को अधेरे म कुछ पडा मिल गया है। और मिलते ही दौड लगाया।

जोटन न कहना चाहा—पकडो पकडो। लेकिन कह न सकी। वह खुद भी एक थाली ढूढन आई है या कुछ चावल—जला हुआ धान भी कुछ बुरा नही, जली हुई कथरी मिल जाय तो भी क्या बुरा—उसे जो कुछ भी मिल सका लेकर उसन आम के पेड के नीचे इकटठा किया। जलाली बठी जोटन का सब कुछ सभाल रही है। वह अधेर स ढूढ ढाढ कर ला रही है और जलाली को देकर फिर अधरे म ढूढने चली जा रही है।

उसी समय विश्वासटोले से राने की आवाज आती सुनाई पडी। उसी समय ओलाओठा देवी के सामने आरती उतारी जा रही थी। शायद हैजा से फिर कोई मरा। अधेरे म खडी जोटन थाली टूटी पतीली या पीतल का बधना ढूढती हुई वह रोना सुन रही है। रात काफी हो चुकी है। खेता मे म होकर कुछ लोग नदी के किनारे की ओर भाग रह है। और पेडो के नीचे जो दो एक लप जल रहे थे हवा से एक एक बुझते जा रहे है। मता म सिफ एक लालटेन जल रही है। लाल टेन हाजी साहब की है। महामारी गगन पर जिस प्रकार हवा म एक विदगी घूमता रहता है उसी प्रकार इस ध्वस के अधकार म जोटन फिरने लगी। अधरे म जोटन दबे पाव चल रही है। इस समय मदान म हाजी साहब बस सुभान अल्लाह सुभान अल्लाह की रट लगाय हैं। वे सो नही पा रहे हैं। मदान म वे अपनी छोटी बीबी को लेकर हैं। कौन कब क्या कर जाय—इस डर से नीद नही आ रही थी। जिनकी केवल टूटी झापडी जली है व सरपत की फटी चटाई बिछाये सो रहे हैं। सवेरे ही हिंदूटोले म रोजी कमाई के लिये जाना पडेगा और हिंदूटोले म ही सारे बास-लकडी हैं। पटसन के सारे खत उन्ही लागो के। उनस माग जाच कर लाओ तो घर बन और घर बनते-बनत ही घनघोर वर्षा आ जायेगी। जोटन

ने इस समय अपने घर के बारे म सोचा, वर्षा के बारे म सोचा, वक्त बेवक्त फेलू हत्या मारना चाहता मजूर जसा न उसम रोब-दाब है और न चाद सरीखा पेश कश—एक दिन ऐसी मार मारूगी—यह सब सोचती हुई जोटन अपने दुख पर पेबद लगाती हुई जले टूटे एक कमरे के भीतर से और एक बघना निकाल कर दौड पडी। जलाली के पास पहुच कर बोली, देख, क्या लायी हू।

जलाली ने घुमा फिरा कर बघने को देखा। कुप्पी की रोशनी म इतना बडा पीतल का साबित बघना देख किसी तरह से भी वह अपनी आखो पर विश्वास नही कर पा रही थी। आबिद अली भी गदन मोडे देख रहा है। मानो उसने हाथ से ही छूकर देखा।

बघनाभर पानी पानी ले आ, गट-गट पी लू। बघना देखते ही आबिद अली को जाने क्या प्यास लग आई।

मणीद्रनाथ ने गदन मोडकर सोना को देखा। मानो इस समय यह लम्बा कितना अपरिचित है। बालक से बातें करना असम्मानजनक है। बल्कि वे सामन का आकाश देखत रहगे। आकाश को पार कर और भी द्रुत जाया जा सकता है या नही या यदि वे आकाश पार कर चल जा सकें तो—सामने एक विशाल दुग मिलेगा दुग के भीतर पलिन—यह सब सोच कर उन्होने हाथी के पीठ पर घुटनो के बल रेंगना चाहा और उसे न ह बालक उसमान को उठाकर अकुस छीन अपनी मर्जी के मुताबिक चला ले जाना चाहा—हाथी मुझे लेकर तुम पलिन के देश म जल्दी चलो—वह कोमल मुखडा मुझ कही नही दिखाई देता।

जसीम चिल्ला उठा मालिक आप कर क्या रहे है। उसमान पागल आदमी की ओर देख डर गया। वह उसका अकुस छीनने आ रहा है। सोना न पीछे से उनका एक पर धर दबाया ताऊजी आप गिर जायेंगे। मणीद्रनाथ आगे हिल नही सके। उन्होने करुण सा मुख बनाते हुए सोना की ओर देखा। क्योकि सोना की आखो म एसा एक जादू है जिसकी वे किसी तरह से भी उपेक्षा नही कर पाते। मदान पार करने पर उन्होन देखा पूरब वाले घर के नरेन दास सिर पर कपड की गाठ लिये बाबुरहाट जा रहा है। हाथी के गले म घटा बज रहा था इसलिए गाव के सारे लडके-लडकी दौडते आ गये हैं। और नरेन दास की विधवा बहिन न देखा उस सेंहुड पेड के पास बड-बडे शामियाने ताने गय हैं। दरी बिछा दिय गये हैं। मिया लोग मौलवी लोग आ-आकर इकट्ठे हो रहे हैं। इस गाव म हर कही दूसरे गावो के पेड-पेड पर सन-मसान म शमसुद्दीन के लोग या उसका दाहिना हाथ कहा जाने वाला फलू शेख इश्तहार टाग गय हैं। उसम कुछ शब्द लिखे हुये थे। लिखा था—पाकिस्तान जिन्दाबाद। लिखा था लडके लेंगे पाकिस्तान और

लिखा था नारा ए तकबीर। मालती को नारा ए-तकबीर शब्द का मतलब मालूम नहीं था। एक दिन उसने सोचा था, चुपके से शमसुद्दीन से इसका मतलब पूछ लेगी।

मालती ने अब अपनी ओर देखा। देह की लुनाई क्रमश बढ़ती चली जा रही है। पति की मृत्यु के बाद फिर ढाका म पिछले महीने दगा हो गया है। उसका श्वसुर आकर बना गया है ढाका मे शखकार और कुट्टी लोग काफी बदला ले रहे हैं। उस दिन से मालती बडी खुश है। अरे शामू तू पेडा पर इश्तहार लटकाकर क्या कर लेगा। शामू का सबोधित कर मालती न मन ही-मन गाली दी।

शामियाना के नीचे मुसलमान गाव के लोग जमा हो रह हैं। फिरनी क लिए बडे-बडे चूल्हे जलाए जा रह हैं। ताब की बडी-बडी डेगचियो म दूध और पानी म पिसा हुआ चावल उबाला जा रहा है। कछार से होकर हाथी की पीठ पर राजा की तरह पागल मानुस घर लौट रह हैं।

मालती न देखा हाथी की पीठ पर पागल ठाकुर घर आ रहा है। घटे की आवाज सुन जा भी जहा पर थे भागत आ गये हैं। यह घटा किसी शुभ-वात्ता की भाति इस अचल के मार लोगा के कानो म बज रहा है। वे सोच रहे यह हाथी, लछमी-सा रूप लिए शुभ सदेश लेकर उनके देश म चला आया है। इस हाथी के लिए जा गृहस्थ घर की बहुए घर स कभी अकेली निकलती नहीं वे भी घर के छोटे बच्चो के पीछे पीछे ठाकुरबाडी के लिए चल पडे।

या यह हाथी जब अगले दिन आगन क ऊपर आकर मा मा कर पुकारेगा तब सारे गृहस्थ घर की बहुआ के दिल म यह हाथी है अपना धन या यह हाथी है लछमी मायी की तरह का भाव होगा। यह हाथी आगन म आने पर जमीन म सोना उपजेगा। हाथी के सिर पर लेपने के लिए वे सेंदूर घालने बैठ गईं। हाथी के माथे पर सेंदूर देना है सब लोगा ने दूब धान सजोकर रखा। और मालती ने देखा हाथी की पीठ पर पागल मानुस ताली बजा रहा है। हाथी की पीठ पर सोना। फातिमा नीचे से कह रही है मुझे पीठ पर उठा लीजिए सोना बाबू। फातिमा हाथी के पीठ पर चढने क लिए दौड रही थी। और उस समय फातिमा का वाजी शमसुद्दीन शामियाने क नीचे बडे-बडे हरूफों म इश्तहार लिख रहा था—इसलाम खतरे म। बडे-बडे हरूफो म लिख रहा था—पाकिस्तान जिंदाबाद।

डेफल पेड के नीचे बैठी यह सब देखती हुई मालती आवेश म आकार रो पडी। चिल्लाकर उसने कहना चाहा, शामू रे तू इस देश क माथे पर दुख मत बुला।

पोखर के भिड से उठ आते समय हाथी आम की डाली, अजुन की डाली या जामुन की डाली जो भी नीचे मिली भड भड तोडता सूड से मुह म डालता रहा। और वह थल-कमल का पेड जिसके नीचे बैठकर वह पागल आदमी स्वच्छ आकाश देखना पसद करते थे—वह दरख्त भी कट कट तोडकर हाथी ने मुह मे डालकर सट्ट सा एक शब्द किया। जिस तरह कटे नारियल का गुदा खाने पर लोगो को मुह से शब्द निकलता है उसी प्रकार थल-कमल की डालिया और तना हाथी के मुह म शब्द कर रहे हैं। बार-बार अकुश चलाकर भी जसीम हाथी को काबू म नही कर सका। हाथी ने पेड को चाट चाटकर खा डाला। गुस्से और अफ्सोस स पागल ताऊ हाथ मसोसने लगे। अपने इस थल कमल के लिए अपने शौक के और नीरव आत्मीय जसे इस थल कमल बक्ष की मृत्यु के लिए बाल पडे गतचोरेतसाला।

मैदान म शामियाने तने हुए। मौला मौलवी आने लग हैं। धान कट चुके हैं इसलिए सारे खत नगे-नगे। अनाज कहने को कुछ उडद और कुछ मसूर के खत। *फेलू शेख अपने जोडीदारो के साथ बडे-बडे गढे खाद रहा है। हाजी साहब का* नौकर दूध उबाल रहा ह। तावे की बडी-बडी डेगचिया म दूध और पानी पानी म पिसा चावल मीठा तेजपत्ती अखरोट इलायची, दालचीनी जाफरान लौग। पुराने तख्तपोश पर फटे चदर बिछे हुए। और हाजीसाहब के तीन बेटे जयउजान पर धान काटने गये थ तो एक खेस ले आए थे। उस खेस को बिछाकर प्रधान मौलवी साहब के लिए आसन बनाया गया है। सारे मुसलमान किसान-खेतिहर धीरे धीरे शामियाने के नीचे जमा हो रहे थ।

शचीद्रनाथ जानता था कि ऐसी एक घटना होकर रहेगी। शमसुद्दीन वोट म इस बार भी हार गया है। लीग का नाम लेकर इस बार भी मुसलमान किसान खेतिहरा के सारे वोट वह नही ले सका है शचीद्रनाथ कांग्रेस के पक्ष से खडे होकर इस बार भी यूनियन का प्रसिडेंट बन गया। इसलिए वह जानता था कि ऐसी एक घटना होकर रहेगी। शमसुद्दीन ढाका गया था। शहबुद्दीन साहब के आने की बात है। इतने बड एक आदमी इस जवार म आएगे उसके भी जी म आया था कि एक बार शामियाने के नीचे जाकर खडा हो जाय। लेकिन सारे

मामले को ही मजहबी बना रखा है। शायद निमन्त्रित होने पर भी वह न जा पाता।

हाथी जब पोखर के भिड से उठ आ रहा था उस समय वह यह सब सोच रहा था। जसीम अब हाथी को आगन म ले आ रहा है। हाथी नजदीक आने पर उसने कहा, नमीम, खैरियत तो है ?

—जी मालिक। जसीम न हाथी स सलाम करन को कहा।

मयले दा खरियत से हैं ?

जसीम ने जरा चुककर कहा, हुजूर खरियत से हैं।

—बहुत दिनो बाद इधर आए ?

—जी आ गय। आप लोगा को देखने का जी हुआ, चला आया।

—बाबू लोग शायद इस वक्त घर पर नहीं हैं ?

—जी नही। बाबू लोग ढाका गये हैं।

साना स अब छोटे चाचा न कहा, क्या र सोना, तुझे भूख नहीं लगती ? इसको उतार द नसीम। इसकी मा तो हाथ पर गाल रखे सोच रही है बेटवा गया कहा ?

हाथी पैर मोडकर बैठ गया। सोना उतर गया। इस हाथी के कारण गाव म इस समय उत्सव सा आनद है। जसीम का बेटा उसमान भी उतर गया। सभी लोग भीड लगाय खडे हैं। जमीम न पागल मनही स कहा मालिक उतर आवें।

ये पागल मनही हैं। इस बात पर वे केवल मुस्कराये। उतरने की उन्होने कतई कोशिश नही की। इस हाथी न उनका प्रिय थल-कमल का पड खा डाला है। माना वह थल-कमल कितने दिनो से कितने युग से पलिन की स्मृति सजोय हुए था। इस पड क नीचे बठते ही व जहाज का वह अलौकिक शब्द सुन पाते थे। कप्तान मस्तूल पर चढ कर झडी फहरा रहा है। जहाज पलिन को लेकर पानी म चला गया। और हाथी वह सारा पेड सफाचट चाटचूट कर अब आखें मूदे बठा है।

शचीद्रनाथ ने भी हाथी क पीठ से उतरने का अनुरोध किया लेकिन व पागल मनही—हाथी की पीठ पर सन्यासी की तरह पद्मासन किये बठे रह। जरा सा भी नही हिले। जोर जबदस्ती करन पर वे सभी के हाथ दात से काट डालेंगे या उनकी हत्या कर डालेंगे एसी ही एक मुद्रा म वे थल-कमल के अवशेष चिह्न का देखत रहे।

जमील ने कहा हाथी की पीठ पर बैठे बड़े मालिक कुछ गुनगुना और बड़बड़ा रहे हैं। वे किसी का भी अनुरोध नहीं मान रहे हैं। जमील बार-बार कह रहा है जो चार मातबर लोग भी हाथी को ठाकुरबाड़ी आते देख पहुँच गए थे वे भी बोल रहे हैं बड़े मालिक उतर आइए। हाथी काफी गुस्सा कर आया है उसे गुस्सा ना दीजिए। बड़े मालिक ने परवाह नहीं की बल्कि हाथी के कान के नीचे पैर रखकर मारा कहना चाहा ऐं ऐं।

इशारा पाते ही हाथी उठकर खड़ा हो गया पागल भागो बड़े मालिक हाथी को लेकर निकल पड़े। जमील ने पुकारा मालिक यह आप क्या कर रहे हैं। मालिक ओ मालिक।

घर के सभी लोग विपत्ति का आभास पा पीछे दौड़ पड़े। उतनी देर में हाथी पोखर के भिंड से नीचे उतरा जा रहा है। पूरब घर की मालती ने देखा पागल ठाकुर मुड़ापाड़ा का हाथी निज मल्लार में उतरता जा रहा है। मल्लार में नरेन्द्र की जमीन पार करते ही वह महुए का पेड़ पेड़ से इश्तहार लटका रहा है पेड़-पेड़ पर इश्तहार लटका कर शमसुद्दीन एक ही वाक्य दुहरा रहा है पाकिस्तान जिंदाबाद। लड़ के लेंगे पाकिस्तान। या नारा-ए तकबीर और ऐसी ही सारी बातें लिखी हैं जो मालती को फूटी आँखों नहीं सुहातीं। मालती को चीख उठने की इच्छा हुई—अरे शामू तुझे हैजा क्यों नहीं हो जाता।

उस समय हाथी नरोदास की जमीन पार कर मैदान के ऊपर से भाग रहा है। पीछे-पीछे छोटे ठाकुर जमील जसीम का बेटा उसमान दौड़ रहे हैं। गाँव के कुछ बच्चे-बूढ़े भी। वे सभी हो हल्ला मचा रहे थे क्योंकि एक पागल आदमी एक बेजुबान हाथी को लेकर मैदान में घुड़दौड़ की बाजी जीतने की होड़ की तरह दौड़ लगा रहा है। कुछ दूर पर ही शमसुद्दीन के शामियाने में बना मंडप। मंडप के बाहर खुले आसमान के नीचे बड़ी बड़ी डेगचियाँ—फेलू फिरनी चढ़ाये है। मौलवी साहब ने अभी आजान दिया था—अब मंच पर उठकर नमाज पढ़ रहे हैं। जो लोग दूर गाँवों से मजलिस में इसलाम खतरे में है। जानकर फिरनी का स्वाद चखने आए हैं या इसलाम एक जुट हो और ये जो काफिर हैं जिनके पैरों के तले रहकर दुनिया का पतवार थामे बैठे हैं—कितने अफसोस की बात है बताओ, इस कौम ने तुमको क्या दिया है जमीन उनकी, जमींदारी उनकी—चाहे वकील हो या डाक्टर सब वे ही हैं—है क्या तुम लोगों के पास नमाज पढ़ने के

बाद इसी किस्म की कुछ बातें—जो लहू मे जोश भर देती हैं—लोगो के कान खडे कर देती हैं—मौलवी साहब, बडे मिया और परापरदी के बडे विश्वास की मजहबी तकरीर सुनते समय पीछे से फेलू शेख की चीख से एक दूसरे पर छिटक कर जा गिरे। ठाकुरबाडी का वह पागल ठाकुर एक मदमाते हाथी को लेकर इधर लपकता आ रहा है। सभी लोग हो हल्ला मचाने लगे। वे पागन मनहो हैं हाथी बेजुबान जानवर है—दिनभर की मेहनत के बाद हाथी शायद बौरा गया हो। हाथी, पगले हाथी की तरह सूड ऊचा किये चिघाडते हुए उस शामियाने म घुसकर सब कुछ बटाटार कर देने लगा।

फेलू शेख तावें की बडी डेगचिया के बगल म छिपा था। उनके भीतर दूध पानी और पिसा चावल खोल रहे हैं। उस पगले हाथी क भीतर घुसते ही सब लोगों म अफरा-तफरी मच गई—मदान म हर तरफ वे भागने लगे। सभी दौड कर अपनी जान बचाने लगे। आतक स शमसुद्दीन तख्तपोश के नीचे छिप गया। फेलू भाग रहा था भागने म बिल्कुल हाथी के सामने आ पडा। हाथी ने यकायक उसे सूड मे लपेट लिया और इस तरह पकडने के कारण उसका एक हाथ टूट गया। सभी लोग दूर से चिल्ला रहे हैं नजदीक आने की किसी को हिम्मत नही पड रही। हाय हाय कर रहे है—कही एक आदमी हाथी के परो के नीचे तो नही आ गया। मणीद्रनाथ हाथी के पीठ पर बठ हथेली पर गाल रखे यू देख रहे थे मानो सोच रहे हो कि यह हाथी कितना कुछ कर सकता है। मानो वे भाव म मग्न हो। हाथी की पीठ पर सवार मानो अच्छा सा तमाशा देखने को मिल रहा है—मानो फेल का ऐसा ही हश्र होना चाहिए था। पागल ठाकुर न इस बार फिर हाथी के कान क नीचे पर स काचा तो बडे आज्ञाकारी की तरह उसन फलू को जमीन पर एक गुडिया की तरह खडा कर दिया। साथ ही साथ उन्होंने हाथी से यह स्थान काल-पात्र त्याग कर चले जाने का कहा। और हाथी भी स्थान काल-पात्र त्याग कर मदान के ऊपर से भागने लगा।

उस समय सूय अस्त जा रहा था। उस समय नदी की चाकी पर ईशम तरबूज की लत्तिया म खर पात की निराई कर रहा था। हेमत का अत है। सूरज के पश्चिम म ढलते ही घास पर ओस गिरने लगते। जसीम चिल्ला रहा था और हाथी के पीछे दौड रहा था। बाबुओ का हाथी है—इस इलाके मे हाथी लेकर सैर करने आ कसी आफत म फस गया—उस विस्तीण मदान क भीतर स इस

पगले मनहो को हाथी की पीठ पर न उग लेना तो बहुतर होगा। इस समय ऐसा ही लग रहा है। हाथी पर जा सवार हो गय तो उतरना ही नहीं चाहा। अब क्या हो गया। हाथी लगातार गा पार कर गांव और गांव सावरर मना म चलता चला जा रहा है। हाथी की पीठ पर बठे मणीन्द्रनाथ तालो बजा रहे हैं। गांव म छोटे-बड सभी जब पीछ भागत भागत थक गय और हाथी उनकी पहुच से बाहर हो गया जब नदी की धारी पार कर हाथी अधरे म आराम हा जान लगा—तब मणीन्द्रनाथ ने चुपचाप बठ समझ लिया—अब कोई डर नहीं। हाथी को कौशल स मानो उन्होंने बता दिया बेजुबान जानवर हाथी अब तुम धीरे धीरे चलो। तुमको और मुझको अब कोई ढूढ पाएगा नहीं।

रात हो गई है। यह कौन सा मदान होगा। शायद दामाल्स्नी का मदान है। थोडा और आते ही मेघना नदी। नदी के तट पर बडा सा मठ। अधियारे म इस समय मठ दिखाई नही पड रहा है। सिर्फ त्रिशूल के गिर पर एक प्रकाश जलता दिखाई पड रहा है।

शचीन्द्रनाथ उस समय घर के भीतर। और सारे लोग बाग आए हैं। जसीम आगन म खडा रो रहा है। इतना बडा हाथी लेकर पागल ठाकुर जाने कहा लापता हो गया। वह महावत है हाथी का—बाबुओ का हाथी लक्ष्मी जसा सुलच्छन हाथी—अब क्या होगा सोच साचकर वह कोई किनारा ढूढ नही पा रहा है। आगन पर गाव के लोग सलाह मशविरा कर रह हैं कि क्या किया जाय। गाव गाव मे इस समय खबर पहुच गई है। हाथ म लालटेन लिए ईशम फिर निकल पडा है और लोगा का एक जत्था हाथो म लालटेन लिये सुनहर रेतवाली नदी की चाकी मे उतरता जा रहा है। वे जोर जोर से पुकार रहे थे। जसीम ने भी ज्यादा देर इतजार नही किया। उसमान को खबर अकले उस जत्थ से जा मिलने के लिए वह कधे पर गमछा डालकर दौडने लगा।

शमसुद्दीन लालटेन हाथ म लिए मदान म खडा है। फेल इस बार बाल-बाल बच गया है। उसको सहारा देकर घर ले जाया गया। तीन-तेरह तितर बितर सा हाल। और पागल ठाकुर ने मानो जानबूझ कर ऐसी धमाचौकडी मचाई है मानो व जानते थे शमसुद्दीन का इश्तहार लटकाकर खुदगज इसान की तरह एक ही गृहस्थी स अलग्योझा कर लेने की वासना—यह वासना कोई अच्छी

नही। पागल मानुस हैं वे। इतना भर सोच सारे उत्सव जैसे एक चित्र को नष्ट-भ्रष्ट कर वे चले गये हैं। शमसुद्दीन को जानतोड कोशिश से इस मदान म इतना बडा एक जलसा करना मुमकिन हुआ। इतने बडे जलसे मे शहर से मौला मौलवी आए थे। वे सब इस समय हाजी साहब के घर मे पहुचकर, तोबा-तोबा कैसा वाहियात वाकया हो गया कह रहे हैं। शमसुद्दीन का मन करने लगा कि अपना हाथ चबा ले। और उस लगा, यह सारा मामला ही एक साजिश है। शायद छोट ठाकुर फिर प्रेसिडेंट बनना चाहता है। फिर काग्रेस की ओर से छोटे ठाकुर खडे होंगे और कबीर साहब को बुला लाकर काग्रेस की ओर से तकरीर करायेंगे। वह सोच रहा था क्या उस दिन ऐसा एक हाथी नही मिलेगा। हाथी की पीठ पर फेलू बठा रहेगा। या फेलू से मडप म आग लगवा देने पर मानो सारे आक्रोश का बदला ले लिया जा सकेगा। लालटेन हाथ मे लेकर जब्बर के जरिए सारे बरतन भाडे, टूटी मेज व तिपाइया फटा शामियाना और बडी दरी एक साथ मदान स घर लाते समय उसने यह सब सोचा।

उस समय घर के वृद्ध व्यक्ति प्रश्न कर रहे थे—वे अतिशय वृद्ध होने के कारण ही दीपक के मद्धिम प्रकाश म थोडा खास रह थे। अब व ज्यादा घर से बाहर नहीं निकलते। ज्यादातर वक्त कमरे क भीतर तख्त पर एक बडे तकिये से टेक लगाकर लेटे रहते हैं। अति गौरवपूर्ण के इस व्यक्ति न आगन म शोरगुल सुनकर बडी बहू से पूछा क्या हुआ है बडी बहू ? आगन म यह शोरगुल क्या ?

बडी बहू ने दीपक का पलीता थोडा बढा दिया। टीन और लकडी का बना घर है। खिडकी स हमत-अत की ठडी हवा आ रही है। इस घर म बडी बहू वृद्ध श्वसुर की सेवा करते समय अक्सर खिडकी मे दूर के मदान देख पाती हैं और उस मदान म इस घर का एक पागल मानुस क्रमश चल चलकर कहीं चला जाना चाहता है। आगन का वह शोरगुल उस आदमी का इस तरह हाथी पर चढकर कहीं लापता हो जाना—यह सब बडी बहू का उन्माद किये हुए है। यह शख्स फिर बिगड गया। सवेरे भी बडी बहू न इस आदमी को खाने को दिया है। भले मानुस सा खाकर राज की तरह जान कहा चला गया था। घर का एक नन्हा बालक सोना खेत मदान गाव गाव उनका साथ देता रहा। फिर किसी एक दूर गाव स खेत मदान पार करते हुए सोना का हाथ थाम यह पागल मानुस घर लौट रहा था कि जमीम हाथी पर सवार चला आ रहा था। जमीम का बेटा रसमान

हाथी के सामने। उन लोगा न देखा उस पने मैदान म ठाकुरबाद। वा पागल ठाकुर छोटे स एक लडक का हाथ पकडे यही चला जा रहा है। इस आदमी क लिए सारे जवार के लोगों के मन म बडा विषाद है—क्योंकि ऐसा इसान विरल ही जन्म लेता कहा जाता है कि वे दरगाह के पीर की तरह एक महान पुरुष हैं। जसीम न पागल ठाकुर को हाथी पर बिठा कर कहा था चलिए मालिक घर पहुचा आऊ। सोना और पागल मानुस को घर पहुचान म यह काड हो गया। वद्ध के परा के पास बठकर बडी बहू ने बडे ही दुख स यह सब कह सुनाया। पुत्र के हाथी पर चढकर लापता हो जाने की घटना सुनकर वृद्ध ने करवट ली। वृद्ध के चेहरे पर एक असामान्य क्लेश उभर आया है। बडी बहू के सामने भेद खुल जायगा सोचते ही मुह फेर कर खिडकी स केवल अधियारे की ओर देखने लगे। अपने अतिम दिनो म उनका एक पागल बेटा सारे खेत मदानो म भटकता फिर रहा है और सारे दुख के मूल म वे ही हैं—और उनकी जिद्—यही सब सोचते हुए उनके क्लेश का अत नही रहा। उन्होंने कहा बहू खिडकी बद कर दो। मुझे बडी सर्दी लग रही है।

—एक कबल ओढ लें बाबा।

—नही। खिडकी बद कर दो।

खिडकी बद करते समय ही बडी बहू न देखा कमरख पेड के उस पार जा बडा सा मदान झाडी झुरमुट के बीच स दिखाई पड रहा है—वहा बहुत सारे लालटेन हैं। बडी बहू समझ गई ये सब लोग अधरे म पागल मानुस और हाथी को ढूढने निकल हैं।

और जसीम अधेरे म हाथी का नाम लेकर बुला रहा था—लक्खी ओ लक्खी। वह सबसे आगे-आग भागता जा रहा था। मानो अपने घर की बीवी जसी ही एक नाजनीन अधेरे मे लापता हो गयी है या वह आला इसान पागल ठाकुर—लहीम शहीम गोरा चिट्टा—बिल्कुल पीर जसे एक इमान के साथ उसका पालतू हाथी उसके मुहब्बत का लक्खी चला गया है। वह जी जान लडाकर पुकार रहा था लक्खी ओ लक्खी। तेर लिए मैंने चिउडा-लइया उठा रख छोडा है लक्खी ओ लक्खी तू एक बार अधेरे मे चिंघाड दे मदान के किस अधेरे म तू बठा है बोलकर बता दे। मैं पागल ठाकुर की तरह तुझ लेकर घर लौटू।

ईशम कह रहा था, अरे मिया, इतने उतावले क्यो हो रहे हो। हाथी बेजुबान

जानवर है, प्यार मुहब्बत वाला जानवर है। वे हाथी जसे पालतू जानवर को लेकर पलिन का ढूंढने निकले हैं।

जसीम बोला, पनिन, किस पलिन का जिक्र कर रहे हैं आप।

—अर, है मिया, है।

जसीम ने कहा, पदल चलन म बडी तकलीफ है। किस्सा सुनाओ ता ज्यादा चल सकता हू।

ईशम बोला, बडे लागा की बातें इस नाचीज के मुह सुहाएगी नही। या शायद ईशम की यह कहने की इच्छा हो—मिया इस जवार म यह बात कौन नही जानता। तुम यह क्या कहते हो। क्या तुम जानत नहीं कि मौका मिलत ही मालिक नाव लेकर या पदल ही लापता को जाते हैं। इसके बाद ईशम न एक बरसात की बात बताई। किसी बरसात म पागल ठाकुर नाव लेकर तीन दिन तक लापता रहे थे—इसका किस्सा सुनाया। सुनहरे रतवारी नदी म उस समय प्रवाह था। वे अकेले धार पर नाव छोड बठे रहे। मानो वह नाव उनका फोट विलियम दुग या गगा की बेटी क पास एक बडे जहाज म पहुचा देगा। पागल मनटी थे तभी भीतर क भीतर मन ही मन वे एक बडा-सा कलकत्ता शहर बनाय हुए थे और दिनभर माह भर मानो व उस झील के जल म पलिन का ढूढत रह थ। झील के जल म एक स्वप्न तिरता है स्वप्न म वही बडा-सा कलकत्ता शहर—गाडी घाडे हाथिया का जलूस और फोट विलियम दुग दुग के बगल म ममोरियल हाल—कजन पाक। गडर माठ म साहब लोग वर्दी पहन कवायद कर रह हैं। पागल ठाकुर हे है कर हसत हुए बात भर थ गत्वारत्माला। क्योंकि पानी म केवल उनकी परछाही दिखाई पड रही थी और कुछ नही दिखाई पडता। जान कस पलभर म वह शहर पानी के नीचे अदृश्य हो गया। पागल मनही की परछाही उस समय केवल हसी उडा रही है, हाय बहुला जल म बहा जाय र जल म बहा जाये।

सभी कुछ माना पानी म बहा जा रहा था। इतनी बडी झील चारा ओर एसा अधेरा जुगनू दमक रहे हैं। उड उड कर जुगनू पागल मानुस मणीद्रनाथ को और हाथी को घेर लिय। मणीद्रनाथ हाथी की पीठ पर सवार झील के किनारे किनार चारा ओर चक्कर लगा रह थ। झील क जल म बस अधेरा ही अधरा। हेमत है तभी ठडी बयार आ रही है। पक धान की गमक खेत खेत म। इस

अंधेरे में हाथी की पीठ पर बैठे वे पके धान की गंध पा रहे थे। और आकाश में कितने हजार सितारे पागल मानुस हर रोज की तरह हाथी की पीठ पर बैठे वही सब सितारे देखते देखते मानो उन्हीं सारे सितारों में कोई एक पलिन का मुख है—वे हाथी पर चढ़ कर या नाव पर सवार हो किसी प्रकार से भी उस प्रिय पलिन के पास या हैमलक वृक्ष के नीचे नहीं पहुंच सके। हाथी को सबोधित कर उन्होंने कहा क्या नकली तुम मुझे लेकर पलिन के पास पहुंचा नहीं सकते। वह सुंदर मुखड़ा—झरने के जल के सोते के पास क्या तुम मुझे पहुंचा नहीं सकते।

यह पागल मानुस—सहसा पूर्व की स्मृति अगर उथल-पुथल मचाने लगे तो वे स्थिर नहीं रह पाते उनको लगने लगता है कि और थोड़ा-सा जाते ही वह अपना प्रिय हैमलक वृक्ष पा जायेंगे और उस हैमलक वृक्ष के नीचे ही सोने का हिरन बंधा है। इस तरह कितने ही दिन कितने प्रकार से अकेले-अकेले एक मैदान से दूसरे मैदान एक गांव से दूसरे गांव और ऐसा कोई भी स्थान इस इलाके में नहीं जहां वह अकेले चले न जाते हों फिर कभी उनको यूं भी लगने लगता कि इस जिंदगी में फिर कभी वहां पहुंच नहीं पायेंगे। इसलिए एक तो बड़ी बहू का वह मुखड़ा और उसकी उदासी का चित्र पागल मानुस मणीद्रनाथ को उतावला कर देता। वे धीरे धीरे घर की ओर चलने लगते। तभी उनको लगता कि हाथी पर या नाव से कभी उस हैमलक वृक्ष तक पहुंचा नहीं जा सकेगा। सोने के हिरन कहीं ज्यादा तेज दौड़ते हैं।

असीम ईशम और नरेन दास का दल लालटेन लेकर रातभर ढूंढ़कर भी उस हाथी और आदमी को निकाल नहीं सका। वे सभी मुंह अंधेरे लौट आए थे। और भी दो दलों को शचीद्रनाथ ने पूरब और पश्चिम भेज दिया था। खबर मिली जिन लोगों ने उत्तर में देखा है उन्हीं लोगों ने दक्खिन में भी देखा। तरह-तरह के लोगों ने तरह-तरह की खबर दी। किसी ने कहा पीपल के नीचे कल रात को पागल मनही और हाथी को उसने देखा है। किसी ने कहा बारदी के मैदान के उत्तर में कभी वह आदमी दिखाई पड़े थे। उत्तर से खबर आई पागल मानुस मणीद्रनाथ हाथी से गन्ने के सारे खेत चराये दे रहे हैं। लेकिन कोई भी हाथी को काबू में नहीं ला पा रहा है। हफ्ते के अंत में फिर कोई खबर नहीं मिली। सभी लोगों ने तब कहा नहीं हम लोगों ने पागल मानुस और हाथी को नहीं देखा।

घर पर सभी के चेहरों पर शोक की छाया। कोई भी जोर से नहीं बोल रहा।

लालटू, पलटू सोना दिनभर घर ही पर रहते। पोखर के भिड पर अजुन पेड के नीचे खडे वे रोजाना देखा करते कि वे हाथी पर सवार लौटते हैं या नहीं। तिपहर को ताऊ मदान से होकर ऊपर उठ आएगे इसी प्रतीक्षा म वे अजुन वक्ष के नीचे बैठने रहते। वे अपने प्रिय व्यक्ति के लिय पड के नीचे बठे सारी तिपहर, जब तक साझ न घिर आती, जब तक कछार पार पर मदान के बडे पीपल पर अघेरा न उतरता तब तक प्रतीक्षा किया करते। और इसी तरह से एक दिन वह कुत्ता भूकने लगा—कुत्ता बस भूकता ही रहा—सूय तब तक अस्त नही हुआ था। तब उन लोगो ने देखा कि कुत्ता गौड-दौड कर मदान मे उतरता चला जा रहा है। फिर सोना के पास लौटा आ रहा है। उन लोगा न देखा पूरब क मदान में आकाश के नीचे एक काले बिंदु की तरह कुछ काप रहा है। क्रमश वह बिंदु बडा होता जा रहा है। हात-होते उन लोगा ने देखा एक बडा सा हाथी जा रहा है। सोना चिल्लाता हुआ घर की ओर दौड गया हाथी पर ताऊजी आ रहे हैं।

गाव के सभी लोगा ने देखा पागल मनही थका हुआ है। विपण्ण है। चेहरे पर अनाहार क चिन्ह। वे हाथी की पीठ पर मानो विला गय हैं।

हाथी घुटन मोड कर आगन म बैठ गया। मानो यह हाथी फिर कही नही जायगा। यही बठा रहेगा। असीम बोला, मालिक उतर आवें। लक्खी को और कितनी तकलीफ देंगे।

गाव के सभी ने उतरने का अनुरोध किया। लेकिन वे नही उतरे।

शचीद्रनाथ बोले, भाई लोग तुम सब घर जाओ मैं देखता हू—कहकर वह हाथी क पास जाकर धीरे धीरे बोला बडे दा बडी भाभी ने कई दिन से कुछ भी खाया नही। भाभीजी का कितनी तकलीफ देंगे आप ?

लेकिन उतरने के कोई लक्षण नही। शचीद्रनाथ बोले, सोना अपनी बडी ताई को जरा बुला ला।

बडी बहू घूघट काढ कर थल-कमल क पड के पास आकर खडी हा गई।

बडी बहू न कुछ कहा नही। सजल उतावली आखें लिये वह हाथी के सामने जा खडी हा गयी। साथ ही साथ मणीद्रनाथ हाथी से उतर कर बडी बहू के पीछे-पीछे चल दिये—वे इस समय मानो एक सरल बालक हा। उनको इस समय बडी बहू की दो बडी आखो के सिवा और कुछ भी सूझ नही रहा है। घर मे घुस कर देखा, उनकी प्रिय खिडकी खुली हुई है। वहा खडे होते ही वह अपना प्रिय

मदान देख पाते हैं। और तब उनको लगन लगता मैदान म एक बडा-सा हैमना का पेड है नीचे पलिन खडी है। नाहक व इतने दिन नही बन, मदान म उस पार पलिन को ढूढत रहे हैं।

बडी बहू पूजा के फूल चुन रही थी। जाडे का मौसम। बगीचे म जाडे के सारे फूल खिल हैं। तडके सवेरे मालती घाट पर नहाने आई थी। घाट पर जाड का कुहासा था उस समय घाट की सीढ़ियो पर धूप नही थी। किरणी आबू किनार बठे व्रतकथा का पाठ कर रहे थे—उठो उठो सूरजिया झिलमिलि दिया—उस समय मालती घाट पर उतर गई थी। घाट पर आकर बडी बहू ने देखा, मालती जाडे के ठडे पानी म डुबकी लगा लगाकर नहा रही है। माना यह जाडा नही है—मालती जल पर बह सी जाने लगी।

किसी समय मालती जल से निकल आई। भीग कपडा म ही ही काप रही है। बडी बहू को भीग कपडो म ही कुछ फूल चुन देन के बहाने वह अतसी पेड क नीचे खडी रही।

बडी बहू ने कहा, तेरा यह अलसुबह नहाना ?

मालती कुछ बोली नही। वह फूल क पौधा या झाडी झुरमुट के भीतर से झाककर कुछ ढूढ रही है। देखा ता लगे कि उसका कुछ गुम हो गया है। इस लिए मालती विषण्ण सी लग रही है। मालती धारीदार साडी पहने हुई है—महीन। साडी देख वह उस सपने क बारे म याद कर पा रही थी—वही सपना सपन म वह मधुमाला सजी हुई थी। धारीदार साडी पहने मालती मधुमाला सजी बठी थी। मदन कुमार आएगा वही मदन कुमार जिसके शौक का कोई और छोर नही था जो हाट बाजार जाते ही मालती के लिए धारीदार साडी खरीदना पसद करता था। सपने म वही आदमी कितन दिना क बाद रात म उसके पास आया था। बगल म बठा था। दगे की बात बतात समय उसका मुख बडा करुण था। फिर सब कुछ भूलभाल कर वह आदमी गप्प लडाते हुए उसको मुह और ठोढी खीच कर फिर मालती को गोद म लेकर मोटे गद्दे वाले बिस्तर

पर घ र मे गिरा दिया था। और क्या ? क्या किया था और उसने सपने म ? सपन म पति के साथ सहवास। उस सहवास के बाद वह सीधे पोखर के घाट पर नहाने चली आई है। शरीर का ताप जल म बहाकर ऊपर आते ही मालती न सुना, दक्खिन के कमरे म कोई आगे-पीछे डोलते हुए पढ रहा है—पत्ते-पत्ते पर घर रह निशा के आम। जाड़े का भोर। पोखर के दूसर सिर पर माघ मडल व्रतकथा समाप्त कर पास की दोनों बेटियाँ उछल-उछल कर चल रही थीं। वे कविता की तरह पढ रही थीं—उठो उठो सूरजिया सिकिमिकि दिया, ना उठिन पारि आमि इथलर लागिया।

साना पढ रहा था, पत्ते-पत्ते पर घर रह निशा के आम।

लालटू पढ रहा था, एट लास्ट द मलफिश जायट केम।

पलटू पढ रहा था, ए प्लस बी होल स्क्वायर

दक्खिन के कमरे म उस वक्त पढ़न की होड लगी हुई थी। व तीनों ही चिल्ला चिल्ला कर पढ रहे हैं। घर म दूर देश म लबे अरसे के बाद शायद वह नौजवान लौट आया है। शायद इस समय उच्च-स्वर स पढ कर य बालक यह जताना चाहते हैं कि य लडक कितना अधिक पढते हैं और उनको कितना कठिन पाठ पढ़ना पडता है। मालती को पिछली शाम खबर मिली है। रजित सकोच के कारण आ नहीं सकी। इस नौजवान को देखन की बडी साध है। प्राय रात भर ही इस आदमी क लिए मानो वह जागती रही है।

लालटू एक ही लाइन को घुमा फिरा कर पढ रहा है—ऐट लास्ट द मलफिश जायट केम। मलफिश जायट। मन ही मन उसने यह बात दुहराई। भय से भाग गया था जान कर की बात है। उस समय झील क पानी म मगर नहीं आया था उन दिनों मालती फ्राक पहनती थी। एक दिन वह किशोर मलफिश जायट आखमिचौनी खेलते समय मालती स लिपट गया था। चुम्मा लिया था। मालती न गुस्सा कर ज स—नहीं गुस्सा कर ज म भी नहीं कहा जा सकता बिना उससे कहे-सुने उसका चुम्मा लेकर रजित न कुछ बुरा सा काम कर डाला है। कुछ कहना तो चाहिए ही बिना कहे कुमारी का सम्मान नहीं रह जाता। उसन बडी बहू से कहा दन की धमकी दी थी रजित को।

अगले दिन सबेर मा-बाप सगा सबिलिम जायट बिना कुछ कहे ही डर क मारे गाव छोड कर भाग गया था।

ठाकुरबाडी की बडी बहू के मा-बाप मरे छोटे भाई की खोज-खबर आगे कोई ने नहीं मगा था। इसके बाद गुनहरे रेतवाली नदी म कितना ही पानी बह गया कितने शीत कितने बसत बीत गये। शीत क पानी म जिस बार मगर पकडा गया—उसी बार मालती की शादी हुई। मालती ने एक बार चुपके चुपके बडी बहू से पूछा था बडी भाभी रजित आपको चिट्ठी नही भेजता ?

—भेजता है ?

—क्या लिखता है ?

—कुछ भी नही लिखता। लिखता है कुशल स हू।

—पता नही देता।

—पता देना नही चाहिए।

—क्यो ?

—देश का काम करता है। पता नही देना चाहिए।

जाडे का सूय उठना ही नही चाहता। धूप देना नही चाहता। पड पाता की छाया मे घर-द्वार ढके रहते। बूढे लोग धूप के लिए तडप रहे थे। भोर की ओर काफी अधेरा नही था उस वक्त—चुपके से घाट की ओर आते वक्त मालती ने देखा था अमूल्य कच्चे घर के बगल मे बठा आग ताप रहा है। जाडे के दिन हैं तभी अमूल्य ने खर-पतवार सूखे पत्ते बटोर कर रख छोडा था। उसम आग सुलगा कर अमूल्य ने सर्दी से बचना चाहा था और शोभा आबू नरेन दास की बीवी उस आग के बगल म गोल होकर बठे थे।

दरवाजा खोलकर निकलते वक्त ही उसने देखा अमूल्य उसकी ओर तक रहा है। मालती सीधे आगन म नही उत्तरी। चौखट का सहारा लेकर खडी हो गई। आग के भीतर से अमूल्य का मुख भयकर सा दीख रहा है। सपने म देखा हुआ मृत व्यक्ति का मुख अब आखो मे नही तिरता। केवल अमूल्य का मुख ही तिर रहा है। साथ ही उसे लगा कि देहभर मे एक अपवित्र सा भाव। जाडे म कहा तो अमूल्य के बगल मे बठकर आग तापेगी कहा तो जाडे म जरा गरमाई ढूढेगी—लेकिन ऐसा न कर मालती भाग कर पोखर की ओर गई। पति का मृत मुख याद कर पानी मे ज्यादा देर तक डूबी रही। अमूल्य का मुख भूलन के लिए पाप—चिंता भूलने के लिए मालती जाडे के जल मे, बर्फीले ठडे जल म शायद डुबकी लगाती रही।

इसलिए थल कमल पेड के बगल मे खडे होकर मालती यह न याद कर सकी कि किस निर्दिष्ट कारण से उसने पानी म आकर छलाग मार ली थी। मालती इस समय पूजा-कक्ष मे प्रणाम कर रही है और बुदबुदा रही है। अपने को गालिया दे रही है। वह पूजा घर की देहली पर सिर पटक रही है। मानो भगवान की इच्छा है—विधवा के लिए जवानी न हो, सुख न हो, प्यार न हो। जवानी हो तो पाप होगा, प्यार हो तो पाप होगा और सुख चाहो तो पाप होगा। मालती ने मानो सिर पटक पटक कर कहना चाहा भगवान, तुम मेरी यह मनहूस जवानी छीन लो। मैं भागजली हू। प्यार भाग्य म होता तो मेरा आदमी घर ही पर रहता। रायट मे कट न गया होता। बार बार सपने की याद आ रही थी मालती को। कितने दिनो के बाद सचमुच वह आदमी उससे पानी मागने आया था। लेकिन जितनी ही बार पानी लेकर उसके हाथ म दिया है उतनी ही बार आदमी का मुख बदल गया है। मुख मानो अमूल्य का हो। करघे घर म अमूल्य जिस प्रकार हस हस कर बात करता है, जसे अनायास ही सिधुआ बना बोला करता है—मानो अमूल्य को कुछ भी मालूम नही, दीदी, ओ मालती दीदी, हमारे कमरे मे पानी भिजवा दीजिए। दीदी आपके लिए बतफल तोडलाया हू दीदी पानी के नीचे कोकावेली होती है, उसका फल होता है—आपके लिए मैंने क्या नही किया। सपने म अपन आदमी को जल देन को होकर मालती न अमूल्य को विस्तर पर बठे देखा।

घर लौट कर मालती न कपडा बदल डाला एव बिना किनारी वाली सफेद धोती पहन ली। करघे का चादर ओड लिया। घर के बगल मे अमरूद के नीचे मालती न आग जलाई। आज जानबूझ कर ही मालती अमूल्य के बगल म जाकर आग तापने नही बठी। मानो उसक बगल म आग तापने बठते ही शरीर की ग्लानि फिर जाग उठेगी। वह आबू को बुला लाई शोभा स कटहल की कुछ सूखी टहनिया लान को कहा—सर्दी के कारण हाथ पर बहुत ज्यादा सफेद दीख रहे हैं। जाडे म लाड से आबू के गाल पर ठडा हाथ रगड दिया। शोभा के गाल पर हाथ रख कर उसने हाथ गम करना चाहा। ये लडकिया इस सर्दी म भी अपने गाल गले गम बनाये हुई हैं।

जाडे की धूप तब पसर कर उतरने लगी। घर के नीचे सारे खेत। सामन के खेत म तबाकू के बडे-बडे पौधे। पीछे प्याज के खेत प्याज, लहसुन, बदगोभी

और क्या चाहते हैं य लोग ? य लोग धरम-करम करना चाहते हैं। हिंदूटोले म तब जात्रा—नाटक होगा, रावण वध का गीत होगा, रामायण का गाना होगा। लोकनाथ पाल राम बनेगा। माझीवाडी के शामियाने के नीचे ढोलक बजेगा—गाव के बूढे बुढिया कोई भी उस समय घर म नही रहेंगे। जाडा आने पर चद के घर मे कविगान होगा। बडे-बडे डे लाइट जलेंगे और उस समय लगेगा सारा गाव एक मला है। परापरदी के हाट स दुकान बढा कर श्रीशचद्र चला आएगा। जाडा आत ही किनन ही तरह के मेले लगेंगे दूर-दूर कितन लोग चले जाएग, घुड दौड होगा। बाजी जीतने क लिए विश्वासटोल म रोजाना घुडदौड का रिहसल हो रहा है।

साथ ही साथ ख्याल आया, अमूल्य भी करघा घर म रिहसल दे रहा है। लकिन यह अमूल्य पहले कितना गावदी था। यह अमूल्य सारा वक्त करघा चला कर कमर से निकलने पर आखें तक नही उठाता था। अमूल्य मालती का बदा सा था। वही अमूल्य किस तरह मे पिछली बरसात म—क अष्टमी के स्नान के लिए एक बडी नाव म, तीन मल्लाही नाव होगी, मुहल्ले की बडी बुआ, धनबहू माझीबाडी के कालापहाड की मा नरेन दास—करीब समूचे गाव के सब लद फदे एक ही नाव म लेटे-बैठे एक दिन का रास्ता नागलबद—नागलबन्द के मल म मालती सब के साथ नहाने गई थी। अष्टमी के नहान म कितने ही लोग, नदी के दाना किनारे किले ही देवी-देवताओ की मूर्तिया। मिट्टी से गढे भरव देव के बडे ब नीले रग क पेट की ओर देखकर अमूल्य ने मजाक किया था। बडी नदी, इस पा से उस पार प्राय दिखाई ही नही पडता। कितनी सारी नावें आई है। कितन ह लोग स्टीमर पर आए हैं और पाप उडेल कर पुण्य बटारने दोनो किनारा पर ति धरने का ठौर नही रह गया था। अन्य सभी के साथ मालती भी स्नान करने न म उतरी थी। अमल्य किनारे था। जेब मे ताबे के पसे। वह मालती की ओर पुरोहित की दक्षिणा, तिल-तुलसी सब कुछ का जुगाड किये दे रहा था। सारे मे मे वही हरवक्त मालती की देखभाल करता रहा। यह मालती को लेकर घूमत रहा—अमूल्य ने लक्ष्मी जी का एक चित्र खरीद दिया था। मालती के लिए पर खच करने म कामयाब होकर अमूल्य गुनगुना कर गाने लग पडा था। पसा ख करने का हकदार होत ही जाने कसे मालती अमूल्य के जिम्मे म चली गई। पि किसी समय अमूल्य ने मालती से कहा था—आइए दीदी तर कर नदी पार क

—नदी पार करने का क्या तुम्हारा जी करता है अमूल्य ।

—बडा जी करता है ।

—नदी जल म घडियाल तरता जाय, यह गीत तुम्हें याद आ रहा है अमूल्य ।

अमूल्य न कहा था जी आ रहा है ।

भीड के भीतर भी अमूल्य की ओर टकटकी लगाय देखती मालती बाल पडी थी उस घडियाल से बडा डर लगता ।

—कोई डर नही मालती दीदी । और डर न होने के कारण अमूल्य दिन भर मालती को लेकर घूम सका था । अष्टमी के नहान म मालती को और किसी ने भी इतने प्यार और दुलार से मेला नही दिखाया । शोभा आदू साथ नही थे । नरेन दास करघे के कपडो की दुकान खोले बठे थे । और तभी अमूल्य गावदी नही रहा । बदा सा व्यक्ति अमूल्य का खाऊ खाऊ प्रवत्ति काफी ज्यादा वढ गई ।

सूरज अब कछार के उस पार उठ आया । अब हाथ परा म ठिठुरन नही रही । मालती न देखा गढे के भीतर बत्तख पक पक कर रहे हैं । उसने गढे के मुह से टीन उठा लिया । बत्तखा ने पहले गला निकाल दिया । नर-बत्तख सबको ठेल ठाल कर पहले निकल आया । अमूल्य न बारदी के हाट से यह नर-बत्तख खरीद कर मालती को दिया है । पिछली बरसात म जाने कहा उसका प्रिय नर-बत्तख खो गया, रात के अधेरे म भील वाले खतो म वह और अमूल्य उस बत्तख को भाडी जगला म ढूढ कर न पा सके । अधेरी रात मे बत्तख की तलाश म नाव पर मालती और अमल्य धान खेता म चक्कर लगा रहे थे । नाव से गाव लौटते समय शामू ने इन लोगा को देखकर कहा था अमूल्य घर जाओ । मालती से कहा था अधेरी रात म खेत मदान मे अकेले नही घूमना चाहिए मालती । घर जाओ । मैं देखता हू कि बत्तख किधर गया । आखिर मे शामू बत्तख की कोई खबर नही दे सका था । बत्तख के लापता होने के बाद मालती बेहद मायूस बनी रही । अमूल्य का लाया नर बत्तख नीले काले और कत्थई रग का है । किस तरह स, कितनी मेहनत से और हाट भर मे कितने ही चक्कर लगाने के बाद ऐसा एक ताजा बत्तख वह जुगाड कर सका है । अवसर बातो-बातो म, इस बत्तख के लिए अमूल्य को कितनी तवालत उठानी पडी अमूल्य ने कितने ही सारे लोगो से मालती दीदी के लिये एक नर-बत्तख देखने के लिए कह रखा था—यह सब वक्त-बेवक्त सुनाने की कोशिश करता था । और यह बत्तख खरीद देन के बाद अमूल्य की

माग और भी बढ गई। अमूल्य, तुम अमूल्य करघे पर बुनकर का काम कर जाते हो तुम्हे विधवा के धम के बारे म क्या मालूम। मानो मालती यह कहना चाहती, विधवा का सम्मान वैधव्य म, विधवा के माग अन्न में है। अमूल्य करघे की खट-खट आवाज स तुम्हारे कान बहरे हो चुके हैं नथुना से कोई गध तुम सूघ नही सकत और तुम्हारी आखा म सपन पूलने रहत हैं—मैं विधवा मालती दिनभर घर गिरस्ती कर, घर-द्वार साफ-सुथरा रख कर तुम्हारे करघे की नली भरकर माग और अन्न से मेरा भोजन। डकार म अगर मछरीहा बू रहे तो मेरा सम्मान नही रहेगा। नर-बत्तख की तरह वन जगल, घाट-बाट या रात के अधि यारे म गदन पर दात गडा कर तुम सुख पाना चाहत हो, इसस मेरा सम्मान नही बच पाता। तुम मुझे केवल प्यार दो, केवल मास की आशा म घूमन पर एक दिन मैं भी तुम्हारे गले म दात गडा दूगी। सिफ मास स मेरा प्यार नही चलता।

जाने क्या सपना देखने के बाद से ही अमूल्य के प्रति निदयी भाव और भी बढ गया। अमूल्य और जब्बर बहुत ज्यादा मडरा रहे हैं। मालती न साचा दादा से एक दिन सब कुछ बता देगी। क्योकि जब्बर भी कोई कम नही। जब्बर याद पडत ही मालती का मुख घणा से सिकुड गया।

मालती इस समय बत्तख लेकर घाट को जा रही है। मन ही मन उसका अमूल्य करघे का ताना बाना चला रहा है—एक बार इधर तो एकबार उधर। नर-बत्तख दूसरी मादा बत्तखा का पानी म उतरने नही दे रहा है। उससे पहले ही चोच काटकर झगडा मोल लेना चाहता है। नर बत्तख की यह हरकत देखकर और दिनो की तरह मालती न मुह पर आचल दबा लिया। उसके भीतर स वह नटखट मुस्कान उभर कर चेहरे पर फैल गई। तनिक ठहर भी नही सकते। मालती बत्तखा को पानी की ओर ले जाते वक्त यह बोली। और यह सब देखत ही उसका मन करघे की ढरकी की तरह केवल इधर-उधर करने लग गया। उसके भीतर एक ऐसी इच्छा सुगबुगाती कि कोई उस समेट कर खा जावे। लेकिन फिर जाने क्यो यह भी ख्याल होने लगता विधवा प्राणी की ऐसी इच्छा कोई भली नही। तब बस नहाने की इच्छा होती रहती है डुबकी लगा-लगा कर शरीर से सारी पाप चिताओ को धो-पोछ डालने की इच्छा। मानो स्नान न करने पर जातिभ्रष्ट हो जायगी। फिर उसके मन म आता, विधवा की भला जाति कैसी,

विधवा के लिए भला छोटा बडा भी क्या—सरल युवती मालती जिसके अग-अग स लुनाई झरती हो—जिसका मुख प्याज के कोमल छिलके जैसा ही नम है और जिसकी इच्छा की कोठरी मे अमूल्य केवल एक बदर सा है—हर वक्त दुम उठाये बैठा है, इस अमूल्य को सपने म देखकर मुह बडा बेस्वाद लग रहा था।

बत्तखो के पानी म उतर जाने के बाद मालती ने एक बार चारो ओर देखा। बत्तख गोता मार मार कर नहा रहे हैं। नजदीक म कोई नही। तमाखू का खेत पार करने पर ऊची जमीन—वहा जब्बर हल चला रहा है। नरन दास जमीन के नीच स रस निकाल प्याज लहसुन या मूगफलियो को पुष्ट करने की चेष्टा म लगा है। और मानो कही पर भी कोई दृश्य भूल नही रहा है। सिर्फ ठाकुरबाडी का तोता पढ रहा है—पत्ते पत्त पर झर रहे निशा के ओस लालटू पढ रहा है—ऐट लास्ट द सेलफिश जायट केम। जब्बर हल चला रहा है। मालती को देखते ही जब्बर हल-बल छोड लपकता हुआ आएगा—मालती दीदी बधने म पानी डाल दो। गला सूख गया है। मालती ने सोचा जब्बर आएगा तो शमसुद्दीन की खबर पूछ लेगी। शामू इस समय यहा नही है। वह ढाका गया हुआ है। पागल ठाकुर न हाथी लेकर उनका जलसा तोड दिया था। फलू शख का हाथ तोड दिया है। इसक बाद स शामू न शायद हिंदुस्तान म आना बद कर दिया है। छोटे ठाकुर शचीन्द्रनाथ एक दिन कछार पर खडे शामू क साथ सारी बातें करते करते कम्म करने लगे थ। तभी शामू नही आता। शामू की बिटिया कभी-कभी कछार पर आकर अपनी गाय चरा ले जाती। इस लडकी न बडी-सी नथ पहन रखी है नाक म। ठाकुरबाडी क अर्जुन वृक्ष क नीचे वह खडी थी। किसी की प्रतीक्षा कर रही थी। मालती चुपके चुपके उसके पास जाकर बोली थी क्या री फातिमा तू।

फातिमा की आखें छोटी हैं। नाक म बडी-सी नथ। बचपन का चेहरा लुनाई स भरा। बाल चोटी म गुथ। फातिमा न कुछ देर मालती की ओर देखकर कहा था बुआ गाना बाबू का दे दीजिएगा। कहकर उसने अपने पल्लू स खटकन फल के दो गुच्छ मालती क हाथ म दिय थ।

बहुत सुन्दर फल। फातिमा मालती हैरत म।

फातिमा न खुद ही कहा आखिर ढला चाचा उजान स ले आए हैं।

मालती को जान क्या इस लडकी का अखबार म भर लेन की इच्छा हुई।

लेकिन मुसलमान की बेटी है, छूते ही जाति चली जायेगी। उसने लटकन के गुच्छे को हल्के हाथों से गोच लिया। उसने फातिमा को छुआ नहीं। सिर्फ हंसते-हंसते बोली, क्या री सोना बाबू के लिए तेरे दिल में बडा दर्द है। सयानी हो जा तो सोना बाबू से तेरी शादी कर दूंगी।

नन्ही सी लडकी। लेकिन यह हल्का-सा मजाक ही फातिमा को शर्म से भर गया। फातिमा फिर ठहरी नहीं। वह कछार से होकर भाग रही थी। शर्म से हो या किसी अन्य कारण से—वह लडकी कछार में दौडने में बल पा रही है। या इतने सारे पेड पालों जिनकी छांह गाव और खेतों में फैली हुई है उनमें कोई निरंतर सुषमा बनी हुई है। वही सुषमा, प्यार की सुषमा इस लडकी के अंग अंग में समोयी हुई है। हेमंत की सांझ थी। वह लडकी धीरे धीरे उस सुषमा में विला गई।

यही सुषमा मालती को लंबे अरसे से अभिभूत किये हुई है। सोना उस वक्त भी पढ रहा है—पत्ते-पत्ते पर झर रहे हैं निशा के ओस। बत्तख पानी में हेल डूब रहे थे। मालती किनारे खडी। पानी में उसकी लंबी छाया—मालती पानी में अपना मुख देख पा रही है। भिड पर खडे कितनी ही सारी बातें याद पड जाती हैं—शामू की बातें भी याद पडती। रंजो और बुन्नी के बारे में याद आता। —और उस आदमी के बारे में भी जिसने अपने किशोर वय में उससे लिपटकर चुम्मा ले लिया था फिर डर के मारे फरार हो गया था। वही आदमी कल रात को आया है। अब वह कोई छोकरा नहीं रहा। बात बात में झगडता नहीं। अब वह आदमी बडा और महान है। वह देश का काम करता फिर रहा है। कुछ दिनों के लिये जेल में था। सभी कुछ अब कथा-कहानी जैसा लगने लगना। मालती अब पानी में बत्तख नहीं देख पा रही थी बस उसी आदमी का शरीर और मुख जल पर तिरते हुए देख रही है। इस आदमी को देखने के लिए सारा सवेरा डुबकी लगा लगा कर ठाकुरबाडी के घाट पर नहाती रही। बडी बहू के लिये पूजा के फूल चुनती रही। यहां तक कि पूजा कक्ष के बगल में वह आदमी दिखाई पड जायेगा सोच कर वह थोडी देर तक चुपचाप खडी रही थी। लेकिन कहां? फिर वही अमूल्य का मुख, अमूल्य और जब्बर दोनों मिलकर मानो उसको लीलने आए हैं। कोई देख न ले इस डर से वह उस आदमी के लिए पूजा कक्ष के दरवाजे पर ज्यादा देर ठहर नहीं सकी। यहां तक कि बडी बहू से भी नहीं पूछ सकी भाभी

क्या वक्त रात को रंजित आया है ? क्योंकि मालती मे नयना म प्यार की सुषमा है। रंजित को देखने क लिए पोखर के किनारे जो जगल म था वहीं अपने को अदृश्य करने की इच्छा से बढ़ने ही कोई पीछे स मानो बोल पड़ा, मालती यहा अकेली तुम ?

मालती का दिल धड़क उठा। पीछे की ओर पलटते ही देखा रंजित खड़ा है। सोना उसका हाथ थामे। सारी लुका छिपी यही ताड न ले। शुरु म मालती जमीन से निगाह उठा ही नहीं सकी पत्ते पत्ते पर झर रहे निशा क आस—अब कोई पढ नहीं रहा है। सभी कुछ ने सहसा चुप्पी साध ली है। यहा तक कि कीड मकौडो की आवाज भी सुनाई नहीं पड़ती। मालती न डरते हुए कहा, पानी म बत्तख छोड़ने चली आई। यह कह मुह उठाकर उसने रंजित को देखा। लगा, अब कहीं कुछ भी चुप नहीं। सभी कुछ मुखर है बत्तख मुरगे गाय बल, चिडिया चुनमुन सभी कलरव कर रहे हैं। ऐन उसी वक्त मालती ने करघे पर से अमूल्य का ठक ठक शब्द सुना।

रंजित को देखकर मालती का लबे अरसे के बाद सब भय दूर हो गया है। जबर और अमूल्य—कोई भी उसे अब लील नहीं सकता।

कहीं पर मानो उस वक्त भी एक ही स्वर म कोई पढता चला जा रहा है— ऐट लास्ट द सेलफिश जायट केम। कान पसार कर सुनती हुई मालती रंजित की ओर देख मुस्काई। रंजित स भी बिना मुस्काये रहा न गया।

मालती के दिन अच्छे ही बीत रहे थे। रंजित के आने के बाद से ही मालती को लगा कि जीवन से उसका कुछ खो सा गया था जाने क्या कुछ नहीं रहा ससार म क्या न रहने पर सब-कुछ सूना सूना सा लगता है—ऐसी ही कोई चीज रंजित के लौट आने के साथ साथ मालती के जीवन म लौट आई है।

जाडे म दिन जल्दी ही ढल जाता है। जाडे के कारण ही पानी म बास सडने की बू वसी तीखी नहीं लगती। और जाडे के कारण ही गाव क सब लोग जरा जल्दी जल्दी ही पानी लेन कुए पर आ जाते हैं।

कुआ लबा-सा है। गले तक खड़े हो जाओ तो दिखाई पड़ता। कुए की जगत पार करने के बाद बसवारी। ईशम सख्त बास ढूढ रहा है। रजित एक वार मे बास को अलग किये दे रहा है और ईशम वह बास खीचकर बाहर निकाल ले रहा और टहनियो को छाटे दे रहा है। जो औरतें पानी लेने आई थी वे ज्यादा देर तक जगत पर ठहरी नही। बड़ी वहू का वह फरार भाई लौट आया है। पतली मूछें लबी आखें और कदाचित परदेस रहने के कारण शरीर पर सावली एक लुनाई। कछाना मारकर धोती पहने हुए, घुघराले बाल बीच स माग काढी हुई —लबा-सा आदमी रजित अब पहचाना ही नही जाता, मा-बाप मरा वह बालक अब इतना सयाना होकर महाशय बन गया है।

जो औरतें पानी लेन आई थी वे सभी कुए में बालटी डाल पानी निकालते समय रजित को देख लिए। इम सुदशन युवक को सभी ने एक ही नजर म पहचान लिया था, कितने दिन पहले की बात है मानो किसी किसी ने बुलाकर उससे बातें की जिनके साथ कोई रिश्ता बना हुआ था वह जिनको दीदी कहकर पुकारा करता था पडोसिन महिलायें जिन्होंने कभी उसे नेह-प्यार दिया था मातृहीन बालक के नाते उस बुलाकर घर का अच्छा पकवान खिलाया करती थी वे पानी निकाल कर नीचे उतर आइ और उसस कुछ बाते कर घर चली गई।

मालती सबसे बाद म आई। हथकरघे की साड़ी पहने कमर पर घडा थामे। यह साड़ी पहनन स लगता नही कि मालती विधवा है। लगता है कुमारी मालती शौकिया पानी लेने आई है। लगता है मालती इस व्यक्ति क सामने मफेद बिना किनारी वाली धाती पहनते शरमाती है। वह आते ही कुए की जगत पर घडा रख वहा जाकर खडी हा गई जहा रजित बास काट रहा था।—इतन बास क्यो। इतने सार बास से क्या होगा।

रजित न कहा, पानी म भिगा रखूगा। लाठी बनेगी—पोख्ता बास की लाठी।

सोना आस पास दौड भाग रहा है। वह इस नये व्यक्ति को कतई छोड नहीं रहा है। इस व्यक्ति न उसे देश विदेश के कितने किस्से सुना डाले हैं। अद्भुत मजिक की बातें भी बताई हैं।

सोना ने कहा बुआ, रजित मामा रात का मजिक दिखाते हैं।

मालती जरा और आगे बढ गई। जहा ईशम बसवारी से बास खीचकर

निहार रहा है वहो जाकर वह खड़ी हो गई और बोली तेरे मामा का जिक्र और मत कर।

रजित न मालती की ओर नहीं देखा। वह दांत की टहनिया को काट-काटकर साफ कर रहा है। बिना देख ही मुसकरा दिया। क्योंकि मालती की बाई की भ" भरी बात सुनते ही वह दृश्य याद आ जाता। उस दिन मालती गुस्सा क्षोभ या शायद उत्तेजना से कांपने लगी थी। चेहरा सुर्ख आखें लाल मानो रजित न मालती का सारा सतीत्व ही छीन लिया हो। मालती बग रा देने वाली ही था। रजित को ये बातें याद पड़ जाती और ख्याल होता—क्या मालती क्या यह दृश्य तुम्हें याद नहीं। मालती तुमने दीदी से कुछ बताया तो नहीं।

रजित ने अब मालती की ओर सहज भाव से देखा। खाना मामा की बात का जिक्र क्या न किया जाय।

रजित न यू देखा मानो उसकी इच्छा हो कि मालती को भी वह दृश्य याद आ जाय। लिहाजा मालती ने देर नहीं लगाई। वह पानी भर कर चली गई। चल जाने पर ही सब कुछ खत्म नहीं हो जाता। जाते समय बडी बहू से बातें की। बडी बहू और धनबहू धनकुट्टी पर ठाकुर जी के भोग के लिए धान कूट रही थी। कूटे हुए धान को धनकुट्टी के सिरे पर उठकर शशीबाला झाड रही थी। पागल ठाकुर—आज कहीं निकल नहीं। वे आगन म अपने मन ही मन टहल रहे हैं। आगन में आकर भी मालती धान पर पडती चोंग की आवाज सुनती रही। इस बास से क्या होगा? बास से लाठी बनेगी। उसी की तयारियां जारी पर हैं। उस व्यक्ति का शरीर हाथ पर कुछ जाने क्या हर वक्त दिल में हिलते डुलते रहते हैं। ऐसे ही आदमी को देखने के लिये कोई बहाने से इस घर में आ जाना। काम भी क्या है मालती के पास, नरेन दास इस समय घर प नहीं है। अमूल्य सिर पर धारीदार साडियां ढोकर नरेन दास के साथ बाबुरहाट गया है। अब घरपर केवल शोभा आबू और मालती। आभारानी भी है लेकिन वह इतनी निरीह है कि लगता ही नहीं कि घर पर कोई है। आभारानी को रजित भाभी कहता है। रात को जब जाड के कारण सब लोग जल्दी जल्दी लेट जाते हैं तब बठक में शचीन्द्रनाथ लालटू-पलटू को पढाने बठ जाते हैं। उस समय रजित अपने कमरे में बठे मामूली लालटेन की रोशनी में जाने कौन कौन सी बडी बडी किताबें पढता रहता है। कितना पढता है यह आदमी। यह आदमी अब बोलता कम है ज्यादा बातें करते

पर मालती की ओर ताक कर जरा मुस्का देता मानो मूरख की बातें सुनकर हस रहा है। तब रूठ कर मालती का चेहरा तमतमा उठता। उस समय वह आदमी अपराधी की तरह आखें कर देखना रहता है। ताक्त ही कुछ दश्य मारे डर के वह आदमी फरार हो गया था।

मालती ने एक दिन कहा था मद मानुस का इत्ता डर कोई अच्छी बात नही।

—मुझे भला किस बात का डर है?

—डर नही। मुह से कह दने म ही क्या सब कुछ कहा जा सकता है।

—मुझे हालाकि लगा था कि तुम दीदी स सचमुच बता दोगी।

—और कुछ नही लगा था क्या?

—और क्या लगना था?

—क्या मालती के नाम पर कितनी ही बातें तो मन म आ सकती हैं।

—लेकिन मेर मन म और कोइ बात ही नही आई मालती। इसके बाद मैं बहुत दूर चला गया था। आसाम चला गया था। वहा स दो साल के बाद लौटा। कलकत्ते मे लाहिडी जी के साथ भेंट हो गई। उन्हान ही मुझे प्राय खीच कर उठाया। कहते-कहते रजित थम जाता। सपना देखना सीख गया। यह सब अब बहुत ही तुच्छ सा लगता है। शायद कुछ ज्यादा बोल डाला। उसके गुप्त जीवन का भेद कहा खुलता नही गया। सहसा रुक कर वह आग कुछ भी बताना नही चाहता। अपनी बात भूलकर कहता बताओ, तुम कसी हो। तुम्हारी सारी खबरें ही मुझे मिलती रहती थी। तुम यहा चली आई हो—यह भी। लकिन इसक बाद?

—इसके बाद भला क्या? माना कहन की इच्छा हो इसके बाद तो जो कुछ है सो तो तुम देख ही रह हो। यही सब लकर हू।

—शामू क्यो नही दिखाई पडता?

—शामू ढाका गया है। लीग-लीग करके दश का बटाधार कर रहा है।

—तो शामू पार्टीबाजी करता है?

—पार्टी नही तो खाक। मालती बडी खूखार सी लग रही थी। मालती बोली लाठी तो ढेर सारी बना रहे हो। लेकिन लाठी से कितने सिर फोड सकोगे?

—लाठी तो मालती सिर फोडने के लिये नही सिर का बचाव करने के लिए

है। मैंने सोचा है यही मुख्य अखाड़ा बनाऊंगा। इसके बाद और भी तीन चार छोटे अखाड़े खोलूंगा। एक बामनदी में एक सम्मानदी में और तीसरा यारदी में। फिर वहां से जो लोग सीख कर निकलेंगे वे फिर तीन-तीन नए अखाड़े खोलेंगे। गांव गांव में अखाड़ा खोल खोल कर हम में से हर एक को लाठी चलाना, छुरी चलाना सब कुछ सीख लेना होगा। अपने सिर की रक्षा खुद कर सकने के लिए ही यह सब कर रहा हूं। दूसरे का सिर तोड़ने के लिये नहीं।

मालती को कुछ लाज सी लगी। फिर बोली तुम मुझे दो चार दांव-पेंच सिखला दो। मुझे लाठी सिखाने पर कहां तुम्हारी इज्जत तो कहीं चली जायगी ?

—इज्जत क्यों जायगी ?

—मैं औरत जो हूं। अबला प्राणी।

—अबला प्राणियों को ही ज्यादा सीखना चाहिए। शुरु होने दो सब कुछ सहेज-सहेज लूं। खेल तो जमने दो।

—लाठी का खेल सिखायगा कौन ?

—मैं।

—तुमने यह सब कब सीख लिया ?

—इसी बीच मौका पाकर सीख लिया था।

—कितना कुछ तुम जानते हो ! कितना कुछ तुम कर सकते हो।

—मैं कुछ भी नहीं कर सका मालती। कितना कुछ करना है हम लोगों को। सब कुछ जानो तो दंग रह जाओगी।

—हमको अपने दल में लो न।

—दल कहां मिल गया तुमको ?

—यह जो तुम लाठी चलाने का दल बना रहे हो।

दल शब्द से ही रंजित कुछ त्रस्त हो उठा। दल कहना उचित नहीं। क्योंकि यहां वह कुछ दिनों के लिए रुपोश रहने आया है। उसने कहा नहीं मैं कोई दल नहीं बना रहा हूं मालती। दल क्या मुझे बनाना है ?

—क्या ? भाभी जी ने तो कहा कि तुम देश का काम करते फिरते हो।

—तो फिर दीदी ने तुमको सब कुछ बता दिया है। कहकर रंजित कुछ देर के लिए चुप्पी साध रहा। सुबह की धूप उनकी पीठ पर पड़ रही थी। वे दीनबंधु के बड़े घर के पीछे खड़े बतिया रहे थे। नान्टू पलटू साना सभी उसे घर हैं। व

मालती बुआ को देख रहे हैं। मामा मालती बुआ के मुह की ओर देखकर बोल रहे हैं मालती बुआ जमीन की ओर नजर किये बोल रही है।

मालती कुछ कहना की थी। उसने देखा इन छोटे छोटे लडको के सामने वह कहना ठीक न होगा। कुछ और बिना कहे मालती चली गई।

रजित बडे ही पोशीदे ढग से काम कर रहा था। घर के भीतर वाले आगन म चादनी म या लालटेन की धीमी रोशनी म वह लाठी का खेल सिखान की कोशिश कर रहा है। ताकि कोई जान न सके। सिफ बडी बहू धनबहू और पागल ठाकुर गवाह होते। सोना लालटू पलटू के सो जाने पर आगन म लाठी का खेल शुरू होता था। लेकिन एक दिन रात का सोना ने टटोला तो देखा बगल म मा नही। मा कहा ? वह नीद से जाग उठा। दरवाजा खुला है। आगन म लाठी की ठक ठक आवाज सुनाई दे रही है। चादनी रात। मद्धिम रोशनी म भी वह समझ सका कि मा एक कोने म खडी है। वह उतर कर दरवाजे म निकल मा के पास चला गया। गाव के आठ-दस नौजवान रजित मामा से लाठी का खेल सीख रहे हैं। दूसरी ओर जाने कौन लोग है—शायद मालती बुआ शायद किरणी दीदा और ननी, शोभा आबू। वे लकडी के छुरे लेकर खेल रहे थे दाव पेंच सीख रहे थे। मा और बडी ताई बगल मे खडी खेल देख रही थी और शायद पहरा दे रही थी। इधर कोई आ रहा या नही इस पर निगरानी रखे हुए थी। लाठी का ठक-ठक् शब्द हो रहा था। सिर वहरा ऐसे ही कुछ शब्द। छोटे मामा बडे मजे म मस्त जमे नाचते चले जा रहे हैं। बीच-बीच म छोटे मामा लाठी घुमाते हुए इतनी तेजी से इधर लपक रहे हैं कि पता ही नहीं चलता कि उनके हाथो म लाठी है। बस सन सन की आवाज। वे घूम घूम कर कभी दाहिना पर उठाकर तो कभी लगा माना इस व्यक्ति का लाठी के भीतर ही जिन्दा रहने का भेद ढूढे मिल गया है इस व्यक्ति ने लाठी को अपना दाहिना हाथ बाया हाथ कर डाला है—जसी मर्जी लाठी चला रहा है। सोना ने देखा बीच बीच म लाठी के भीतर सोना मामा का मुख खो जा रहा है।

सोना भी भीतर-ही भीतर काफी उत्तजित अनुभव कर रहा था। हल्की-सी साफ जुन्हाई। कमरख दरख्त के उस ओर विस्तृत मदान जुन्हाई मे तनहा पडा है। पागल ताऊ ओसारे बठे हाथ मसल रहे हैं और बीच-बीच म बौरा कर वही एक शब्द का उच्चारण कर रहे हैं। ससार म कोई न कोई आफत लगी ही हुई

है। कोई भी किसी पर एतबार नहीं कर पा रहा है। छोटे मामा बीच-बीच में मालती बुआ की ओर नजर रखे थे। मालती बुआ लकड़ी का छूरा चलाने में कहाँ गलती कर रही है उसका सुधार कर रहे हैं। आगरे के आँगन में बड़ा-बड़ा लाठियाँ खड़ी हैं तल लगे होने के कारण ये लाठियाँ इस हल्की चाँदनी में भी चमचमा रही हैं। लाठी चलाते-चलाते कोई थक जाता तो लाठी आगार के सहारे खड़ी कर आँगन में हाथ पर पसार कर बैठ जाता। छोटे मामा वहाँ कटी बनियाइन पहने सभी पर निगाह रखे हैं। अब सोना कादिया पेड़ के पास खड़ा न रह सका। वह भागकर माँ के पास जाकर खड़ा हो गया।

धनजह वाली सोना तुम ?

—मुझे डर लगता है।

कमरे के अँधेरे में अकेले लेटे रहने का सोना को डर लग रहा था। उसने फिर कहा माँ यह क्या हो रहा है ?

—लाठी का खेल ?

—रजित ने देखा सोना नींद से उठकर चला आया है। उसने सोना को निकट खींचकर कहा तू सीखेगा यह खेल ?

—सीखूँगा। सोना ने बड़े आग्रह से कहा।

—लेकिन बड़ी साधना करनी पड़ती है।

सोना साधना शब्द का अर्थ नहीं जानता। उसने माँ से पूछा माँ साधना का क्या मायने है ?

रजित बोला धनदौली क्या बतायेगी। मेरे पास आ। साधना का मायने है जो काम तुम करोगे उसे एकाग्रचित्त होकर करोगे। कोई भी तुम्हारी इस इच्छा के बारे में नहीं जान सकेगा।

—मैं नहीं कहूँगा।

—हाँ कहना नहीं चाहिए। अगर न कहो तो तुमको सिखा सकता हूँ।

—देख लीजिएगा मैं नहीं कहूँगा।

रजित जानता था कि इन बातों का कोई तात्पर्य नहीं होता। इन सब बालकों को भी रजित ने अपने दल में ले लिया। बता भी सकते हैं और नहीं भी, फिर भी उनको एकाग्रचित्त करने के लिए बीच बीच में रजित तरह तरह का भाषण देता था। इसलिए सोना पलटू लालटू इस दल में जुट गये। खेल से अधिक

छोट माटे मामा का हुक्म बजाने म ज्यादा उमग दिखाते थे। रात बीतन पर किसी दिन सोना सा जाता था। उस खेल की बात याद नहो रह जाती थी। सबेरा होने पर वह मामा स कहता मैं तुमसे बोलगा नही।

—क्या, क्या बात हो गई ?

—क न तुम मुझे खेल म नही बुलाये।

—तुम तो सो गये थे।

सोना बीच-बीच म मामा की तरह या बडी ताई की तरह बोलने की कोशिश करता था। मामा कम सुक्तुर व्यक्ति जसा स्पष्ट और शात स्वर म बातें करता है। मालती का भी जी करता था, रजित जसा बोलने को। बडी बहू और रजित की बातें इतनी मिठास भरी है कि मन के भीतर बस रनझुन बजती रहती हैं। उसका बाता म काई भी रूखापन नहीं। मालती को लगता था कि उसकी बातें रूखी हैं इसलिए वह रजित स भरसक कम बोला करती है। रजित भी आजकल काम की बातो के अलावा फालतू बातें करना ही नही चाहता। वह उसे घर पहुचा आते समय बताता था, तुमम एकाग्रता की बडी कमी है मालती। तुम अनमना-सी लगती हो। खेल के समय अनमना रहने पर सिर या मुह पर कभी चाट आ लगगी।

उस समय मालती कोई जवाब नही देती। भला क्या जवाब द। यह खेल मानो नित्यप्रति उसका सग पाने के निमित्त। मानो यह मानुस जब उसका आ गया है ता उसे अब कौन सा डर रहा। इसलिए वह रजित की सारी बातें सुन लिया करता थी। किसी किसी दिन मालती का स्वाभाविक बनान क लिए वह इस इलाक की आचलिक बोली इस्तमाल करता था। उस समय मालती का तन बदन और भी सुलग उठता था। यह आचलिक बोली जसी रूखी है वसी ही फूहड। एसी भाषा म यदि रजित बोलन लग जाए ता उसस कुछ भी मागन जाचन का नही रह जाता। मालती ऊब कर कहती, अब और नखरा मत करो रजित। चाहू तो मैं भी तुम्हारी तरह बोल सकती हू। जा तुम भली भाति बाल नहीं सकते वह मत बाला करो। बडा बेढगा सा लगता है। मैं तुम्हारे साथ बचपन स बडी हुई हू।

उसकी बात सुनकर रजित कुछ हैरान-सा हुआ। मालती, अब तुम देहातिन लगती ही नही हो बिलकुल।

मालती बोली, फिर भी अपनी-अपनी बोली-बानी। तुम्हार मुह हमारी बानी क्या सुहाएगी। तुम भी जो बोनी अच्छी तरह बोल नही पात वह बानने की कोशिश मत करो। बडा बुरा लगता है सुनने म।

सोना बाला मैं सो गया था तो तुमन मुझे बुलाया क्या नही ?

—ठीक है। आज रात को तुमको मैं जगा लूगा। लेकिन एक शत पर।

—शत। शत शब्द हा सोना न कभी सुना नही था। उसने कहा छोटे मामा, शर्त क्या ?

—तुमने सोना सिफ मदान देखा है।

—देखा है मदान।

—फूल देखा है ?

लेकिन बेबस फेनू ने दोना हाथ ऊपर उठाने को होकर पाया कि वह बडा ही लाचार और बीमार है। एसी जबरदस्त बीवी के साथ अब वह शायद इस जिंदगी म नहीं लड सकेगा। अगर वह लड सकता होता तो शायद इस अधेरे बाग के भीतर इस समय प्रलयकारी खडयुद्ध छिड गया होता। चुनाचे भले मानुस की तरह अन्नू के पीछे-पीछे मानो वह और अन्नू कुटमती मे बाग के भीतर स होकर लौट रहे हैं—दोना एसे चल रहे है मानो आपस मे कोई धोखाबाजी नही—मदान मे उस वक्त भी ढाल और ढाक बज रहे हैं। मालती वहा प्रसाद बाट रही है। कागज की लाल-नीली झडिया उड रही हैं हवा से। मदान के अदर सफेद झकझक रेशमी साडी पहने मालती, निष्ठावती मालती धर्म ही जिसका एकमात्र सबल हो जो सभी की तरह बत्तख पालकर बडा कर रही है जिसकी ममता नन्ह-बत्तख के लिए है और बरसात म जो रात भर ब्रामाश भोगती रहती है यही युवती मालती

विधवा मालती इस समय सब लोगा को वास्तु पूजा का खीर खिला रही है।

पेड की डाली पर सोना बाबू। फातिमा एक नटखट तितली की तरह कटहल के छोटे दरख्त के चारो ओर चक्कर लगा रही है और उछल रही है। बकरे के लिए वह टहनी पत्ती जुगाड कर रही है। सोना बकरे के लिए पेड की टहनिया तोड दे रहा था। कटहल की पत्तिया खाने के लिए बकरा छोटा-सा बकरे का छौना दो परो के बल पर उछल रहा था। बकरे के पत्ते खाने की खुशी के लिए साना पेड की सारी नम टहनिया और पत्तिया कोपला का तोड बकरे की आर फेंक रहा था। बकरे के बगल म इस समय पत्तियो का ढेर। सोना पेड स नीचे कूद पडा। नीचे आते ही फातिमा ने कान के पास मुह लाकर फुसफुसाते हुए कहा, चलियेगा सोना बाबू ?

—कहा ?

—मौलसिरी का फल लाने ?

—कितनी दूर ?

—ज्यादा दूर नही। कहकर उसने उगली उठाकर दिखाया वा जो हुसन पीर की दरगाह देख रहे हे न उस दरगाह के दाहिने टेबा का पोखर है हम लोग पोखर के भिड तक जायेंगे।

—छोटे चाचा डाटेंगे।

—जाएगे और आएगे। एक दौड लगाकर जाएगे और एक दौड लगाकर लौट आएगे।

साना ने चारो ओर देखा। तीज-त्योहार के दिन किसी का किसी ओर ध्यान नही। लालटू पलटू छोटे चाचा के साथ चरु पकाने के लिए गये हुए हैं। छोटे मामा सरकार काठी की वास्तु पूजा म गय हैं। शोभा, आबू किरनी वास्तु पूजा का प्रसाद खाती फिर रही हैं। तीज त्योहार के दिन कौन किधर जाता है—कौन किसकी खबर रखता है। पागल ताऊ सबेरे किस ओर निकल गये किसी को नही मालूम। सोना ने मन ही मन सोचा, ज्यादा देर हो जाने पर सभी फिक्र करेंगे सोचेंगे सोना ताऊ के साथ निकल गया है। लिहाजा सोना ने मुह से वों-वो शब्द किया। फिर वे मदान के भीतर से दौडने लगे। बडा सा मदान उत्तर को जाओ तो हुसन पीर की दरगाह। दरगाह के बगल से सायकिल पर गोपाल डाक्टर उतरता आ रहा है। गोपाल डाक्टर उन लागो का देख लेंगे इस डर से वे दरान

वाडी के खाई म उतर गय। दोना चुपचाप सिर भुकाये उवड बैठे रह। इतने वड मदान म सोना और फातिमा को अकेले घूमते देखने पर शका होगी ही। तुम सोना, अभी उस रोज की सोना अकेले इत्ते वडे मदान म चले आए हो—गजब की हिम्मत है तुम लोगा की। चलो चलो घर चलो। या कुछ डाट फटकार। या घर पर अगर यह इत्तला पहुच जाय तो ईशम दौड पडेगा, अपना प्यारा तरबूज का खेत छोडकर दौड पडेगा। और मदान के बीच खडे होकर या झील वाली गरम जमीन पर उतरकर पुकारने लगेगा अरे सोना बाबू कहा गये। ओ सोना बाबू।

जाने कब एक बार सोना बाबू तरबूज-खेत मे उतर गया था—जाने कब, कितने ही दिना पहले, सोना पहली बार गाव स बाहर दक्खिनी बहार म निकल गया था—सुनहरे रेतवाली नदी की चाकी पर तरबूज के खत के भीतर खो गया था कोई ठीक याद नही लेकिन तरबूज का वह खेत मालिनी मछली और बडे मिया की दो बीविया—दुगा प्रतिमा जस मुखडे नाक म नथ हिल रहे थे जीवन म जाने क्या एक रोमाच साना अब उसी रोमाच के लोभ म दौड रहा है। फातिमा न अपनी धाती अगोछे की तरह लपेट कर पहन ली है। बदन पर फातिमा क कोई कुरती नहीं। कोई फ्राक नहीं। नगा बदन। फातिमा के नाक स नथ डाल रही है। काना म पीतल की बालिया। नथना पर सोने की कील। कील का मुह चप्टे चाद जसा। न बोल न चाल, साना न फातिमा की नाक पकड दबाकर देख लिया कि वह चप्टा चाद नथन पर कैसे चिपका हुआ है। फातिमा की नाक दुख रही थी। लेकिन साना बाबू नन्हा सा सोना बाबू जिसके जिस्म स चदन का बास चिपका रहता और सिर पर भी कितनी मधुर महक। सोना बाबू उसके नथने पलट कर अब चप्टे चाद का मुख झाककर देख रहा है।

फातिमा का शरीर खुशी स सिहर कर लरज रहा था। उसने कहा साना बाबू चलिए। गोपाल डाक्टर चला गया। दूर मदान की मेड पर गोपाल डाक्टर के साइकिल की घटी टिनटिना रही है। और प्रानर म जब कोई फसल नहीं, मदान जब खाली हो बस बीच-बीच म एकाध छोटी छोटी झाडिया खडी हो तो दौडकर जाना ही बेहतर है। दौडकर जाते समय ही उन लोगों न देखा टबा के पाखर के नीचे जो मदान है वहा पागल ठाकुर है। व दनदनाते झील की ओर चले जा रहे हैं। सोना न क्षण भर की देर नहीं लगाई। उसन मानो ठाकुर जी को

मैदान म आविष्कार कर डाता है ऐसे ही स्वर म पुकारा लेकिन वह शरम चा
रहा है तो चलता ही चला जा रहा है। ढाक ढोल बज रहे हैं तो बजते ही जा रह
हैं। वास्तु पूजा के भस बलि क खडग पर खून लगा है तो लगा ही हुआ है। और
सोना और फातिमा मदान म दौडते चल जा रहे हैं तो दौडते ही जा रहे हैं।
दौड रहे थे और गुहार रहे थ। टीले पर चन्दर उन लोगो ने पुकारा, ताऊजी
लेकिन कौन किसकी सुन। ताऊजी पोखर के किनारे जो जगल है उसम दाखिल
हो गये।

ससार म कितना ही कुछ घटित होता रहता है और नही भी होता। हर समय
खेतो म फसल नही फलती। इस समय कही तो रूखे खेत तो कही तबाकू के पर
दिख रहे हैं। प्याज लहसन आलू बदगोभी ऊची जमीन पर—पोखर से पान
लेकर प्याज लहसन आलू बदगोभी की खेती कर रहा है खुशहाल गहस्थ प्रताप
चद। मेड पर दो बालक बालिका दौड रहे है। टील स उतर कर माझी का बड
खेत पार कर दौड रहे है। बेवक्त का फल मौलसिरी का फल वन के भीतर है
वे मौलसिरी के फल की टोह म दौडते चल जा रहे हैं। फातिमा फल बटोरेगी
साथ म सोना बाबू है भरी दुपहरी की धूप है और जाडे का सूरज सिर के ऊपर
होने स उनको तनिक भी सर्दी नही लग रही है। नगे बदन नगे पाव दौड रहे हैं
मानो दो खरगोश हडकाये जान से जगल की ओर भाग जा रहे हो।

सहसा ही सोना को लगा कि व बहुत दूर चले आए हैं। सामने इतना बड
जगल है। भय से सोना सिमट-सा गया। शायद वे फिर घर लौट नही सकेंगे।

स्थान बडा ही निजन है और पोखर प्राचीन है। कीचभरे तालाब की तरह सवार
और जलकुभी स ढका हुआ। भिड पर तरह-तरह के पेड पौधो से गहरा वन
बन गया है। छोटी-बडी लतरो की झुरमुट।—पगडडी बहुत ही कम। पथ पर
सूखा घास पत्तिया। जमीन पर मृत शाखें चिडियो के पर। शायद सिर के ऊपर
अजुन वक्ष की डालियो पर परिदो का रात का बसेरा हो। उसके नीचे कितने
ही युग स मछली और मनुष्य की हड्डिया गाय-बछियो की हडिडया। वगत ही

एक बहुत बड़ा पाकड़ का दरख्त। इस वृक्ष में कितने ही विचित्र खोडरें, डालियां समेत मानो आसमान छू कर खड़ा है। एक तरफ की सारी डालियां भरी हुई और उन डालियों पर हजारों गिद्ध कतारों में बैठे हैं। उस पेड़ के नीचे जाने की हिम्मत नहीं पड़ी उनको। लेकिन इतना सा रास्ता तय न करने पर वे बेवक्त का फल मौलसिरी का फल नहीं पा सकेंगे। मौलसिरी का पेड़ बड़ा नहीं, छोटा है। इस झाड़-जंगल में उस पेड़ को ढूंढ निकालना मुश्किल है। इस पेड़ का पता जोटन फातिमा को दे गई है। आबिद अली की दीदी जोटन आबिद अली के लिए एक मुर्गा ले आई थी, मुर्गा उड़ान भर कर हाजी साहब के अंदरूनी बाड़ पर चला गया। अंदरूनी बाड़ के पास छोटी बीवी से मुलाकात हो गई। छोटी बीवी ने जोटन से कहा कि मुर्गा मदान की ओर चला गया है। खेतों में उतरते ही जोटन को लगा कि दूर में कुछ भागता जा रहा है। शायद कुत्ता हो। बिल्ली भी हो सकता है। खेतों में उतरते ही जोटन की हाजी साहब के छोटे बेटे से मुलाकात हो गई। वो गया वो गया—। दिखाई पड़ रहा है। मानो साठ-गांठ पहले ही हो चुकी थी। छोटे बेटे ने बिला वजह खेतों की ओर हाथ उठाकर जोटन को मुर्गे की टोह में जाने को उता दिया।

जोटन मुर्गा चुरा लाई थी आबिद अली को खिलाने के लिए। जोटन को यों लगा कि मुर्गा मौका पाकर अपने गांव की ओर भाग रहा है। पालतू मुर्गा, मौलवी साहब का बड़ा प्यारा मुर्गा। प्यारा मुर्गा खेतों में से भाग रहा है। जाने क्या सोचकर मुर्गा पकड़ने के लिए वह दौड़ने लगी। अगर यह मुर्गा पहुंच गया और मौलवी साहब को यह पता लग जाय कि जाते वक्त जोटन मुर्गा चुरा ले गई है तो खैरियत नहीं। वह मुर्गा जब दूर से अस्पष्ट लग रहा है कि कुछ टेवा के पोखर के किनारे जंगल के भीतर चला जा रहा है तब जोटन से बिना दौड़े रहा नहीं गया। इतना अरमान लिए इतनी कोशिश से वह मुर्गा पकड़ कर ले आई थी आबिद अली को खिलाने के लिए और अब हाथ उस मुर्गे में चैतन्य का उदय हो गया। क्या होगा। इसलिए दौड़ना ही बेहतर होगा। मुर्गा पकड़ने के लिए जोटन घुटनों तक कपड़ा उठाये दौड़ने लगी। दौड़ते-दौड़ते टेवा के पोखर के किनारे फिर जंगल के भीतर। और अंत में उसे रास्ता ढूंढे नहीं मिल रहा था। मुर्गा अगर पेड़ की डाली पर खामोश बैठा हो इसलिए ताक कर देखने लगी।

उस समय मुर्गे का गला छोटी बीवी ने धर दबाया था। हाजी साहब की छोटी

बीवी ने मुर्गे का गला काटकर हाथ म मजबूती से पकड रखा है। छोड देते ही कुक कूड़ कर उठेगा। उस समय जगल जगल म जोटन भटकती फिर रही थी, हाय मुर्गा तू कहा गया। झाप जगल म मुर्गा ढढने आकर जोटन माथा ठोकन लगी। उस समय उसे ख्याल आया कि मुर्गे की कलगी लाल रग की है और झाडी के भीतर कोई चीज लाल रग की दिखाई पड रही है। लालच म आकर वह घुटनो के बल झाडी म घुस गई। लेकिन घुसकर देखा पेड की डालिया पर मौलसिरी के लाल लाल फल। इस पड पर असमय ही मौलसिरी फला है। दो चार पके फल जमीन पर पड हैं। एक बिल्ली या कुत्ता इस बाग के भीतर घुस गया। जाडे की धुधली धूप म दूर से कुत्ता बिल्ली या और कोई जीव है इसका पता नही चल रहा था। जोटन ने सोचा था उसका मुर्गा भाग रहा है। नाक के बदल नह नी मिलने जसा ही जोटन ने मुर्गे के बदले मौलसिरी के फल उठा लिए। वही फल उसने लाकर फातिमा के हाथा म दिया था और कहा था—ऐसा अनोखा मौलसिरी का पेड उस जगल म छिपा खडा है।

पेड ढूढने आकर सोना को भय सताने लगा। उसने कहा मुझ डर लग रहा है फातिमा।

—डर किस बात का। आप आवें कहकर फातिमा सोना का हाथ थाम पाकड वक्ष की ओर देखन लगी। बड-बड गिद्ध वे आतमनीत स बठे है। उस दरख्त की आर दखते ही सोना का डर बढ्ता जा रहा है। सबस ऊची डाली पर गिद्धा का सरदार गिद्धराज बठा है—यह उन लोगा ने दखा। वह राजा जसा ही उम ऊचाई पर बठा सगरे ससार म कहा कौन सा जीव मरा पडा है हवा सूघ कर ताडने की कोशिश म लगा है। दूसर गिद्ध डेना म चोच डाल शायद सो रहे हैं। किसी किसी न गदन नीची कर उनको देख लिया—कठपुतलिया जस नहे नह दो मनुष्य-कुल क जीव नीचे खडे हैं। सिफ गिद्धा का राजा हर वक्त जागा हुआ है। वह भूख क लिय शिकार का पता बतायगा। वही अकेला मुह ऊचा किय आकाश के दूसर सिर पर क्या उडता जा रहा है कौन उडत जा रह हैं—और अगर मुर्दे जीव की गध उड आती वही पहल पहल हवा म दो डन फला दगा, फिर आकाश म उडन लगगा—और तब एसा लगन लगगा कि निर्वाण प्राप्त करने के लिए य बड-बडे पक्षी किसी अदृश्य जगत की खोज म उडत जा रह हैं।

लकिन गिद्धराज उडा की बजाय महज झुक-झुककर उनको और झाक रहा

है। फातिमा जसी लडकी जो अकेली कछार पर बकरा ले आती है, सिर पर ब्याल लेकर खेतो म जाती है, जिसे भय डर छू नही गया है पटसन के खेत बडे होन पर या सुनसान खेता मे जब पटसन के बिरवे फातिमा के सिर से काफी ऊचाई पर चले गय हैं जब सामने मेड वाला रास्ता सिर पर माग की नाई, दोनो ओर पटसन क बिरवे घने वन का रूप ले लेते और बसे रास्ता पर फातिमा बकरे की रस्सी थामे अकेली चलती रही है—वही फातिमा तब डर गई। गिद्धो के राजा ने ज्यो ही धावा दया त्यो ही सोना बाबू का हाथ थामे उसन दौडना चाहा।

माना यह दरख्त कहानी का वह सदर डयोढी ह—यह दरख्त राक्षस जैसा सदर डयोढी के पत्थर पर है। सदर डयोढी तय कर जाने ही फूल फल राजकन्या मिल जाएगे। फातिमा उन फल फूला के लिए हिम्मत बटोर कर और उस अनोखे जगत के लिए सोना बाबू को ठेल ठालकर पछिया के पर मछलिया के काटे, आदमी की हड्डिया, चिडियो की बीट आदि पार कर जगल के भीतर चली गई। भीतर रग बिरगी छोटी छोटी चिडिया उड रही थी। परिंदे बोल रहे थे। तित-लिया उड रही थी। एक गिरगिट कलप्-कलप शब्द कर टहनिया स पत्तिया पर चढ गया और उनकी ओर देखने लगा। जगह बिल्कुल सुनसान है और सोना अपने को बिल्कुल निस्सग बोध करने लगा। कही भी किसी मनुष्य की आहट नही मिल रही है। कोई दूर लकडी काटता ही चला जा रहा है—उसी की आवाज सुनाई दे रही है। कान पसारो तो ढाक ढाल की आवाज भी सुनाई पडती। ऐसी जगह पहुचकर वे पहली बार एक दूसरे की ओर बरबस आखें उठाकर देखने लगे।

फातिमा न कहा, सोना बाबू मैंने आपको छू दिया है। घर जाने पर नहाना पडगा।

सोना ने मा क डर स कहा तूने मुझ छू क्या दिया?

—मैंन छुआ कि आपने? नथने पर कील क्या आपने नही देखी?

—मा सुनगी तो मुझे पीटेगी। सोना की आखा पर वह दृश्य अब तर गया। उस बरसात म। फातिमा के आचल मे उसने तितली बाध दी थी तो मा ने उसकी खूब पिटाई की थी। फातिमा की बातो से सोना को वाकई डर सताने लगा। कहा तू बताना मत। मैंने तुझे छू दिया है यह अम्मा से मत बताना।

—मैं काहे को कहू।

—कहने पर अम्मा जरूर मरी ठुकाई करेगी।

—अभी नहीं कहूंगी।

—तीन सच।

—तीन सच।

सोना मानो अब जरा निश्चित हो गया। फातिमा न बताए तो यह बात किसी को मालूम नहीं हो सकेगी।

चारों ओर बड़े-बड़े पेड़। अजीबोगरीब पेड़। झाड़ी झुरमुट लता लतर से कहीं-कहीं घना जंगल बन गया है। वे उस अरण्य के भीतर मौलसिरी का पेड़ ढूंढ़ते फिर रहे हैं। वे मानो कहना चाहते हों, वृक्ष, तुम इतने दिन तक किसके थे?

वृक्ष ने उत्तर दिया राक्षस के।

—अब किसके हो?

—अब तुम लोगों के।

—तो फिर तुम हमें फल दो। मौलसिरी का फल।

पग पग वे बढ़ते चले जा रहे हैं। जल्दी बढ़ नहीं पा रहे हैं। चारों ओर मानो जंगल का कोई अंत नहीं। इस जंगल के भीतर से मानो कितनी ही दूर बढ़ते चले जाना। पर वे नीचे सूखी घास पत्तियां। कितने लंबे अरसे से लोगों द्वारा वर्जित यह स्थान। वे कभी घुटनों के बल तो कभी कंटीले पौधों को पार करके छोटी छोटी कुलांचे भर रहे थे। और मन ही मन किस्से-कहानी की तरह कहना वृक्ष तुम किसके थे

—राजा के थे।

—अब किसके हो?

—अब तुम्हारे।

—तो फिर फल दो। मौलसिरी फल।

वृक्ष कभी तो राक्षस का है तो कभी राजा का। वृक्ष—ओह वृक्ष। वे वृक्ष वृक्ष कर चिल्लाने लगे। वे वन के भीतर हांक लगाते फिरते रहे। वे सिर्फ उस पेड़ की टोह में हैं। सबसे ऊंची शाख पर बैठे गिद्ध चीख रहे थे वन में विचित्र सारे शब्द उभर रहे हैं—घस्स घस्स—डालियों पर चिड़ियों की चहचह थी और थे दो बालक बालिका। वे मन में डर समोये मौलसिरी पेड़ के लिये चले जा रहे हैं।

और ऐन उसी वक्त उन्हें लगा वन के भीतर कोई या कौन सब हुम हुम् शब्द

बरत लगातार उनकी ओर बढ़ते चले आ रहे हैं। दादी के मुँह सुनी कहानी के भूत प्रेत या डायन डाकन की तरह। फातिमा ने फुसफुसाकर कहा, सोना बाबू वो सुनिए।

सोना एक मरे पेड़ के तने पर बैठा था। उससे अब चला नहीं जा रहा था। पैर दुख रहे थे। पैरों में काटे गड़े हैं। उसको लगा यह सब छोड़ छाड़ कर खुले मैदान में चला जा सकता होता तो अच्छा होता। लेकिन बेवक्त के मौनसिरी फल के लिये मन ही मन बड़ा शौक है। ले जा सकें तो बड़े दा मझले दा की आखें भरी हो जायेंगी। मुझको एक दे दे, सोना बड़ा नेक लड़का है दे दे, एक तो दे दे कहकर बड़े दा मझले दा उसके चारो ओर मंडराते रहेंगे। फातिमा भी बड़े अरमान लेकर इस वन में भाग आई है फल लेने के लिये लेकिन वन के भीतर वह हुम् हुम् शब्द क्रमश आगे बढ़ता आ रहा है।

जंगल के भीतर वे चुपचाप बैठे थे। उनके भीतर एक आतंक—अब की बार कुछ न के रहेगा। भागने में वे घने पेड़ पौधों के बीच लगातार खाते चले जा रहे थे। यह जंगल भीतर ही भीतर इतना बड़ा है यह उनको मालूम नहीं था। जंगल के भीतर दाखिल होते ही वह पेड़ सदर ड्योढ़ी के सिपाही की तरह उनके सामने खड़ा रहेगा और मौनसिरी फल से उनकी अंजुरी भर देगा ऐसी ही एक धारणा थी उन लोगों की। लेकिन हाय अब वे इतना भीतर घुस आए हैं कि किधर जाने में मैदान और परिचित पथ मिलेंगे यह समझ नहीं पा रहे हैं। फातिमा का चेहरा खुश्क सा लग रहा है। जंगल भर में वही आवाज घूमती फिर रही है। लग रहा है कि इस जंगल में कोई या कुछ प्राणी रह रह कर अचानक ही ठहाका लगा उठते हैं। दादी के किस्से की तरह मानो कोई कह रहा हो हाऊ माऊ खाऊ मानुस की बू पाऊ। वे डर के मारे, मौत के भय से आखें बंद किये सामने की घास फूस टहनी जंगल जो कुछ भी मिल रहा है सब-कुछ हटा कर दौड़ रहे हैं। लेकिन बाहर का खुला मैदान अब भी नहीं दिख रहा है। सूखी टहनियाँ चिड़ियों के पर मछलियों के कांटे और मनुष्य की हड्डियां पार कर बस भागते ही रहे। लेकिन सामने अब कोई रास्ता नहीं फिर पीछे की ओर भागो। लेकिन वह ठहाका पीछा कर रहा है तो करता ही जा रहा है। शाखा प्रशाखायें सांप जगत लाघ कर उनको पकड़ने के लिये चला आ रहा है। सूरज के अमित तेज जैसा ही वन के भीतर वह एक ठहाका पेड़-पालो तोड़-ताड़

कर दुम दाम शब्द करता उपत्त-पुयल मचाय फिर रहा है।

उस समय मदान म हुम् हुम् शब्द। राज राजेश्वर की जय। जय मनेश्वर की जय। जाने कौन लोग मदान से ऐसा महत हुय चल जा रहे हैं। सोना डर के मार पेड़-पौधा के भीतर छिप गया। और फातिमा भी जगल म मुह छिपा कर लेट गई। और मुह उठाते ही देखा कि झाडी की सध से खुला मदान दिखाई पड रहा है। करीब चालीस पचास लोगा का एक जत्था खुल मदान म चल जा रहा है। सोलह आदमिया ने बास म कटा भसा लटका दिया है। चार पर बध कटा हुआ भसा मरे हुए गाय-बछिए की तरह ही झूल रहा है। पट के बिलकुल बीचो बीच सिर रखा है। सिर म आखें खुली रख छोडी हैं और कान लटकत हुए। और फसल शून्य खेत देखते हुए वे चले जा रहे हैं। वे लोग जय मनश्वर की जय, जय राजेश्वर की जय कहते हुये चल जा रहे हैं। व दोना झाडी के भीतर मानो दम साधे पडे हैं। भयकर दृश्य अब केवल आखा के सामन तिर रहा है। उनके गले ऐसे खुश्क हैं कि वे आवाज तक नही दे सके। वे बोल नही सके कि हम झाडिया म फस गये हैं। किसी तरफ रास्ता ढूढे नही मिल रहा है कुछ देर और रहे इस तरह तो हम लोग मर जाएगे।

लोग कटा भैसा लेकर चले जा रहे है। पीछे जो लोग आ रहे हैं उनके सिर पर दाल चावल। एक समूचे भस का मास खान लायक दाल चावल सेर। व शीतलक्षा नदी के तट स आए है। पूजा का प्रसाद भसे का मास फेंका नही चाहिये। इसलिये शीतलक्षा के तट स य सब लाग आए हैं यह कटा भसा ल जाने के लिये। भसा लेकर वे पालकीवाला की तरह हू हुमना—दुल्हा के साथ दुलहिन जाय हू हुम ना मानो भसा के पेट पर कटा सिर जाय हू-हुम्ना करते जा रहे हैं। बडा ही भद्दा है यह दृश्य। मुडशून्य भसा पेट पर मुड लिये हिलते डोलते जा रहा है। उस समय जगल के भीतर डाली टहनिया तोडते-फोडते कौन रौदता फिर रहा है? ठहाके पर ठहाका। ऊची डाली पर गिद्धो की कराह झीगुर का तान और डालिया टूटने की आवाज—उन दोनो ने मारे डर के अब आखें मूद ली। क्योकि जगल के भीतर से वह ठहाका अब आकर उन पर टूट पडा है। उन दोना को सख्त दो बाहा स समेट लिया है। जमीन से ऊपर उठाये ले रहे है। मानो दो गुडियें हो। सोना चादी की गुडिया। वह देव दोनो कधो पर सोने चादी की दो पुत्तलिकाओ को बिठा वन से बाहर निकल आया। तब दोना

डियो की जान मे मान जानो आई और वे खुशी से झलमला उठे। दत्य भी नो इतनी सारी खुशी दोनो हाथा मे समा नही पा रहा था। चिल्ला उठा चोरेतुसाला।

उस समय भी ढाक वज रह हैं ढोलक बज रहे हैं। वास्तु पूजा खत्म होते ही ी पूजा का मेला है। मले की दूकान कटार से होकर जा रही हैं। कधे पर म लिये लोग जा रहे हैं। सिर पर तिरपाल ढो कर लोग जा रहे हैं। सुनहरे त वाली नदी म जान कितने सौदागरों न इस समय नाव खोल दी। बादबान न कर खाडी के रास्ते वे ब्रह्मपुत्र म जा पहुचेंगी। इसक बाद फिर मोड लेते ही ह विशाल थील—पाच कोस पर थील है। कूने का पानी थील म गिरता। ल पार करत ही मेला का थान है। बडे काठ का पुल पार करने ही थनेश्वर ा मदिर। मदिर के बगल म सकम का तबू ताना गया है।

पागल ठाकुर को अब वह थील याद आ रही थी। सोना और फातिमा का ाकर उन्होने मदान में छोड दिया। सोना का सारा भय डर हवा हो चुका है। ातिमा भी ही ही हस रही है। घर लौटन क लिये वे दौडन लग। बेला ढलने गी है—जाडे की बला। शम्सुद्दीन ढाका गया है। आज ढाका से लौटने की ात है। फातिमा तेज दौडने लगी। ढाका स अब्बाजान काच की चूडिया खरीद ायेंगे। लौटकर अगर उन्होंने फातिमा को घर पर न दखा तो बेहद खफा होंगे। ान की बालिया लाएगे। अम्मी के लिये धारीदार साडी। अब्बाजान वक्त वक्त ढाका चले जाते हैं। दो चार दिन के बाद लौट आते हैं। सयानी हो जान र फातिमा उस ढाका शहर म जाएगी। चलत चलत फातिमा न यह सब कह मुनाया।

सोना न कहा, मैं भी जाऊगा। बाबू ने कहा है कि बडे हो जाने पर मुझे भी ल जायेगा वह।

—अब्बाजान न कहा है कि मुये सदर घाट का तोप दिखायेंगे।

—बाबू न कहा है मुझे वह सदर घाट का तोप दिखाएगा। रमना का मैदान दिखाएगा। बूढी गगा के पानी म नहलाएगा।

—अब्बाजान ने कहा है कि पढ लिख लू तो व मोटर की सवारी कराएगे।

—बाबू ने कहा है कि कक्षा म अव्वल आने पर वह मुझे रेलगाडी पर बिठा कर ढाका ले जायगा।

—रेलगाडी छोटी होती है। गोना बाबू छोटी गाडी मे जायेगा।

—मोटर गाडी रेलगाडी से छोटी होती है।

—हा तुमसे बताया है जसे ? सोना के सामन जाकर फातिमा न मुह बनया।

—तू कुछ भी नही जानती छोकरी दू एक थप्पड।

—दे तो भला। थप्पड देंगे। आपकी मा स बताकर आपको पिटवा नही दूगी। वह दूगी कि सोना बाबू ने मुझ छू दिया है।

—मैंने तुझे छू दिया है यह कहेगी तू ?

—तो फिर मोटरगाडी को छोटी क्या कहत हैं ?

—फिर न कहूगा।

फातिमा ने दर नही लगाई। इस बाबू पर विजयिनी बनकर वह उल्लास स दौड रही है। सिर के बाल उड रहे हैं। कमर से धारीदार साडी खुली जा रही है। भागते भागते ही किसी तरह कमर से लपट ल रही है किसी कदर साडी सभाले परो म पाजेब बजाती दौड रही थी। परो मे पाजेब चादी के पाजेब क भीतर लोहे के छोटे छोटे दाने। फातिमा दौड रही थी और पर के पाजेब झम झम बज रहे थे। दौडती हुई दो बार पीछे पलट कर देखा। जरा भी हिल नही रहा है एक ही जगह खडे क्षोभ और दु ख स सोना बाबू बिदक रहा है। फातिमा विजयिनी की तरह पलट कर उछली चली, दा पग बढ कर फिर छलाग मारी उसने। फिर घूम फिर कर मदान म आतिशबाजी की चरखी जसी ही मदान म फिरकिया लगाने लगी। मानो एक चचल खरगोश ताजा घास का एक कौर खा रहा है और टो कौर जाया कर रहा हो। फातिमा मदान पर चचल खरगोश की तरह ही दौड रही थी। लेकिन मन ही मन साना जिस सोना बाबू के जिस्म से हरवक्त चदन का बास चिपका रहता जिस सोना बाबू का चेहरा घास जमा ही नम है कले के नन्हे पत्ते जसा ही जो शर्मीला हो वस को मदान म अकेला छोडकर जाने म फातिमा का दिल दुख रहा था। फातिमा जब खडी हो गइ। पीछे पलट कर उसन पुकारा आइए मैं ठहरती हू।

साना ने गुस्सा और खीझ से कहा नही मैं न जाऊ।

फातिमा न भी खुली आवाज मे कहा आप न आन पर मैं भा नहा जाऊगी।

दा जने दो सत के सिरे पर खडे रहे। सोना किसी कदर हिल ही नही रहा है। फातिमा भाग कर सोना के पास चली आई।—चलिय।

—नही, मैं न जाऊ।

—चलिए। मान लिया आपकी रेलगाडी ही बडी है। इसके बाद भी फातिमा ने और कुछ कहना चाहा था। पर कह न सकी। या मन के भीतर ऐसी बात भी झाकने लगी—मेले मे जाने पर हम लोग रेलगाडी मे जाएगे। बडी गाडी अगर न हो तो हम दोनो जाएगे बस। लेकिन फातिमा को यह प्रकट करने की भाषा ढूढे नही मिली। वह कुछ देर चुपचाप खडी रही। फिर सोना का हाथ थाम कर उसने कहा मुझे कार्तिक पूजा का एक छिराघट देंगे।

—दूगा।

—आइए अब खेतो मे दौडा जाय। एक दूसरे का हाथ थामे कुछ देर दौडने के बाद उन दोना ने देखा पोखर के भिंड पर मालती। उन लोगा ने झट हाथ छोड दिया। हाथ छोड दोनों दो ओर दौडने लगे।

वह जो ढाक-नगाडे बज रहे थे ढोलक बज रहे थे व रुक नही। पचास ढाक बजाने वाले लगातार गदन टेढी कर बजा रहे हैं तो बजाये जा रहे हैं। सरकार घरान की वास्तु-पूजा इस जवार मे मशहूर है। लोग-बाग की इतहा नही। नाते रिश्तेदार, गाव के लोग कुछ गरीब रियाए और सारे मातबर लोग हाथा म लाठी लिए घूम फिर रहे हैं। पोखर किनारे हजार-एक लोग होग—दूर दूर के गावो मे व लोग आए हैं। धोबी, नाऊ नमशूद्र। व पत्तल बिछाकर खिचडी खा रहे हैं। और मदान म भसा जा रहा है—माना पालकी लाद कहार जाते हो। मुसलमान गावा क निकट स जात समय वे शिव शकर की जय, राज राजेश्वर, यनेश्वर की जय ऐसा नारा लगाते चले जा रहे थे। पट पर अपना मुड लिये भसा चल रहा है। सता मे, मदान के घास पर बूद-बूद खून टपक रहा है—हम लागा का धम सनातन है इतना रहा भसा इस जवार म बलि नही चढाया जाता। इतना बडा खडग इस इलाके म किसके पास है। और इस धम जसा पूत-पवित्र और है भा। क्या—जय राज राजेश्वर यनेश्वर की जय। झील के बगल से जाते हुए ये लोग कटा भैसा बास से लटकाये जय ध्वनि कर रहे थे। झील म वे गरीब दुखियारे लोग, जो लोग कमलकद भसीड निकालने आकर जल के भीतर सफेद पडते जा रहे हैं—हाथ-पर ठडे—और जाडे स लस्त-पस्त हुए जा रहे है और जो लोग बीच-बीच म किनारे बठकर धूप ताप रहे थ, उन लोगा ने कगार पर देखा बूद-बूद पछिया के एक दल की तरह लोग कधो पर भसा लिए चले जा रहे हैं। लेकिन

ही मच्छ ने आकर उसके सीने पर धक्का मारा।

अब जलाली का दम घुटने लगा। पानी के भीतर वह अनिकाय मच्छ तडफडा रहा है। इस कारण पानी म भवर उठ रहे थे। और जल के भीतर जलज घास और लतर सरपत आदि उलट पुलट कर दुबली-पतली जलाली स लिपट गय। अतिम बार उसने ये घास लतर आदि के बधन स मुक्त होने के लिए दो बार कोशिश की और इस दौरान उसने एक डकार ले ली। बडी सी सास लने को होकर बहुत सारा पानी लील गई। फिर उठने को होकर जब नाकाम रही तो पानी के भीतर ही सास लेने की कोशिश म उस लगा सारी दुनिया का पानी पेट म भरता जा रहा है। जितना ही वह अधेरे म कुइ के लतरो और कमल के तना से अपने को मुक्त करना चाह रही थी और यातना से छटपटा रही थी उतना ही वे लाल लाल आखें बडी होते होते आग बन गइ। फिर फस्स् स बुझ जाने के समान, जल के साथ जल मिल जाने से जसा होता है बिलकुल वसा ही आग के वे दोना गोले जल के साथ मिलकर एक कुसुम सा रग लेकर थोडी देर तक उजागर रहे। फिर जलाली की प्राणवायु जब बुल्ला बनकर पानी के सतह पर आ गई तब वह कुसुम का रग भी नही रहा। गदला जल क्रमश थिरा जाने लगा। जलज जगल घोप वाडिया लतर घास आदि पानी के नीचे खामोश हो गये। अब वे हिल नही रहे हैं। उन लतर व घासो मे एक मनुष्य फस गया है। जलाली अब एक अजीब प्राणी सी लग रही है। उसके गदन व गले से लताय लिपटी हुई हैं। परो के नीचे और सीने के चारा ओर असख्य कदब पुष्प जसे जलज सिवार चिपके हुए हैं। जलाली पट पडी है। दोना पर ऊपर की ओर सिर नीचे की ओर रख किय। एक छोटी सी मछली रुपहली चिलक के साथ जलाली के नाक मुख और स्तन पर गुदगुदी दे रही है।

गजार मच्छ हिल नही रहा था। वह दूर पूछ ऊचा किये सारी घटना देख रहा है। जब उसने देखा कि वह अजीब जीव लतर सिवार म फसकर फिर हिल नही पा रहा है तब उसने विजयी की तरह अपने अडडे के चारा ओर चक्कर लगाया। फिर फुर्ती से डने हिलाकर तीर की नाइ दक्खिन की ओर भागन लगा। सभी को मानो यह सदेशा देना है—आकर देखो, अपने आवास पर मैंने एक अनोखे जीव को गिरफ्तार कर लिया है।

वह मच्छ इतना बडा है और माथ पर सेंदूर पुता हुआ लगता है—जाने

कितने दिना का प्राचीन मत्स्य हो। मच्छ के शरीर पर कितने ही मनुष्या के ताजिदगी काच या भाले के शिकार चिह्न हैं। मच्छ के दाहिने हाठ पर दो वुआर के कटिये लोलक जस झूल रहे हैं। मच्छ की देह पर कोच के छोटे छोट झाव। छून पर एक-दो नही कई टुकडे मानो उसक मास के भीतर स निकाले जा सकत हैं। वही मच्छ अब उल्लास और जोश म झील म जल भेद कर आसमान की ओर उछल पडा। इसके बाद किनारे खडे लाग जो पतीली अकेली वहती जा रही है देखकर हाय-हाय कर रहे थे उन लागो न देखा झील के जल मे एसा एक मच्छ नहीं, हजारो-लाखो मछलिया उस प्राचीन झील के जल का भेद कर आसमान की ओर जा रही हैं। और उतर आ रही हैं। भय और विस्मय से लागा न दखा अनत जलराशि के भीतर बडे-बडे राक्षसीय गजार मच्छ घडियाल जसे पानी की सतह पर उचक आए हैं। वे मानो सभी को चुपके से चेतावनी दे रहे हों—अरे भाइयो देखो, देखो हम लोगो का तमाशा दखो। हम जल के जीव हैं हमारा सारा सुख जल म है।

सूय अस्त जा रहा था। झील के जल म सूय का रग लाल है। आकाश म लाल रग। लोगा के चेहरा पर आग जैसा ही दमकता एक रग है। गरीब दुखियारे लोग लाचार-सा मुह बनाये खडे हैं। जाडा प्रचड ठड। उत्तरी हवा म सारा ठड इस झील पर चीटियां कर आ पडी है। पानी म गाता लगा-लगाकर उनके हाथ-पैर पत्थर पड गये हैं। वे एक साथ उन हजार-हजार गजार मच्छा का पानी फाडकर आसमान की ओर उछलना और फिर गोता लगाना दख रहे हैं। ऐसा होता है। वही प्राचीन बूढ़ा जिसके जिस्म पर प्राय कोई लिबास ही नहीं जो आग जलाने के लिए घास-फूस इकट्ठी कर रही है आग न जला सकने पर और अगाछा-सी तार तार साडी सूखा न ले सकने स जा इस प्रचड ठड म झील के किनारे ही मरी पडी रह जाएगी वह घास फूस म आग सुलगाकर फुसफुसी आवाज म कह रही है—क्या कुछ कह रही है कुछ पल्ले नहीं पडता सिर्फ मुख की ओर दखा तो कुछ भापा जा सकता—मानो उस यही कहने की इच्छा हो, अरे इसान के बेटो, इसान की औलाद तुम लाग इन मछलिया का खेल दखो। खुशी के दिन वे किस तरह एक साथ घूम फिर रहे हैं जरा देखो। ऐ लागो तुम्हे पता नहीं नूह नाम के एक पगबर न पानी म नाव डाला था। उस महाप्लावन के दिन की याद करो। शायद एसी ही सारी बातें घुमा फिरा कर बुन्या बताना

चाह रही थी। लेकिन यह गव न्हा का मतलब क्या है ? जमाली, जिसका ग्राविद है आविद अनी ओर जा गहोता राव का मानी है उसी की यादी इस वक्त पानी क नीच दा परिश्ता की रागनी को मुतजिर है उसक लिए उस महा प्लावन की खबर क्या मायन रखती है। निराशा किसी न भी पूजा की आर फिर न देखा। सभी ठन्ड म उस आग क लिए गसताप। सभी लाग सहसा जमाली के डूब मरने की घटना को भी भूल गय। व सब अना लिए ही व्यग्र हो उठ। झील क किनार स घास फूस लाकर सूखी हुई पास-पत्ती-टहनी झाड़ ना कर क्वार कर वे आग म झारन लग गय। झील म क्रमश सूय डूबता जा रहा है। इस किनारे आग अब लपलपाती गिर क ऊपर उठकर आसमान छू देना चाहती है। कसी लपलपाती जीभ है। उस आग की प्रचड गरमाई पाकर लगा कि य हजार मछलिया झील की ओर चली जा रही हैं।

उस समय तट पर विशालकाय पागल ठाकुर खड़े हैं। आग देखकर सर्दी दूर करने क उस ओर नही लपक। केवल हाथ मसलकर उन्होंने कहा गत्चोरेत्साला। क्योंकि झील म आदमी डूब गया। दो कमर कलियां नीच आदमी डूब गया। डूब डूबकर कमलक्द उखारने म फिर वह आदमी ऊपर नहा उठा।

सर्दी की वजह स किनार क लोग आग को घेरकर गाल बनाय खड़ हैं। झील की वह पतीली अब हिल नही रही है। हवा ठण्ड हो गई है। दूर कमल क पत्तो क बीच पतीली बहते-बहते ठहर गई। झील के जल म सूरज डूब रहा था इस कारण क्रमश जल रक्ताभ, फीका रक्ताभ फिर और फीका पडते पडते बिल्कुल नीलाभ हो गया। नीला स हरा और बाद म काला जल। अब यह अनत जलराशि स्थिर सी लग रही है। पानी म कोई बुल्ले नही। सर्दी स सहमकर मछलिया भी हिलन डुलने की हिम्मत नही कर रही हैं। पागल ठाकुर ने किनारे खडे होकर फिर उच्चारण किया गतचोरेत्साला।

भसे का कटा मुड उसी प्रकार झील म पडा रहा। जो लोग कटा भसा लेकर शीतलक्षा की ओर जाएगे उनके लिए शायद यह कटा मुड कतई लुभावना नही। यह मुड इधर उधर कही गिरा ही देना चाहिए। भसा का सभी मास कोई खाने लायक होता नही। फिर भी लेना ही पडता है। प्रसाद छोडना नही चाहिए। मुड लेने पर दाल चावल की तादाद बढ जाती है। इसलिए इस झील के भीतर भसा के कटे मुड ने आग की गरमाई से दोनो कान खडे कर लिए। अहा, जाने

कब जाड़े के सवेर इस अवाले नन्हे पडव को नहलाया गया था, तेल सेंदूर माथे पर चुपडकर ताजा घास खाने को दिया गया था। गले म कनर की माला। पैरा म लाल अडहूल की माला बिलकुल घुघरु जसी। मानो धमक्षेत्र म यह भसे का बच्चा अब मृत्यु नत्य नाचेगा।

भसा का यह बेजुबान बच्चा जाडे की सुबह नहाकर यूप के पास लेटा था। ठड के मारे हिल नहीं पा रहा था। राजा की तरह ही उसकी खातिरदारी। छोटे छोटे नन्हे मुन्ने नय कपडे लत्ते पहिनकर या खूबसूरत कमसिन लडकिया नए फ्राक पहनकर उसके सामन घास रख गय हैं। सारी सुबह उस कितना लाड दुलार मिला था। बूढ़े पुरोहितजी सिर पर बडी मो चुटिया चुटिया म रक्त जवा बाध सर भर घी लेकर जा बठा तो उठा ही नहीं। भसा के गल-गदन म घी मलत हुए वह चवर चवर पान चबा रहा था। गले गदन म घी मलकर मास का भीतरी हिस्सा नम किय दे रहा था। कहीं खडग अटक न जाय। सफल बलिदान के लिए कितनी जानतोड कोशिश। लेकिन इसस क्या होता, भसे की प्राणवायु गल म अटकी हुई। कोई भी खाना बस्वाद। ढाक-ढोल के बाजे गाजे स धूप गुग्गुल के सौरभ स, चदन क वास स, फूल बलपत्ती की गध स और बीहड ठड स वह भसा दिन भर बठा निष्प्राण था। अब जरा सी आग की गरमाई पाते ही कट मुड ने कान खडे कर लिए। यह सब देखकर पागल ठाकुर स बिना हसे और बिना कहे रहा नहीं गया—गतजारेतमाना।

उस समय गाव गाव म खबर फल गई—इस साल भी झील के पानी म आदमी डूबकर मरा है। ऐसा कोई साल नहीं गुजरता जब कोई न कोई आदमी इस झील क जल म डूबकर न मरा हो। किवदन्ती की धारा का माना चालू रखे हैं। लिहाजा चारा ओर खबर चली गई—इस फाओसा की झील म जो बील विशाल है जिस बील की थाह नहीं ढूढे मिलती जिस झील म चलने पर लोग रास्ता भटक जाते हैं उसी झील म इस साल आबिद अली की बीवी जलाली डूबकर मर गई। टोडर बाग का आबिद अली बरसात म चला गया था गहोना नाव खेने अभी तक लौटकर नहीं आया। जब्बर बाबुरहाट गया है। इसलिए किसी को भेजा जाय वर्ना झील म लाश उठाई नहीं जा सकेगी। कहा किस पानी म वह डूबी पडी है या किंवदती का वह राक्षस जलाली को लेकर कहा गायब हो चुका है कौन जाने।

गीत वाले लोग आग बुझ जाने के बाद अपने अपने गाव की ओर रवाना हो गय। अब झील पर जुहाइ उतर आएगी। सारी झील रात भर जुहाई म डूबी रहेगी। पतीली तरते तरते कभी ओझल हो जाएगी। बयार चलने पर वही पहाड जसी काली चीज थील के नीचे से ऊपर उझक आ सकती है। कौन सी चीज है कौन सा जीव, वहा उसका निवास है—दैत्य दानव ह या और कुछ यह समझना मुश्किल है। किसी किसी ने उस जीव को देखा है ऐसी एक प्रचलित धारणा है इस इलाके के लागो म। झील के किनार किनारे चलन पर ही यह बात याद आ जाती है। इतनी बडी झील और काला जल देखकर मानो कुछ भी अविश्वास नही किया जा सकता। प्राचीन झील—कहावत है कि नवाब इशा खान इसी थील म सोनाई बीवी का लकर मारपखी नाव म कितनी ही रातें कलागाछिया के किल की ओर मुह किय बठ रहते थे। बाद राय केदार राय ने कलागाछिया के किल को नष्ट भ्रष्ट कर दिया है। सोनाई का उद्धार करन हर जल म सप्त डोगी चल पडी—सोनाई के उद्धार के लिए सात सौ मकरमुखी जहाज जल पर बादवान तान दिये हैं। वृद्ध इशा खान के मुख पर फकीर दरवश की तरह लबी दाढी। उसके सिर पर सोन का झालर कमर म तलवार और पीछे काले रग के बुरके म प्रतिमा सी सोनाई सोनाइ बीवी—दोना आखाकी दृष्टि टक टकी लगाये सामने। वे झील मे छिपे हुए थे। इस रूपोश रहने की तस्वीर किंवदन्ती के गीत जसा ही विश्वास म बदल चुकी है। इसलिए तमाकू पीते हुए फेलू ने सोचा जलाली अब किंवदती क देश म जियाफ्त खाने चली गई है। नवाब इशा खान सोनाई बीवी वह पहाड जैसा देव और थील के हजार हजार राक्षस सरीखे मजार मच्छ फरीश्त सभी नूर म पानी के नीचे राह दिखाते जलाली का नवाब के महल के जनानखाने म ले जा रहे हैं।

इस समय केवल पागल ठाकुर ही किनारे अकेले खडे हैं। शुरू म पतीली जिस जगह थी और जिस जगह जलाली न डुबकी लगायी थी उस ओर वह टकटकी लगाय देख रहे हैं। दाहिने ओरकी बसवारी पार करने म उतरकर पानी म जाना पडता है। कमल की दो बडी कलिया पानी स ऊपर निकल आई हैं और ऐन उसी के पास आखिरी बार डुबकी लगाकर जलाली फिर उठ नही सकी है। पतीली बहती हुई दूर निकल गई सो दिखाई नही पडी। जुहाई म सब कुछ ओझल है। बिलकुल परो के नीचे ही वह कटा मुड है। कटा मुड मुह बाय पागल ठाकुर की

ओर देख रहा है। मानो कुछ कहना चाहता हो। रक्तबीज का वश है। जहा कही भी खून का एक कतरा गिरा वहीं वह रक्तबीज दैत्य हजार-हजार लाखो लाख पदा हो गये। रक्तबीज असुर मा ही यह कटा मुड मानो प्राण पाये जा रहा है। पागल ठाकुर हैरत स देख रह थे देखते देखते उनको लगा भैंस का मुड उनसे प्रश्न कर रहा है क्या देख रहे हो ठाकुर?

पागल ठाकुर बोले मैं झील पर जुहाई देख रहा हू।

—ठाकुर जुहाई के अलावा और क्या देख रह हो तुम?

—तुमको देख पा रहा हू।

—मैं कौन हू?

—तुम एक बेजुबान जीव भसा हो।

—क्या भसा म प्राण नही होता ठाकुर?

—होता है।

—तो फिर तुम लोगो ने नाहक मेरी हत्या क्या की।

—तुम्हारी हत्या नही की गई है दवता क नाम तुमको उत्सग कर दिया गया है।

—कौन है वह देवता?

—देवता विश्व का नियत्रण कर रहे हैं। प्रकाश दे रहे हैं फूल खिला रहे हैं। ससार के तमाम पापो को पोछकर सबके घरो म पुण्य दे रहे हैं।

—क्या और भी कुछ नही कर रहे हैं?

—और भी बहुत कुछ कर रहे हैं। जीवो का पालन पोषण सृष्टि स्थिति लय सब उन्ही क हाथो म ह।

—तो मैं केवल एक निमित्त मात्र हू। भोग का निमित्त।

—निमित्त मात्र। भोग का निमित्त।

भैंसा इस बार हस पडा।

पागल ठाकुर ने कहा तुम हस क्या रहे हो?

तुम्हारी बातें सुनकर ठाकुर।

पागल ठाकुर अब बडे दुखी दिखाई पडे। व भसे की ओर देख नही पा रहे हैं। ताकते ही फिर हस पडेगा। वे दूसरी ओर ताकत रह। दो कमल कलिया के नीचे जलीली डूबी हुई है देखत रह। सामने केवल जलराशि है। हवा चलने

के कारण अब उसम लहरें हैं। जल का शब्द बिना निरता आ रहा था दूर ग ढाक ढोलर की आवाज उसी तरह तिरती आ रही है। कुछ गुम गुम शब्द जगा ही। माना आधी आ रही हो। या लगता है हजार वर्षों स वह राग झपटता आ रहा है। राजपुत्र के हाथा म है पक्षी। राजपुत्र न पक्षी क डन तोड डाल हैं। गिरते पडत वह हजार-लक्ष राक्षसा का दल राजपुरी की ओर झपटता आ रहा है। कान पसारो तो लगेगा कि वे राक्षस अनतराल म गस्त म पक्षी का सहू पीन की लालच म लपकत आ रहे हैं। पक्षी राजपुत्र के हाथा म है। म र्जी मुताबिक डन पर और मुड उखार दने ग ही सब कुछ समाप्त हा जायगा। लकिन हाथ राजपुत्र पत्थर का है पक्षी भी पत्थर का है। सुनो राजपुत्र रात क वक्त हाथ म पक्षी लिए सपना देखत-देखत पत्थर बन गय हैं।

भस ने कहा क्या ठाकुर इधर ताकते क्या नही ?

पागल ठाकुर न जवाब नही दिया।

—ठाकुर तुम मामूली कटे मुह की हसी नही बरदाश्त कर पाते हो भला बताओ मैंने खाडे का वार कस पेन लिया।

पागल ठाकुर ने कहा देखो जी मैं तुमस कुछ भी कह नही रहा हू। मरे पीछे मत पडो तुम।

—ठीक है। तो फिर मैं उडान भरता हू। कहकर उस मुड न अपन दोनो आर क्षणभर म दो डन उगा लिये फिर झील क ऊपर उडने लगा।

—अरे यह क्या करते हो क्या करते हो। पागल ठाकुर मुड पकडन दौड।

—क्या मैं क्या तुम्हारे भगवान से इस वक्त कुछ बुरा दीख रहा हू। चमगादड सा दीख रहा होऊगा। बडा चमगादड सा। वह कर भस का मुड पागल ठाकुर के सामन पडुलम की तरह डोलते हुये बोला कसा लगता है देखन म। चमगादड जसा न ? लाख-लाख वष पूव धरती पर एसे ही चमगादड थे। अब वे नही रह। अन्य अतिकाय रेंगनवाले जानवर आकर उनको खा गये। लेकिन वे कुछ भी किये हो तुम लोगो की तरह धम का नाम लेकर ढोग नही किया। सारे बुरे कामा को ईश्वर के नाम पर चालू नही किया।

कटे मुड का क्रिया कलाप देखकर पागल ठाकुर बेहद चिढ गये। बेहद परेशान कर रहा है यह मुड भलेमानुस पाकर। वे किनारे किनारे चलने लग—लेकिन अजीब बात है भसे का वह कटा मुड अपने दो बड डने लिये उनकी आखो के

सम्मुख पडुलम सा लगातार डोल रहा है तो डोल ही रहा है। कोई मानो एक अदृश्य धागे से भसे का मुड बाध आसमान से छोड दिया है। पागल ठाकुर सामने चल रहे हैं तो भसे का मुड क्रमश पिछडता जा रहा है। पागल ठाकुर पीछे सरकते जा रहे हैं तो भसे का मुड फिर आगे बढता आ रहा है। अजीब परेशानी हो गइ। वे इस भयकर दृश्य से छुटकारा पाने के लिय दौडने लगे। एक बार सामने तो एकबार पीछे। मानो अकेले ही वह मदान मे धर पकड का खेल खेल रहे हो। कभी उत्तर तो कभी दखिखन, कभी पूरब तो कभी पच्छिम जिधर भी वे जा रहे हैं भैंसे का मुड उनकी आखो मे सामने अतिकाय चमगादड बना झूल रहा है। कभी तो वह मुड हस रहा है तो कभी रो रहा है। कभी कह रहा है साली मनुष्य जाति जसी कमीना जाति कभी नही देखी जो। अपनी खुशी मुताबिक ईश्वर का नाम ले मुझे काट इस झील के किनारे फेंक दिया।

पागल ठाकुर जसे व्यक्ति को भी डर लगने लगा। वे सब भूलभाल कर मदान भर म दौडते रहे। और अतिकाय चमगादड के प्रति वही एक चीख—गत्‌चोरेतसाला।

ढाका से लौट कर ही शमसुद्दीन ने सुना जलाली पानी म डूब गई है। गाव का कोई भी खोज तलाश करने भी नही गया। फटपट अपने दल के साथ वह मदान मे निकल पडा। दो आदमियो को उसने दो जगह भेज दिया। एक आबिद अली को तो दूसरा जब्बर को इत्तला करने चला गया। अपने जत्थे के साथ झील तक पहुचने म उसने काफी रात कर दी। किनारे पहुच कर ही उन लोगो ने देखा मदान भर म कोई दौडता फिर रहा है। देखने से यह मामला कुछ भुतहा सा लगता। लगता कोई जिन या भूत ईश्वर के भय स बौराया भाग-दौड मचाये है। शमसुद्दीन जसा शख्स भी सकपका गया। दल के लोगो ने कहा, भाई शामू चलें भाई। किसके नसीब म क्या है कुछ कहा नही जा सकता।

शामू ने अब चिल्ला कर कहा मदान म कौन जागता है बताओ।

जबाव म वही परिचित शब्द गतचोरेतसाला। मदान मे मनुष्य जाग रहा है। लोगो की जान म जान आई। भूत प्रत जिन-परी देव दानव का डर उनको नही रहा। शामू ने चिल्लाकर प्रतिध्वनि की बडे मालिक मैं शामू हू। आबिद अली की बीबी जलाली पानी म डूब गई है। उसको हम लोग निकालने आए हैं।

इसलिये किंवदंती वाला भय उनका क्षण भर में जाता रहा। वे अब अलग और मथर कदमो से जल के पास उतर गये। जो लोग झील में कमल-कंद निकालने आए थे उनमें से दो एक जने साथ हैं। उनमें से एक को लेकर शमसुद्दीन झील के किनारे किनारे चारो ओर घूमने लगा। उन लोगो ने जलाली को आखिरीबार कहा देखा है और उस समय क्या बजा था इसका एक अदाजा लगाना चाहा शामू ने। हाशिम की बडी नाव पानी के नीचे से निकाल लाने के लिए कुछ लोग चल गये। नाव आते ही पानी में तलाश करने में लग जायेंगे। जलाली के कपडे पानी में तर रहते हैं फूल कर कुप्पा बन जाने के बाद जलाली पानी के ऊपर आ जा सकती है।

लेकिन नाव लेकर मजूर लौट आया जब जयनाल गलही पर खडा लग्गी मार रहा है और नाव पर लगभग पच्चीस तीस लोग झील के पानी में लहरें उठ रही हैं—कमल के पत्तो पर किसी गंग-पतिंग की तान रात भीगती जा रही है लेकिन जलाली का कोई अता-पता नही लग रहा है तभी लगा दूर में कुछ तैरता चला जा रहा है। झील के भीतर दाखिल हो उन लोगो ने वह पतीली देखी पतीला में कुछ कमल कद कमल कदो पर छिटकी हुई चादनी जादूभरी। दिन भर डुबकी लगा लगा कर जलाली ने आठ दस कमल-कद इकट्ठे किये थे। कमल कदो के बीच एक बडी सी सीपी—सीपी देखते ही बडी सीपी देखते ही पानी के नीचे सपने उभर आते हैं—अगर सीपी में मोती हो। शायद जलाली ने पानी के नीचे सपना देखा था, बेगम बनने का सपना। झुककर पतीली को पटोरी पर उठाते समय शमसुद्दीन ददभरी आवाज में बोल पडा चाची तेरी दुनिया में अब कौन कौन जाग रहे हैं।

जल से कोई जवाब नही आया। उसने इस बार चारो ओर देखा। झील के किनारे छोटे छोटे गाव बसे हुये। गरीब दुखियारो के निवास। गावो में जो मुल्ला मौलवी हैं मडियो में उनका सूत या पटसन का कारोबार है। और हैं हिंदू महाजन। और हक साहब का ऋण पंचायत बोर्ड। लोगो ने आत्मरक्षा का गुर धीरे धीरे जान लिया है। उसने बाकी सारे लोगो की ओर मुखातिब होकर कहा तो फिर वह मिल नही रही है।

किसी ने भी कोई आहट नही दी। देते ही शामू उन लोगो को पानी के नीचे गोता लगाने के लिये कहेगा। इस जाडे में पानी में उतरने पर सर्दी से जकड

जायगा। उनका कुछ निश्चय ना देख शामू ने कहा, खैर, आप लोग नाव पर रहे, पानी म गोता लगाकर मैं ही देखता हू। कहकर, उस कमल कद उखाडने वाले दल के आदमी न जलाली को जहा आखिरी बार देखा था, शामू ने अगोछा पहन कर वही गोता लगाया।

झील मे इतने सारे लोगो का देखकर ही शायद भैसे का मुड आखा के ऊपर से अन्तर्ध्यान हो गया। पागल ठाकुर को सोचने के लिय थाडी सी फुरसत मिल गई। उन्होंने सोचा, ऐसा क्या हुआ? एक मामूली बेजुबान प्राणी का इतना रोष। वे उस रोष स बचन के लिए चटपट शामू वगरह की नाव की ओर चलने लगे। नाव पानी पर एक ही ठौर पर ठहरी हुइ है। और एक आदमी अकेला पानी म तर रहा है। पानी म डुबकी लगा रहा है। भय खौफ की परवाह नही कर रहा है। इतन सारे लाग नाव पर खडे तमाशा देख रहे हैं। और एक आदमी जाडे की रात म सेवार म फस जायगा। कौन है ऐसा मूरख आदमी? पागल ठाकुर बिलकुल पानी के पास जाकर खडे हो गय। जलाली जहा डूब गई है उसस कही दूर वे तलाश कर रहे हैं। शामू के इस नाहक परिश्रम से पागल ठाकुर को गुस्सा आ रहा था। इसके अलावा अकेले अकेले मदान म घूमा पर फिर भैसे के चगुल म फस जायेंगे सोचकर किनारे खडे हाकर उन्होंने ताली बजाई। तुम लोग मुझे नाव पर उठा लो—ऐसा ही कहना चाहा।

मजूर ने पटौरी पर खडे हाक लगाई कौन मनही ताली बजा रहा है?

कोई जवाब नही। बस कोई झील के किनारे खडा ताली बजाता जा रहा है। उसको अब समझने म दिक्कत नही हुई कि ठाकुर कोठी का पागल ठाकुर ताली बजा रहा है। नाव पर सवार होने के लिये ताली बजा रहा है। मजूर ने अब चिल्ला कर कहा ठहरिये मालिक आ रहा हू।

नाव किनारे के पास आन पर कहा तो पागल ठाकर नाव पर उठ आयेंगे लेकिन ऐसा न कर वे पानी म कूद पडे और उन दो कमल कलियो की ओर फुर्ती स बढन लग। पागल मानुस के लिये सर्दी गर्मी सब बराबर है। शायद यह आदमी बिलकुल बौरा गया है। वे सभी को पीछे छोड उन दो कमल कलियो की ओर एक बडे सफेद राजहस की रफ्तार से चलने लगे। लहीम शहीम आदमी, एसा आदमी इस इलाके म ढूढ निकालना मुश्किल है। जसा गराडील वसा ही असीम शक्तिधर है यह आदमी। किंवदती के सारे दानवो का ठेंगा दिखा कर वे दो कमल कलिया

वे बीच गोता लगा गये। सेवार लतर कमल नाल सब कुछ नाच नाच कर जलाली की दुबली सी लाश को वह निकाल ले आए। फिर बाल पकड कर वह पानी पर तरते रहे। तीर की गति से वे तर रहे हैं। लोग बाग भय विस्मय स कोई शब्द भी नहीं कर पा रहे हैं। मानो एक पीर ही यह पागल मनही माना किसी दर गाह का पीर हो। सभी को विस्मित कर जलाली की देह को कधे पर डाले पानी हलत हुये वे ऊपर उठ गये। किसी ओर नही देखा। कधे पर मतदेह सामने फसलो स शून्य खेत आकाश मे कुछ तार दमक रहे थे और दूर उसी प्रकार नगाडा बज रहा है। पागल ठाकुर को सहसा लगा कि वे जलाली को लेकर नहीं चल रहे हैं। मानो वह फोट विलियम दुग हो दुर्ग के शीष पर कबूतर उड रहे हैं और रपट म बड बज रहा है। इस समय ढाक नगाड का वादन सुनकर व यह सब याद कर पा रह हैं। उनक कध पर जलाली नहीं युवती पलिन है। पलिन को लेकर वे चल रह हैं। यह फसलो स शून्य खत नहीं—यह मानो वही रपट हो। बगल म दुग। अग्रेज सनिको क एक दल के कवायद की आवाज वे पीछे स पलिन को छीनने के लिय दौडते आ रहे हैं। यह सोचकर पागल ठाकुर दौडने लगे।

उन लोगो ने देखा व खतो म स भागत जा रहे है। व पागल मनही हैं जलाली को लेकर जान कहा चल जायें। इसके अलावा वे विधर्मी है। एस आदमी क कधे पर मत जलाली। वे दौडन लग। मत जलाली को लेकर वे किसी दूसरे मदान म या नदी के उस पार चल जान पर इसलाम का गुनाहगार बनन स बचाव नही। इस समय जलाली की शकीअत के मुताबिक आबिद अली भी नहीं देख सकेगा। और इधर यह पागल मनही विधर्मी आदमी सब लोगो को पीछे छोड खतो म भागत चल जा रहे हैं। वे फुर्ती से लपक कर खेत के बीच पागल ठाकुर को घेर लिये। धीरे धीरे वे पागल ठाकुर के नजदीक होने लगे। वे उनको समझने नहीं दे रहे हैं कि वे जलाली को कधे से उतार लने के लिये धीरे धीरे आग बढ रहे हैं। उन लोगो का यह इरादा अगर वे ताड गये तो व भागने लगग। जिस तरह किसी हेमत की तिजहरी म मुडापाडा का हाथी लकर खुले मदान म निकल पडे थे।

वे उसे घेर कर चारो ओर चौकस निगरानी रखे रहे। शामू ने नजदीक जाकर कहा चाचो को दे दीजिय।

अजीब माजरा। बिलकुल सूझ बूझ के हैं वे। बहुत धीरे धीरे मानो बीमार

काहिल आदमी को कधे से उतार रहे हो। धीरे धीरे उन्होंने जलाली को लिटा दिया। लिटा देते समय जलाली ने भल भल ढेर सा पानी उगल दिया। बदन एक सफेद। पुतलिया निश्चल। टकटकी लगाये सबको देख रही है। शरीरपर साडी ढीली हो गई है। शामू ने धाती खोलकर पानी निचोर डाला। फिर साडी से लाश ढाप दी। इसके बाद जलाली से किसका क्या रिश्ता है कौन इस लाश को ढोने का हकदार है। यह सब सोच विचार कर उसने चार-पाच लोगो म लाश को बाध डालने के लिये कहा। एक बास के साथ बाध कर, जिस प्रकार बाम मे साथ कटा भैसा बाधकर वे लोग ले जा रहे थे और जय यनेश्वर की जय कहकर जयकार कर रहे थे, उसी प्रकार वे लोग अल्लाह रहमाने रहीम कहकर खेता म से चले जा रहे थे।

कमन कद उखारन आकर आबिद अली की बीवी पानी म डूब कर मर गई। किवदती के देश म जलाली शहीद हो गई। इसीको लेकर साल भर उत्तेजना बनी रहगी—जिस तरह रसो और बुडी जान किस साल पानी म डूबकर मरी थी किसी को भी पता नही लगा था लेकिन हेमत की एक साल को उनके ककाला का आविष्कार कर इस इलाके के लोग विस्मित रह गये थे। इसी के बाद इन की गप्पबाजी। अनपढ या अधपढे लोग, जब रात उतर आती है, जब कोई जगा हुआ नही रहता, तब इस जवार की झील बावडिया, मरघट या कब्रिस्तान की अलौकिक घटनाओ का लेकर डूबे रहते और एसा ही विश्वास लिये जिदा रहना उनको सुहाता है।

वे जितना आग बढ रहे थे उतना ही ढोल-नगाडे की आवाज स्पष्ट होती जा रही थी। रात भर य ढाल-नगाडे बजते रहेंगे। हैजक की रोशनी इस समय मार मदान भर म और बीच बीच म आतिशबाजी भी जलाई जा रही है। आसमान म हवाईबाजी। मालती की आखो म नीद नही आ रही थी। त्योहार के चावल केले रेवडी बताशे फूल फल से पेट भरा हुआ। फिर खिचडी और खीर। बडी बहू ने एकबार अलग बुलाकर मालती को खीर खाने को दी थी।

मालती रजाई कथरी के नीचे लेटी खिडकी स खेता पर फली चादनी देख रही थी। वास्तु पूजा की रात चादनी बडी रहस्यमय होती है। मानो कोजागरीलक्ष्मी पूर्णिमा हो। आतिशबाजी और लइया और नारियल के लड्डू। खाने-खात अघा जाओ। इसी चादनी म झील के पानी म जलाली डूबी हुई है। सोचते ही मालती

को घुटन महसूस होती। वह उठ कर बैठ गई। वे अब भी आए नही। अगर आते तो क्छार पर उनकी बातचीत सुनते ही पता लग जाता कि जलानी दूके मिल गई है कि नही।

काफी कोशिश करने के बाद भी मालती सो नही सकी। रजाई आगे अजीब खामोश उदास भाव लिए वह खिडकी के पास बठी रही। दिन भर बडी तवालत गुजरी। नवद्य सजाने के लिए पीतल की हडिया धो माज कर साफ-सुथरी करनी पडी। नरेनदास की तरह-तरह की सनक है। यह वास्तु पूजा जमीन के लिए फसल के लिए है। प्राणा से भी अनमोल है यह फसल। इसलिए कही कोई खामी रह गई तो खरियत नही। *व्यावहारिक आदमी नरेनदास न एस दिन अमूल्य तक* को छुट्टी दे दी है। भोर सवेरे उठकर मालती ने दूध के बरतन पीतल की हडिया धो माजकर साफ की है। फिर सारा दिन खेत और घर। वास्तु पूजा खेत म होती है। सब कुछ खेत म ले जाना पडा है। फिर खेत स सब कुछ लादकर घर लाना पडा है। सारा काम अकेले इन हाथा स—हा शोभा और बाबू ने थाडी सी मदद की है। अमूल्य दोपहर तक था उसके बाद वह अपने घर चला गया है। इसलिए मालती को शाम तक दम लेने की फुरसत नही मिली। इसलिए हाथ पर धोकर वह झटपट लेट गई है सोने के लिए। लेकिन हाय रे तकदीर आखा म नीद ही नही। जान कौन सी आशा दिल पर दस्तक देती रहती। जी चाहता है ऐसी चादनी छिटकी रात म चुपचाप अकेले मदान म खड रहो। बगल म केवल एक दिलवर रहे। अपना दिलवर वह खुदगज दत्य उस याद आ गया।

उसका वह दत्य दिनभर खत खेत म प्रसाद खाता फिरता रहा—एक बार भी मालती की पूजा देखने नही आया। वह सरकार घर की वास्तु पूजा देखन उसी के खेत के बगल से चला गया लकिन ऐसी नम निष्ठा वाली पूजा देखन नही आया। भीतर ही भीतर वह क्षोभ स मरी जा रही थी। मानो इस मनहीपर खफा होकर ही वह दिनभर लगातार काम करती रही है। क्षोभ की यह जलन बडी भयकर होती है। मन ही मन वह क्लेश से तडप रही थी। उस शख्स क मन म बहुत ज्यादा घमड है। देश का काम करता फिरता है तो अहकार के मारे जमीन पर पर ही नही पडते।

खेतो पर इस बक्त चादनी की बाढ आई हुई है। सारे पेड पालो सफद हो गय हैं। कही पर तनिक सा भी अधियारा नही। एसी चादनी मानो मुद्दत से नही

छिटकी। ऐसी चादनी म आखो म नीद नही आती।

मालती को शुरू शुरू मे लगा था कि ज्यादा खा लेने स दम घुट रहा है और आखो म नीद नही आ रही है। या तो क्षोभ और अभिमान से नीद नही आ रही है या उस मनही को अति निकट पाने की इच्छा हो रही है। इसीलिए यह तडप, दिल म एक अजीब तिलमिलाहट। कभी-कभी दिल धडक उठता। शायद वह आ गया। चुपके चुपके उसकी खिडकी के पास आकर खडा हो गया। लेकिन नही, कोई नही आया। कोई आयेगा भी नही। सिफ अकेले जागत बठे रहना। मालती फिर लेट गई। दिगत तक खेत जुहाई से प्लावित हैं। उसके मुख पर जुहाई की लुनाई आ पडी है। उसने अपनी गदन गला छू छूकर देखा। कितनी कोमल त्वचा है। कितना मनोरम है यह शरीर। भीतर ही भीतर वह कसमसा रही है। रजित को भूलने के लिए उसन पति की याद करन की कोशिश की। पति के साथ सभोग का दृश्य सोचन की कोशिश की—ताकि मन के भीतर की कुलबुलाहट शात हो जाय। लेकिन वही पुराना दृश्य, एकरस दृश्य लेकर जिदा नही रहा जा सकता। सभोग के पुराने दृश्य अब कोई उत्तेजना पदा नही करत। मन ही मन उसन सोचा, नही इस समय कही भी कोई चादनी नही। उसने समूची रजाइ को अपन सिर के ऊपर से चारों ओर फला दिया और भीतर अधेरा कर दिया। अब मालती के चारो ओर अधियारा है। शहर के दग न उसका सारा सपना खत्म कर दिया है। नए तौर स सपना देखना उसके लिए पाप है। इस पाप के भय स मालती न रजाई के नीचे मुह छिपा लिया, अधेरे म अगर खुद व खुद पाप करत फिरो तो किसको पता चलेगा। पति का मुख जब किसी कदर याद नहा आ रहा है पुरान सभोग का चित्र जब आखो पर कैलेंडर के पन्न की तरह रोजमर्रे का बन चुका है तब अधेरे म नुकीली सुदर उगलिया का स्पश शरीर म रोमाच ला रहा है। उगलिया शरीर के भीतर तरह-तरह का पाप करती फिर रही हैं और शरीर में आवेश ला रही हैं। सती-सावित्री जसी पुण्यवती न होकर मन ही मन अधेरे के भीतर रजित नामक एक युवक के स्मृतिभार से अपन शरीर के भीतर पाप का ढूढ़त फिरना—गुप्तरूप से यह पापकाय बडा अच्छा लगता। प्राणा से भी-अधिक अच्छा लगता। घायल साप जिस प्रकार मर जान स पूव अपन शरीर को समेट लाता फिर पूरा का पूरा पसार देता और किसी समय सीधा लबा-सा पडा रह जाता, उसी तरह मालती अपन शरीर का क्रमश सिकोड ला रही थी

जायगा। किसी को भी पता नही लगेगा। इसलिये उसने मन ही मन प्रतिज्ञा कर ली नही फिर कभी नही। फिर कभी वह वन जगल म फिरता नही रहेगा। वह अकेला या पागल ताऊ के साथ कही भी चला नही जायेगा। जान पर वह जो किस्सा है या किंवदती की कथा—पानी मे डूब जाय तो फिर वह कभी न ऊपर आय—तो न तो वह पानी म उतरेगा और न वन जगल म ही। मा दिन भर फिक्र करती रहती है। मा की आखा म भय के चिह्न देखकर अब वह अत्यत कर्त्तव्यपरायण या सदा सच बोला करो या ईश्वरचद्र विद्यासागर की कहानी सी—आधी-पानी की रात म मा के लिये वह अनायाम दामोदर नदी पार किये चले जा रहे हैं—ऐसी सारी बातें सोच सोना ने तय किया कि वह कभी मा से गुस्ताखी नही करेगा। मन ही मन उसने ईश्वरचद्र जसा आदशवादी और सत्यवादी बनना चाहा। ईश्वरचद्र की तरह वह भी मा के लिये सब कुछ करेगा। मा को नागवार गुजरे ऐसा कोई भी काम नही करेगा जो उसे पसद हो वही काम वह करेगा। ईशम उसी तरह गाना गाता जा रहा है—पानी मे डूब जाय तो फिर वह कभी न ऊपर आय।

इस समय बडे कमरे म दादा खास रहे हैं। आगन के इस छोर पर बठकर इन लोगो ने सब कुछ सुन लिया।

इसी समय गाना रोक कर ईशम ने कहा समय न मालिक, साम आते ही राजकन्या झील के पानी म सूरज हाथ म लिये डुबकी लगा लेती है।

—फिर पानी पर उझकती नही।

—उगकती है। रात भर पानी के नीचे दोनो हाथा म सूरज को लिये वह पैरती रहती है। परती परती वह नदी के रास्त समदर को चली जाती है। सागरा से होकर महासागर म। फिर सुबह होते ही पूरब आसमान म उझक आती। राजकन्या सूरज को आसमान म टाग देती। फिर पल भर म वह ओझल हो जाती है।

—कहा ओझल हो जाती है ?

—नील के पानी म।

—आपन देखा है।

—अर मालिक मैं कस देख सकता हू। अपनी मा स पूछिए। पागल मालिक स भी पूछ सकते हैं।

सोना न सोचा, हो भी सकता है। जब झील इतनी बडी हो और राजकन्या के बच्चे म सोने की नाव और पवन का चप्पू हो तो उसके लिय नदी क रास्ते समदर पहुचने म कितनी देर लगती। समदर के रास्त राजकन्या कहा तक चली जाती होगी। इस समय राजकन्या किस सागर म होगी—उत्तर के या दक्खिन के ? सवाल करने की इच्छा हुई उसे। इस समय राजकन्या किस सागर के नीचे पर रही है ? सूरज हाथ म लिये राजकन्या नीले जल के भीतर, सोनल मछली की तरह मुख मे पहले सूरज को लेकर, किस जल के नीचे पर रही है। यह सब भी जानन की इच्छा। ईशम तब बता रहा था, सुबह होन पर राजकन्या पूरब सागर म तिर आती है। सूरज को आसमान म टाग देती है। फिर राजकन्या टप्प से पानी के नीच डुबकी लगा लेती है। सोना ने मानो कितने दिना क बाद इस बार सूरज महाराज की यह चालाकी पकड ली हो।

उसका प्रश्न बार-बार यही था—सूरज तुम कहा जात हो ? बाबू ने कहा है बडा होने पर ही उसे इस रहस्य का पता लग जायगा। लेकिन अब उसके पास सारा भेद खुल गया। सूरज मामा के घर जाता है। झील के नीचे अपन ननिहाल जाता है वह।

सोना चुपचाप बैठा था। किसी काम से ईशम गुहाल म चला गया। ईशम चले जान के बाद आगन मे अकेले-अकेले उसे डर लगन लगा। वह तुरत दौडकर बडे कमरे म चला गया। कमरे मे दादी है, दादा तखत पर चारो ओर तकाई रजाई रखे बैठे हैं। बडे-बडे तकिये से दादा को घेर रखा गया है। ये तकिये उनके सहारे का काम द रहे थे। सिरहाने दीवार पर दीया जल रहा है। रेंडी के तेल का दीया। इस दीये की रोशनी नीली सी होती। चेहरा पर यह रोशनी बिजली जसी ही लबाई अख्तियार कर रही है। दादी अब सध्या जाप के लिये देव कक्ष म चली जाएगी। जब तक दादी कमरे म थी सोना उनके परो से चिपका फिरता रहा। फिरते रहत समय ही उसे फिर ईश्वरचद्र की बातें याद आ गइ। दामोदर नदी वाली कथा भी याद आ गई। उसने फिर सोचा, मा के लिय वह सब करता रहेगा। और घूमफिर कर वही एक बात याद आई—झील म राजकन्या, खेत म फातिमा। फातिमा न उसे छू दिया है। उसन नहाया नही। यह सब सुनन पर मा नाराज होगी। मा का कठोर मुख याद करत ही उस रोना आने लगा। मा ने आज सफेद रेशम की धोती पहन रखी है—तीज त्योहार म मा दिनभर

अच्छी तरह से आखें रगड ली। अमला-कमला याद आयी। व इस समय कहा हैं? फिर धूप निकलने पर वह दरवाज स बाहर निकल आया। ताऊजी कहा हैं? इतन बडे कचहरी बाडी म कोई नही। सभी मानो नदी किनारे चले गय हो। दर वाजा पार करते ही बरामदा। बरामदे क बाद हरा मदान। और बावडी के दक्खिन किनार बडा सा मठ है। सोना कल मठ नही देख सका। दरअसल रात उतर आने क बाद साना इधर आया था। अमला-कमला उसे ताऊजी के पास पहुचा गय थे। हवेली के उत्तर म रहो तो पता ही नही चलेगा कि बावडी क किनार इतना बडा एक मठ है। सिफ छत पर जिस वक्त वह खडा था, अमला कमला न कहा था मठ की सीढी पर एक सगमरमर का साड है। साड क गल म मयीफून की माला है। और उस छत का अधियारा उसके लिये इस वक्त एक रहस्यमय जगत है। नीद स जागते ही पूजा का बाजा सुनाई पडा था। अजुन नायब नदी से स्नान कर लौट रहा है। कधे पर लाठी रखे रामसुदर कही निकलने वाला है। लालटू पलटू इस समय कहा होग? इस घर म आकर वह मझलदा बडेदा दादा को देख ही नही पा रहा है। व आज कही शिकार करने जायेंगे। तडके सवेर शायद नदी की चाकी पर शिकार करने व निकल गय हैं। तभी उस लगा मदान पार करने के बाद बावडी बावडी क उस पार एक आदमी खडा है। वह मानो उस आदमी को पहचान रहा है लेकिन यकीन नही होता। धुधला सा। लबा और निश्चल मानो समुद्र के बला-तट पर ट्राय नगरी का वह लकडी का बना घोडा —शहर की ओर मुह किये खडा है। सोना ठहरा नही। बिलकुल सपने की तरह —मानो सपना हुबहू मल खाता चला जा रहा है। वह पागल की तरह दौडने लगा। अजुन नायब ने कहा साना कहा जा रहे हो। तुम्हार ताऊजी नदी म स्नान करन गय हैं। इस समय कौन किसकी बात सुन। मदान पार कर, जहा हिरन रहते हैं उनका निवास पार कर मोरा का घर दाहिने रख फूल फल के पौधो को पार कर वह एक छाहस्निग्ध झाऊ के नीचे आकर खडा हो गया। उसने फिर गदन उठाकर देखा। बिलकुल मेल खा रहा है कि नही। क्याकि वह यकीन ही नही कर पा रहा है। इस तरफ देशी विदेशी फूलो के पौधे हैं, झाप जगल-सी जगह है, उसन दरख्त की टहनियो पत्तिया को हटाकर देखा हा सब कुछ ठीक ही है। बावडी स उसे जो साफ नही दिखायी पडा था यहा आते ही साफ दिखाई पडने लगा। वह आवश से दौडते हुए पुकारने लगा, ताऊजी। बडे ताऊजी। मैं सोना हू। ताऊजी,

ताऊजी। कितना व्याकुल आवेश। वह बेतहाशा भाग रहा है। उसका वह अपना जन मिल गया है। उसने देखा वह कुत्ता भी सोना को देखकर खुशी स दुम हिला रहा है। ताऊजी इतना भी आखें उठाकर देख नही रहे हैं। हाथ परो म धान के पत्तो से कटे हुये दाग। पानी म भीग भीग कर हाथ पर फक पड गये हैं। कभी चक्कर लगाते तो कभी पानी म कुत्ता लेकर व अकेले ही शायद निकल पडे हैं।

सोना के नजदीक पहुचते ही कुत्ता भूक उठा, भा। यह वही कुत्ता है, कब स मकान म आ गया है घर के चारो ओर चक्कर लगाता रहता है, बडी ही उपेक्षा से यह कुत्ता इस ससार म बडा होता जा रहा है। जो जठन बचती है वही यह कुत्ता खाता है। कोई भी उसे दुलारता नही लेकिन अब यह बेकार का कुत्ता सोना क लिय कितना अनमोल है। उसके कितने अपने जन आ गये हैं। अब उसे किसस डरना है। जिस तरह गाय गरी क बालक लकडी का घोडा खीचते खीचते ले गये थ उसी तरह वह इस आदमी को खीचते खीचते ले जा रहा है। इतनी दूर आते ही पागल मनही को मानो कसी लाज लगने लगी। वह भीतर नही जाना चाहता। क्योकि इतनी बडी हवेली देखकर शायद उस वह दुख याद आ गया हो। एक दिन उसने एक काली टाई पहन रखी थी। पलिन की उक्ति, तुम नीले रग की टाई पहनना मणि तुम सफेद या नारगी रग की टाई पहना करो काला रग देखने पर तुम जसा व्यक्ति जाने कसा निदय सा लगने लगता है। या मानो यह जो कपडे-लत्त हैं यह इस महल जसे मकान म फबत नही। वह चारो ओर देखने लगा। पानी का लाल सा सेंवर, वे कोई मानुस नही, वे कोई जल के देवता हैं तरह-तरह के सेंवर और जलज पौधे उनके शरीर पर उग आय हैं। खीच कर ले जाते समय सोना ने ताऊजी को बावडी की सीढी पर बिठाया। अजुरी म पानी भर भर कर वह ताऊजी के शरीर स सेंवर काई ततर पत्त सब साफ करने लगा। पागल मानुस इस सीढी पर मानो एक पत्थर की मूर्ति हो बठ बठे आकाश देख रहे हैं। आखें न देखो तो समझ ही नही सकते कि इस मनुष्य म कोई प्राण है।

बावडी के दूसरे किनारे कमला व दावनी के साथ पूजा के फूल चुन रही है। फूल चुनते हुए उसने देखा सीढी पर सोना कुछ कर रहा है। एक बार उछल उछल कर पानी म उतर रहा फिर ऊपर उठ रहा है। सीढ़ी के सोपान पर एक आदमी, सोना उस आदमी के बदन पर पानी छिड़क रहा है। बगल म एक कुत्ता। वह सोना के साथ घाट पर बार-बार नीच उतर रहा है और सोना के साथ ही ऊपर

उठ रहा है। इतना तल्लीन होकर सोना क्या कर रहा है? कमला दौड़ने लगी, वह उन हिरन और मार के आवामा को पार कर हरी-हरी घास के गलीचे पर दौड़न लगी। फिर मीन्‍ो पर पहुच कर देखा कि सोना घुटना माडे बठे उस व्यक्ति क शरीर म क्या कुछ बीन-बीन कर निकाल रहा है। उसन दखा, सोना सॅवर माफ किये दे रहा है। कूद-कोकाबेली के पत्ते साफ कर रहा है। यह आदमी कौन है? कमना बगल म आकर खडी है चाव कर देख रही है अचरज भरी आखो से कुत्ते और दम पत्थर क बुत जमे आदमी को देख रही है—यह सब देखकर भी सोना कुछ बोन नहीं रहा है। मजबूरन कमला बानी, कौन है र साना?

—मर ताऊजी।

—नरे ताऊजी।

—मेरे बड़े ताऊजी।

—बात नहीं करत।

—नहो।

—गूग।

—नही।

—ता फिर बात क्या नहीं करत।

—बात करते हैं—मिफ गतचोरेतमाल। कहते हैं।

—और कुछ नहीं बोलते?

—नहीं।

—हाय अम्मा यह कसी बात है रे। सिफ गैतचोरेतुमाला कहना है।

सोना न फिर जवाब नहीं दिया। सोना न तल्लीन हो ध्यान से सारे जलज घास कूद-कोकाबली की पत्तिया सॅवर और काई आदि अवशेष साफ करन क बाद पुकारा उठिये ताऊजी।

कमला न कहा, पानी में क्या भीग गये हैं?

सोना कह सकता था, ताऊजी तर कर आये हैं। वे उनको नहीं ले आये थे। वे कुत्ते को लेकर चले आये हैं।

—तेरे ताऊजी पागल हैं।

सोना गुस्सा गया। बाला, हा, तुम्हें कहा है। किसने कहा।

—तो फिर बोलते क्या नहीं।

जाने क्या सोना को बेहद गुस्सा आ रहा था। ताऊजी को पागल कहने पर वह शात नही रह पाता। उसने मानो झटपट कमला के पास से ताऊजी को दूर हटा ले जाना चाहा। तब कमला बोली आइये दादू, मैं सोना की बुआ लगती हू। क्यो सोना हू न मैं तेरी बुआ ?

अब सोना मानो बहुत खुश हो गया। बोला, मेरी कमला बुआ है ताऊजी।

मणीद्रनाथ ने कमला को देखा। इस लडकी की आखें क्यो नीली हैं। वह घटना मोडकर बैठ गया। मानो कोई देव जब घुटने मोड बैठते हुए गुड़िया सी छोटी एक लडकी को दोना हाथो उठाकर आखो के पास ले गया। उसने कहना चाहा तुम कौन हो लडकी। *लगता है मैं तुमको पहचानता हू।*

ऐसी धाकड सी लडकी की आखें भी डर से इत्ती सी हो गई। सोना का भीतर ही भीतर मजा आ रहा था। उसने शुरू मे कुछ नही कहा लेकिन जब देखा कि कमला रो पडेगी तो उसने कहा कमला कोई डर नही। कहकर उसने ताऊजी की ओर देखा। और तभी वह आदमी मानो सोना की आखें मत्र की तरह काम कर गई आखो मे गुस्सा इत्ते से बच्चे की ऐसी आखें देखकर मणीद्रनाथ ने कमला को *नीचे उतार दिया। शायद कमला भाग गयी होती लेकिन सोना इस समय कितना* निडर है इस समय कमला सोना से अपने को छोटी महसूस करने लगी। सोना जरा सा डर नही रहा है—खीच खीच कर उनको लिये जा रहा है। इतना बडा व्यक्ति सोना का इतना आज्ञाकारी है सोना को कोई भय डर नही कमला का भी कोई भय डर नही रहा। उसने बाया हाथ थामा सोना ने दाहिना हाथ पकडा है। *कुत्ता आगे आगे चल रहा है।*

ट्राय का घोडा लिये नाट मदिर के सामने पहुचते ही शोर गुल मच गया। वही आदमी फिर इस इलाके मे आया है। पागल मनई मणीद्रनाथ बोदा-सा चेहरा लिये नाट मदिर के सामने खडे होकर दुर्गा प्रतिमा देखने लगा। और घर के कम चारी—कारिंदे छोटे छोटे बालक-बालिकायें यहा तक कि मझले बाबू भी आ गये। उन्होने भूपेंद्रनाथ को बुलवा भेजा है। जाकर मुझ्या चाचा से कहना कि उनके बडे दा आये हैं। शात शिष्ट बालक की तरह वह व्यक्ति खडे खडे दुर्गा प्रतिमा देख रहे हैं। ऊपर झाड फानुस लटक रहा है। वे घूम फिर कर सब कुछ देखने लगे।

सोना बोला, दुर्गा मायी को प्रणाम कीजिये।

मणीद्रनाथ एकदम दडवत लेट गये। कोई मानो अब उनको उठा नही सकेगा।

दोनो हाथ सामने सीधे। बच्चे आपस म हस रहे हैं। सोना को यह सब अच्छा नहीं लग रहा है। उससे बन पडे तो वह उनको यहा से भी खिसका ले चले। मझले बाबू यानी अमला कमला क पिता ने धमकी दी। सामने कोई व्यक्ति खडा था शायद कमचारी कारिन्दा ही होगा—मझले बाबू सबका पहचानते भी नही—इन दिनो, पूजा के दिना म दूर दूर के शरिस्तेखानो से नायब-गुमाश्ते चले आते हैं और आते समय अपने इलाके की श्रेष्ठ चीजें गन्ना, केला दूध, मछली लाकर पूजा के लिये पेश करते हैं। उनमे से एक से कहा जरा देखना, मुइया काका अभी तक क्या नहीं आ रहे हैं।

पागल मनही सीधा दडवत। प्रणाम म उसका शरीर ऐंठा हुआ। सोना ने देखा ताऊजी सीधा लेटे हुए हैं। सोना समझ गया बिना बताये वे उठेंगे नही। उसने अब झुककर उनके कान के पास मुह लाकर कहा ताऊजी उठें। अब प्रणाम करने की जरू त नही। कहकर हाथ पकडते ही वे उठ खडे हुए। भीगे कपडो मे कीच धूल लगी है।

भूपेंद्रनाथ आकर दग रह गये। भूपेंद्रनाथ को देखते ही मणीद्रनाथ ने सोना की ओर देखा। देखते हो वह आदमी मेरी ओर किस तरह घूर रहा है। सोना की ओर देखते ही मणीद्रनाथ विषाद मग्न हो गये। मानो उनको याद ही नही कि यहा भूपेंद्रनाथ रहते हैं। यहा आकर उनको भूपेंद्रनाथ के चगुल म फसना पडेगा। उन्हाने अब चलना चाहा। भूपेंद्रनाथ न झट उनका हाथ पकड लिया। जाने फिर कहा किस ओर चला जायगा—भूपेंद्रनाथ ने मजबूती से उनको पकड रखा। उसने अब सबको चले जाने को कहा। भीड करने का मना कर दिया। उसने सवाल नही किया कि यह आदमी इतनी दूर कस चला आया है। शायद पानी म तर आया है। क्या नही कर सकता यह आदमी साचते सोचते वह अपने ही भीतर रज म डूब गया। दुर्गा प्रतिमा की ओर उसने मुह उठाकर देखा कहने की इच्छा हो माना मा, मया री। दुर्गा देवी बडी बडी आखा स दाना भाइया का देखकर मानो हस रही थी। उसन जल्दी स वहा से खिसकना चाहा क्योकि वह जानता है नाट मदिर क दुमजिले म जपफरी लग जनानखाना मे इस समय सौ सौ आखें परदे की आट स उसको देखने आई हैं—एसे सुदशन यक्ति को देखकर अवश्य ही व हाय हाय कर रही है। उनका चहरा माहरा भी क्या खूब। गौर वण। लबा और बच्चा जसा सरल। जिस प्रकार समदर म रास्ता भूलकर मल्लाह विपण्णता से

पीड़ित होता है, इस समय इस मनुष्य की आंखों में वैसी ही एक विवशता है। यह सब सोचकर जाने क्यों सुरेन्द्रनाथ की आंखों में आंसू आ गये।

सुबह से ही जोटन मुंह लटकाये बैठी है। आसमान में बादल और नीला आसमान देखते ही जोटन को पता चल जाता है कि शरद आ गया है। यह दुर्गापूजा का समय है। इस दरगाह में बैठे बैठे भी उसको पता चल जाता है। दरगाह भी क्या मानो एक विशाल घर हो जिसमें जोटन बनवासी बनी हुई है। दो साल से या कुछ ज्यादा अरसा ही होगा कि वह घाट के ठौर पर आ रही थी है। फकीर साहब से नहीं जा रहे हैं। शरद ऋतु आते ही आसमान में बादल यहां इधर तिरता है। रात भर इस घर के भीतर जुगनू टिमटिमाती रहती है। आसमान की ओर देखते ही दिल जाने कैसा-कैसा करने लगता है। मामा बाबू की बाड़ी की दुर्गा मूरत, मूरत के नाच-गाना और नाव में नाच सभी कुछ यह याद कर पाती है। यह सब याद आते ही दिल उदास हो जाता है। कितनी ही बार उसने फकीर साहब से कहा है गांव देस से चलियेगा? यह सुनकर तब कुछ भी नहीं कहता। शायद फकीर साहब की सेहत बिगड़ती जा रही है। शायद फिर कभी यह अपने गांव के डीह नहीं जा सकेगी। इस मस्जिद के साईं दरगाह के एक कोने में छोटे मकबरा-सा निवास या मानो कोई मुकाबला ही नहीं। छप्पर के नीचे बैठ फकीर साहब बस हुक्का पीते रहते हैं और जाने क्या क्या बकते रहते हैं जो जोटन के पल्ले ही नहीं पड़ती। उसका बंगला तर्जुमा कर देने पर जोटन हंसती रहती है।

—चक चक कर हंसती क्यों हैं आप?

—हंसी कब मैं?

—हंसे नहीं आप?

—ठीक है। हंसी आवे भी तो फिर नहीं हंसूगी। गमगीन-सी मुंह बनाये बैठी रही।

फकीर साहब बोले, यह रंजीदगी कैसी।

जोटन जवाब नहीं देती।

—क्यों बोलती क्यों नहीं आप।

—बताइये, क्या बोलूं?

—जो मन में आवे।

—मन में आता गाव-देस जाऊ।

—गाव जाकर आप रहेंगी वहा ? आपके भाईजान ने तो फिर शादी कर ली है। नया आदमी आपको पहचानेगा भी ?

—भला, पहचान क्या नही पायेगा ? जाने पर ठीक पहचान लेगा।

—बडी दूर है। इतनी दूर नाव खे भी सकूगा ?

नाव पानी-पानी खेता म पडने पर मैं लग्गी ठेल लूगी।

—लोग देखेंगे तो क्या कहेंगे ? कहकर ही फकीर साहब फिर अन्यमनस्क हो गये। उनके पेट म मरोड होने लगा है।

शरत्काल होने के कारण वन-जगल मे कीडे-मकोडे बढ रहे हैं। शरतकाल होने के कारण इस समय पानी से सडाध आने लगेगी। क्योकि नदी नालो, खाप-जगल स पानी उतर जाते ही घास सेंवर सब सडने लगेंगे। दरगाह के चारो ओर इस वक्त सरकडो का जगल है। जगल के भीतर से कोई रास्ता नही है इस वक्त।

दरगाह आना पडे तो नाव ठेल ठेल कर आना पडता है। दरगाह के पूरब मे बडी नदी मेघना है। मघना के तट पर यह वन गहरी रात को वियावान जगल सा ही सन्नाटे से भरा हुआ। यहा तक कि कीट-पतग की आवाज भी हौलनाक सी लगती। चारो ओर बडे बडे लहसुन गाटा के दरख्त, पीपल के दरख्त और उनके नीचे हजार साल पुराना कब्रिस्तान। कही टूटा मसजिद है तो कही टूटा हुआ कुआ और चबूतरा। जीर्ण अधकूप जस छोटे छोटे इटो के निर्माण काय के खडहर कुछ-कुछ तो ढहकर बिलकुल मिट्टी म मिल गये। और पड-पौधे लतर पतर इतन घने कि दो पग बढो तो बेल-लत्तियो म फस जाओ। गर्मियो के दिनो म एक मकरी-सी पगडडी दिखाई पडती है। बरसात म कोई भी जगल म घुसना नही चाहता। पानी के किनारे ही दफ्ना कर चल जाते हैं। किसी का इतकाल हुआ हो तो दो चार लाग दिख जायेंगे, दो कोस रास्ता चलने पर चार घरो की आबादी है। बस चले तो इधर कोई फटकता नही। वहा एक फकीर साहब रहते हैं गर्दिश के दिनो म लोग उनस दुआ मागने चले आते हैं। जमीन पर खडे हाक लगान पर फकीर साहब घाड पखाड तय कर नीचे उतर आते हैं और जब जमी जरूरत पडती तसबीह-ताबीज द आते हैं। लोग उस जगल के भीतर कोई अलौकिक भय के कारण जाना नही चाहते। बगल म एक लबी-सी नहर है। मुर्दे अजगर साप की तरह वह नहर रातादिन सोना रहती है। बरसात आने पर यह

नहर जाग उठती, कुछ उज्जल पर जाने वाली नावें रास्ता सक्षिप्त करने के लिये कभी कभी इस नहर म चली आतीं। नहर से वे लोग जाते और ईश्वर और अल्लाह का नाम लेते हुए डरते-सहमते किसी कदर इस कब्रिस्तान को पार कर जाते।

कोई आदमी मरे तो फकीर साहब के लिय तकरीब सा हो जाता है। फकीर साहब को उस वक्त दो गडे पसे मिल जाते हैं। पान खाते हैं। गले म माला तसबीह डाले अल्लाह रहमाने रहीम कहते कहते उस मुर्दे आदमी के चारों ओर चक्कर लगाने लगते। कभी कभी जगल के भीतर छिपकर तरह-तरह का खेल करतब दिखाने क शौकीन हैं। यानी कब्रिस्तान म मुर्दा आते ही फकीर साहब की कारसाजी बन जाती है। काले चोगे म पर तक ढाप कर, गले मे लाल नीले और पीले रग के लहसन जसे बडे बडे पत्थर लटकाये, आखो मे काला सुरमा रचकर और सिर पर फेंटा बाधकर जब वह आते तो लगता कोई पीर आ गये हैं। उसके बाल सफेद और घुघराले। ऊपर उठाई हुई बाहें। घनी दाढी लहसन वाले तेल से चिपचिपी। जो लोग कफन दफन के काम से आये हुए है वे देखते कि मुश्किल आसान व लप लिये कोई जगल में घूम फिर रहा है। जब वे लोग भय के मारे काठ हो जाते तो अचानक ही बन के भीतर मुश्किल आसान का आविर्भाव हो जाता। उस वक्त लगेगा कि वे मिट्टी फाडकर निकल आये हैं। इसके बाद जिसकी जसी मर्जी हो—दो गडे पसे और दफनाये जाते व्यक्ति के कुछ सामान वस्त्र मिल जाते हो इस आदमी के गुजर-बसर का हीला बन जाता है। उस समय जोटन अपने छप्पर के नीचे बठी इस शख्स के कार करतब देखकर खिक खिक हँसा करती। दिन के वक्त भी उस काले चोगे म हजारो पबन्द लगाती हुई जोटन इस शख्स का नाचना कूदना देखा करती है। उस समय देखने पर कौन कहेगा कि यह शख्स बडा ही बेलाग मासूम जीव है कौन कहेगा कि यह सरल अकपट व्यक्ति असलियत म बडा ही काबू और डरपोक है। लेकिन अपनी रोटी रोजी के लिये कब्रिस्तान मे लोगो के आते ही यह शख्स कोई दूसरा ही आदमी बन जाता है। पीर औलिया बनने के चक्कर म यह आदमी सभी की आखो म भिन्न भिन्न अलौकिक क्रिया प्रक्रिया की प्रतिक्रिया देखने का आदी हो गया है। और इतकाल के समय लोगो की आखो म अपना खेल प्रदर्शित करता है। रात के वक्त दरख्त के सिर पर आग जलाकर बैठा रहता है।

इसलिए कहा कि दुर्गोत्सव के लिये जोटन का दिल कचोटता है उसको महसूस

करने का कोई जरिया नहीं रह जाता फकीर साहब को। सारा साल वे इस छप्पर के नीचे पडे रहते हैं। वक्त-बेवक्त वे लहसन के कोये इकट्ठे कर लाते हैं। मचान के नीचे लहसन के कोयो का ढेर। बडे-बडे मटका म भिगोय रहते हैं। कुचले हुए लहसन पानी म सडने-पचन पर एक तरह का गाढा तल निकलता, उस तेल से छप्पर के भीतर की वत्ती जलती, मुश्किल-आसान का लप जलता और कुछ तेल हड्डियों मे पड के सिरा पर बाघ आत हैं। गाहे-बे-गाहे इतकाल के वक्त जो लोग आते हैं उनको अलौकिक कुछ दिखान की गरज से दरख्तो के सिर पर आग जलाये वे बठ रहते हैं। और भी जान क्या-क्या करिश्मा दिखाते हैं। शुरू-शुरू म जोटन हसत-हसत बेहाल हो जाती थी। एक हडडी रख छोडी है। कुछ जडी-बूटिया भी। उस मदान म खडा कोई आदमी जब हाक लगाता है—हो, कौन है, मैं एक लाचार बीमार आदमी हू तभी फकीर साहब फौरन कोई और ही आदमी बन जाते थे। पीर बनने की गरज मे व अपनी रटी रटाई बत पढते हुए जडी बूटी लेकर मदान म उतर जात थे। सवा पाच आन पसे चाहिए। दरगाह की थान पर सिरनी चढाने के लिए य पस। वह फकीर साहब क्स समझ सकेंगे कि जोटन जिसका घर हिंदू पुरवा क पास था, तीज-त्योहारो म जो चिउडा कूट देती थी धान कूट देती थी नाखुश सा चेहरा बनाय सूखी टहनिया बटोरने जगल में चली जा रही है।

सूरज उठन को है। पेड पालो इतन घने कि सूरज के निकल आने के बाद बहुत दर तक वह दिखाई नहीं पडता। सूरज की रोशनी पेडो की डाली-टहनिया पर। पड-पाला बडे घने सटे हुए। जोटन दोना हाथा से झाड-झकार लतर पतर हटाती हुई अदर जा रही है। बहुत-सी कब्रो को पार कर वह नहर के किनार उतर आई। इसके बाद ही सरकडो का जगल। इस समय क्वार कार्तिक के दिन है इसलिए पानी के कछव जमीन पर उठ आएगे। अडे देंगी। इस इलाके म कोई गाव-खेत नही घनखर नही हिंदू पुरवे नही—जहा खेता म उतर कर वह घोघे के खोल के जरिये कट स धान की बाली काट लेगी अडे लेकर ठाकुरबाडी पहुचाएगी। अडो के एवज म पान-सुपारी माग लेगी। यहा इस बियाबान मे महज गाछ और बिरछ जोटन का मन कर रहा था कि फकीर साहब को सुना-सुना कर जोर-जोर से रोवे। फकीर साहब अब नाव नही खे सकते। फकीर साहब धीरे धीरे ,पटकने चल जा रहे हैं। फकीर साहब न कुरर पछी पकडने के लिये एक खाची लगा रखी थी। कुरर पछी का कलजा खाने पर बदन म कूवत लौट आ सकता है।

लौटते ही जोटन अपने पीहर घूमने जा सकेगी। सोचते ही मन प्रसन्न हो उठा। और मन प्रसन्न होते ही उसने मानो दो गोरे गोरे पर देखे। सरकडे के जगल म दो गोरे गोरे पर कितने सुडोल मानो दुर्गा देवी के पर हो। उसका दिल काप उठा। परो पर धूप झिलमिला रही है। एक पतिगा वही स उडकर बार-बार उन परो पर बठ रहा है। ऊपर की टहनी-पत्तिया के हिलन स परो पर छाया भी आ पडती। पतिगा तब डरकर उड जाता। इस धूप और पत्तियो की छाह म उसे या लग रहा था परो मे पेंजनियो की झनकार ज्यो जल्दी-जल्दी वन म बिला जाती है उसी प्रकार की एक ध्वनि जोटन के सीन के भीतर गजती हुई जाने किस अथाह मे डूबती जा रही है। जोटन ने देखा दोना पर इस समय वाकई दुर्गादेवी के बन गए हैं। मानो वह गौरी हो शिव के लिये वनवास आकर सरकडा के वन मे छिप गई है। या चत के महीने म नील के उपवास म गौरी नाचती है, नाच की मुद्रा मानो उन परो मे मचल रही है। आखें फाड फाड कर जोटन यह सब देख रही है और तय नही कर पा रही है कि अब क्या करे। उस सामने बढने की हिम्मत नही पड रही। किसी युवती कन्या के पर दिखाई पड रहे हैं। केवल दो पर बाकी शरीर सरकडो के जगल मे। शायद कोई कत्ल खून हो। लेकिन इस दरगाह मे पीर के थान पर किसकी ऐसी हिम्मत जो कत्ल कर डाल। कापती हुई जोटन ने दोनो हाथो से सरकडो के वन को दो तरफ किया करत ही देखा नदी जल म प्रतिमा विर्साजित करने पर दस हाथ वाली दुर्गा का बुत जसा चित पडा रहता है वसे ही मालती हाथ पर पसारे चित पडी है। मानो असुरनाशिनी हो। मा जननी तू ऐ मालती तू ऐसी अटाचित पडी है। बाल खडे कर आखें बिलट कर पडी है। तुझे कौन ले आया। मा-सी ही वह सिरहाने बठ कर उसका सिर अपनी गोद म रख लेती। छाती मुख और शरीर के जहा भी जो कुछ पुष्ट है सब कुछ टटोल कर देखा नही प्राण है। सिफ होश नही रहा। तुन्नी के नीचे जाने कौन लोग रात भर नोच-खसोट कर चचोडत-खाते रह हैं। मुर्दा सोच जाने कौन लोग मालती को छोड कर चल गये हैं। शरीर के कही कही दात के दाग। खून के दाग। वह फिर ठहरी नही। मानो कोई घोडा बाटूट दौड रहा है इस तरह जोटन जगल के भीतर दौडने लगी। और गुहारने लगी, फकीर साहब, ओ फकीर साहब आकर देखिये भी पीर के थान पर क्या हो—हवा गया है। झटपट कीजिए फकीर साहब। सरकडो के जगल म जाने कौन लोग दुर्गा का पुतला

विसर्जित कर गये है। जैसे दो छलाग मे वह लपक कर आई थी फकीर साहब को इत्तला करने, उसी प्रकार दो छलाग मे अपने छप्पर के नीचे से एक धारीदार साडी निकाल बोली, आइए, आप मेरे पीछे-पीछे आइए।

जोटन ने जरा दूर खडे होकर कहा, क्या दिखाई पडता ?

दो पैर दिखाई पडते हैं।

किस के परो की तरह ?

—दुर्गा के पुतले के परो की तरह।

—तो फिर आप ठहरिये। कहकर जोटन खुद पहले सरकडो के जगल मे घुसी और उसने उस धारीदार साडी से मालती को ढक दिया। फिर सरकडा को दो तरफ करके इशारे से बुलाई आइए, आप सिर की ओर पकडें। मैं पर पकड लेती हू।

ऐसी जबरदस्त लहास को ढोकर ले जाने म दोना को काफी तकलीफ हो रही थी। थोडा-सा आगे बढ कर ही वे घास पर लिटा दिये। फिर उठा कर ले चले। फकीर साहब ने कहा बीबी तो फिर आपकी दुर्गा प्रतिमा दरगाह मे ही आ गई। अब गाव देश जाने की जरूरत क्या रह गई।

जाटन हाफ रही थी। वह कोई जवाब नही दे सकी। उसके हाथ इस समय खून या किसी लसदार वस्तु से लसलसा रहे हैं। पत्तियो और घास से उसको पोछ-पोछ कर फिर उसको ढो ले जान के लिये उठा रही है। बीच-बीच मे मालती का कपडा लतर-पतर काटो से उलझकर खिसक जाता। ऐसा पुष्ट शरीर कि थोडी सी हवा लगत ही कपडा उड कर सरक जाता। जोटन न फकीर साहब की ओर देखा। बाल पडी नहीं-नहीं, यह कोई अच्छी बात नही। अपनी नजर पेड-पालो पर रखिए इधर नहीं।

फकीर साहब बोले, मैं तो फकीर आदमी हू, मेरी नजर मे कोई ऐब नही।

जोटन बोली, आप मद हैं। आपकी आखें अब पेड-पौधे परिंदे देखा करें।

—आपकी जब ऐसी ही मर्जी है कह कर फकीर साहब ने आखें मूद ली तो जोटन ने कहा, आपसे मैंने कहा क्या और आप क्या कर रहे है।

—क्या कहा आपने ?

—पड-पौधे-परिंदे देखने को कहा।

—वही देख रहा हू।

—आंखें बंद कर क्या देखा जा सकता है।

—खुली रखने से जितना देख पाता हूं बंद रखने से उससे ज्यादा देख पाता हूं।

—तो फिर खुली ही रखिए।

अब जोटन ने पुकारा, मालती, ओ मालती, देख भी तू कहां आ गई है। अल्लाह के बंदे के पास आ गई है। आंखें खोलकर देख जरा। मालती, मालती। कोई होश नहीं। इसलिये जोटन पानी ले आई और मालती के मुंह और आंख पर छींटे मारने लगी। होश लौट ही नहीं रहा है। यह धूप नहीं। पेड़-पौधे इतने घने कि घास पर ओस नहीं गिर पाती। तनिक और ले जाती पर उनका छप्पर है। मचान पर लिटा कर पीठ पर और कमर में गरम पानी का सेंक दे सकते ही बदन का दुख-दर्द दूर हो जायेगा। फिर उस विशल्यकरणी जैसे फूल का रस—जहां जो कुछ भी घाव-जख्म हैं और जहां कुछ कटा चिटा खून ऊन हो धो पोंछ कर लहसन के तेल में फूल का रस मिलाकर लगाते ही मालती फिर आंखें खोलकर देखने लगेगी

लेकिन फकीर साहब को कतई कोई जल्दबाजी नहीं। हो रहा है हो जायगा ऐसा ही बेलौस भाव। जरा सोचा भला कि इस सुनसान कब्रिस्तान में दुर्गा देवी कैसे आ गई। किसी के सान में न पांच में फकीर साहब को कोई हड़बड़ी तलावेली नहीं। वे मालती को मचान पर लिटा कर अपना हुक्का ढूंढने लगे।

—यह कोई हुक्का पीने का वक्त है आपका?

—पानी तो गरमाइए। इस बीच जरा हुक्का पी लूं। हुक्का पानी से दिमाग दुरुस्त रहता है।

हुक्का पीने पर दिमाग दुरुस्त रहता है यह फकीर साहब का तकिया कलाम है। दिमाग की बात नहीं। शायद यह सच है ऐसा ही। हजारों मुसीबतें आन पड़ें फिर भी इस शख्स का दिमाग गरम नहीं होता। बड़े आराम से बलाग बेलौस बैठे हुक्का गुड़गुड़ाते हुए उसने हांक लगाई क्या जी, आपका पानी गरम हुआ?

बरतन भांड सामान-असबाब कहने को जोटन के पास चार पतीलियां एक पीतल का बधना और एक टूटा आईना। चार बड़े-बड़े मटके हैं मद्दगन भिगोने के लिए। बरसों फकीर साहब मटका भर पानी ला देते थे। जोटन बधने में पानी ला रही है। बरसात में पानी कोई ज्यादा दूर नहीं। दफ्तर से जरा नीचे उतार कर हो पाता। चूल्हे पर पानी गरमाने पर जोटन ने कहा इधर अब मन आइएगा।

—क्या। फकीर साहब ने हुक्का पीते हुए कहा।

—क्या क्या ? क्या खालवर भी बनाना पड़ेगा।

—दुर्गा देवी को खोलकर तो क्या आप अकेली ही देखेंगी।

जोटन ने इस बात पर कान नहीं दिया। इस शख्स की आदत ही ऐसी है। सब कुछ जानेगा बूझेगा और इतना ईमानदार आदमी है फिर भी जाने क्या यह आदमी, क्या होगा देखने पर मैं तो फकीर आदमी हूं मेरे लिये सब बराबर है—ऐसा ही कुछ कहेगा।

जोटन ने सारा शरीर गरम पानी से अच्छी तरह धो दिया। सब धो-पोछ कर जोटन ने मालती को फिर से विधवा मालती बना देना चाहा। ससार में चाहने पर ही सब कुछ नहीं हो जाता। सब कुछ चाहना भी नहीं चाहिये। जाने क्यों जोटन को मालती के लिये एक सुंदर नौजवान का चेहरा याद आ रहा था। जाने कब से मालती इस जिस्म का महसूल अदा नहीं कर रही है—इस जिस्म को बड़ी तकलीफ है। गुनगुने पानी से बदन धोते वक्त जोटन मन ही मन बहुत सारी बातें कह रही थी। कितना गदराया हुआ जिस्म है। जोटन हाथ से मालती की कमर पर थपकी दे रही है। उसे पट लिटा कर मालती की कमर पर पानी उडेल दे रही है। दाहिनी ओर बैठ कर धीरे धीरे पानी ऊपर से उडेलती थपकी मार-मार कर मालिश करती हुई रात भर वहशियों के नोच-खसोट से बिसाये हुए बदन को थपकियां मार मार कर जोटन झाड़ दे रही है।

मालती को ऐसा लगा कोई उसे एक बड़े जलाशय में तराय रखा है। बदन पर कोई कुछ लेपता जा रहा है। लग रहा था नाजुक हाथ हैं, प्यार भरे हाथ हैं—लेकिन आखें खोलने की उसे हिम्मत नहीं पड़ रही थी। मानो ताकते ही उन नर पिशाचों की सूरतें दिखाई पड़ जायेंगी। फिर भी भाग खड़े होने के लिये वह हड़-बड़ाकर उठ बैठी तो जोटन चिल्ला उठी, फकीर साहब आइए। आकर देखिये मालती के होश लौट आये हैं।

मालती ने आंखें खोलकर देखा जुटी उसे पकड़े बैठी है। कुछ कहने को होकर मालती का चेहरा क्लेश से बेकल-सा हो गया। वह बोल न सकी। मचान पर वह मानो कितने दिन रेगिस्तान में बिताने के बाद एक नखलिस्तान में आ पहुंची है। मालती को फिर गश आ गया।

जोटन ने अब फकीर साहब से कहा, पेट बिलकुल पिचक गया है।

—क्या देंगी खाने को ?

—तनिक दूध लेते आइए। गरमा दू। अगर पी ले।

फकीर साहब ने देर नही लगाई। दूकरा पी लेने के बाद कितने ही सारे सवाल आ धमके हैं। पहली बात, कौन से लोग इस युवती को यहां फेंक गये ? कब और कितने थे ? तरह-तरह के सदेह सिर उठाने लगे। मालती अपने घर लौट जायगी या नही, थाना पुलिस आदि कितने ही बवाल इसके पीछे हैं। व फकीर आदमी हैं। यहा कितने ही दिनो से हैं। ऐसी घटना यहा कभी नहीं हुई। लेकिन एक साधू आया था, उसके साथ एक भरवी थी। इस दरगाह मे कई रात उस्ताद की दावत उडाकर जब काफी सरगर्मी पदा हुई तो भरवी तिलकचद के साथ भिड गई। थी भैरवी, बन गई पदमदीघी के छोटे बाबू की बहूरानी। इसके बाद साधू बाबा एक ऊचे दरख्त की ऊची डाली पर फासी लगाकर मर गय। छोटे बाबू सिर पर थे तो उस दफे फकीर साहब थाना पुलिस के चगुल से बच गये थे लकिन अब इस बार ? फकीर साहब काफी घबराये। फिर भी मुह खोलकर उन्होने कुछ भी नही कहा। पानी हल कर बाग के उस ओर अपनी दो बकरियो का दूध दुहलाने के लिये चले गये। पानी हल कर दूसरी ओर जा पहुचेंगे।

जोटन मालती का सिर अपनी गोद मे लिये बैठी रही। वन म टिटहरी बोल रही है। नीचे वही जल और सरकडो का जगल। जितनी दूर आखे पहुचती हवा से सरकडो का जगल झूम रहा है। शरद की धूप पछी परेवा की तरह उडलर इस दरगाह मे इस समय नाच रही है खेल रही है। पानी मामूली हवा। कितने ही प्रकार के लाल-नीले फतिगे उड रहे हैं। कितने ही प्रकार के विचित्र कीट पतगो के शब्द सुनाई पड रहे हैं और कितने दिन पहले उसकी सतान का इतकाल हो गया था इसी कब्रिस्तान मे अब वह सतान पत्थर बन चुकी है। मानो मिट्टी खोदते ही वह सतान निकल आयेगी। सब कुछ भूल कर जोटन मा की तरह मालती के चेहरे पर हाथ सहलाने लगी। सतान स्नेह से जोटन की आखें भर आइ।

मणीद्रनाथ इतने बडे राजमहल जसी हवेली में दाखिल होते ही मोटे तौर पर स्वाभाविक व्यक्ति हो गये। इस समय व सोना को लेकर कचहरी-बाडी के आगन म टहल रहे हैं। भूपेंद्रनाथ न अपने सदूक स धोती निकाल कर दी है और कुरता खोलकर खुद ही पहना दिया है। लबी डील और गठे शरीर के कारण सभी कपडे छोटे लग रहे हैं। रामप्रसाद न देखभाल का जिम्मा ले लिया है—कहा किस ओर अकेले निकल जायें इस पर रामप्रसाद निगरानी रखे हुए ह। मणीद्रनाथ बस बोल भर नही रह हैं। वर्ना देखकर लगता वे प्रवास-जीवन से लौट आये हैं। इस मनारम जगत म सोना का हाथ थामे टहलते रहने की बस उन्ह इच्छा है।

उत्सव गह। नाते रिश्तेदार लोग-बाग आते ही जा रहे हैं। नदी के घाट पर कितनी ही नावें बधी है इस वक्त। ढाक-ढोलक की आवाज नदी के जल म तिरती चली जा रही है। ताऊजी का हाथ पकडे खीचते हुए सोना नाटमदिर पार कर आया। वह मन ही मन कमला को ढूढ रहा है। कहा है कमला? इतने बडे मकान म कमला को ढूढ निकालना मुश्किल है। वह ताऊजी को मोर दिखान ले जा रहा है। बाबुओ का एक छोटा-सा चिडियाखाना है। दो छोटे छोटे बाघ हैं हिरन हैं, मोर हैं और कछुवे हैं। ताऊजी को वह बाघ दिखान ले जा रहा है। कमला साथ होती तो बेहतर था। कमला न उसके साथ दोस्ती कर डाली है। हरदम वह कमला को अपने निकट पाना चाहता है।

कमला के लिए वह चारो ओर देखने लगा। बरामदा पार कर गया। बडे-बडे हाल रूम पार कर गया। चीन्हें अनचीन्हें लोगो के बीच से वह चला जा रहा है। ताऊजी केवल उसका पीछा कर रहे हैं। सिर के ऊपर वही झाड फानूस। एक गौरैया धतूरे फूल की शक्ल के काच के पात्र म फर फर उड रही है। और अब दस बजन मे देर नही। बडेदा मझलेदा जान कहा रहते हैं। वे बडे बाबू के मझले बेटे के साथ बदूक लेकर कहीं झील म बत्तख मारने गए हैं। कमला उस कही भी मानो ढूढे नहीं मिली। वह ताऊजी को खीचते-खींचते बावडी के भिड पर ले आया। ताऊजी स उसने कहना चाहा—हम लोग एक नई जगह चले आय हैं। यहा बडी नदी है शीतलक्षा जिसके कछार पर कास का जगल बावडी के किनारे चीता हिरन मोर दूर फीलखान का मैदान झाऊगाछ नदी किनारे पामवक्षो की कतार और दूर चले जाओ तो बाबुओ के कितन ही साझेदार और उनकी दुर्गा-पूजा—ताऊजी अभी जिसे देख रहे हैं वह एक मोर है। देखिए-देखिए। वह ताऊजी

को लेकर मोर के पिंजडे के पास बठने की सोच रहा था कि चद्रनाथ बावडी क भिड पर सनसनाते लौट आ रहे हैं। अपने बाप को देखकर सोना ताऊजी क पीछ छिप गया। चद्रनाथ जमींदारी मे उगाही वसूली के लिय निकल गया था इसलिए य दो दिन इधर आ नही सका था। आज ही नाव स जमीदारी क्षेत्र स लौट आया है। सोना ताऊजी को बाहर ले आया है सब कुछ दिखान के लिय। सोना मानो कितना अनुभवी और प्रवीण है और ताऊजी उसी का हाथ थामे चल रहे हैं एसा ही एक अदाज है उसका। दूर पीलखाने को पार करत ही आनदमयी की काली बाडी है, बाजार हाट है। और रात को वह अजीब सी आवाज डायनोमो चलने की। उसकी इच्छा थी कि वह सब कुछ दिखान क बाद जिस कमरे म डायनोमो है उधर ताऊजी को ले जायगा। लेकिन बाबा को दखते ही वह डर गया।

जमीदारी स लौटते ही चद्रनाथ ने सुना कि सोना इस बार पूजा देखन आया है। चद्रनाथ नदी की कछार पर चल रह थे। वह सोना का मुख देखने के लिए व्याकुल हो उठे। बावडी के किनारे पहुच कर देखा—बडेदा मणीद्रनाथ अकेले मोर के पिंजडे के सामने खडे है। मणीद्रनाथ को दखकर चद्रनाथ को शुरू म बडा आश्चय सा हुआ। यह पागल व्यक्ति अकेला यहा खडा है। और वे आये भी तो किसक साथ। मझलेदा ने कहला भेजा था कि सिफ सोना आया है। इसलिए उन्होने मणीद्रनाथ को देखने की आशा ही नही की थी। चद्रनाथ अपने दादा की ओर चल पडा। नजदीक जाते ही देखा सोना बडे दा के बदन के साथ सटकर खडा है।

—सोना तुम यहा ?

—ताऊजी को मोर दिखाने ले आया हू।

—लालटू पलटू कहा हैं ?

—व चिडिया मारने गये हैं।

पूजा की छुट्टियो म बाबुओ के बेटे शहर से आ जाते हैं। व बदूक लेकर पछी शिकार की शगल मे लग जात हैं। सोना को देखत ही चद्रनाथ अकुलाने लगा। यह बच्चा अपनी मा पर गया है। इस वक्त मानो वही मा यानी दूर के एक गाव म बडी-बडी आखो वाली धनबहू राता दिन गिरस्ती के लिय मेहनत मशक्कत करती जा रही है। दूर क गाव म कोमल और सुन्दर जननी का एक मुखडा चद्रनाथ की आखो में तिर आन पर उसने सोना को बाहो मे भरकर दुलारना चाहा। बोला आ जा तुझे गोद म लें लू।

सोना ताऊजी से और भी चिपट गया। उसने गोद में उठना नहीं चाहा। क्योंकि सोना के लिए यह पागल आदमी चंद्रनाथ से अधिक निकट है। अपने पिता से उसकी कभी-कभार ही मुलाकात होती है। ज्यादातर रात को ही पहुंचते हैं। ज्यादा रात में। सोना को पता नहीं चलता। सबेरे वह देखता मां बिस्तर पर नहीं हैं। बाबा उसे गोद में समेट लेते हैं। सोना शुरू में छोटी छोटी आंखों से मुलुर मुलुर देखता, फिर आंखें पूरी-पूरी खुल जाने के बाद वह समझ जाता कि उसके बाबा प्रवास से लौट आए हैं गन्ना या अनन्नास जिस मौसम का जो हो ले आए हैं। सोना उस वक्त चुपचाप नए बच्चे की तरह लेटे रहने पर बाबा उससे कितने ही तरह की बातें किया करते हैं अब उठो, उठकर मुंह-हाथ धोओ पढ़ने बैठ जाओ। पढ़ोगे लिखोगे होगे नवाब—ऐसी ही सारी अच्छी-अच्छी बातें श्लोक सस्कृत में, धर्म-अधर्म की बातें सूर्य-स्तव आदि। फिर यह जो अगल पेड़-पौधे फूल, मिट्टी और कछार पर पीपल का पेड़ सुनहरे रेत वाली नदी नदी की धारा सब कुछ मिल मिलाकर ही कदाचित् उसकी जन्म भूमि है। पिताजी उसे इस जन्मभूमि के बारे में जननी के बारे में, बड़े बूढ़ों के बारे में आचार-व्यवहार सिखाने सिखाने उसे पेड़-पौधे चरिन्दे-परिन्दों के बीच में ले जाते—सोना को तब लगता कि बाबा के हाथ में अलादीन का दीया है वह जो कुछ भी चाहेगा बाबा उसे ला दे सकते हैं। इस कारण चंद्रनाथ उसके लिए हमेशा जादू के देश का आदमी है।

चन्द्रनाथ सिर्फ सोना से बात कर रहा है, मणीन्द्रनाथ से नहीं कर रहा है, इस कारण शायद मणीन्द्रनाथ मन ही मन गुस्सा रहे हैं। भांपकर चंद्रनाथ ने कहा, आपकी तबीयत कैसी है? बड़ी भाभी की? यह सब कहना बेकार ही है। फिर भी कुशल क्षेम न पूछने पर, इतने बड़े एक व्यक्ति अभी तक मौजूद हैं इस संसार में हैं मानो न रहने पर बड़ा-सूनासूना-सा लगेगा इस व्यक्ति का कुछ सम्मान प्रदर्शित करना—मानो यह व्यक्ति मौजूद है तो सभी कुछ है। चंद्रनाथ ने अब सोना से कहा ताऊजी को पकड़कर तुम भीतर ले जाओ। जाने किधर को फिर भाग जायेंगे तब तुम उनको पकड़कर रख नहीं सकोगे।

सोना ताऊजी का हाथ थामे कचहरी-बाड़ी की ओर जा रहा था। चंद्रनाथ ने जाते जाते कहा, तुम पूजा देखने को चले आए तुम्हारी मां का दिल नहीं दुखेगा?

सोना बोला, मां ने ही तो मुझसे आने को कहा।

चंद्रनाथ ने बेटे के सिर पर हाथ रखा, रात को रोना मत।

सोना खामोश रहा। ताऊजी उसके पास शरीर कड़ा किये खड़े हैं। वे इस समय मकान के भीतर जाना नहीं चाहते। लेकिन चद्रनाथ चाहता है कि इन पेड़ पौधों के बीच और धूप में न रहकर सोना अन्दर कचहरी बाड़ी चला जाय। धूप निकल आई है। इस धूप में घूमने पर सोना की तबीयत खराब हो सकती है। और यह सोना जिसका मुख देखते ही बस धनबहू याद आ जाती है प्रवास में वह कितने ही दिनों से अकेला है पूजा के इन दिनों में चल जा सकने से दिन मनभावन हो जायेगा, सोना का मुख देख चद्रनाथ घर जाने के लिये मन ही मन व्याकुल हो उठा है। अब बरसात का मौसम रहा इसलिए जब तब घर जाना सभव भी नहीं। जाने पर नाव से जाना पड़ता। सूखे दिनों में जमींदारी में निकल रहा है ऐसा कहकर तीन दिन का काम एक दिन में निबटा कर वह घर चला जाता है दो रात घर में बिताने के बाद वह कचहरी-बाड़ी लौट आता है। जमींदारी में उगाही वसूली के बहाने चोरी छिपे चले जाना। कोई छुट्टी उट्टी नहीं मिलती। बाबुओं की मर्जी, जाओ दो दिन की छुट्टी। फिर शायद छह महीने फुरसत ही नहीं निकाल पाता चद्रनाथ। भूपेंद्रनाथ छोटे भाई की सूरत देखकर सब कुछ ताड़ लेता और बाबुओं से कह सुनकर छुट्टी दिला देता। इसके अलावा जमींदारी में दौरे के बहाने जब चद्रनाथ घर आ जाता तब काफी रात हो जाती है गहरी रात। दिन को अपना काम खत्म कर दिन ढले वह घर की ओर पैदल चलने लगता। दस कोस रास्ता दनदन चलकर चद्रनाथ चला आता। गहरी रात को कुंडा खड़काने पर धनबहू को पता चल जाता कि इस आदमी से अब रहा नहीं जा रहा है चला आया है। धन-बहू खुद भी कितनी ही रातें बिना सोए गुजार चुकी है, क्योंकि धनबहू नहीं बता सकती कि चद्रनाथ कब आयेगा। दरवाजे का कुंडा खड़कते ही दिल खुशी से बल्लियों उछल पड़ता। बहुत चुपके चुपके कहीं सोना को पता न चले पता चलते ही उठ जायगा, सोएगा नहीं रात भर बाबा उसके लिये क्या लेता आया है और लालटू अपने तख्त से उठकर बाबा के पास सोना चाहेगा। इसलिये धनबहू अक्सर चुपके से दरवाजा खोल देती है। हाय चद्रनाथ बावड़ी के किनारे चलते समय सोचने लगा धनबहू बेशक रात को घाट पर बरतन माजते समय अन्यमनस्क होती जा रही होगी। दूर अंधेरे में लग्गी की आवाज सुनते ही कान पसारती। शायद वह आदमी नाव से नदी की कछार पर उतर आ रहा हो। धनबहू अब खुद ही मानो प्रतीक्षा नहीं कर पा रही है। रात को खिड़की पर मुख रखकर जागती

बैठी है। शायद अभी दरवाजे का कुडा खडक उठे चुपके से किवाड खोलते ही देख सकेगी, उसका पति चद्रनाथ मजबूत काठी का मद घनी मूछें और भाटे जसी आखें लिये बरामदे मे खडा है। उसका पति भागकर सहवास करने चला आया है। हाथ पैर धोने का पानी और अगोछा देकर धनवहू केवल पूछती चद्रनाथ क्या खायगा ? चद्रनाथ पत्नी की ओर दखते हुए कुछ कहता नही। सिफ लालटेन की रोशनी मुख के पास ले जाता। धनवहू का मुख देखत देखत गोया जान क्या कहना चाहता है। कह नहीं पाता। तब धनवहू सब कुछ समझकर मधुर-मधुर मुस्काती।

जाने क्या-कुछ सोचने लगा वह। चद्रनाथ ने अब मणींद्रनाथ से कहा, वक्त पर नहा लीजियेगा। वक्त पर खाइयेगा। भाग-दौड करने पर बाबू लोग नाराज होंगे।

मणीद्रनाथ फिर ठहरे नही। सोना का हाथ छोडकर चलने लगे। सोना ने कहा बाबा जाऊ ? कहकर उसने बाबा की सम्मति के लिये प्रतीक्षा नही की। उसने लपककर ताऊजी को जा पकडा।

सोना ने जाते-जाते कहा, ताऊजी आज मैं आपके साथ नहाऊगा आपके साथ खाऊगा। सोना ने और फिर कहना चाहा, यह जो बावडी देख रहे हैं, इस बावडी को पार करने पर बाघ है, बाघ का बच्चा है। सोना का इस वक्त जी कर रहा है उस चिडियाखाना जाने के लिये। उसने उनको खीचते-खीचते ले जाकर बाघ पिंजडे के सामने खडा कर दिया। चीता के दानो बच्चे चू चू दूध पी रहे हैं। दोनों बाघो ने कान खडे कर लिये और मानो मणीद्रनाथ और सोना को वे देखने लगे। दाहिनी ओर चले जाने से छोटा-सा एक जलाशय, जिसके चारो किनारे लोहे की रेलिंग और जलाशय मे मगरमच्छ। शीतलक्षा के जल मे मगरमच्छ का बच्चा भटक आया था। गोला बनाकर मछलियो के लिए डालियो टहनियो और घास के भीतर सडे सेंवर की एक जमीन बनायी गई तो मछली खाने यह मगर मच्छ अदर घुसा और उस गीले मे फस गया। तभी से इस छोटे से मगरमच्छ के लिये यह जलाशय बना। लालटू पलटू ने बाघ हिरन, मोर के किस्से सुनाये हैं लेकिन मगरमच्छ के बारे मे कुछ भी बताया नहीं था। कल आकर ही वे मगरमच्छ देख आए हैं। सोनो उस समय अमला-कमला के साथ छत पर चढ़कर तारे देख रहा था—रात को कचहरी बाडी मे यही सारी बातें। चिडियाखाने मे इस बार

एक मगरमच्छ आया है। वह ताऊजी को, मानो ताऊजी कोई नाबालिग हो, सोना सयाना हो वह चलता जाता है और कितनी ही बातें कर रहा है बाघ क्या खाता है मोर कब पख फला देता है हिरन क्या-क्या खाना पसन्द करते हैं बानुओ के य हिरन कहा से पकड लाये गये हैं—इतने दिनो से वह जो कुछ सुनता रहा वही नानी की तरह एक एक कर बताता जा रहा था।

सहसा मणीद्रनाथ बाघ के पिंजडे के पास खडे हो गये। और सीखचे पकडकर हिलाने लगे। सोना ने तुरत ताऊजी को डराया ताऊजी बाघ आदमी खा जाता है। शरारत करने पर बाघ टूट पडेगा। सोना की बात सुनकर मणीद्रनाथ हा-हा कर हसने लगे। फिर छत की ओर देखकर सहसा खामोश हो गये। इतनी दूर से भी सोना न पहचान लिया, छत पर अमला खडी बाल सुखा रही है।

मणीद्रनाथ ने अब सोना को कधे पर उठा लेना चाहा। सोना ताऊजी के कधे पर नही चढा। बोला आइये देखा जाय कौन पहले पहुचता है। कहकर सोना भागने लगा और देखा कि पागल आदमी दौड नही रहे हैं। छत की ओर टकटकी लगाये देख रहे हैं। अमला के बाल सुनहले रग के। आखें नीली। अमला को देखकर ताऊजी निश्चल से हो गये। और आश्चय है कि यह आदमी तभी से यथार्थ में चगा हो गये। सोना के बदन पर तेल लगाया और नहला दिया उन्होने। एक साथ खाने बठे। सोना की मछली से काटा निकाल दिया। और तिपहर को हाथ पकडकर नदी के किनारे घुमाने ले गये।

और तभी सोना ने देखा एक लैंडो गाडी आ रही है। दो सफेद घोडे। अमला कमला हवा खाने निकली हैं। उन लोगो ने सोना को देखकर कहा चलोगे सोना?

—ताऊजी को लो तो जाब।

उन लोगों ने गाडी रोकने को कहा। ताऊजी सवार हुए तो सोना ने अमला के साथ उनका परिचय कराया। फिर ताऊजी की ओर देखकर कहा मेरे बडे ताऊजा। कलकत्ते म नौकरी करते थे।

वे सफद सिल्क के फ्राक पहने हुए हैं परों म सफेद मोजे केडस। मणीद्रनाथ का कुरता सिल्क का और धोती धुली हुई सफेद जूते। सोना की कमीज सुनहरे सिल्क की और सफेद पट। परा म रबड के जूते। दो सफेद घोडे उनको इस वक्त नदी के किनारे किनारे हवाखोरी के लिये ले जा रहे हैं। सोना ने घाट पर देखा, नाव पर बठा ईशम मछली पकड रहा है। उसने चिल्ला कर कहा, ईशम दादा।

चलिएगा ? हवा खाने चलिएगा ?

सोना के पास छोटे-बडे का कोई भेद भाव नही रहा। मानो इस गाडी पर सवार हो सभी लोग हवा खाने जा सक्ते हैं। उसने कहा, ताऊजी, चलिएगा फील-खाने के मदान म, आपको हाथी दिखाऊगा ? कमला तुम चलागी ?

अमला बोली, मैं भी जाऊगी। कमला, तू मैं और सोना। उसने अब पागल आदमी को देखा, देखते-देखत बोली, आप चलियेगा ? लेकिन उन्होने कोइ बात नही की तो अमला ने जोर-जोर से कहा, चलियगा आप हाथी देखने ? कल हम लैंडो म चढकर हाथी देखने जायेंग। काली बाडी जाऊगी। नदी की कछार पर उतर जाऊगी। चलियेगा।

अमला की इतनी कोशिश के बाद भी मणीद्रनाथ नही बोले। यहा तक कि वे आज गत्‌चोरेत्‌साला तक नही बाल। सिफ नदी मैदान और कासफूल दखत देखते बार-बार अमला को निरखत रहे। अमला अपनी मा की सूरत पर गई है। अमला की ओर देखकर मणीद्रनाथ मानो बच्चे की तरह रूठे बठे हैं।

क्वार का सूय नदी के उस पार ढल रहा है गाडी आग बढ रही है। घाड के परो की टाप। ठक्‌ ठक्‌। बड ही ताल-लय स दाना घाडे दोड रहे हैं। सोना ने जाने कब कहा ऐसे ही दो सफेद घोडा को गाडी खीच कर ल जात हुए देखा है। जोरा की बफ गिरा है पेडो पर पडो के पत्ते झर चुके हैं चारो ओर बफ के पहाड बीच म वाला में माग जसो एक पगडडी। किसी ने उस इस तरह स कही के राजा रानी की एक कहानी सुनाई थी। सोना और मणीद्रनाथ एक तरफ अमला कमला दूसरी तरफ। तरह-तरह के पछी नदी पार कर उडे जा रहे हैं। दूसरे तट के लोग प्राय दिखाई ही नही पडत। नदी म पानी धीरे धीरे उतरता चला जा रहा है। उस पार के लाल इट वाल मकान सोना का तसवीर जस लग रह थे। वह कितने ही तरह की बातें करना चाहता है। उसे याद आया कि वह रोशनी जलाने वाला आदमी लबी सी पोशाक पहनकर बत्तिया जलाएगा। यह आदमी सोना को बडा भला लगता ह। मझल ताऊ से यह शख्स यमराज-सा डरता ह। भेंट होत ही आदाब करता। सिर झुकाय खडा हो जाता। उसकी पीठ पर फटी कमीज क भीतर से उसका शरीर कितना मरियल है जाना जा सकता ह। शाम होत ही वह उस कल का चालू कर देता ह। भट भट शब्द होने लगने ही सारे मकान म जादू की तरह लाल-नीली बत्तिया जलने लगती।

उस आदमी ने सोना से कहा है कि रोशनी जलाते समय जादू का वह कल वह उसे दिखाएगा। उसका नाम है इब्राहीम। सोना के सबेरे उठते ही उसने एक आदाब दिया है। सोना ने देखा है कि इस हवेली के कायदे-कानून ही अलग हैं। सुबह होते ही जितने सारे नौकर थे सोना को देखकर आदाब बजाये थे। तोशाखाना के सारे नौकरों ने आदाब बजाया। यह बड़ी अनोखी दुनिया है। ताऊजी को देखकर लोग दूर से आदाब करते हुए चले जा रहे हैं। इब्राहीम का शरीर कितना झुक-सा गया है। आदाब करते वक्त उसे और झुकाना नहीं पड़ता। जात्रा गान में सोना ने एकबार औरंगजेब का अभिनय देखा था। सोना के तईं यह व्यक्ति उस बादशाह के समान है। सफेद दाढ़ी नाभि तक उतर गई है। इस आदमी के कब्जे में इतनी बड़ी हवेली है—फिर अंधेरा भी। सोना को यह आदमी महाभारत की भूमि का लगने लगता। इस व्यक्ति में अमित तेज है। उसके हाथों में जादू की छड़ी है यंत्र से छुवाते ही छूमंतर सा बोलने लग जाता है। वह बीच बीच में चिल्ला उठता कमला की तुकबंदी भी फूंक दिया मंतर-बात करेगा जंतर। गाड़ी में बैठकर उसने देखा कि दिन ढलता जा रहा है। लौटने में देर हो जाने पर इब्राहीम उसके लिए इंतजार न कर उस करिश्मे वाले कमरे में जाकर बैठा रहेगा। सोना ने कमला से गाड़ी जल्दी भगाने के लिए कहा।

कमला बोली गाड़ी तो चल रही है।

—हम लोग लौट जाएंगे कमला। सोना भरसक कमला की तरह बोलने की कोशिश कर रहा है। बोलना बहुत ज्यादा मुश्किल नहीं। बस किताबी भाषा बोलना पड़ जाता है। फिर भी लहजा दुरुस्त नहीं रहता कमला अमला दोनों चुपके-से मुस्कुराती। उसने सोचा अबकी से बड़ी ताई की बातों को याद रखने की कोशिश किया करेगा।

सोना कह सकता था न लौट जाने पर बत्तियां नहीं जलेंगी। क्योंकि इब्राहीम ने कहा है मेरे पहुंचने पर ही वह बत्ती जलाएगा।

कमला बोली तुम हम लोग छत पर न चलोगे। वहां से अच्छा देख सकेगा।

अमला बोली हम लोग आज छत पर लुका छिपी खेलेंगे। तू आएगा सोना।

अमला सोना को देख रही थी। सोना का चेहरा सुन्दर, कितनी हसीन आंखें और कितनी मिठास भरी बोली मां द्वारा वर्णित बायबिल का वह बालक, सफेद पोशाक में सोना कभी-कभी वैसा ही दीखता है। सोना को थोड़ी-सी खुशी होते

ही उमग क मारे उसकी समझ म नही आता कि वह क्या करे। वह घोडो का भागना देख रहा है घोडो का घास चरना देख रहा है। गाडी रोक कर वे नदी के किनारे कुछ देर बठे रहे। इस तरफ गज जसा ही इलाका है। कितन ही सारे लाग चल जा रहे हैं। अमला कमला का देखकर वे लोग सम्मान मे सिर झुकाते हुए चले जा रहे है।

इसके बाद धीरे धीरे यह गाडी एक मदान म जा पहुची। मणीद्रनाथ चुपचाप बठे अब तक नदी के दोनो तट देख रहे थे। अब मदान देख रहे हैं। और मुड मुड कर अमला को देख रहे हैं। मानो उनकी पलिन हो—बचपन की पलिन—क्या ही सुदर नाक-नक्श। धीर स्थिर मणीद्रनाथ ने अमला को दुलारने के लिए उसके सिर पर हाथ रखा तो वह डरन लगी। सोना बोला, कोई डर नही अमला। मेरे ताऊजी कभी किसी से कुछ कहते नही। कुछ नुकसान नही पहुचाते। और ताज्जुब है कि यह कहते ही वह आदमी सलीके स बठ गया। व सब तीथयात्रा म निकल हैं—मणीद्रनाथ के मुख का भाव एसा ही है। अमला किस्सा सुनान लगी कि बच पन म उनके लडो पर चक्कर इस मदान म पहुचते ही कुहरा उतर आया था। उन दिनों इब्राहीम लडा चलाता था दोनो घोडो को उसने घास चरने को छोड दिया था। गाडी स उतर कर अमला-कमला मदान मे भागदौड रही थी। लेकिन सहसा कुहासा घिर आन से इब्राहीम को दोना घाडे ढूढे नही मिले। जाडे के दिन थ। दोना लडकियो को दो कधा पर बिठाकर लौटते समय इब्राहीम न देखा था कि एक वद्ध रास्ता रोके खडा है। वृद्ध के हाथ म लाठी थी। मझले बाबू का फ्लूट सुनने की गरज स वह अपन गाव देश से निकल पडा था। अमला के बाबा क्लारिओनेट बहुत बढिया बजाते हैं। वे अब यहा आए हैं रात को फ्लूट बजायेंगे। लेकिन कुहास मे व भटक गय थे सो इब्राहीम उनका हाथा से पकड कर ले आया था। और आश्चय की बात है कि वह व्यक्ति एक माहिर क्वारिओनेट वादक था। मझले बाबू को अपने से बडा उस्ताद जानकर वह वहा आया था। लेकिन बाद को पता चला कि मझले बाबू न उस आदमी को नीचे वाली मजिल मे रोक रखा था। और उस उस्ताद मानकर सारे सुर-तान-लय—जो कुछ भी फ्लूट का रहस्य था जान लिया था। वह उस्ताद इतना बेहतरीन फ्लूट बजाता था कि वह बजाने लगता तो बेवक्त ही कास के वन म फूल खिलन लग जाते और सिर पर परिंदे उडने लग जाते। उस व्यक्ति ने अपना सब कुछ उडल दिया मझले

बाबू को। अपना कहने को कुछ भी नहीं रहा उनका। कुछ देने के लिए ही वह आया था लेकिन देखा कि मंझले बाबू के हाथ अभी गए नहीं। इतने बड़े घराने का इज्जतदार आदमी उसके हाथ हार जाएगा। यह सोचते ही उसे बड़ी तकलीफ हुई थी। उन दिनों रात दिन मझले बाबू उस आदमी के साथ रहते थे। नहाने खाने की भी फुरसत नहीं थी। और यह विस्मय की बात है कि वह आदमी सब दे दिला कर नदी के जल में उतर गया था उस आदमी के पास अब कुछ रहा भी नहीं था। वह दुखियारा आदमी था हाट बाजार में फ्लूट बजाया करता था सो भी बड़े बाबू के मझले बेटे ने ले लिया। अब उसके पास अहंकार करने लायक कुछ भी नहीं था। मानो वह अपना स्वर खो चुका था, सुर गवां चुका था। उसने अकेले नदी के किनारे किनारे चले जाना चाहा तो मझले बाबू ने कहा आखिर तुम इस बूढ़ी उम्र में कहां जाओगे भला ? रह जाओ। कौन सुनेगा तुम्हारा फ्लूट। तुमने तो कहा है कि तुमने मुझे जो कुछ दिया है वह अब हाट-बाजार में नहीं बजाओगे। तो फिर तुम्हें पैसे कहां से मिलेंगे। खाओगे क्या ?

खालिक मियां शुरू में सही जवाब न दे सका। बाद में उसने कहा, जो हुक्म है हुजूर। हुजूर के लड़ो में आकर जो बैठ गया तो फिर हिला ही नहीं। आंखों से न सूझने पर भी गाड़ी पर चढ़ बैठने से खालिक मियां अकेले ही सौ के समान हैं। इस समय खालिक का लड़ो हवा से बातें कर रहा है।

नदी के उस पार सूर्य अस्त हो रहा है। अब धीरे धीरे बांस के पत्तों पर जुगनू आ पड़ेंगी। नदी में जो नाव है उनकी लालटेन एक एक कर जल उठेंगी। नदी किनारे पहुंच कर ही लड़ो मुड़ गई। सूर्यास्त के कारण नदी के किनारे कछार और मैदान पर ललौंछ-सी। लड़ो में बैठे लोगों के चेहरे पर भी वही लालिमा। सूर्यास्त होते ही अंधेरा फिर सिर पर नीला आकाश। शरत् के आकाश में चांदनी छिटकने पर शायद झाऊ के नीचे लड़ो जा ठहरेगा। पागल आदमी मणींद्रनाथ तब लड़ो से उतर जाएंगे।

उन लोगों के झाऊ गाछ के नीचे पहुंचते-पहुंचते अंधेरा छा गया। घोड़े अब दुलकी चाल चलने लगे हैं। अब और सरपट नहीं भाग रहे हैं। क्योंकि वे हवेली के पास नीले रंग के मैदान में आ गए हैं।

मणींद्रनाथ के उतर जाने के बाद अमला बोली तुझे याद तो रहेगा सोना ?

सोना ने गर्दन हिलाकर जताया कि उसे याद रहेगी। छत पर चांदनी छिटकेगी

तब वह अमला-कमला के साथ लुकाछिपी खेलेगा। ढाक का बाजा बजेगा, ढोलक का बाजा बजेगा और व छत पर या रसोई घर पार कर जनान खान मे जा दासी-बादियो क कमरे हैं उसके इद गिद लुकाछिपी खेलेंगे। लकिन नीले रग का मदान आ जाते ही सोना को कुछ याद आ गया। वह बोला मैं उतरूगा अमला।

—यहा क्यो उताराग ? अमला अधीर-सी लगी।

सोना कह सकता था वह जो जादुई मशीन है जिसे घुमाते ही तार-तार म बिजली दौड जाती है रोशनिया जल उठती हैं कमरा म लाल-नीली बत्तिया जलाई जाती हैं और पूजा के दिन होने की वजह से छोटे छोटे पेडा पर पत्तियो की आड म टुनी फूल जसी बत्तिया की माला खेलने लगती हैं—उमे इस वक्त उस जादुई मशीन क पास जाकर खडा होना है। इब्राहीम न कहा है कि वह उम जादुई मशीन के पास खडा रहना है अपने हाथ की जादुइ छडी छुआते ही तरह-तरह की आवाजें होन लगती—कितनी विचित्र ध्वनिया मानो नदी क जल म डाड गिर रहे हैं या लडकी पर काई चोट कर रहा हो खट-खट नही शब्द ऐसा नही है यह शब्द भट भट जमा है और इब्राहीम न अपनी आखें बडी-बडी करते हुए कहा है वह अपने लबे चोगे के भीतर स कितन ही किस्म किस्म की जादुई छडिया को निकालकर दिखायेगा। इमी आशा मे सोना लडो से कूद कर उतर पडा।

इस समय कहा है इब्राहीम। वह चारो ओर ढूढने लगा। जादुई मशीन जिस कमरे मे रहती है वह वहा जा पहुचा। लडा अब सदर म प्रवश कर रहा है। कही स उसने घोडे का हिनहिनाना सुना। कुछ बालक-बालिकायें भी देखने आए हैं—क्योंकि पूजा के ये कई दिन यह हवेली गाव क बच्चे-बूढो क लिये एक आश्चय-जनक मायापुरी बन जाती है। पूजा के ये कई दिन महल की इमारत नीले रग का मदान, झील-सी बडी बावली और अनोखे रग के फूल के पौधे सब कुछ मिला कर मिलमिला कर एक माया-कानन-सा है। दूर-दूर से लोग पैदल चले आते हैं। चलते चलत सोना न इन सब लोगों को देखा कि वे नदी किनार बठे हैं। और दाहिने ओर का वह गोल घर लोहे क जाल स घिरा हुआ है। ताज्जुब है इब्राहीम दिखाई नही पड रहा। इब्राहीम ने उससे कहा है कि वह बत्ती जलाना दिखायेगा, यह रोशनी जलाना सोना के तइ एक अलौकिक घटना-सा है वह देर न लगा सका, वह दौड कर गया और जाल पर मुह रख कर उसने देखा इब्राहीम मशीन पर झुक कर कुछ कर रहा है।

उसने पुकारा, इब्राहीम।

इब्राहीम ने कोई जवाब नहीं दिया। सूय अस्त हो गया है और सांझ उतर रही है इसीलिए कमरे के भीतर हल्का-सा अंधेरा है। इब्राहीम का मुख धुंधला-सा। उसके चहरे पर पसीना चुह चुहा आया है। वह मानो सब को अपने वश म नहीं कर पा रहा है। वह जादुई मशीन अद्भियलपन दिखा रही है। जितना ही वह अड रही है उतना ही वह खींच-खांच कर जाने क्या सब गांठ डाल रहा है चारो ओर चक्कर लगाते हुए खींच-खांच कर जाने क्या जांच-परख रहा है। अपना चहरा उसन पागल सा बना रखा है या चेहरे पर उद्वेग-सा छा गया है। इतने सारे बच्चे चारो ओर सभी उसका कौशल देखने आये हैं इब्राहीम मिस्त्री इतना नामी गरामी कि मेरे हाथी साथ रुपये जमा हो उसका मूल्य और इस समय वही शख्स बिना नोटिस ऐसा घबरा गया है कि सोना भी उस बुला न सका, इब्राहीम तुमने मुझ आने को कहा था। किस तरह स एक जगत को पल भर म जादू का देश बना देते हो, तुमने दिखाने को कहा था और अब तुम कुछ भी नहीं कर रहे हो। बुलाने पर भी आहट नहीं देते।

सोना को अब डर सा लगने लगा। वह अकेला फस जायगा। इब्राहीम ने कहा था कि रोशनी जल जाने के बाद वह उसे कचहरी बाड़ी पहुंचा देगा। और अब वह इब्राहीम बिलकुल भोला मौलवी बन गया। या फकीर दरवश। कोई बात ही नहीं करता। वह मानो बुदबुदा कर कुरआन शरीफ पढ रहा है। सोना किसी तरह से भी नहीं कह सका ओ इब्राहीम तो फिर तुमने मुझ बुलाया हो क्या था। अब मैं कैसे जाऊ।

अगर वह हेमत का हाथी भी लौट आता इस वक्त। व लडो पर सर करने गये थे और बडदा मझलेदा बाबुओ के बेटो के साथ गये हैं। हाथी पर सवार होकर वे हवा खाने गये हैं। हाथी के गले की घंटी बजते ही उसे पता चल जाता कि हाथी लौट रहा है। नहीं कही कोई लौट नहीं रहा है। केवल अपरिचित बालक बालिकायें और लोग बाग जो प्रतिमा के ढांचे पर मिट्टी का लेप पढते ही आने लगते हैं वे ही इस रोशनी जलने का करिश्मा देखने आये हैं। बाबू लोग शहर म रहते हैं। पूजा आने पर इस घर मे एक मशीन चालू हो जाती है। तब यह हवेली की रोशनी और पास के मकानात और तरह-तरह क पत्थर की मूर्तियो को लेकर यह गाव शीतलक्षा के जल पर एक शहर सा बन जाता है। सोना भी इस शहर

मे आया है। वह जो कुछ भी देख रहा है उसी से आश्चय करने लगा है।

अधेरा क्रमश भारी होता जा रहा है। पेड-पौधा के घन होने के कारण आकाश म जो तनिक सी चादनी छिटक आई है वह इस कमरे मे या घास या जमीन पर पेडों की डाली-टहनिया-पत्तियो को भेद कर नीचे उतर नहीं पा रही है। सभी कह रहे हैं क्या हो गया इब्राहीम तुम्हारी पगली बोलती क्यो नहीं।

—बोलेगी, बोलेगी। बिना बोले जायगी कहा ?

सोना बोला इब्राहीम, तुमने मुझसे आने को कहा था।

इब्राहीम को मानो अब पता चला कि सोना बाबू खडे हैं। उसने कहा मालिक जाने क्या हो गया इस पगली को।

—क्या हुआ ?

—बात नही करती।

और तभी साना ने देखा मझले ताऊ इधर ही लपकते चले आ रहे हैं। उनके साथ जनानी ड्योढी का नौकर नकुल। ताऊजी के चेहरे पर भी उद्वेग। यहा सोना अकेला एक अनजान जगह पर खडा है यह भी वे गौर नही कर रहे हैं। इस बार अदर घुसकर टाच जलाकर उन्होने कुछ देखा। इब्राहीम का हट जाने को कहा। फिर कुछ देखकर कहा, यह यहा क्यो ?

—सोना के जी म आया, बुलायें, ताऊजी मैं यहा हू।

लेकिन सोना ने जसे ही सोचा कि ताऊजी बहुत बडे आदमी हैं कि बुलाने का हौसला जाता रहा। जसे आये थे वसे ही चले गये। सोना कुछ बेवकूफ-सा खडा ही रह गया। अब अधेरा नही रहा। इतने बडे आकाश चाद की एक फाक और हजारा सितारो का मुह चिढा रहा है यह मायाकानन, यह हवेली भी। चारों ओर प्रकाश-माला। चारो ओर बडे बडे मग्नोलिया फूल क पौध, उनके अद्भुत रग के पत्ते और छोटे छोटे कीट-पतगो के शब्दा न सोना को जाने कसा उदास बना दिया। वह अकेला पदल चला जा रहा है। उसमे अब कोई भय डर नही रहा। चारो ओर इतनी रोशनी, इतने पेड पोधो के बीच बेशुमार बत्तिया, दूर मे कुछ लोग इस समय भागदौड मचाये हैं और निरतर पूजा का बाजा बज रहा है—सोना का सारा भय फुर हो गया। उसके दिमाग म सपनो का एक दश, देश का नाम केवल एक लडकी के मुख से तुलना कर मेल खाता—वह लडकी है अमला। उसकी अमला बुआ। अमला ने उसे आज छत पर चलने को कहा है। सोना तू छत पर

इस बार मालती को उठात वक्त जोटन ने देखा कि मालती उठ नही पा रही है। कमर म दर्द है। लहसन वाला तेल शीशी भर साथ ले लिया। मालती म कह दिया कि घर पर यह तेल मालिश करे।

जोटन ने मालती को मजबूती से पकडा। चक्कर कर गिर सकती है। क्या सूरत बन गई है। चेहरा काला पड गया है। सोने के तन म कौन आग लगाकर चला गया है। जोटन मार भय क इस वक्त मालती की ओर देख नहीं पा रही है। मानो यह लडकी गुस्से का पुतला बनकर बठी हुई हो। मौका महल देखते ही गुस्सा ।। क निय छलाग मार लगी।

फकीर साहब का अच्छी तरह याद है फकीर आदमी की कभी इमारी-बीमारी यहा आकर जोटन न फकीर साहब का एक दिन के लिये भी बीमार नही देखा।

सवेरे सवेरे पेट मे यह गडबडी—किससे बनाया जा सकता है। भीतर ही भीतर दद व मरोड हो रहा है और पेट के भीतर एक जलन सी। और वक्त जिस तरह वे जडी बटी और बेल या पत्तियों का रस पीते हैं उसी तरह इस बार भी जगल मे घुम कर दो हाथो से मसल कर कोई रस मुह म डाल लिया। यह रस पीते ही शरीर के सारे दुख-दद दूर कर हो जायेंगे। धीर धीरे वे नीरोग हो जायेंगे।

फकीर साहब ने जाटन से कहा, आप कुछ भी दो मुटठी मुह म डाल लेती तो बेहतर होता। मुझे भूख नही।

जाटन बोली, बताइये खाऊ भी तो कम। मालती न कुछ भी खाया पिया नही मैं कस खा पी लू।

फकीर साहब ने अध खुले म मालती को अच्छी तरह स देखा। वाकई उसके चेहरे की रगत कोई माफिक नही। फुसफुसाकर कानो मे उन्होने कह दिया कि जोटन उस पकड कर बठी रह। लच्छन कोई अच्छे नही। जाने क्या होगा। किया क्या जाय ? इस समय इस युवती का दिमाग कोई ठिकाने नही। पगलाया सा चेहरा। युवती नारी सती हो तो जसा हो जाता है। फकीर साहब ने अपने बचपन म नदी किनारे किसी नारी के सती हो जाने का किस्सा सुना था। उस किस्से में सती के चेहरे म जो हाव भाव थे ही वही मालती के चेहरे पर। सारा समय वह बठे-बठे आत्महनन की बात सोच रही है।

जोटन ने मालती को कोषा-नाव के बीचोबीच बिठाया। फकीर साहब ने मुश्किल आसान का लप ले लिया साथ म। जब निकल ही पड हैं तो दो चार दिन या दो चार हफ्ते भी लग जायें। गाव गाव लप लकर चक्कर लगाया जा सकेगा। कोषा नाव लाने जाकर फकीर साहब ने कहा है जसा कि अमूमन वे कहते हैं बीबी को लेकर जाउगा कई रात नदी-नाला पर ही रहूगा वसे ही इस बार भी कहा लप लेकर चल रहा हू। बीबी का पेट खुदबुदाने लगा है। और जाने क्या कहती हैं, कहती हैं कि पीहर जायेंगी दुर्गा का बुत देखने। तो दिखा ही लाऊ एकबार। फकीर साहब ने जानबूझकर ही मालती का खबर किसी स नही बताई। ऐसी खबर पाते ही लोगबाग दरगाह की ओर दौड पडते। तब तो दरगाह म ही थाना-पुलिस की कार्यवाही शुरू हो जाती। या न भी हो। क्योंकि खानदान इज्जत आदि की बातें आ पडती। मालती के चहरे पर वही जान मान खानदान का कलक लिपटा हुआ है या वह मानो एक कलकिनी हो—हाय जाने क्या उसका पानी

म यहा जाय। रजित छोटे ठाकुर, तरेदाग और गांव के सभी लोग मानो उसके चारो ओर गोल बनाये खड़े है। यह सारी बातवाग बन जायगी। इस लड़की का न धरम रहा और न मान। कलकिनी है। तभी ही सारी बातें मालती के दिमाग म आ रही थी।

सहसा फकीर साहब ने देखा पत्थतन पर मालती जारोजार रो रही है। यह अच्छा है। व्याकुल हो रोने धोने से मन की ग्लानि मर जाती है। फिर धरती सुजला सुफला लगने लगेगी।

मालती फफक फफक कर रो रही है। मानो मन ही मन रजित से उद्देश्य म कह रही हो, मेरा तो ठाकुर सब कुछ लूट चुका। तुम्ह क्या दूगी ठाकुर।

रात भर गिद्धा की तरह कुछ लोग उसे नोचते-खकोटते रहे। शायद सारी आकाक्षायें जल की तरह झरती जा रही थी। कवल ससलता लहूलुहान शरीर पर जाने कौन लोग प्रेत की तरह रात भर नाचते रहे हैं। तीन वहशी नरक म गोता लगाने की लालच म जानवर जसे टूट पड़े थे—और व काल नाग रात भर उसके जिस्म पर रेंगते रहे हैं। जिसका कोई अत नही और न होने वाला है। नोचते खसोटते बकोटते चकोटते वे वहा से घसीट कर उसे यहा ले गये। मालती अब किसी तरह से भी याद नही कर पा रही है। बस उसे इतना याद है कि जिस प्रकार कब्रिस्तान के अधियारे म मास के लोभ से कोई गीदड मुर्दे की गध सकब्र म घुस पडता है—वे भी बस चलता तो उसके शरीर के भीतर सारे के सारे घुस पडना चाहते थे। मालती को अब तकलीफ हो रही है। हाथ नही रख पा रही है। मालती बैठ नहीं पा रही है। सब सूजा गया है। उसके बेहोश जिस्म के ऊपर वह दृश्य सोचते ही उसके गले स ओक निकल आई।

फकीर साहब ने देखा मालती ओकने लगी है।

जोटन ने कहा न खाने से कै नही आयगी तो क्या, बताइये।

मालती बस ओक रही है। अब वह जारोजार रो नहीं रही। धान खेत के भीतर फकीर साहब लम्बी ठेल रहे हैं। लम्बी मारते मारते वे मदान म निकल आये। सूरज धीर धीरे सिर पर चढ़ता आ रहा है। बदन का चागा उन्होंने खोल डाला है। बस एक लगोटा पहन है फकीर साहब। गले और हाथ की कलाई और बाहुनिया म सारे माला तावीज की आवाजें। और लगता व एक प्राचीन पुरुष हैं तपोवन मे महर्षि कण्व, शकुतला को राजा के पास लिये जा रहे हैं। किसी तरह

से उसे गाव पहुंचाना है। भीतर ही भीतर उनका दम उखड रहा है लेकिन किसी को भी कुछ समझने नहीं दे रहे हैं। बस होश-हवास खाकर लग्गी मारते चले जा रहे हैं।

जोटन बोली, मालती जरा दूध पी ले। मालती तू कुछ खायेगी-पीयेगी नही तो मर जायगी।

मालती कुछ भी नही बोली। आंख देत-दते पटवतन पर लट गई।

इतनी दूर का रास्ता इतनी उम्र म लग्गी ठेलकर पार नही किया जा सकता, मदान म उतरकर यह उनको पता चल गया है। सीधे रास्त से भी अगर चला जाय तो रात काफी हा जायगी। पानी उतार पर है। भाटा क अत म ही पानी उतरने लग जाता है। सीधे रास्त से जाया नहा जा सकता। बीच-बीच म जमीन निकल आई हागी। मघना म उतरकर बादशान तान दन स काफी चक्कर लगाना पडेगा। बल्कि व सानकान्दा के बगल से नाव ले ले जायेंगे। नहीपरदी क मठ के पास नदी म उतर जाओ तो खास कोई तकलीफ नही। पानी म उज्जल का बहाव मिल जा सकता है। फिर भी भीतर ही भीतर बडी पीडा है। जलन। पत्त क रस स पेट की जलन नहा गई। गला और सीना खुश्क हाता जा रहा है।

जोटन समझ पा रही थी कि उनका तकलीफ हो रही है। उसन तवाकू भरी। यह शख्स तम्बाकू पी ले तो बदन म कूवत आ जायगी। फकीर साहब का तवाकू पीने देकर खुद लग्गी ठेलन लगी।

जोटन बोली, मालती ने तो दूध पिया नही। आप पी लीजिय। पाने स ताकत आ जायगी। वर्ना इतनी दूर का रास्ता आप चलिएगा किस तरह।

—नहा बीवी, ऐसा नही हो सकता। कहकर बरसाती पानी लेकर गट गट पी डाला।

यह फकीर साहब और जोटन मालती के लिय जान लडाये दे रहे है। दरगाह मे कोई वहशी आकर मालती को छोड गया मालती कुछ भी नही बताती, पूछन पर सिसकने लगती। शरीर पर अत्याचार के चिह्न उभर आने से मालती अपना दिमाग दुरुस्त नही रख पा रही है। दरगाह म एक बाकया, फकीर साहब न मन ही मन अपन को अपराधी सा पाया। रात का तो वह कब्रिस्तान म जोरा पट्न आदमी के हाथ म मुश्किल आसान देखकर डर स भाग जाते हैं और कहा का कौन हरामी का पिल्ला आकर दरगाह को नापाक कर गया है। सारी गरज अब फकीर

साहब और जोटन की है। आदमी के न मरने पर, उसका इलाज न होने पर फकीर साहब की कीमत नहीं बढ़ती। दिन दिन उसका अभाव बढ़ता जा रहा है। वह दूध जोटन ने पटवतन पर रख दिया है। इतनी चिरौरी विनती के बाद भी मालती वह दूध नहीं पी रही है। यह दूध कितनी कीमती और अनमोल चीज है। जरा सा छलक पड़ते ही गुस्से से फकीर साहब के हाथ-पैर कांपने लगते।

शुरू में फकीर साहब ने घाट पहचानने में भूल की। मुद्दत से वे इस जवार में आये नहीं थे। नवमी का चांद डूब चुका है। चारों ओर सन्नाटा। अधेरे धानखेत में बस कुत्तर का डहरना। दूर से प्रताप चन्द के दुर्गा मन्दिर की डेलाइट गैस-बत्तियाँ नजर आ रही थीं। इस वक्त नाव गुजर रही वाली नदी के कछार के पास। कछार से फकीर साहब रोशनी देख कर आगे बढ़ रहे हैं। चेहरे पर हवाइयां। हाथ पर ढील पड़ते जा रहे हैं। अधेरे में भड़भड़ा कर उल्टी उठ आ रही है। सब के अनदेखे उन्होंने कै कर मुंह धो लिया। माना कुल्ली कर रहे हैं ऐसा ही शब्द अधेरे में। दरख्तों के फुनिंग धान के बिरवा के फुनिंगे अधेरे में उछल कर गिर रहे हैं। प्रताप चंद का घाट पार कर नरेनदास के घाट पर नाव लगाकर फकीर साहब ने कहा आप लोग उतरिये।

मालती पटवतन पर लेट गई थी सो उठी ही नहीं। यह नाव कहां जा रही है फकीर साहब किस मकसद से नाव ले रहे हैं जोटन पतवार थामे हैं उसकी समझ में नहीं आ रहा है। घाट पर आकर नाव लगते ही वह अपने आपे में आ गई। अरे यही तो वह घाट है। यहां बत्तखों को पानी में छोड़कर सवेरे वह यहीं बैठी रहा करती थी। सिर के ऊपर एक कदंब का पेड़। बरसात में इस दरख्त पर बेशुमार फूल खिल रहते हैं। फिर भी इन दो तीन दिनों में ही ये सभी उसके तई अपरिचित हो गये हैं वह एक गैर देश में आ गई है।

ऐसे अधियार में इत्तला करने में भी एक विडबना है। कौन जाने मालती आज कितने दिनों से लापता है। सहसा उतर कर नरेनदास को बुलाने पर वह हहाकार हो हल्ला मचा सकता है। मालती को देख मुहल्लेवालों को बुलाकर फकीर साहब ही को बांध रखे। कहां मिली तुमको यह ? अरे मियां तुम्हारे दिल में यही नीयत थी। भलाई करने आकर फोकट में फंस जाना। लिहाजा काम को बेखटके करने के लिए उन्होंने बदन पोछ डाला। मुश्किल आसान के लप से और वक्तों पर जैसा वे किया करते थे यानी चेहरे पर तेल कालिख लगा कर उसको डरावना बना

डालना—इस समय उन्होंने इसी साज म सज्जित होना चाहा। मानो वे इस गाव म मालती को लेकर नही आय हैं मुश्किल आसान का लप लेकर आए हैं। घर घर म जाने के लिये चोगा पहन कर मुह भर म कालिख पोत लेते ही आखें बडी-बडी और लाल लाल दिखने लगी। वे अब दरअस्ल इस दुनिया के आदमी नहीं रह। माला तावीज के भीतर, काले फटे पैवद वाल लबादे म अब एक जबर दस्त आदमी हैं वे। हाथ के मशाल से अगर वे चाह तो य पडपाड़े चरिंदे परिंदे सब कुछ जलाकर खाक कर सकते हैं। या वे माना वह व्यक्ति हैं जो दूर से दूर चले जाते हैं हाथ म मशाल लिय जाने किस इरादे से वे लगातार चलत जा रहे है। आसमान को रोशनी दे रहे हैं चाहे तो छलाग म समदर पहुच जायें। इस समय एक अलौकिक व्यक्ति जसे ही वे डगमगात हाथ म लप लिये दाम के घर की ओर उठने लगे। इस समय वे एक ऐसे किंवदनी वाले पुरुष लगत जसे चाद बनिये की पतोहू या ईशा खान की सोनाई बीवी के किस्सा म वर्णित है। सन्नाटे वाली रात म ऐसा कौन सा गहस्थ होगा जिसका दिल इस आदमी की हाक डकार पर काप न उठे। वाकई व उस वक्त इसान नही रह जात। रसूल जसा ही माना आसमान जीवन और मदान का अधेरा भदकर निकल आत हैं। लेकिन फकीर साहब भीतर ही भीतर ताकत की कमी महसूस कर रह ह। आखो पर अधेरा घिर आ रहा है। फिर भी रात के अधियारे मे सबको डराने के लिय ही (जब कि हाथ परो म कूवत नही, पेट म सख्त मरोड और ऐंठन है) किसी बात की परवाह किए बिना ही माना धरती फाड कर निकलने की तरह ही चिघाड उठे मुश किला सा न आसान क रे। लगा कि जितनी जोर स वे हाक लगाना चाहते थे उतनी जोर से वे दहाड नही सके। और भी जोर से इस जवार के सब लोगो के दिल को थर्राते हुए हाक देना चाहिए मैं एक आदमी हू जिसका निवास आस्ताना साहब की दरगाह मे है जिसका सारा काम काज इतकाल के बाद कफन-दफन के वक्त मुमबत्तिया जलाना और दरख्त की सबसे ऊची डाली पर रोशनी जलाकर एक अलौकिक जीवन के भीतर घमते फिरना है। हे मा जननिया जन्ममृत्यु जसा यह जिदा रहना भी एक अलौकिक घटना ही है और ईश्वर जसा ही दुख-सुख के जीवन म मुश्किल आसान करे मा जननी कहकर वे अपनी जवानी के दिनो जैसा ही सीना ताने चलने की कोशिश करने लगे। लेकिन नाकाम रहे। कुछ दूर जाते ही जाने कसे घुटने मोडकर वे बठ गये। लप को वे लाठी के सिरे से बिलकुल नहीं

उतार रहे हैं। घुटने कमजोर होने पर वे लाठी और लप म अपनी ताकत ढूढ़ते हैं। वे घुटरुआ चल सकते थे, देते तो बेहतर होता—शायद उनको इस तरह भडभडा कर क आ गई होती। लेकिन भडभडाकर य करते ही बीवी दम्र लेगी, फकीर आदमी की बीमारी भी क्या—वे झटपट रोशनी को सिर से ऊपर उठा कर नीचे के अधेरे म उलटी से निबट कर फिर आग बढने लगे। पानी और कुई पट स निकल रहे हैं। ववार के आवपण स नदी म सडा जल उतर रहा है इस क के साथ उस जल की दुगध भी फल गई।

दरवाजा खोल नरेनदास ने देखा फकीर साहब आगन म खडे हैं। हाथ म वही मुश्किल आमान। ऊचा लम्बा आदमी। सिर पर पगडी। सफेद बाल सफेद दाढी, मुह काला, आखें लाल लाल। वह रोशनी मुह क पास दप दप् जल रही है। आखा की पुतलिया कुछ उलटी हुई। निश्चल। मत्र उच्चारण की तरह बुदबुदाकर गृहस्थ के कल्याण कामना के लिय कुछ बत। लाल नील पील रग के पत्थरो की मालायें गले म। वे पत्थर चमचमा रह हैं। शोभा आपू किवाड के बाहर निकलने म डर रहे हैं। बुआ क लापता हो जाने के बाद रात को कोई आहट सुनते ही व जाग जाते हैं। नरेनदास की आखा म कोई नीद नही। जाने कौन लोग घर के चारा ओर फुसफुसा कर बातें कर रहे हैं।

नरेनदास नजदीक पहुचा तो एक सीक म थोडा सा काजल लेकर उसके माथे पर टीका लगाया। दास ने लप के अदर एक पसा डाल दिया। मिटटी का बना लप। छोटे छोटे मुह हैं लप के। एक मुह पर रोशनी दूसरे मुह पर काजल और दूसर एक मुह मे पसा फेंकने का सराख। नरेनदास ने टीका लगवा लेने के लिये आभारानी को पुकारा शोभा आपू को भी बुलाया। वे टीका लेकर कमरे म घुस गए तो झप्प से अधेरे मे फकीर साहब ने उसका हाथ पकड लिया।—दास, आपकी बहन का कोई पता है।

—मेरी बहन का पता।

—है। मा लछमी को मैंने दरगाह की जमीन पर पाया है।

—क्या कह रहे है आप। अविश्वास की मुद्रा म दास ने चीख पडना चाहा।

हा पाया है। मइया मेरी वनदेवी सी चिल्लाती दौड रही थी। चीख रही थी—बचाओ बचाओ। कौन है मुझे बचा लो।

—आपने बचा लिया।

—हा। ववा लिया। कहकर ही मानो हाक से आकाश को फोड देना चाहा।—मैं पीर हू, दरवेश हू यह देखिये छू मनर से मां जननी मेरे सामने हाजिर हो जाती है। जननी को कोई भी असती वना नही सका- फकीर साहव ने मालती के लिए झूट कह डाला। साथ ही साथ उनको ओज आ गया। लप को ऊपर उठा दिया। नीचे छाया छाया-सा अधेरा। नरेनदास जरा दूर खडे मानो तमाशा देख रहा है। सामने मालती नहीं। कोई भी नही। मानो पागल के सम्मुख खरान की आशा लिए खडा हो एमा ही भाव चेहर पर लिए। पीर साहव अपना मुख लवादे के अदर डालकर आक करते क्या सब निकाल रहे है। खट्टी-गट्टी वदवू के मारे सामन खडा नही हुआ जाता।

यह सब दख भाल कर नरेनदास कुछ बुद्धू-सा बन गया। फकीर साहब के हिम्मत-हौसले के बहुत से किस्स उसने सुन रखे हैं। इस बार वह इनका यह हौसला देखकर शायद दग रह जायगा। जिस बात पर यकीन नहीं होता वही बात वे कह रहे हैं कि मालती मिल गई है। वह विह्वल सा हो आवू की मा को बुला रहा है, सुनती हो आवू की मा, मालती मिल गई है। फकीर माहब सामन हैं। तुम और मैं देख नही पा रहे हैं।

नरेनदास का हाव भाव देखकर फकीर साहव समझ गये कि उनके हाक-दहाड का असर पड चुका है। व रहस्य से भरे फकीर साहब को दख रह हैं। मानो यह शख्स अभी आकाश से उतर आया है। आगन पर खडे होकर उनको पुकार रहे हैं— यह लो मालती को। दे गये। लप इतनी जोर से जल रहा है कि इसी क्षण घर द्वार मे आग लग जा सकती है सारी दिशा प्रकाश से प्रकाशमय। बस पूरब की ओर बेर के दरख्त के नीचे अधेरा छाया हुआ। फकीर साहब उधर पीठ किये खडे हैं। वेर के दरख्त के नीचे मालती को यामे जोटन खडी है।

मिल गई है इस बात पर एतबार जमाने के लिए फकीर साहब ने ला इलाही यूल्लिल्लाह या विसमिल्लाह रहमाने रहीम जसा ही कुछ कहते रहे दास, मा मेरी वन देवी सी भागती जा रही थी, कितनी रफ्तार से भागी जा रही थी। उस वक्त नदी के जल मे बहाव नही रहा, उस वक्त जगल मे पछी चहके नही, मना मती के हाट म दुकानदार वत्ती नही जलाता—दास मा मेरी भाग रही थी तो सारा गाव, मदान, पेड पालो, कब्र सब हाय हाय कर रहे थे। दास, मैं उनको उठा लाया।

कहा। और कुछ उनसे कहा नहीं जा रहा है। हैजे से अब जान चली जा रही है। बहाव पर नाव डाल कर बठे रहन स माटा मिल जायगा। भिनमारे अलीपुरा गाव मिलगा। शेष कोम पर रास्ता बेशक जोटन रात खत्म होत हाते तय कर दरगाह ले जा सकेगी। बहाव पर नाव आ पडते ही फकीर साहब न जोटन से कुछ बातें कहीं—बीवी मेरी जान चली जा रही है। आप मुझे रात रहते रहते दरगाह तक पहुचा दीजिए। सुबह होने पर दहाड मार रोइयेगा नही। अलीपुरा इत्तला भेज दीजिएगा फकीर साहब का रात इतकाल हो गया है। अगर पूछे रात क बजे ?

जोटन समझ नही सकी कि वे ऐसे कसे बोल रहे हैं। इस समय व पटवतन पर लब लट गय हैं। हाथ लगाते ही जान गई कि लबादा चोगा सब तरबतर। जोटन का दिल हाय हाय कर उठा। उसने छाती पीट कर कहा, रात क बजे बताऊ ?

—रात दो पहर बीतत न बीतते।

—उस वक्त ता आप दास के घर पर थे।

—इतनी बाता स आपका क्या काम बीवी। कहकर ही शायद इस शख्स की बोली बिलकुल बद हो गई।

जोटन न हहाकर रोना चाहा तो हाथ के इशारे से नजदीक बुलाया। गोद पर उनका सिर रखे जोटन बठी रही। पानी के खिंचाव से बहती चली जा रही है। पतवार को किसी कदर जोटन एक हाथ से थाम हैं। दूसरे हाथ से धीरे धीरे चोगे लबादे को खोल दे रही है। धोये साफ किय दे रही है। नगे बदन यह आदमी पट वतन पर लबा पडा दोना हाथ सीने पर रखे एकटक अधेरे म जाने क्या देख रहा है। नजदीक आन पर बोले, रोइये मत। अच्छा न लगे तो दरगाह म मत रहिये। बोलते बोलत फकीर साहब का गला भर्रा गया।

अधेरे म नदी का जल धूसर। गाव खेत मदान म जुगनू दिपदिपा रहे हैं। जाने क्यो इस शख्स को बाहा म बाध लने की इच्छा हुई जोटन की। आकाश म कितने तारे दमक रहे हैं। अधेरे म इतने सारे तारे आखें खोले फकीर साहब का इतकाल देख रह हैं। कितन ही दिनो स यही आदमी—एक इसान ही तो है—न रात न दिन वन जगल बेहार मे या फाकाकशी मे दिन गुजारे है सुना जाता है किसी कत्ल की वजह स इस आदमी का अपना घर छोडना पडा था। बेटे-बेटियो को छोडकर, जमीन घर खेत खलिहान, पोखर, किनारे अर्जुन का दरख्त, घान के बखार म चिडिया—चुनमुन उडते थ, सब छोडकर वही आदमी एक दिन खून की जवाब देही

से बचने के लिए बरिशल के भोला इलाके से पैदल निकड पडा था। फिर लबे अरसे तक इधर उधर रूपोश रहन के बाद—*आस्ताना साहब* की दरगाह म एक रात के लिये रुका। दूर से लोग दफनाने आये थे। कब्र स कुछ मुमर्ततिया निकाल कर लाया और इस जगल के भीतर घूमते हुये जाने कब राजा-बान्शाह की तरह उसकी तमन्ना पूरी हो गई। दिन और रात गुजरते जाते और वन के चरिंदे परिंदे पेड पौधे इस बशर के साथी सगी बन गये। वे एक छप्पर बना डाले। बरिशाल म कहा उनका घर था उनको याद न रहा। उन्होंने मिट्टी के एक लप का वही से जुगाड किया। कुछ हदीस के तो कुछ दीन इमान की बातें जाने कैसे सड फड बोलन लग गये। यह आदमी फिर कातिल नही रह गया। फकीर बन गया।

इस शख्स की इस वक्त कजा ए इलाही हो रही है। जोटन बोली, आप फिक्र मत करें फकीरसाहब। आप इसान नही पीर थ। इतना कहत ही उसम हौसला आ गया। इस आदमी को रातोरात दरगाह पहुचाना है। जहा नीम का बडा दरख्त है ऊचा सा टीला उसके तले वही इनको लिटाना है। जो लोग नाव लेकर इधर *कुआरी धान काटने आयेंगे व देखेंगे कि जोटन* पेड तले *एक मुर्दे आदमी को* लेकर जाग रही है। कौन है यह आदमी ?—यह आन्मी है फकीर साहब। फकीर साहब रात को कजा कर गये। रात को इस शख्स न अपने ही भीतर खुद डुबकी लगा ली। इस उम्र तक इस न्ख्स म कोई हारी बीमारी नही थी। बुढापे म जइफी की तरह नही देना चाहिये। मानो कुछ भी न हुआ हो इस तरह धो-पोछकर उनको *एकदम नया इसान* बना डाला उसने। *शरीर* पर मल मूत्र की कोई गध नही रह गइ। हैज से जान गई उसका पता न लगने दिया। मानो इस वक्त जोटन की कसम आप पीर बन गये फकीर साहब।

खिडकी पर इस वक्त तिपहर की धूप। व दाबनी सारे दरवाजे खोले दे रही है इस कमरे म आईन के सामन अमला-कमला इस वक्त सजेंगी। अमला कमला बरामदे पर खडी है। दूर शीतलक्षा का किनारा है। कछार स जो लोग कटा भसा *ले जा रहे थे उनको अमला-कमला देख रही थी।*

व दावनी ने पुकारा, बडी मुनी रानी आइए।

उा लोगो न देखा वृ दावनी बडी अलमारी खोन रही है। उनके फ्राक निकाल रही है। अब वह इतके बाल सवार देगी। वेला ढल रही है। अदर लडो खडा है। व तिपहर को दूसरे बाबुओ के घर प्रतिमायें देखन जायेंगी। साथ रामसुदर जायगा। और व दावनी के पुकारते ही मासो उनम एक खेल शुरू हो जाता है। मगममर की फश—तेजी से भागा नही जा सकता। लेकिन य दो लडकिया कितनी खूबसूरती से चिकने फश पर दौडती हैं। व दावनी के पुकारते ही वे भाग खडी होगी क्योकि वह इतना कसकर बाल बाधती है कि बाल दुखने लगत हैं।

इसलिए व दावनी न फिर बुलाया नही। बुलात ही व भाग जायेंगी। दुबके पर उनक पास पहुच कर उनका पकड लेगी—ऐसा उसने साचा। लेकिन उससे पूव ही इन नटखट लडकिया को पता चल गया। व उस खेल म मस्त हो गये—वे हूबहू दा परियां बन जाती—फश पर खूबसूरत पैरो के बल चलती हाथो से सतुलन बनाय वे भागती रहती—मानो बलेरिना हो। हाथ उठाये नदी के किनारे या अनोखी तरकीब से वे मानो चिकनी वफ पर पैर उठा-उठा कर नाचता। तब व दावनी को गुस्सा आ जाता। वह कम उनको दौडकर पा सकेगी। वह रूठ कर खडी हो जाती। बोलती नही। उसका चेहरा देखन ही वे जान लेती कि वह नाराज है। तब व देर नही लगाती पकड म आ जाती। क्याकि इसी व दावनी के पास वे बचपन से बडी हो उठी हैं।

अमला बोली, मैं आज बाल नहा बाधूगी बुआ।

काम करते करते व दावनी ने एकबार आखें उठाकर देखा। कुछ बोली नही।

अमला की इच्छा है कि उसके बाल फूले हुए रह। गदन तक बाब किय हुए बाल। बाल नीचे पीठ पर उतरते ही काट डालना ठीक नही। अब तुम लोगो की उम्र बढ रहा है लडकिया। इस उम्र म बाल को जरा पढने दो। मैं कस कर चोटी गूथ दू। तब तो बाल की जडें मजबूत हागी। सयानी हो जाने पर सिर म झुर मुर बाल पडने नही लगेंगे।

लेकिन उनके मुख बाब किये बालो म बडे सुदर दीखत हैं। ताजे डफाडिल्स की तरह। कितनी ही बार कहा जाता कि उनके सिर के बाल मुडा दिय जायें। मुडन क बारे म सुनते ही वे पर पसार कर रोने लग जातीं। तब वृ दावनी का भी दिल दुखने लगता। मझलेबाबू स फिर मुडन क बार मे वह जिद नही करती।

जिस तरह मझलेबाबू को जिस जगह और समय से वृंदावनी ने छोटे से बड़ा किया है उसी जतन से ये दो लड़कियाँ भी वृन्दावनी के हाथों क्रमशः बड़ी हो रही हैं। उन्होंने फिर भागना चाहा तो वृन्दावनी ने घुड़की लगाई। गुस्साना चाहा। आलमारी के पल्ला को धम् धम् बन्द कर देना चाहा। लड़कियाँ आ नहीं रही हैं। अपनी मर्जी मुताबिक कमरे पर म फिर भाग-दौड़ रही हैं।

कलकत्ता का मकान होता तो वृंदावनी जोर की घुड़की लगा सकती थी। लेकिन यहाँ वह कुछ भी नहीं कर सकती। कलकत्ता के मकान में वही सब कुछ है। यह न होती तो ये दो लड़कियाँ अपनी माँ जैसी ही आचरण में कुछ और ही तरह की बन गई होतीं। कितनी सुंदर बंगला बोलती हैं वे। पूजा आकार में अथाह भक्ति पूजा आते ही कब से देश गाँव के घर जायेंगी यह कह कर मझले बाबू को परेशान कर देती। यद्यपि पूजा के समय घर की सारी औरतों की तरह वे भी हाथ जोड़े चिक की आड़ में खड़ी रहतीं। भला बलि होने पर खून का तिलक लगाना तिलक लगाते ही शरीर के सारे पाप दूर हो जाते हैं और शरीर में एक पवित्र भाव विराजने लगता है। उनके मुख देखते ही वृन्दावनी को इन बातों का पता चल जाता है।

मझले बाबू की स्त्री यह सब पसंद नहीं करती, करती या नहीं करती यह भी अच्छी तरह से नहीं मालूम लेकिन हरबार पूजा देखने आने के सिलसिले में एक मनमुटाव और वही क्रमशः प्रकट होते होते जाने कब वे दोनों ही एक दूसरे के लिये दूर के हो जाते हैं। वृन्दावनी को पता चल जाता—उन लोगों के स्टीमर घाट पर उतरते ही मझले बाबू बिलकुल सरल बालक सा बन जाते हैं मानो कितने ही दिनों के बाद लौट आये हों। नदी के किनारे उतरते ही वे भूमिष्ठ हो जन्मभूमि को प्रणाम करते हैं बेटियों से कहते हैं यह रहा तुम्हारा देश, बांगला देश तुम लोगों की पितृभूमि फिर चुपचाप चलने लगते हैं। गाड़ी पर चढ़ कर वे घर नहीं जाते। चारों ओर नदी का जल मैदान की घास और पात में लगे पामवृक्षों की छाया में अपने बचपन को याद कर वे अभिभूत सा हो जाते हैं। इस पथ पर किशोर वय में घोड़े पर सवार वे नदी के किनारे किनारे ही दूर चल जाते थे।

वृन्दावनी ने देखा है इस सिलसिले में कोई बकझक नहीं होती। मझलेबाबू कलकत्ते से रवाना होने के कुछ दिन पूर्व से ही लगातार कई रोज सबेरे महाभारत का पाठ करते हैं। शाम को क्लब नहीं जाते। मझली बहू रानी उस समय गिरजे

आतीं। या फादर घर में आते। दक्षिण की ओर दुमंजिले पर जो सफेद मोजेइक का हालरूम है वहीं फादर के पैरों के नीचे बैठी रहती हैं।

और अमला ने देखा है, बाबा पूजा से पूर्व कई दिन मां के कमरे की ओर नहीं गये। मां का मुखड़ा अत्यंत विषाद से भरा और थका हुआ है। रात को बाबा नीचे के कमरे में लेटे रहते हैं। आधीरात को अचानक ही बाबा फ्लूट बजाने लगते दोनों के बीच ऐसा क्यों हो रहा है—वे कुछ भी अनुमान नहीं कर पातीं। सवेरा होते ही दोनों बहनें चुपचाप स्कूल चली जाती हैं। स्कूल से लौट आने के बाद घर भर में भाग-दौड़ करने की उन्हें हिम्मत नहीं पड़ती। मां का मुख विषण्ण प्रतिमा की तरह हो गया है। मां क्रमशः पत्थर बनती जा रही है। इस देश में मां बाबा के साथ किसी चीज की तलाश में समुद्र पार चली आई थी। आखें देखने से लगता उनको वह मिली नहीं। या कभी-कभी लगता है मानो कहीं कुछ वह छोड़कर चली आई हों इस देश में आने के बाद वह बात उनको याद आ गई है। वह सारा समय मैदान की ओर खुलने वाली बड़ी खिड़की पर खड़ी रहती है। मैदान पार करने के बाद वह दुर्ग है दुर्ग के सिर पर हजारों सिराजी कबूतर उड़ रहे हैं। मां यह सब देखते-देखते अनमना सी हो जाती है। हर वक्त जाने क्या ढूंढती रहती हैं।

घर का रोजमर्रा हाल जब ऐसा है तब बदानी दोनों लड़कियों को बंगाल की धरती के बारे में सुनाया करती है। शरद में हरसिंगार खिलते हैं थल कमल के पेड़ ओस से भीगे जाते हैं आकाश निर्मल रहता धूप में सुनहरा रंग निखर आता—यह एक देश है जिसका नाम है बांगला देश इसी देश की लड़कियां हो तुम लोग। ऐसे देश में जब सवेरे सोनल धूप निकल आवे आकाश में जब गगनभरी पंछी उड़ने लगें, खेत खेत में धान की फसल हो नदी से पानी उतर जाने लगे दोनों तट पर रेती निकल आये बबूल या पटकीला दरख्त की डालियों में फटी पतंग फरफरा रही हो और नदी में ताड़ या अनन्नास की नावें हों तभी समझ लेना है कि इस देश में शरदऋतु आ गई है। अमला कमला तुम लोगों ने ऐसे एक देश में नीली आंखें लेकर जन्म लिया, सुनहरे रंग के बाल हैं तुम्हारे अगर तुम कभी हेमंत के खेतों में दौड़ने लगो तो लक्ष्मी प्रतिमा सी बन जाओगी। ऐसी लड़कियां शरारत नहीं किया करतीं। आओ तुम्हारे बाल संवार दूं।

बदानी ने उनको निपुण हाथों से सजा दिया। जब तक वे जीने से नीचे नहीं उतर गई तब तक वह उनको निहारती रही। वे चक्कर लगा कर दादी जी के

कमरे में गई। चाचियों के कमरों में उनसे मिलकर गई। मझले बाबू म्लेच्छ नारी से शादी करने के कारण ऐसे घर में तरह-तरह की उपेक्षा और अवहेला पा रहे हैं—ये दो लडकियां विरासत में एक बडी सी जायदाद दखल किये बैठी है और शायद आखिरकार उनको कुछ भी नहीं मिलेगा—ऐसी भावनायें घुमडती रहने से इन दो लडकियों के प्रति सभी की कमोबेश प्रेम और करुणा है। वे इतनी जियाला और ताजा हैं इतना अधिक अकारण हसती हैं और ऐसी विनयी है—लगता है दम से चलने वाली दो जापानी गुडिया हैं सिर्फ हाथ पर उठाये घूम रही है तो घूम ही रही हैं। इसलिए वे नीचे उतर जाते हैं अदरुनी ड्योढी कुछ सूनी सूनी लगने लगती।

वे धीरे धीरे उतर रही हैं। और चारोओर देख रही हैं। सोना कहीं भी दिखाई नहीं पड रहा है। दोपहर को सीढी के मुह पर सोना मिल गया था लेकिन माथे पर भैंसे के खून का टीका लगाते ही भाग गया है। जाने कहा गया?

नीचे उतरकर देखा गाडी पर खालिक मिया नहीं हैं। हाथी का महावत जसीम गाडी लेकर आया है। रामसुदर पीछे वरदी पहने खडा है।

खालिक को न देखकर अमला आश्चर्य करने लगी। बोली, जसीम तुम।

—हा जी मालकिन जी। मैं ही हू।

—खालिक कहा?

—वह बीमार है मालकिन जी।

—क्या हुआ है?

—बुखार खासी।

सवेरे के रामसुदर और इस वक्त के रामसुदर में बडा फर्क है। इस दिन वह किसी का बदा नहीं। केवल देवीजी का बदा। लेकिन ज्यो ही उसने सुना बडी मुन्नी रानी और छोटी मुन्नी रानी जी पूजा देखने जायेंगी दूसरे बाबुओं के नाट मन्दिर जायेंगी, कुलीन टोल की प्रतिमा देखने जायेंगी—त्यों ही वर्दी पहनकर वह चला आया है। अब देखने पर लगेगा रामसुदर जो कि देवी का बन्दा है इस वक्त इन दो लडकियों का बन्दा है।

रामसुदर ने नागरा जूते पहन रखे हैं सफेद वर्दी और पीतल लगी पटी। पेटी के पीतल फलक पर इस परिवार का प्रतीक चिह्न। उसके सिर पर नीले रंग की पगडी जरी के काम वाली पगडी एक बुलबुल के घोंसले की तरह है। भीतर का

हिस्सा ऊचा होकर टोपी जैसा उभर आया है। सोना इस वक्त देखता तो पूछता, रामसुन्दर तुम किस देश के राजा हो ?

अमला-कमला ने यह सब कुछ भी नही देखा। गभीर सा मुह बनाये गाडी पर सवार हो गई। घर की दासी-बादी या नौकर चाकर के सामने या रवाना होते वक्त कोई चुहल न प्रकट हो इस भय से दोनो अगल-बगल चुपचाप बठ गये और चारो ओर आखें घुमाकर किसी को ढूढते रह। जाने सोना कहा है? या इस वेवक्त वह सो रहा होगा। अमला को यह कहने की हिम्मत नहीं पडी कि गाडी को कचहरी-बाडी का चक्कर लगवाकर ले चलो। यहा आते ही कुछ कायदे कानून सीखने पडते हैं। किसी जगह अकेली जाने पर दादी नाराज होती हैं। बाबा जो कि उनसे इतना अधिक प्यार करते हैं वे भी अदर से बाहर निकलते देखने पर कहते हैं यहा क्यो तुम लोग। भीतर जाओ। हालाकि कलकत्ते के मकान म ऐसे किसी कायदे-कानून म उनका पालन-पोषण नहीं हो रहा है। माली का बेटा उनका कितना सारा काम कर देता है। गुडियो के लिए घर बना देता है। और वे घर भर म, वह भी एक बडा सा मकान है बडे प्रासाद जैसा मकान है, दौड कर किनारा नही मिलता ऐसे एक मकान म उनका पालन पोषण होने के कारण यहा के ये सारे कायदे-कानून उनको दुखी राजकुमारिया बनाये रखते हैं। अमला का बडा मन कर रहा था कि सोना को लेकर पूजा देखने जाय। दो बहनो के बीच सोना बठा रहेगा—भला कितना ही भला न लगेगा सोना के शरीर मे चदन का वास चिपका हुआ सा, ऐसा वास उसे अब कहा मिले। या जाने क्यो उसके दिमाग म आया कल रात को दातावण का नाटक हुआ है, वषकेतु का वह रौनक भरा चेहरा लबी लंबी आखें छोटा-सा मानव और कितनी असीम पितृभक्ति, सोना मानो सतत उसके लिए वषकेतु बना हुआ है। पिछली रात को अमला न चिक की आड से देखा है—सोना अपने पागल ताऊ के साथ महफिल मे बठा था। नाटक देखते-देखते अपने पागल ताऊ के घुटनो पर सिर रख कर वह सो गया था।

वह पागल ताऊ कितने अदभुत व्यक्ति हैं। सारा समय वे रीढ को सीधी रख तन कर बठे थे। हाथ पर हिलाने से ही सोना की नींद टूट जायेगी। और अमला देख रही थी उसकी बुआ चाचिया—सभी बीच-बीच मे चुपके चुपके उस पागल आदमी को देखते देखते अनमना बनी जा रही हैं। झाड फानूस पर उस समय तरह तरह की नीली और लाल बत्तिया जल रही थी।

गाडी क्रमश पेडो की छाह मे कंकड बिछे पथ पर चली जा रही है। घोडे की टाप क्लप-क्लप शब्द कर रही है। बावडी के शांत जल म कमल खिले हैं। और शरद की तिजहरी कुम्हलाती जा रही है। नीला आकाश। पेडो के बीच स बेशुमार लोग नदी किनारे दिखाई पड रहे हैं। सभी मूर्ति देखने निकल पडे हैं।

अमला ने कुछ नाखुश स्वर मे कहा, सोना भी कसा है ?

—क्यो क्या बात है।

—वह कही भी दिखाई नही पड रहा।

अमला बावडी के इस किनारे उस किनारे के कचहरीबाडी पर निगाह रखे है। अगर मठ की सीढियो पर वह अकेला बठा हो, या मोर या हिरनो के घरो को पार कर मगरमच्छ वाली खाई मे झाक रहा हो। नही कहीं भी पेडो की आड से या पत्तियो की जाली मे से सोना का आविष्कार वह नही कर सकी। तब अमला बोली सोना अब हम लोगो के पास नही आएगा।

ऐसी बात पर अमला का दिल लरज उठा।—क्या नही आएगा ?

—वह नाराज हो गया है।

—हम लोगो ने तो उसस कुछ कहा नही।

—नाराज न होता तो क्या ऐसा करता। हमे देखते ही भाग जाता है।

अमला का मानो पसीना निकलकर बुखार उतर गया। कहीं सोना ने अमला से कुछ कह तो नही दिया।

इस समय गाडी नदी किनारे आ गई है। दो सफेद घोडे गाडी खीचकर ले जा रहे हैं। घोडे की टापो का वसा ही क्लप-क्लप शब्द। शीतलक्षा के तट पर वस ही लोग बाग गाडी देखते ही दोनो ओर खडे होकर प्रतिमा सी इन दो लडकियो को प्रणाम कर रहे हैं। रास्ता बिलकुल खाली है। दोनो घोडे दुलकी चाल चले जा रहे हैं।

अमला बोली सोना को कही देखते ही अब की बार उसे बाहो म जकड लूगी समझी। जबरन पकड लाऊगी। देखें वह कहा जाता है।

कमला बोली तू उसके दोना हाथ पकड लेना और मैं दोनो पर। फिर उसको झुलाते हुए हम लोग छत पर ले जायेंगे। सीढी का दरवाजा बद कर देने पर देखूगी कि सोना करता क्या है।

अमला ने सोचा सोना से बिगाड पदा करना ठीक नही होगा, उसे खुशामद से

राजी रखना होगा। सोना को लेकर उसने क्या कुछ कर डाला। कमला के साथ उसने कितनी ही बार ऐसा किया है। लेकिन सोना को लेकर इसका रोमाच ही अलग किस्म का है। अलग ही स्वाद है इसका। उसे डर है कि कमला कही सोना को लुभा कर हथिया न ले। उसने कहा, सोना को झुलाते हुए छत पर नही ले जाऊगी। सोना बडा नेक लडका है। उससे मैं प्यार करूगी।

कमला ने दीदी की ओर देखते हुए कहा तो फिर मैं भी प्यार करूगी।

ऐसी बात स अमला को भीतर ही भीतर एक दद का अहसास हुआ।—यह तेरी आदत है कमला। मुझे जो भी अच्छा लग जाय वह तुझे भी चाहिये।

—मेरी आदत है कि तेरी।

अमला आगे कुछ बोली नही। पीछे रामसुदर खडा है। वह एक काठ का पुतला सा बना खडा है। सामने शीतलक्षा का कछार। कछार पर लगा रहो पागल आदमी अकेले चले जा रहे हैं।

कमला बोली वो देख दीदी, सोना के पागल ताऊजी।

अमला ने पीछे पलट कर देखा वही बालक और साथ म वही क्वार का कुत्ता। नदी का कछार पार करते वे कही जा रहे हैं।

कमला बोली पीछे सोना है न?

अमला बोली, रामसुदर पीछे कौन है सोना है न?

रामसुदर बोला जी, ऐसा ही तो लगता है।

—जसीम, गाडी भगाओ। जोर से। कहकर अमला फ्राक को खीच-खाच दुरुस्त कर बठ गई।

नदी किनारे पुराना मठ है। मठ के त्रिशूल पर एक पछी बठा है। सोना और उसके पागल ताऊजी मठ तक उठ आने से पहले ही वे मठ के सामने पहुच जायेंगे। स्टीमर घाट पार कर जायेंगे। और सोना व उसके ताऊजी को जा पकडेंगे। सोना को साथ ले लगी उसके पागल ताऊ भी साथ रहेगे। वे चार जने, चार जने भी क्यो रामसुदर जसीम और क्वार के कुत्ते का लेकर सातजने घर घर जाकर दुर्गा प्रतिमा देखते फिरेंगे। सबसे अत म पुराना काठी जायेंगे और उस कोठी की मूर्ति देखने के बाद व लडा पर एक बडे मदान म चले जायेंगे। क्वार का अत है इसलिए साझ उतरते ही पाला पडने लगेगा। सफद जुहाई भी होगी। व हाली-हाली न लौटकर ज्यादा रात गये लौटेंगे। साथ म रामसुदर तो है ही— डर क्या है वह

वर्दी पहने वीरवेश म काठ के पुतल की तरह सारा समय सैंडो के पीछे खडा रहेगा।

और तभी सोना न देख लिया, नदी किनार दो घोड दुलकी चाल चल रह हैं। गाडी के पीछे नाटक मडली के लोगा जसा ही कोई खडा है। दूर स सोना सोच ही नही सकता था कि रामसुदर ऐसे एक राजा के वेश म खडा रह सकता है। अमला कमला हाथ उठाये इशारे से उस बुला रही हैं।

सोना ने झट ताऊजी का हाथ खीचा। सोना को देखते ही उन लोगा ने पुराने मठ के पास लडो रोक लिया है। मानो सोना को उठा ले जाने के लिए व खडे हैं। वह उस ओर चला ही नही। फिर वह फीलखाने के मदान की ओर चला जायेगा। वह ताऊजी का हाथ थामे उल्टे पर चलने लगा।

अमला बोली राम, तुम जाओगे। सोना को ले आओगे?

कमला बोली देखा हमे देखते ही सोना कसा भाग खडा हुआ।

रामसुदर गाडी से छलाग मार कर उतरा। वह पामवक्षो की कतारा की आड से होकर सीधे कछार पर उतर गया। यहा बाबुओ ने नदी का किनारा पक्का बनवा दिया है। वह सीढियो से उतर कर कासवन की ओर दौडन लगा।

सोना ने देखा वह राजा का वेश पहना हुआ आदमी। कछार पर उनकी ओर दौडता आ रहा है। कास का जगल बीच म आ जाने से वह दिखाई नही पड रहा है। उसन सोचा कि ताऊजी को लेकर वह झटपट उस कास के जगल म कही छिप जायेगा। अमला कमला ने उसको पकड ले जाने के लिए इस आदमी को भेजा है। लेकिन भागने को होकर ही उसने देखा कि कुत्ता दुम हिला रहा है और भूक रहा है। कुत्ता रामसुदर की ओर झपट रहा है।

सोना भाग न सका। वह कछार पर ही दौडने लगा। कचहरीवाडी जाकर वह मझले-ताऊ के पास गद्दी पर चुपचाप बठा रहेगा। किसी भी तरह से वह अमला कमला के साथ कही नही जायेगा और न लुका छिपी खेलेगा।

कवार के कुत्ते को एक तमाशा मिल गया। पागल ताऊ अकेले नदी किनारे खडे हैं। ताड अननास की नावें जा रही हैं। मिट्टी के भाडे बरतन की नाव बादवान ताने चली जा रही है। नाव उज्जल पर जा रही है। कोई कोई गोन खीच कर ले जा रह हैं। पागल आदमी को देखने पर लगेगा कि सोना के पीछे यह जो कछार पर दौड धूप शुरू हो गई है अमला कमला भी उतर आई हैं—तीन ओर से तीन जने सडसी की तरह धावा कर सोना को दबोच लेंगे फिर लडो पर बिठाकर ले

भागेंगे इन सब पर उनका कतई कोई ध्यान नहीं है। वे मानो इस समय नदी म जो नावें जा रही हैं वह एक-दो कर गिन रहे हैं।

कचार के कुत्ते को एक मजा मिल गया है। सूर्यास्त के समय यह एक अनोखी चुहल है। वह कछार पर खडा भूक रहा है। सोना इधर-उधर भाग रहा है, दौड भागने की कोशिश कर रहा है। सोना के साथ वह भी भाग-दौड रहा है।

रामसुदर बाला, आप लोग क्या उतर आइ।

अमला बोली, ऐ सोना सुन भी। रामसुदर ने क्या कहा उसको उसने सुना ही नही।

साना बाला मैं नही जाऊगा।

—हम लोग दुर्गा प्रतिमा देखन जा रहे हैं।

—जाओ। मैं नही जाऊगा। वह तीन ओर से तीन जन के घेरे म फस गया है। भागने का कोई रास्ता ही नही।

रामसुदर न कहा, आपके न जान पर इनको बडा कष्ट होगा।

—मैं न जाऊ। अडियल जिद्दी बच्चे जसा ही वह एक ही बात बार बार दुहराने लग गया।

तब अमला ने दौड कर सोना को अपनी बाहा म बाध लिया।—कहा जाओगे।

और ताज्जुब है कि सोना जरा सा भी हिल नही सका। कितना कोमल सौरभ है इसके शरीर म, कितने अनूठे नाक-नक्श हैं। यह सब लेकर अमला सोना को अपनी बाहा म बाधे हुए है। इस तरह बाहा म बाध लेन पर शायद कोई भी कही भाग नही सकता।

—चल हम लोगा क साथ प्रतिमा देखन चल। लौटत रास्ते हम लोग बडे मदान मे उतरेंगे। सफेद चादनी होगी। उस समय तुझे एक तरह का पछी दिखा ऊगी। वे पछी उड उड कर चहकते रहत हैं। उन पछिया का रग कितना बगाबग सफेद है। तू देख ले तो हिल नही सकेगा।

सोना बोला लेकिन तुम मुझे   । कहकर ही अमला का मुख देखकर सन्नाटा खीच लिया। कसी चिरौरी विनती है उस लडकी की आखा मे, चेहरा कसा करुण बनाए हुई है अमला। सोना सचमुच फिर कुछ नही कह सका। उसने ताऊजी को पुकारा, आइय, फिर हम लोग मूर्ति देख आवें। लौंडो पर जाएग-आएगे।

पागल ताऊ ने अब पीछे पलट कर देखा। सोना मझले बाबू की बेटिया के साथ

चला जा रहा है। उन्होंने झट गोया नाव की गिनती करना बन्द कर दिया। सोना के पास जाने के लिए चल पड़े।

अमला बोला, अपने ताऊ को साथ लेगा।

सोना ने पीछे पलट कर देखा ताऊजी नन्हे लड़के की तरह चुपचाप खड़े हैं। उसने कहा चलियेगा?

बिना कोई जवाब दिये वे गाड़ी पर कूद कर बैठ गये।

कमला बोली, तू मेरे पास बैठेगा।

अमला बोली धत् यह कैसे हो सकता है। उसकी बात खत्म करने न देकर सोना बोल पड़ा मैं ताऊजी के पास बैठूँ।

कमला बोली, बैठब क्या है रे? बोल बैठूंगा।

—बैठूंगा? सोना की बात खत्म होते ही जसीम ने घोड़ा दौड़ा दिया।

सोना बोला क्यों जसीम मुझे या ताऊजी को तुम चीन्हते नहीं।

—आपकी मां कैसी हैं?

सोना को तो मालूम नहीं कि उसकी मां कैसी हैं। ये चन्द दिनों में ही उसे लगने लगा है कि मुद्दत से वह मां को छोड़कर आया हुआ है। और बीच बीच में जाने क्या उसके दिमाग में यह कौंध जाता है कि लौटकर वह अपनी मां को नहीं देख पायेगा। वह जाते ही देखेगा ताईजी घाट पर अकेली चुपचाप खड़ी हैं और कोई भी नहीं। वह कोई जवाब नहीं दे सका। वह जोर देकर कह नहीं सका कि खरियत से है।—हम लोग कब जायेंगे ऐसी बात भी वह मझले ताऊजी से कह नहीं पा रहा है। बार बार मझलेदा बड़ेदा ने उसे धमकाया है कि आते ही भक्क से रो मत पड़ना। घर जाना कह नहीं सकोगे। जब घाट से नाव खुलगी तभी जा सकोगे। बार-बार जाने क्या आज वह यही सोचता रहा कि वह ईशम की नाव में जा बैठेगा। उस नाव में जाकर बैठने पर उसे लगेगा कि वह अपने गांव खेत के नगीच है।

जसीम ने सोना को जवाब न देते देख कर कहा मां के लिए आपका मन उतावला है।

जसीम ने ठीक ही कहा है। मां के लिये उसका दिल अजीब तरह से भारी बना हुआ है।

जसीम ने कहा फिर जाऊंगा आपके जवार। जाड़ा आते ही हाथी लेकर चला

आऊंगा। आपकी मा का बना पुआ खीर खा आऊंगा।

सोना यह सब कुछ भी सुन नही रहा है। वह घोडे की ओर मुह किये बठा है। दो घोडे, सफेद रग के घोडे टाप की क्लप-क्लप आवाज, पीछे राजा के वेश मे रामसुदर, सिर के ऊपर कितने ही पेड पौधे चिडिया चुनमुन और निरतर ये घोडे मानो उसे दूरदेश ले जाना चाहते हैं। उसने देखा अमला एकटक चोरी से देख रही है। रात की घटना सोच लजा कर अमला की ओर देख उसने मुस्करा दिया।

अमला भी मुस्करायी।—मेरे बगल म बैठोगे ?

सोना ने ताऊजी के मुख की ओर देखा। वहा कोई सम्मति नही है मानो। उसने *कहा, नही।*

अमला बोली, कल दशमी है। बाबा शाम को फ्लूट बजायेंगे। तू और मैं हम लोगो की बालकनी पर बैठे बाबा का फ्लूट बजाना सुनेंगे।

सोना अब भी निमल आकाश देख रहा है। उसको कुछ भी सुनाई नही पड रहा है।

अमला ने फिर कहा बाबा फ्लूट बजायेंगे। कितने ही लोग हजार-हजार लोग नदी किनारे आयेंगे। बाबा का फ्लूट बजाना सुनने आयेंगे। अपनी बालकनी पर तू मैं और कमला। क्यो आओगे न ?

सोना बोला, बुआ, पुरानी कोठी कितनी दूर है।

कमला बोली, यह कैसी बात है रे दीदी सोना तुझे बुआ कह कर बुला रहा है।

अमला ने गुम्मी साध ली। सक्षेप मे बोली बहुत दूर।

सोना ने मानो अमला का दु ख भाप लिया। वह बोला मैं सझा को आऊगा।

कमला बोली सझा नही रे, कह शाम को।

—मैं जानता हू।

—तो बता क्यो नही पाता ?

—याद नही रहता।

—तू हमारे साथ कलकत्ता जायेगा तो बोलेगा कसे ?

सोना चुप किये रहा तो कमला ने फिर कहा तू अगर इस तरह बात करेगा तो लोग तुझे देहाती कहगे।

कलकत्ते का जिक्र आते ही किसी राजा का देश याद आ जाता है। कितने बडे बडे महल जसे हजारो मकान, गाडी, घोडे, किला, रैंपट, जादूघर (*अजायबघर*),

हुबडा व्रिज —यह सब सोचते सोचते वह एक समूचे साम्राज्य का अदाजा लगा लेता। राजा पृथ्वीराज याद आ जाते। राजा जयचद भी। स्वयवर सभा। वह मानो किसी वन उपवन मे अपना घोडा छिपाकर रख आया है। राजकन्या डयोढी पर आकर मूर्ति पर माल्यदान करते ही उसे घोडे की पीठ पर सवार कर वह तेज रफ्तार भागेगा। और जाने क्यो इस दश्य म एक सफेद घोडा है घोडे की पीठ पर वह और उसके सामने अमला बठी हुई है। वह मानो अमला को लेकर नदी जगल मदान पार कर ताऊजी के नीलकठ पक्षी की टोह म निकल पडा है। सोना ने अब बगल के व्यक्ति की ओर देखा। व चुपचाप निरीह सादे सीधे व्यक्ति की तरह बठे हैं।

सोना बोला अमला तुम घोडे की सवारी कर लेती हो।

कमला बोली वाह तू तो अच्छा-खासा बोल लेता है।

सोना बोला मेरी ताईजी कलकतिया बोली मे बतियाती हैं।

—तो तू फिर इतने दिन क्यो नही बोलता रहा।

—मुझे शम लगती है।

कमला बोली दीदी को बहुत अच्छी घुडसवारी आती है। सबेरा होते ही खिदिरपुर के मदान म घोडा लेकर निकल जाती हैं।

सोना चुप हो गया। कोठी कोठी म मूर्ति देखने के बाद बडे मदान मे जाकर उतरे। मदान भर म सफद जुन्हाई बगल म नदी का कछार और कासफूल। नदी का जल धुधला धुधला। आकाश म बेशुमार सितारे। नदी के जल म उनकी परछाई। घोडे उस दुधिया चान्दनी म दौडते जा रहे थे। उनके गल म घटिया बज रही थी। सवार का कुत्ता घटियो की उस ध्वनि पर नाचता हुआ चला आ रहा है। वे मदान म उतर जाते ही उस ओर बसवारी स कुछ पछी उड कर आते मालूम हुए। व गाडी म बठे हैं। बड बडे पछी सफेद चादनी म उडते हुए आखो से ओझल हुए जा रहे हैं। कक कक कर बोल रहे हैं। कसा भयावह-सा लगता है। असख्य विहग इस रात का माना विश्व चराचर म उड उड कर किसी बात पर शोक व्यक्त कर रहे हैं।

तभी लगा कि नदी के कछार पर घुमरी-सी चल पडी है। कितने ही कास के फूल उडते चले आ रहे हैं। सारे पछी वन म खो गय। अब पछियो के कोई शब्द नहीं। केवल कासफूल के बेशुमार धूए असख्य धूए बफ के गोल गिरने की तरह उन पर झरते जा रहे हैं।

रग का गाउन पहन रखा था पलिन ने। चपक फूल जैसी उसकी मखमनी उगलिया कितनी तेज चल रही हैं। अधीर उन्मादी एक इच्छा—उस रात को पलिन रात-भर सो नही सकी थी। मुझे घर जाना है पलिन। पिताजी ने टेलिग्राम भेजा है। उनकी तबीयत बहुत खराब है। इस बार तुम्हारे साथ शायद मेरा जाना नही हो सका। उसके बाद क्या हुआ, उसके बाद सोच नही पा रहे हैं—फिर सब कुछ धुध से भर गया अस्पष्ट हो गया। वे किसी तरह से भी कुछ याद नही कर सके।

अमला अब कान के और नजदीक मुह लाकर बोली, किसी से बताया तो नही।

सोना बेवकूफ की तरह आखें फाडे देखता रहा। जसीम हाथी लेकर पीछे-पीछे लौट रहा है। रामसुदर ने घर की ओर गाडी मोड दी है। वे हाथी लेकर घाडे लेकर जलस बनाये राजा जस लौट रहे हैं।

—तू सोना कुछ भी नही समझता।

तभी पागल आदमी एक रहस्यमय कविता पाठ करने लग गये—

Still, still to hear her tender taken breath

And to live ever —or else swoon to death

Death Death Death—

बार बार डेथ शब्द का दुहराना और घोडे की टाप की क्लप-क्लप ध्वनि। हाथी सबसे पीछे आ रहा है। क्वार का कुत्ता सबसे आगे चला जा रहा है। बीच मे दो सफेद घोडे गाडी मानो राजा महल मे लौट रहे हो। सोना आज अपने को लोककथा के नायक के रूप म पा रहा है।

सबेरे से ही विसजन का बाजा बज रहा है। देवी का मुख विषादमग्न। व फिर हिमालय वापस जा रही हैं। आगमनी गीत जिनका जिनको गाना था इतने दिना तक गाते रहे हैं। अब गाने का कुछ न रहा

इस दिन सभी कुछ पर वेदना की छाप। ऐसा धूप स झिलमिलाता आकाश ऐसा उज्ज्वल दिन कही कोई मलिनता नही—फिर भी जाने लोग क्या गवाय दे रहे हैं। इस मडप के सामने सभी आकर निश्चल हा खडे रह रहे हैं। बडे हुजूर

सबेर से ही नाट मंदिर में एक बाघ छाल पर बठे हैं। रक्ताम्बर पहन। माथे पर रक्त-चन्दन का तिलक। इस दिन—हे मां भुवनमयी, भुवनमोहिनी हे मां जग दीश्वरी, तू एक बार नयन भर देख ले मां—ऐसी प्रार्थना इस व्यक्ति की होगी।

मसले बाबू हर बार की तरह इस बार भी फ्लूट बजायेंगे। नगन डुग्गीवाला अपना ढोलक लेकर आया था। कल कन हाट-बाजार-घाट में डुग्गी पीट आया है।

गांव-गांव में यह खबर पहुंच जाने पर किसान वधू के चेहरे की रंगत बदल जाती है। हांली-हांली खाना खा लेना होगा। शीतलक्षा के तट के गांव। जमींदार बाबुओं की सारी दालान-कोठियां नदी के किनारे किनारे। आंचल में एक चौवन्नी बांधकर पान में होंठ लाल कर घूंघट तान दशहरा में आयेंगी, आने से पूर्व बावड़ी के किनारे बैठकर मसले बाबू का फ्लूट सुनेंगी। हांली-हांली खाना न होने पर जगह नहीं मिलेगी। नदी के किनारे जितने दरख्त हैं उनके नीचे रात रहते ही लोग आकर जमा होने लगे हैं। सैखिहर किसान या उनके महत्तम शामियाना के नीचे नहीं आ सकेंगे। सभी कृषक-वधुओं की अभिलाषा है मसले बाबू को निकट से देखने की। लेकिन सिपाही-संतरी ऐसा करने लगते हैं, लाठी लेकर भगाते कि किसकी मजाल जो शामियाना के नीचे आकर बैठ सके। कितनी ही बार कृषक-वधु ने सोचा है कि वह चोरी छिपे शामियाने के नीचे चली जायगी, गरीब से मसले बाबू का फ्लूट बजाना सुनेगी—लेकिन उसका मर्द बड़ा ही डरपोक है वह किसी तरह से भी अपनी दुलहन को भीतर घुसने नहीं देगा। किस्सा साऊ के दरख्त के नीचे बैठकर वे मसले बाबू का फ्लूट बजाना सुनेंगे। जितनी देर तक नदी के जल में सारी प्रतिमायें विसर्जित नहीं हो जायेंगी तब तक मसले बाबू लगातार फ्लूट बजाते रहेंगे। एक पर एक सुर सभी तान-सुर उस समय कानों में लगते किसी एकांत अन्तःसंसार में जाने क्या निरंतर बजाता रहता है—फ्लूट सुनते हुए वे तल्लीन हो जाते हैं।

सवेरे से ही जगह पर कब्जा जमाने के लिए दूर-दूर गांवों से लोग आने लगे हैं। अमर रसवादियों को फुरसत नहीं मिल रही। मंच बनाया गया है। बावड़ी के किनारे एक मंच बना है जिसमें शहनाई-चौकी बजेगी। शीतलक्षा के उस पार सूर्य अस्त होते ही वे उस मंच पर जा चढ़ेंगे। कलकत्ते से उनके दो चेले भी आये हैं। वे भी बजायेंगे। इस समय मालिक वहां है। मालिक बीमार है। कचहरी-बाड़ी पार करके दाएं एक अस्तबल पाता है। कुछ घोड़े हैं उनमें सफेद और काले

रग के घोडे वही अस्तबल के किनारे खालिक की छोटी-सी कोठरी है। न रोशनी न हवा आती उसम। सूय दिखाई नही पडता। खालिक उस कमरे म मरियल सा बना अनाहार, दुख से पीडित और चेहरे पर क्लेश के चिह्न। खालिक मिया अपने शरीर को सख्त किये पडा है। आज ही सर्यास्त के समय खालिक मर जायेगा। वह कुछ देख नही पा रहा है। सास की तक्लीफ हो रही है उसे, हाथ पर सुन पडे हैं। सभी कुछ पत्थर जसे भारी लग रहे हैं। दशमी के दिन वह भी फ्लूट बजाता है। वह भी मझले बाबू के बगल म बठा रहता है। आज इस दिन वह अपनी उगलिया को हिला हिला कर देख रहा है—नाकाम हैं। भारी हो गई है—पत्थर जसी। इब्राहीम एक बार आकर देख गया है। भूपेंद्रनाथ दो बार आकर देख गए हैं। दवा या पथ्य वह कुछ भी नही ले रहा है। उसे पता चल गया है कि सूर्यास्त के समय फ्लूट बजते ही वह एक अदभुत स्वर लहरी के भीतर डूबता चला जायेगा और ससार के सारे दुख-दद को भूल जायेगा। वह मर जायेगा। फिर भी इस दु समय पर दु समय है या सुसमय वह मन ही मन इसको सुसमय मानता है, मानो वह किसी के चरणो के तले बठकर सारी जिंदगी फ्लूट बजाता रहेगा इसी के लिए तयार हो रहा है।

जब एक आदमी मरने के लिए अस्तबल के बगल मे अटाचित्त पडा है उह समय एक आदमी आदिकाल की एक ताड पर लिखी पोथी के सामने बठे पढते चले जा रहे हैं—जय देहि यशो देहि। यह व्यक्ति महालय के दिन चडीपाठ नही करते। विसजन के दिन चडीपाठ। ऐसी उल्टी बात किसने इस भू भारत मे देखी होगी। वे पद्मासन किये बठे हैं। बाघछाल पर। सामने देवी प्रतिमा। विसजन का बाजा बज रहा है। वे उच्च स्वर मे बोले हे जगदवे हे मा ईश्वरी कहकर सस्वर वे बोलते ही रहे अपराध क्षमा करने की आना हो मा। तू आज चली जायेगी अरी मा उमा, यही शायद तेरी इच्छा थी कहकर व बच्चे की तरह हाथ जोडकर रोने लगे। और रोत रोते व शुभ निशभ वध म चले आए। तो कभी मधुकैटभ वध म देवी के अग-अग से कितना तेज निगत हो रहा है। बदन के रोयें खडे हो रहे हैं। क्यो री मा तू डर गई, पाठ करते समय वे ऐसा एकालाप भी कर रहे हैं।—ऐ मा तुम अब मधुपान करो। रुककर वे बोले मधुपान के निमित्त शरीर मे अपार शक्ति सचित कर चुकी हो— या देवी सवभूतेषु देवी तुम्हारी सास सास म हजार हजार देव स य का ज म हो रहा है वे सब क्षण भर म विनष्ट हो

ाये मा। महिषासुर उनका क्षणभर मे ध्वश कर रहा है। मा क्या तेरी नियति ऐसी ही थी मायापाश म उनको आवद्ध न कर सकी। कहकर वे जो भक्त बगल मे बठे चडी की व्याख्या सुन रहे थे उनको व्याख्या सुनाते समय ही उन्होने देखा एक बालक नाट मदिर के पश्चिम के बरामद के खभे की आड मे खडे ईशम की कहानियों की तरह ध्यान से चडीपाठ सुन रहा है। वही एक किंवदती, गरजे गरजे कौन गरज रहा है! देवी का गजन है या असुर का?

इस वहद ससार मे वही सब कुछ हैं। अमला कमला के पितामह बडे ही रोब दाब वाले व्यक्ति हैं। केवल देवी के सम्मुख आकर वे बच्चे बन जाते है। बच्चे जसा ही रोते हैं। क्षमा भिक्षा करता हुआ चेहरा। उस मुख से चडीपाठ के समय गरजे-गरजे ऐसा शब्द का उच्चारण सुनकर सोना हस पडा था। फौरन एक चिल्लाहट। मानो सारी हवेली थर्रा उठी। सभी दौडते हुए आ गये।—कौन हस रहा है। सोना ने सोचा था कि भाग जायेगा। लेकिन लाल लाल आखें, ईगल पक्षी जसी नाक माथे पर लाल चदन का टीका और कापालिक जसा मुखडा—प्रतिपल उस पर परिवतन की छाया—सोना हिल न सका। बोले ओह तू है। देवी महिमा सुनना अच्छा लग रहा है?

सोना ने गदन हिला दी।

—तो ठहर।

सोना एक खभे की तरह खडा रहा।

बहुत देर बाद वह होश मे आया जब कमला ने उसे पीछे से चुपके-चुपके पुकारा।—सोना यहा तू क्या कर रहा है।

वह कह न सका कि वह चडीपाठ सुन रहा है। ऋषि मुनि ताडपत्ते की पोथियो म कितनी ही किंवदतिया लिख गये हैं जो कि देवी महिमा बन गई हैं। उसके तइ सभी कुछ ईशम का बताया हुआ वह जो सूरज है एक ओर पानी के नीच रुपहली मछली है मछली के मुह म सूरज है या वह मछली क्या जलाली है? जो बस झील पार कर नदी पार कर समदरको चली जाती है मुह म सूरज लिये। सवेरा होते ही सरज को पूरब दिशा म लटका कर फिर वह पानी मे डुबकी लगा लेती। सागर महासागरो मे उसकी गतिविधि।

वह कह सकता था ऋषि लोग ताडपत्ते की पोथियो म किंवदतिया लिख गये हैं। मैं वही सुन रहा हू। कह सकता था, हमारा ईशम इनस बेहतर किंवदतियो

का आकार है। उसका सोचना, बड़ा होने पर वह भी इसी तालाब की सीढ़ियों में छिप जायगा। इसलिए वह गठरी-पाठ सुन रहा है इस बार का यह इस कमला नामक लड़की के सामने प्रकट न कर सका।

सोना कुछ भी कह नहीं रहा है देखकर कमला फिर बोली पीठ पर हाथी आयेगा। हाथी पर हम लोग दशहरा देखने जायेंगे। तू हम लोगों के साथ जायगा।

वस्तुत सोना इस समय ईशम की उस कालरात्रि (महारात्रि भी कहा जा सकता है) में जलाली का झील से निकाल लाया जा रहा है ऐसा एक दृश्य झील के किनारे खड़ा देख रहा है। चान्दनी रात, सफेद पानी ताऊ का चेहरा एक सफेद—बिलकुल चान्दनी जैसा ही रंग का हो गया है यह सब याद आ जाने से कमला की बातें वह बिलकुल सुन नहीं रहा है।

—ऐ सुन रहा है कि मैं क्या कह रही हू ?

—क्या ?

—हमारे साथ हाथी की पीठ पर दशहरा देखने जायगा।

—जाऊगा।

—जरा जल्दी-जल्दी अदर चल आना। हम लोग तुझे सुर्मा-जिन कर देंगे। पौडर लगा देंगे।

—सोना चलने लगा।

—क्यों रे याद भी रहेगा ?

उसने गर्दन हिलाकर बताया कि उसे याद रहेगा। फिर बोला और कौन-कौन जायेगा।

—मैं दीदी सोनादी रमा, बच्चू।

—और कोई नहीं जायेगा ?

—और कौन जायगा मुझे नहीं मालूम। लेकिन तू जरा पहले ही आ जाना। तेरे मुख पर पौडर लगा दूगी।

साना ने अपनी इस उम्र तक कभी पौडर नहीं लगाया। वह मर्द बच्चा है। मर्द बच्चा पौडर नहीं लगाता घर घर ऐसा ही एक नियम है। मा ताईजी भी शायद ही कभी-कभार पौडर लगाती हैं। कहा जा सकता है कि उसने कभी उनको पौडर लगाते नहीं देखा। दूर किसी रिश्तेदारी में जाना हो तो हेजलीन स्नो लगाया है जाड़े में मा ने उसके मुख पर स्नो लगा दिया है। लेकिन इस गरमी में वह पौडर

लगायेगा और मुख और भी सुदर दीखेगा सोचते ही वह शम से सिमट गया।

वह बोला ताऊजी नही जायेंगे ?

—नही।

—ताऊजी नही जायेंगे तो मैं भी नही जाऊगा।

—तू क्या है रे सोना। जो छोटे हैं वही जायेंगे। बडे पदल जायेंगे। दादीजी ने तुझे ले जाने को कहा है। यह कह कर वह जिस फुर्ती स सीढी से उतर आई थी उसी फुर्ती से ऊपर उठ गई। सीढी के मुख पर अमला खडी थी। वह बोली क्या री सोना मिला ?

—हा।

—क्या बोला ?

—बोला जायगा।

—कह दिया है न जल्दी आने को। पौडर लगा दूगी यह भी कहा है न ?

—सब कुछ बताया। तू भी दीदी क्या कहने को होकर वह चुप हो गई। बाबा इधर आ रहे हैं। ये चद दिन धोती चदरे म बाबा बिलकुल बगला देश के आदमी बन जाते हैं। फिर कलकत्ता जाने का दिन आते ही बिलकुल साहब बन जाते हैं। उस समय वे बगला म भी बातें नही करते। बल्कि तभी उन लोगो को बाबा अधिक परिचित से लगते हैं। वे तब बझिझक बाबा से बातें कर सकती हैं।

लेकिन इस समय व भागने का रास्ता ढूढ रही थीं। ऐसे ववक्त व नाटमदिर के निकट चली आई हैं—यह कोई ठीक बात नही। देखते ही बाबा घुडकी लगायेंगे। इसलिए जितनी ही बार व सोना को ढूढने कचहरी बाडी गई हैं बडी सावधानी से गई है। कही अदर डयाढी की दासी नौकरानियो की नजर मे भी न पड जायें। बिलकुल आख मिचौली खेल जसे चोरी छिपे जाना और साना को न पाकर उदास हो लौट आना।

बाबा इस वक्त कारीडोर पार कर जा रहे हैं वे अब अपने कमरे म जाकर दरवाजा बद कर देंगे। बाबा जब नही रहते उस समय उनका कमरा तालाबद रहता है। बडी-बडी आलमारिया—कितनी सारी किताबें काच के बन खिडकियो और दरवाजा के पल्ला पर तरह-तरह की पच्चीकारी। बाबा क कमरे म पुराने जमाने की आबनूस की बनी लबी पलग। बाबा आने पर इस पलग पर न लेट कर एक छोटे-से तख्तपोश पर लेटते हैं। दाहिने ओर के कमरे मे बिलियर्ड-टेबल। अवसर

के वक्त बाबा अकेले ही लाल और नीले रग के गेंद लेकर खेला करते हैं। और दीवार पर बाबा का कोट वाला चित्र है। गवनर के साथ बाबा का दावत खाने का चित्र। विलायत मे लिंकन हाल म पढते समय का चित्र। मा के साथ उतारा हुआ फोटो—शायद वेल्स के किसी गाव म लिया हुआ। ननिहाल जाने के रास्ते एक *बडा सा कस्ल मिलता है। एक कस्ल का चित्र भी* इस कमरे मे है। छात्र जीवन म बाबा का रोबीला चेहरा देखन के लिए दोना बहनें चोरी स इस कमरे म घुस जाती हैं। बाबा स पकडे जाने पर दोना भाग जाती है। सोना ने कहा था बाबा का कमरा देखेगा। अमला ने वादा किया था दिखायेगी। लेकिन कस दिखाया जा सकता। सोना को जरा भी अक्ल नही। बातें करो तो हसता ही रहता। चुपके *चुपके देखकर चला जाय ऐसा तो होगा नही। यह क्या है, वह क्या है लाल और* नीले रग के गेंदा से क्या होता है? मैं दो गेंद लूगा। या वह यह सब देखने-दखते ऐसा अन्यमनस्क हो जायगा कि पकड लिया जायगा। सोना ऐसा लडका है कि उसक साथ कुछ भी किया नही जा सकता। भागा नही जा सकता। वह बुद्ध की तरह बार बार पकड मे आ जाता है।

सोना ने तब भूपेंद्रनाथ से कहा *ताऊजी, मैं दशहरा मे जाऊगा कमला मुझे ले* जायगी। हाथी पर सवार होकर जायेंगे कहा है।

दशमी के दिन तिपहर को यह हाथी आता है। जसीम जरी का काम किया पोशाक पहनता है। सिर पर जरी टोपी। घर क लडक लडकियां दशहरा देखने जाते हैं। हाथी की सूड पर श्वेत चन्दन से बल-बूटे बने रहते हैं। माथे पर पान का पत्ता और शरीर पर तरह तरह क बूटेदार *नक्शे धान की बाली या लक्ष्मी जी के* पैरो की छाप अकित रहते। गले म कदब फूल की माला। ज्यो ही मझले बाबू का पन्टूट बजाना शुरू होगा त्याही हाथी को लेकर जसीम फीलखाने के मदान स रवाना होगा। फिर सीधे अदरूनी डयोढी के फाटक पर। वही हाथी खडा रहेगा। माथे पर चादमाना। उस समय घर की बहूरानिया प्रतिमा स सुहाग माग लेंगी। प्रतिमा के परों पर सेंदूर उडेल कर अपनी अपनी डिबिया म भर रखेंगी। सारा वष यही सेंदूर लगायेंगी। और मझली बहूरानी के लिए भी सान का डिबिया म सेंदूर आता। उस मझले बाबू कलकत्ता जाते समय साथ ले जाते हैं। मझली बहूरानी माथे पर सेंदूर नही लगाती। लबा गाउन पहनती हैं। गिरजे जाती हैं। फिर भी इस परिवार की एक इच्छा ही है यह—खासतौर स बहूमाता रानी का यानी

मझले बाबू की माँ का मन मानता नहीं। सभी बहुओं के लिए जिस प्रकार प्रतिमा के परों से सेंदूर समेट कर डिबियों में रखती हैं उसी तरह मझली बहूरानी के लिए भी समेट कर रखती हैं। मझले बाबू को देते वक्त वे अनुरोध करेंगी कि वह एक बार कम से कम अपने माथे से वह छुवा ले। उस समय मझले बाबू हल्के मुस्कराते हैं। इसके बाद जिसके लिए प्रतिमा के परो से यह सेंदूर समेटा जाता है वह है यह हाथी। इस परिवार की साक्षात माँ लक्ष्मी हैं वह। दशमी के दिन बहूमाता रानी अपने हाथों उसके माथे पर सेंदूर लगा देतीं। फूलमाला पहना देती। इसके बाद ही बाजा बजने लगता है। ढाक का बाजा, विसर्जन का बाजा। परिवार के सारे बालक बालिकायें सजधज कर हाथी पर सवार हो जाते। प्रतिमा निरंजन करने वाले लोग जय जगदीश्वरी जय मा जगदम्बा और जय घर के बड़े हुजूर की—यही सब जय-जयकार करते हुए प्रतिमा निकाल कर ले जाते हैं। इस जय-जयकार के बीच ही सुनाई पड़ता मझलेबाबू मच पर बैठ कर फ्लूट बजा रहे हैं। दक्षिण के दरवाजे से प्रतिमा जाती और उत्तर के दरवाजे से हाथी। और बीच में बड़ा सा चत्वर। उसके बाद बावड़ी। बावड़ी के किनारे रोशन चौकी जैसा मच बना हुआ—वहां से एक के बाद एक तान अलापी जा रही है। नदी में एक एक, दो-दो प्रतिमायें उतर रही हैं। धीरे धीरे नदी तट के काँसवन के सिर पर साझ उतर रही है। आकाश में दशमी का चाँद। और ढाक बज रहे हैं—ढोलक बज रहे हैं। नावों पर देवी प्रतिमाओं की पाँत विसर्जन का वाद्य-वादन हो हल्ला उजियाले अंधेरे की आँख मिचौली। हवाई आतशबाजी आसमान में रंग बिरंगी रोशनियां खिला रही है। वह रह कर मझले बाबू का फ्लूट बजाना—एक करुण-तान इस विश्व चराचर में अपनी महिमा महित विराज रही है। मझले बाबू शायद इसी तान के माध्यम फ्लूट बजाते हुए अपनी पत्नी के प्यार के लिए ही रोते रहते हैं।

आज फिर वही दिन आ गया है। रोजाना की तरह भूपेंद्रनाथ जल्दी जल्दी नदी से नहा कर आ गये हैं। रोज की तरह मोर का घर शेर का पिंजड़ा हिरनों का घेरा—जो जहां पर भी रहता है उन जगहों पर भूपेंद्रनाथ चक्कर लगा आये हैं। ठीक ठीक सफाई हुई है या नहीं हालांकि यह सब देखने का काम नहीं उनका—फिर भी इस हवेली में इतने सारे जीव पाले पोसे जाते हैं हर व्यक्ति की तरह उनका दुख सुख समय बूझकर भूपेंद्रनाथ स्वयं देखभाल कर विधिवत उसकी व्यवस्था करते हैं। इसके अलावा देवी आज हिमालय चली जा रही हैं। कोई

वेदना उनको हर बार की तरह सबेरे स उन्माग बनाये हुए है। फिर प्रत्यह की भांति मठ की सीढ़ियों को तय कर गिवजी के फिर पर जल फूल के पैरों पर जल और सौरभ सीन मीथ कर सी बार घन ध्वनि की उन्हाने।

गानिक बीमार है। कुमीर टोमा स बाजार जाकर देख न्या है। और इस समय जो मान विदाई मांग रहे हैं वे और दूसर भी बढ़न सारे मान कचहरी-बाड़ी म भूपेन्द्रनाथ की प्रतीक्षा म बठ हैं। इसके अलावा निछली गाम को जा सोग कल भता से गय थ वे नय मनाहा के लिए आयेंगे। जिन प्रजाओं को जमीन बांटने बक्त यह तय हुआ था कि वे मां की पूजा म बकरे या भैंस या दूध या केले या मछली देंगे—उन लोगों न ठीक-ठीक दिया है या नहीं न दिया हो तो उनको बुलावा भेजना—यह सब काम भी भूपेंद्रनाथ का ही है। और ऐसे ही सारे कामों म भूपेंद्रनाथ की दोपहर बीत गई। कुछ भी भाव उनको आ नहीं रहा है। विसर्जन प्रतिमा के परों के पास वह चुपचाप बहुत देर तक बैठा रहा था। उसने बड़ी बहू और धनबहू के लिए देवी के परों से सेंदुर समेट लिया है। फिर से बड़ी खामोशी इस हवेली को लीलने लगी। य कई दिन कितनी दौड़धूप। कितना समारोह। सारी हवेली दिनभर गुलजार बनी रही। आज किसी म कोई उत्साह नहीं। सभी बावड़ी के चारों पास जमा हो रहे हैं।

शाम ही को जसीम हाथी की पीठ पर पीलवान के मचान म सवार हो गया। उस समय मझले बाबू गरद की धोती पहन रहे हैं। गरद का कुर्ता। उगलियों में हीरे की अगूठी। लाल रंग के पम्पू जूते। मझले बाबू अपने कमरे से निकल रहे हैं। वे धीरे धीरे चले जा रहे हैं। आगे पीछे परिवार के अमले-कारिंदे। सभी के कपड़ों म अतर की सुगंध। सबके आगे-आगे भूपेंद्रनाथ। उनके बाद रसिक लाल जी और सबसे अंत म बाबू का खास खानसामा हरिपद। मानो दक्खिन दरवाजे से एक जलूस निकल रहा हो। वे नाटमंदिर म आ गये। यहां मझले बाबू दडवत हो गये। देवी के परों की बेल-पत्तियां अंजुरी भर कर ले ली। बड़े-बड़े खंभों के उस पार जब वे अदृश्य हो गये तो सोना को लगा देवी इस समय उनकी ओर नहीं देख रही हैं। देवी उन लोगों की ओर देख रही हैं। उनका सारा मुखड़ा कांप रहा है। चेहरा यों चमक रहा है मानो पसीना चुह चुहा आया हो। वह और भी नजदीक चला गया। दुर्गा देवी की आखों से आंसू निकल रहा है या नहीं यह देखने के लिये वह बिलकुल मंडप के भीतर दाखिल हो गया।

उसने पहलेपहल एक बार सिंह को छूकर देखा। इस समय बावडी के किनारे सभी अपनी अपनी जगह बना रहे थे इसलिए मडप में कोई है नहीं। इस मौके पर इस अच्छा मौका ही कहा जा सकता है, एक बार देवी को वह छूकर देखेगा छूकर देखेगा असुर या उस नन्हे चूहे को। गणेश के परा क पास जो एक कटीले बल पर बठा है। सिंह के मुह के भीतर पहले उसने हाथ डाल दिया। असुर के सीने स जो खून य कई रोज चूता रहा है उस पर हाथ लगा कर उसन देखा—खून सूख गया है और सिंह ने गोश्त के बड़े बड़े लोथड़े नोच लिये हैं। जाने क्या उसे असुर के लिए तरस आन लगा। वह असुर के सिर पर हाथ रख उसके घुघराल बालो को सहलान की मुद्रा म खडा रहा। अब मजा चखाता हू। उसन सिंह की आखो म एक चिकोटी काट दी। नाखून पर कुछ रग उठ आया। देवी की महिमा स सिंह मोना स डर नहीं रहा है। उसने अब झाक कर देखा देवी की आखो स आसू गिर रह हैं। तो तुमको जब जान म इतना दुख है तो यहीं रह जाती। उसन देवी के साथ मन ही मन बात करना चाहा। उसको भय था कि नजदीक जाने पर देवी नाराज होगी। लेकिन कितनी प्यार भरी आखें हैं। उसन कहा क्या मा फिर तेरा वाहन ऐसा जानवर क्या है। मैं उसकी नाक म गुदगुदी करूगा। यह कह कर ज्या ही वह एक काठी उसकी नाक क पास ले गया कि त्यो ही एक आवाज आई—आक छी। आस-पास तो कोई है नही तो छींका किसने। तो क्या सिंह न ही सचमुच छींक मारी। वह सकपका कर भागने को हुआ तो देखा पागल ताऊ मडप की सीढ़ी पर। उन्होंने छींका है। पागल आदमी को ठड नही लगती। ताऊजी क पहली बार ठड लगने स मोना ने सोचा कि तब तो वे चगे होते जा रहे हैं। उसन ताऊजी का हाथ पकड कर कहा मैं हाथी पर चढ कर नदी किनारे जाऊगा।

बावडी के किनारे उस वक्त मझले बाबू पटाखे बजा रहे हैं। सोना को लगा कि उसे देर हो गई है। वह पागल ताऊजी को वहीं छोड कचहरीबाडी भाग गया। झटपट कमीज पेंट बदल डालना है।

जो लोग प्रतिमा निरजन हेतु नाटमदिर आये हैं व कमर म अगोछा बाधे हैं। वे मूर्ति को कधे पर लेकर जा रहे हैं। रामसुदर सिर पर मगल-कलश ले जा रहा है। मूर्ति नदी के कछार पर उतारी जायेगी। वहा आरती होगी—धूप-गुग्गुल जलाये जायेंगे। बडेदा, मझलदा मूर्ति के साथ नाचते हुए जा रहे हैं। वह जा नही पा रहा है। उसके लिए अमला-कमला बठी होंगी। वह हाथी पर जायगा।

भूपेंद्रनाथ ने सोना को पेंट कमीज पहना दिया। बालों में कंघी कर दी। सोना ठहर नहीं पा रहा है। वह बस दौड़कर पहुंचना चाहता है। सभी लोग सब कुछ लिये चले जा रहे हैं। उसके लिए शायद कोई भी कुछ रखे नहीं जा रहा है।

अब धूप उतर गई है। वे हजार हजार लोग नदी के किनारे पाकवन या झाऊ गाछ के नीचे बैठ तल्लीन हो फ्लूट का बाजा सुन रहे हैं। हजार हजार लोग, लोगों के सिरों की गिनती कर बताना मुश्किल है कि कितने लोग हैं—आते ही अपनी अपनी ठाँव चुनकर मझले बाबू का फ्लूट का बाजा सुनने बैठते जा रहे हैं।

अश्वशाला के बगल में एक आदमी है—शायद अब उसका इंतकाल होगा। वह भी तन्मय हो एक हाथ सीने पर रख कर उस सुर में डूबता जा रहा है। वह चित्त पड़ा गंज शहर में जिस प्रकार फ्लूट बजाया करता था वैसे ही सीने पर दोनों हाथ रखे हिला रहा है। वह भी शायद आखिरी बार मझले बाबू के साथ मन ही मन फ्लूट बजा रहा है। आश्विन की ऐसी सध्या में इस धरती पर यदि वह फ्लूट न बजाते तो कौन बजायेगा। बड़ी तकलीफ से वह दोनों हाथ ऊपर उठाये रहा। *यथार्थ में वह आज फ्लूट बजा रहा है।* फिर उसके दोनों हाथ धीरे धीरे सुन्न पड़ते जा रहे हैं। सीने पर हाथ आखें बंद—इस शख्स का दुनिया में कोई अपना नहीं केवल दो घोड़े एक लड़ो और एक फ्लूट है। मझले बाबू जब नहीं होते तो वह चोरी से आधी रात को नदी किनारे अकेले बैठ फ्लूट बजाता था। विभिन्न सुर-तान में वह तन्मय हो जाता था। आज भी वह वैसा ही तन्मय होता जा रहा है। चारो दिशायें बावड़ी का किनारा, शीतलक्षा का कछार, नदी खेत मैदान सब कुछ इस तान के माध्यम हाहाकार कर रहे हैं। मझले बाबू का फ्लूट वादन सुनते सुनते वह आखें मूदे एक अल्लाह जिनका कोई शरीक नहीं—शरीक नहीं—नहीं—अब और उससे सास नहीं ली जा रही है। भीतर एक असह्य दर्द है। हाथों को ऊपर नहीं रख सका। सब कुछ सुन्न पड़ता जा रहा है। आश्विन का एक ढलता दिन यों ही मरता जा रहा है। कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

तभी सोना भाग रहा था। हाथी अंदर आ गया है। जसीम बेशक हाथी की पीठ पर बैठा इंतजार कर रहा है। सभी लोग बस उसी के लिये हाथी की पीठ पर सवार कछार पर जा नहीं पा रहे हैं। हाथी शायद उसे बुला रहा है। फ्लूट बज रहा है। बावड़ी के किनारे हजारों लोग। विचित्र वर्णों का मेला लगा हुआ।

इब्राहीम मशीन वाले कमरे म बैठा है। वक्त होते ही रोशनी जला देगा।

अपने पागल ताऊ को ढूढने म सोना ने देर लगा दी है। गोया पागल ताऊ को वह जो कहगा वही वह सुनेंग। ताऊजी अकेल मेले म चल जायेंगे। वह ताऊजी क साथ मेले म घूमेगा। हाथी की पीठ पर वह बैठा नही रहगा। लौटत वक्त पदल लड्डू खाते हुये वह लौट आयगा।

लेकिन न ताऊजी बावडी के किनार न उन लागा की भीड म। इधर सूय अस्त हो रहा है। हाथी इस वक्त अदल्नी डयाऱ्ी म खडा सूड हिला रहा है। कान फटक रहा है। अमला-कमला ऊब रही हैं। शायद जसीम को हाथी छाडने का मना कर रही हैं। वह कचहरी बाडी का मैदान दौडकर पार कर आया। दरवाना क घर पार कर नाटमदिर का वह आगन। यहा पहुच कर उसन सास ली। देख लिया जेब क पस गिर गय हैं या नही। उसे ताव क चमकन हुए चौदह पस मिल हैं। दश हरा देखने क लिए घर की बहूरानिया न घर क अय लड़क-लडकिया की तरह उस भी एक एक पसा दिया है। उसन कहा है कि वह अकला नहीं है। वह और उसके पागल ताऊ। उसन पागल ताऊ के लिए पस दूसरी जेब म रख दिय हैं। मला देखना खत्म हाने ही उन पैसो का वह ताऊजी की जेब म डाल देगा। लेकिन ताऊजी कहीं भी नहीं मिले। उनको ढूढन म उसे देर हो गइ। वह सीढ़िया तय कर रहा है। उसे बडी देर हो गई। वह रसाई घर का लबा बरामदा पार कर गया। इस रास्त स जान पर जल्दी उत्तर दरवाजे म दाखिल हा सकगा। वे उसक मुख पर पौडर पोत देंगे वह पागल ताऊजी पर मन ही मन वेहद खफा हैं। मुह पर वह पौडर नहीं पोत सका। मार अफसोस के उस रुलाई आ रही है। और ठोकर खान या गिरन की परवाह किय बिना वह सरपट दौडन लगा। और पहुच कर देखा कोई नहीं है। न हाथी न जसीम और न अमला-कमला। घर की सारी रोशनिया जल उठी। शायद सब लाग उस छाडकर ही चले गय हैं। वह अकेला पीछे रह गया। अब वह करे भी ता क्या। फिर भी एक बार अमला-कमला के कमर स पता लगाना है। दासी-बादी कोई भी नही जिसस वह कि व कहा गय ? वह जीना चढकर ऊपर आ गया। मकान खाली-सा लगा। दो चार अजनबी चेहरे। कोई उस देखकर भी उससे कुछ बोल नहीं रहा है। उस डर लग रहा है। किसी कदर अमला के कमर तक पहुच जान पर उसे कोई अफसोस नहीं रहेगा। अमला-कमला उस छोड हाथी पर चढकर मेला देखने नहीं जायेंगी। ऐस ही समय

उसने देखा हवेली की सारी रोशनियां गुल हो गई हैं। इतने सारे झाड फानूस, इतना सा वैभव सभी कुछ क्षण भर में अंधेरे में अदृश्य हो गया। बावडी के किनारे फ्लूट नहीं बज रहा है। वह मना उस वक्त भी अंधेरे में बोल रहा है सोना तुम कहां जाते हो। कोई नहीं है सोना। अंधियारा अंधियारा।

ऐसा अंधियारा सोना ने अपने जीवन में कभी नहीं देखा। एक हाथ फासले का आदमी भी दिखाई नहीं पडता। केवल छाया छाया सी। छाया की तरह लोग भागदौड रहे हैं। उसके बगल से एक आदमी दौडकर निकल गया। वह मानो किसी अदृश्यलोक में पहुंच गया है। उसने डरते सहमते पुकारा अमला। तब अंधेरे में से एक सख्त हाथ ने उसका हाथ दबोचकर कहा—किसे बुला रहे हो ?

—अमला को।

— तुम कौन हो ?

—मैं सोना हूं।

—कहां जाओगे।

—अमला के पास। वे मुझे बतायें कि दशहरा में ले जायेंगे। कमला ने कहा है कि मेरे मुह पर पौडर लगा देगी।

—उनके कमरे मे तुम नहीं जा सकोगे। मना है। कोई भी नहीं जा सकता।

सोना बोला नहीं, मैं जाऊगा।

—नहीं। वह मजबूत हाथ किसका है सोना को मालूम नहीं। फिर भी वह इतना समझ सका कि वह किसी औरत का हाथ है। वे दावनी हो सकती है। सोना भय के मारे भौचक्का रह गया। वह रेलिंग पर आकर खडा हो गया। काश कोई उसे देखकर कचहरी-बाडी पहुंचा आवे। उसे लगा सीढी के मुह पर लालटेन। अंधेरे में खडे खडे उसने देखा मझले बाबू ऊपर आ रहे हैं। सामने उनका खास खानसामा हरिपद। उसने फिर वहां से भागना चाहा। मझले बाबू को सहारा देकर लाया जा रहा है। शोक विह्वल चेहरा। सोना दंग रह गया। यह वही आदमी है जिसको उसने कुछ देर पहले ही तल्लीन होकर फ्लूट बजाते सुना है। अब वे एक मूर्छित प्राण हैं। सोना का अंतर हाहाकार कर उठा। अमला-कमला को तो कुछ हो नहीं गया। उनके कमरे का दरवाजा भीतर से बंद है। लग रहा है अंदर अमला कमला भी फफक-फफक कर रो रही हैं।

अंधेरी हवेली से हाथी अकेला लौट गया। कोई भी दशहरा में जा नहीं सका।

कोई बुरी खबर इस घर म आ पहुची है। वह बुरी खबर क्या है कोई भी बता नहीं पा रहा है। परिवार के खास-खास एकाध लोगा को यह बात मालूम है। और भूपेंद्रनाथ उनम हैं। वे द्रुत चल जा रहे हैं। अधकार महल म सभी कुछ का विम जन हो चुका है, अब अकेले एक जनशून्य मैदान म पैदल चलन चल जाना है।

सोना न जिद्दी लडक की तरह कहा अमला के पास जाऊगा।

व न्दावनी बोली नहीं नहीं।

इसलिए सोना बाहर निकल आया और उनकी खिडकी की ओर मुख कर मदान म बठा रहा। रोशनी जल उठन ही वे मैन्शन म सोना को देख ले सकेंगी। देखेंगी वह घुटने माडे घास पर उनके साथ भेंट करने के लिए बठा हुआ है। इन दो लडकियो क प्रति जान क्या आकषण है। सोना मन ही मन सोच रहा है—इनको कुछ हो गया है—बिना सब जान वह यहा स हिलेगा नही।

उस समय भी हाथी जा रहा है। अधेरे पेड-पाला के बीच स हाथी जा रहा है। मशीन घर म इब्राहीम एक टाच लिय बठा है। जान कहा क्या हो गया। रोशनी का कमरा अधेरा किय वह बैठा रहा। केवल हाथी के कान फटकन की आवाज आ रही है। हाथी इस समय चुपचाप नदी के कछार पर चला जा रहा है।

और कही शायद प्रतिमा विसर्जित हो रही थी। पागल ताऊजी जाने कहा हैं। सोना किसी के लिए भी इस जीवन म कुछ खरीद न सका। उसकी दोना जेबों में चमचमाते पसे। ऊपर खिडकी बद है। उस समय नदी म आखिरी प्रतिमा का विसजन हो रहा है। नदी पर जो रोशनी धूप-गुग्गुल और ढाक का वादन—वे सब कुछ बुझ गय स्तब्ध हो गये। कही पर भी कुछ जल नही रहा है। सिफ अधेरा ही अधेरा। ऊपर आकाश—उस निमल आकाश म अनत हजारा सितार। सितारा की रोशनी म माना ससार क सार कल्याण-बोध को बनाय रखना चाहता। खिडकी खुलन पर ही वह उनक लिए कुछ कर सकता है। वह उनका मुख देखने के लिए ही घास पर बठा है। दोना घुटना म सिर छिपाये बठा है।

विसजन क बाद भूपेंद्रनाथ को होश आया। सोना कहा ? वह मिल नहीं रहा। अधेरे म फिर दौड धूप शुरू हो गई। रामसुदर ने आविष्कार किया कि सोना मझले बाबू की ड्योढी के नीचे लेटा हुआ है। सोना वहा सो गया है।

सवेरे सोना को अदर से एक चिट्ठी मिली।—हम लोग भिनसारे के स्टीमर में चल जा रहे हैं सोना। तेरे साथ भेंट नहीं हो सकी।

कचहरीबाड़ी की सीढ़ी पर यह सारा सवेरा अकेला चुपचाप बैठा रहा। आज उसे कुछ भी अच्छा नहीं लग रहा है। उसे लगा नदी की चाली पर और बाग के मन में कोई आज चोरी छिपे बस पन्नूट बजाये जा रहा है।

अब उनके लौटने की बारी है। ईशम ने तड़र उठाकर कुछ पता कर या लिया है। अल सवेर उसने नाव का पटवतर धो डाला है। नन्ही के नीचे पेंदे में कुछ पानी जमा हो गया था उसे सबका सं उलीच डाला है। नाव पेंच पाक कर नाव को बिलकुल हल्की बना रखा है। बाल्वान जहां जहां थोड़ा बहुत फटा था—सुई डोरे से कल दिन भर उसकी मरम्मत करता रहा है। कहीं भी किसी वजह से नाव चलाने में कोई दिक्कत न हो। गोन की रस्सी ठीक ठाक कर बठ रहते समय उसने देखा मझले मालिक सबसे आगे आगे आ रहे हैं। बीच में सोना लालटू पलटू पागल मालिक और सबसे पीछे क्वार का कुत्ता।

इस समय स्टीमर घाट पर बड़ी भीड़ है। पूजा की छुट्टी अपने अपने ढंग से गाव में बिता कर लोग चले जा रहे हैं। यह गाव शहर जैसा ही है। यहां हाई स्कूल है। पोस्ट-आफिस है। बाजार हाट आनंदमयी की कालीबाड़ी और बड़-बड़े जमींदारों की हवेली कोठियों में ये पूजा के चंद दिनों की तड़क भड़क—फिर बाबुओं में कोई तो ढाका चले जाते हैं तो कोई कलकत्ता। गाव से सभी एक एक कर चल जाने पर सारी पुरी भाय भाय करने लगती।

भूपेंद्रनाथ का ऐसा ही लग रहा था। वे चले जा रहे हैं। सवेर सवेर व भात और उबली सब्जी खा लिये हैं। किनारे खड़े होकर भूपेंद्रनाथ ने उनको विदा किया। जितनी देर नाव शीतलक्षा पर खड़ी दिखाई देती रही वे किनारे खड़े रहे। जाने क्यों उन्हें इस समय कचहरी बाड़ी लौटने का मन नहीं हुआ। वे सीधे वाली बाड़ी चले गये। सोचा बरामदे पर चुपचाप बैठ के मां का दर्शन करेंगे। पुरोहित कालू चक्रवर्ती बीच बीच में आकर कुशल क्षेम पूछने पर हां हूं करते रहेंगे। और बरामदे पर बैठते ही उस टूटे प्राचीन काई लगे दुर्ग जैसी इमारत में मंदिर का कोई सादृश्य मिलता या नहीं यह देखेंगे। मौलवी साहब की हिम्मत भी क्या खूब कि

यहा हजार-लाख आदमी लाकर नमाज पढना चाहता है। कुर्बानी चढाना चाहता है। यह सब करते ही इस इलाके म आग भडक उठेगी। उन्होंने कहा, मा तुम शक्तिदायिनी हो। तुम ही शक्ति देना मा। वे मन ही मन किसी धम युद्ध का सपना देख रहे हैं। मानो यह मा, आनदमयी शक्तिनायिनी मा अपने शरीर स हजार-हजार देव सैन्य उत्पन्न करेंगी। और महिषासुर वध जसा ही सब वध म उद्यत होगी। हे मा, युग-युग म तुम मुडमाला धारिणी हो।

इसके बाद भूपेंद्रनाथ मन ही मन हसे। उपेक्षा से उनका मुख सिकुड गया। थाने का दरोगा, सदर पुलिस साहब यहा तक कि मजिस्ट्रेट भी बाबुओ के हाथो म हैं। एक तार भेज देने ही स्टीमर म सिपाही मतरी भर कर आ पहुचेंगे। उन्होने उपेक्षा स मुह फिरा रखा। भीतर ही भीतर व इतने उत्तेजित हो उठे कि अपने साथ स्वय ही बातें करने लग। मानो वे एक रणभूमि पर चले जा रहे हो।

उस समय ईशम पतवार पर बठे सोना से बोला क्या जी मालिक मुह काहे लटकाये हो ?

सोना मुह फेरे ही रहा। कहीं ईशम उसका मुख न देख सके।

—अब क्या, अब पहुच कर नाव को घाट पर लगा ही दूगा। आपकी मा जरूर घाट पर खडी रहेगी। जाते ही आपको गोद म उठा लेंगी।

पागल आदमी मणीद्रनाथ नाव की गलही पर बठे हैं। धूप सिर के ऊपर है। ईशम उनसे बार-बार चिरौरी कर रहा है छाजन के नीचे बठने के लिए—वे नही बठे। बिलकुल अचचल पुरुष। पद्मासन किये बठे हैं। धूप स मुह लाल हो गया है। सोना को इस समय यह सब कुछ भी अच्छा नही लग रहा है। वह घर जा रहा है। अमला-कमला अब कितनी दूर होगी। वह घर जाकर मा को किस हालत म देखेगा सो भी नही जानता। एक पापबोध उसे तभी स कचोट रहा है। अमला कमला की रुलाई या वह रात उसे मानो और भी अधिक सचेतन बनाये हुई है। कोई मानो कह रहा हो तुमने यह कोई अच्छा काम नही किया सोना। इसीलिए सारा वक्त वह नाव पर चुपचाप बठा रहा।

घर के घाट पर नाव की आवाज पाते ही धनबहू लपक कर आइ। बडी बहू आईं। उनको यह समाचार मिल चुका है कि पागल मानुस तैर कर या पदल चल कर मुडापाडा चला गया है। जिस दिन सोना लौटेगा उस दिन वे भी लौटेंगे।

नाव से कूदकर उतरते ही सोना अपनी मा से लिपट गया। इतनी देर स मन

जो भारी था अब बिलकुल हल्का हो गया है।

बडी बहू ने कहा क्या सोना, माँ के लिए रोया था नहीं।

सोना ने गरदन हिलाकर नाहीं कर दी।

—जरूर रोया होगा। तेरी शक्ल सूरत ही बता रही है। क्या र लालटू, सोना रोया कि नहीं?

--नहीं ताई जी।

—तो फिर क्या, अब तू अपने ताऊजी जैसा हो हो गया। और पागल मानुष मणीन्द्राथ भी मानो इस उलाहने को समझकर बडी बहू की ओर देखने लगे।

बडी बहू ने कहा, आओ। मानो उन्हें कहना चाहा तुम कहीं चले जाते हो तो मुझे बडी तकलीफ होती है। डर लगता है। मेरा कौन है और।

सोना मानो विश्व विजय कर लौटा हो। अपना नया तजरबा [illegible] मोर और बायस्कोप का बक्स यह सब, सब लोगों को बिना सुनाये और दिखाये उसे सुकून नहीं मिल रहा है। उसने सोचा मालती बुआ को यह पहले वह सब दिखायेगा। फातिमा कछार पर आये तो उसे भी दिखायेगा।

सोना को लगा कि एक लंबे अरसे के बाद वह यहाँ लौट आया है मानो मुद्दत से वह यहाँ नहीं था। सब लोगों से बिना मिले उसे सुकून नहीं मिल रहा। पहले ही बडे कमरे में घुस कर उसने दादा दादी को प्रणाम किया। फिर आंगन में उतर आने के बाद बडी बहू ने कहा सोना, पेंट कमीज खोल आओ और खाना खा लो।

सोना ने यह सब नहीं सुना। वे जाने कब खाना खाकर निकले हैं इसलिए भूख लगने की बात ही है। वे हाथ-पैर धोकर आते ही बडी बहू खाना देगी। लेकिन कोई भी खाने नहीं आ रहा है। सोना दौडकर पोखर के भिड पर पहुंच गया। अर्जुन वृक्ष के नीचे खडा हो गया। दक्खिन के कमरे में आबिद अली बैठा है। छोटे चचा घर पर नहीं हैं। पालबाडी में सुभाष के बाबा नहीं। हारानपाल का घर खाली है। अर्जुन वृक्ष के नीचे खडे खडे सोना ने सब कुछ गौर किया।

सिर्फ पानी में इस वक्त मालती बुआ के बत्तख तर रहे हैं। वह पोखर के किनारे किनारे बेल के पेड के नीचे चला गया। यहाँ से शोभा बाबू का घर दिखाई पडता। घुटना डुबान पानी हल कर वह उनके घर जा पहुंचा तो देखा नरेनदास घर पर नहीं हैं। घर भाय भाय कर रहा है। शोभा आबू नहीं हैं। उनकी मां भी

नहीं। यहां तक कि मालती बुआ भी नहीं दिखाई पडी। सिर्फ उसे लगा कि उन लोगों के करघे घर में बैठा कोई तबाकू काट रहा है।

सोना को सारा मामला अजीब भूतहा-सा लगा। कोई नहीं। वह अकेला है। सूर्य अस्त हो चुका है। लेकिन कितने ही मकान खाली पडे। उसमे एक डर-सा समा गया। झटपट आगन पार कर उसने घर की ओर दौड भागने की सोचा। और तभी उसने देखा मालती बुआ एक मटकोला पेड के नीचे खडी हैं। अकेली। निर्जन में जाने किसके साथ बातें कर रही हैं।

वह नजदीक गया। और कोई दिन होता तो मालती बुआ उसे बाहों मे समेट लेती, दुलारती। लेकिन आज मालती बुआ की आखें कठोर हैं। बाल नही सवारे हैं। सूरत रूखी रूखी। बीच-बीच म थूक रही हैं। बीच-बीच म नहीं, मानो सारा समय ही—कोई अशुचि उसके शरीर मे है तभी हर वक्त थूकती हुई अपने शरीर को पवित्र बनाये रखना चाहती हैं। और जाने किसके साथ बुदबुदाती बोल रही हैं। सोना को देखने के बाद कुछ बोल नहीं रही। खडी हैं तो खडी ही हैं। ऐसा नहीं लगता कि वह सोना को पहचानती भी हो। इसलिए सोना पेड के नीचे जाकर खडा हो गया। सोना अपना बायस्कोप का बक्स दिखाने आया था लेकिन अब ऐसा रूप देखकर वह कुछ बोल भी नही सका। मालती बुआ को कोई बीमारी हो गई है। बीमार हो जाने पर लोगो का चेहरा ऐसा हो जाता है। सोना फिर ठहर न सका। वह दौड कर आया और ताईजी से कहा मालती बुआ पेड के नीचे—वह बात खत्म भी न कर सका कि ताईजी ने कहा उसके पास मत जाना। उसको *तंग* मत करना।

उसने ताई जी से पूछा छोटे चाचा कहा? शोभा आबू नरेनदास कहा? पालवाडी मे सुभाष के बाबा नहीं हैं। यह सब सुन कर बडी बहू ने बताया कि किसी फकीर की दरगाह पर मेला लगा है। सारा का सारा गाव उसी मेले म टूट पडा है।

ताईजी की बात सुनकर सोना को लगा कि इस दुनिया म फिर एक किंवदती का जन्म हो रहा है।

यह एक अलौकिक क्रिया सी है। क्योंकि एक रात म दो घटनायें कैसे घटित हो सकती हैं। न घटित होती हैं और न हो सकती हैं। आधी रात के वक्त नरेनदास के घर मे फकीर साहब का अलौकिक आविर्भाव। साक्षात मा लक्ष्मी या जननी की

भाति मालती को फकीर साहब सौंप गये। और ताज्जुब है कि दरगाह के लोग या जो लोग फकीर सहाब को दफनाने आये थे उन्होंने देखा है कि फकीर साहब की बीवी लप जलाय उस रात को बठी है। बगल म तावूत के अंदर फकीर साहब का शव। अलौकिक के सिवा यह घटना क्या है। दस कोस का फासला—नदी-नाला का इलाका। ज्वार कब आता कब जाता किसी को पता नही चलता। उसी ज्वार मे फकीर साहब की बीवी ने दिन भर का रास्ता लमहे भर म तय कर डाला था। लोगो के मन म अनास्था घरन कर सकी। गाव मदान नदी नाला या देश—खबर पहुचने म देर नही लगी। नरेनदास ने सभी से फकीर साहब क अलौकिक आविर्भाव की बात प्रचारित कर दी थी। आधी रात को अल्लाह रहमान रहीम कहकर उस ऊचे लबे पुरुष का आगमन और मृत्यु का समाचार सुनते ही नरेनदास को लगा था कि फकीर साहब का सिर योजन भर ऊचे उठ गया था। और दुखियारी मालती को उन्होंने अपने चोगे के भीतर से छोटी सी गुडिया की तरह निकाल कर लमहे भर मे हवा म लीन हो गय थे इस घटना से फकीर रातो रात पीर बन गये। फिर किवदती। धम की नाइ या उस ताड पत्र की पोथी की तरह बस किवदती ही। आस्था को लेकर निरतर विवादग्रस्त दो साम्राज्य। उसके एक बगल म वह है। मदान पार करते ही चरागाह और चरागाह के उस ओर फातिमा।

फातिमा के आते ही उस दिन उसी शाम को सोना ने उसे बायस्कोप का बक्स दे दिया।

—किसने दिया सोना बाबू।

—अमला ने।

—क्यो दिया ?

—मुझसे बहुत प्यार करती है।

फातिमा अर्जुन वक्ष के नीचे खडे चुपचाप सोना बाबू का मुख देखती रही। फिर बोली बायस्कोप का बक्स मुझे नही चाहिये।

—सोना बोला क्यो नही चाहिये।

—नही चाहिये। मैं नही लूगी।

सोना बोला क्यो नही लोगी ?

फातिमा कुछ न बोली। सोना बाबू मुडापाडा से लौट आया है सुनते ही पानी हल कर वह यहा आ गई है। अब चरागाह पर ज्यादा पानी नही। बस पर के पजे

भर डूबते हैं। फातिमा सोना बाव से आगे कोई बात न कर साड़ी जरा ऊपर उठा कर पानी म उतर गई तो सोना ने कहा, अमला मेरी बुआ लगती है।

फातिमा ने गदन मोडकर देखा और उल्टे पर लौटकर बायस्कोप के बक्से के लिए हाथ पसार दिया।

देने से पहले सोना न फातिमा को शीशे पर आख रखने को कहा। वह चित्र बदल बदल कर दिखाने लगा। इन चित्रों म फातिमा अलीफ लला की भेदभरी दुनिया का आविष्कार कर हक्का बक्का बनी रह गई। मानो इस बार आखें उठाकर कहने की इच्छा हो उसे—सोना बाबू इतने दिन कहा थे। फिर उसकी आखें देखने पर ही पता चल जाता कि दिन ढलते ही वह पोखर किनारे अमरूद के नीचे आकर खडी रहती थी। उस पेड के नीचे से इस किनारे का अर्जुन वक्ष साफ नजर आता है। अजुन के नीचे आकर कोई खडा हो जाय तो वह भी स्पष्ट दिखाई पडता। सिर्फ जेठ आसाढ म पटसन के बिरवे बडे हो जाने पर दोनों ही पेड के नीचे के हिस्से ढक जाते हैं। कोई किसी को देख नहीं पाता। अमरूद के नीचे खडे होने पर इस पार अजुन की छाया म कोई खडा है या नही समझ में नहीं आता। पटसन कट जाते ही फिर सब बाधायें हट जाती। दिन ढले फातिमा अमरूद के नीचे खडे होते ही जान लती कि सोना बाबू कहा हैं? वह तिपहर को पेड के नीचे खडी रहती रही। फिर भी उस बाबू की सूरत एक बार भी दिखी नहीं। कुछ रूठी हुई सी थी। बायस्कोप का बक्स देते ही उसका रूठना पानी पानी हो गया।

फातिमा बोली, नानी कहिन एक बार जायेक।

सोना बोला, कहना चाहिए नानी ने जाने का कहा है।

—यह तो किताबी बोली है।

—किताबी बोली म बात करना सीख ले।

—मुझे लाज लगती है।

—मुझे भी। कहकर वह हा हा हस पडा। अमला बुआ ताईजी की तरह बातें करती। मुझसे कहती सोना जाव क्या है रे, जाऊगा कहा करना।

—आपने क्या कहा?

—कहेन लाज लगती।

—मुझे भी। कहकर ही फातिमा पानी मे उतर गई, फिर सारे मदान म पानी छिडकाती मदान के उस ओर जाकर अमरूद के नीचे पहुच हाथ उठाया।

सोना ने भी हाथ उठाया। सिगनल पाकर अपनी अपनी गाड़ी म अपने-अपन घर की ओर वे चल दिये।

दक्खिन क कमरे म घुस कर सोना ने देखा कि अलीमद्दी भी नही है। सिफ आबिद अली बठा है। अलीमद्दी और छोटे चाचा क लौटन म देर लगेगी। वे फकीर की दरगाह गये हैं। इसलिए इतन बडे मकान म कोई मद मानुस नही रहगा रात को चोर चाइयो का उत्पात है। इसलिए शचीन्द्रनाथ आबिद अली को घर पहरा देने छोड गये हैं। आबिद अली रहगा खायगा और घर की रखवाली करेगा। सोना न खुद एक लालटेन लाकर बठक क बरामदे पर रख दी।

सोना ने आबिद अली से कहा, आप नहीं गये ?

—कहा ?

—फकीर साहब की दरगाह ?

—कल जाव।

क्योकि ईशम जब आ गया है तो उसके रहने की कोई जरूरत नही। सभी दरगाह जायेंगे। फुसत मिलते ही चले जायेंगे।

कही भी जाने की चर्चा हो तो सोना का मन भी जाने का होने लगता। मेले की याद आते ही सकस की बात याद आ जाती और दोनो शेर क बारे म भी। जाने क्या सोच कर अब वह लालटेन पर झुक गया। आज भी पढाई स उनकी छुट्टी है। कल से कल से भी नही कोजागरी लक्ष्मी पूजा खत्म होत ही रात दिन जाग कर पढना। स्कूल खुलते ही इम्तहान। इसलिए जरा समय पाकर वह आबिद अली का मुख निहार रहा है।

आबिद अली अब एक निर्जीव सा व्यक्ति बन गया है। जब्बर अब भी लापता है। आबिद अली का अग-अग अब ढीला पडने लगा है।

जलाली के घर जाने के बाद उसकी दूसरी ब्याही बीबी उसकी तगी गरीबी को महसूस नही करना चाहती। हर वक्त एक खाऊ खाऊ सा रख। जो पकाएगी खुद अकेली खाएगी उसे पेट भर खाने भी नही देगी। इस घर म रात को उस पेट भर खाने को मिलगा। उसकी खिचडी दाढ़ी के भीतर भर पेट खाने की लालच स भरा चेहरा उभर आया है। सिफ आखें देखते ही पता चल जाता है कि जब्बर उसको सब की नजरो से गिरा गया है। थाना-पुलिस की कारवाई हुई होती लेकिन

फकीर साहब के ऐसे करिश्मे के बाद सभी लोग सभी कुछ भूल भाल कर दरगाह के मेले म मस्त हो गये हैं।

और सबसे आश्चर्यजनक है यह मालती। उस रात को मालती के लौट आन पर हो-हल्ला मचाकर नरेनदास ने लोगों को इकट्ठा किया था। शोर शराबे म सब कुछ समझना तो मुहाल था—लेकिन जसा कि उसने बताया उससे यही बात निकलती कि फकीर साहब कोई मामूली इसान नही थे। छू मतर स आग की एक लौ लपलपा उठी थी—और उस शिखा के प्रचड प्रकाश म ऋषियो के सहस्र मुख इस आगन म प्रतिभात हो उठे थे—फकीर साहब मानो कह रहे हो मेरी जननी को कोई असती नही बना सका नरेनदास। उसको तुम उठा ला। सारा का सारा मामला नरेनदास को सीता का वनवास जसा ही लगा था।

मालती अधेर म चुप्पी साधे। वह कुछ भी बोल नही रही थी। पत्थर के बुत जैसा ही कठोर चेहरा है उसका। केवल आखें धधक रही थी। वह खामोश सूनी निगाह लिये बरामदे मे चिड़ियाखान के जीव जैसी बैठी रही। अडोसी पडोसी आकर उसे देखकर जा रहे हैं और अलग अलग मतव्य प्रकट करते जा रहे हैं। फकीर साहब जसा कोई आदमी नहीं। वे अल्लाह के बदे हैं।

इस तरह एक दिन गुजरा। दो दिन भी। जाने क्यो नरनदास अपनी बहिन को फिर से चौके या रोटी पानी म शामिल न कर सका। जाति से यवन ये इसान नही वे चुरा ले गये थे इसलिए शेर छव ता अठारह घाव और यवन छून पर छत्तीस। उसने मालती के लिए घनकुट्टी के छप्पर म कोने म एक कोठरी बना दी। उसी कोठरी म बत्तख की तरह एक दिन सवेरे मालती हेल गई।

और ताज्जुब है कि ऐसी कोठरी म ऐसी एक सुदरी विधवा को अकेली रहने का हौसला मिल गया। उसके शरीर म अब क्या रह गया जो आदमी जबरन छीन सकता हो। इतने दिनो तक वह लाड प्यार जतन से उसका लालन कर रही थी। और आकाश मे विभिन्न प्रकार के नक्षत्रो की छवि देखन पर जो उसे याद आ जाता था, वही रजित एक युवक उसे बिना बताये वह कही चला गया है उसे वह कुछ भी नहीं दे सका। इस जूठे जिस्म की बात सोचते ही उसके मुह म थूक आ जाता। वह दिन भर पानी म डूबे रहना चाहती है। पानी म उतरते ही उस लगता कि उसका शरीर पवित्र हुआ जा रहा है। जल म डूबे रहने पर लगता, अहा गगा मायी की गोद म कितनी शाति है। वह डूब गई या नही, उसका आचल या बाल

कही पानी के ऊपर तर तो नही रहा, जाडे की रात या गरमी की तपन मे यही उसका अकेला प्रश्न है।

पडोसी बालको के लिये यह एक तमाशा-सा बन गया। मालती बुआ उदबिलाव की तरह बस पानी मे डूबती-उतराती रहती हैं। वे किनारे खडे खेला करते या हसी मजाक किया करते बताना बुआ का आचल पानी के ऊपर उठ आया है। या बाल, नही नही बाल नही तुम्हारे पर की उगलिया दिखाई पड रही हैं, हाथ की उगलिया भी तुम्हारी धोती पानी के भीतर हवा पाकर बादवान बनी जा रही है। तुम्हारा सब कुछ डूबा नही, कुछ न कुछ तुम्हारा जल के ऊपर तिर रहा है, ऐसा जब सारे बालक कहने थे तो मालती का मुखडा बिलकुल करुण हो जाता। तो फिर मरा सब कुछ नही डवता कुछ न कुछ तिरता ही रहता। सोना देख देख मैं डूबी हुई हू या नही।

सोना कहता बुआ तुम डूब गई हो।

इसके बाद ही सारे घाट पर पानी छिडक कर मालती ऊपर उठ आती थी। चारा ओर एक अपवित्र-सा भाव। वह बाल्टी से पानी छिडकाती और घर की आर चलती जाती। शचिता की सनक स ग्रस्त मालती पानी म डूबे रहते रहते बिलकुल श्री-हीन रूखी और पागल सी बन गई। रात भर मारे अभिमान के उसकी आंखा म आमू आ जाते। आखा म नीद नही। सोना जब भी आया है देखा है मालती बुआ पानी म तर रही हैं। पानी से किसी तरह निकलना ही नही चाहती। मुख बडा करुण है। उसके शरीर स जाने कौन लोग प्राणपाखी लेकर भाग गये हैं। नरेनदास हाट परवार कर पानी स उसे निकाल ल जा रहे हैं।

इस प्रकार सोना की शरद ऋतु बीत गई। पूजा की छुट्टियां खत्म होते ही शशीभूषण आ जायेंगे। हेमत क दिना म पढ़ाई तगडी होती है। सवेर और शाम ज्यादा देर तक शशीभूषण अपन पास पढ़ाने क लिए उस बिठा रखेगा। कुछ दिन हुए पागल ताऊजी कहीं जा नहीं रह हैं। सोना का ख्याल है कि वही ताऊजी को शांत और धीर स्थिर बनाये दे रहा है। वह बीच-बीच म ताऊजी का चिलम भर देता है। व तमाखू पान हैं। बठ बठे अपन मन वही कविता दोहराते रहत हैं। नहाने क वक्त नहाना खान क वक्त खाना। रात को उनक पलग की मज के एक किनारे छोटे बह का माइ मगन बगला व्याकरण लिय बठ रहत हैं। मानो पढ़ाई म बडा ध्यान है। कभी व सोना का स्लट लकर उस पर पेंसिल स तरह-तरह की तितलियां

बनाते या सूना-सा वास का एक पुल या मैदान का चित्र बनाते किसी को भी अब परेशान नहीं करते। लक्ष्मीपूजा के लिए साना टुनीफूल लेन गया था। ताऊजी नाव खे रहे थे। और जहा वह दुलभ टुनीफूल मिलता है बिलकुल वही उनको पहुचा दिये थे। ऐसी जीवनधारा देखकर बडी ताईजी बेहद खुश हैं। वे रातोदिन गिरस्ती के लिए सुबह से रात तक जागर तोड रही हैं। ताऊजी घर पर रह तो उनको कोइ भी दु ख नही। माथे पर बडा-सा गोल सेंदूर का टीका लाल किनारी की धाती कितनी बगाबग साफ और सफेद। और सावले रग की ताईजी की तुलना रामायण म वर्णित नारी चरित्र के साथ करने का जी करता।

इसी तरह से कार्तिक पूजा के दिन आ गये। फातिमा अजुन वक्ष के नीचे आकर एक दिन बना गई है उसे दो श्रीघट चाहिए। उसन मा से कह रखा है ताईजी से कह रखा है। वह उन दोनो स श्रीघट लेकर रख लेगा। और कार्तिकपूजा के अगले दिन जब फातिमा आएगी तब दो नहीं इस बार वह चार देगा। जसे अमला कमला न तरह-तरह के चीज-वस्त देकर उस खुश करने की कोशिश की है यह भी वसी ही एक लडकी है—क्या खूब लडकी है परो म पायल नाक म बेसर धारीदार साडी पहने वह लडकी उसकी प्रतीक्षा म रहती है—वह उसको कुछ दे सकने स ही ऐसा सोचता है कि महान कुछ कर डाला है।

और कार्तिकपूजा के दिन ही वह घटना घटी।

वे तियहर को खेता मे गये। गाम को चारो ओर खेतो मे आग जलाई गई। 'भालोबुडा (अलया-बलया) म सब लोग आग लगा रहे हैं। ससार के सारे पाप पोछकर परिवार के सारे लोग हेमत के खेत से पुण्य बटार लाने गये हैं। अलक्ष्मी को फेंक कर सब लोग लक्ष्मी लाने गये हैं। सोना लालटू पलटू तीन भालोबुडा म आग लगाकर अब खेता मे दौड रहे हैं। उन लोगा ने, जो खेत सबसे उम्दा फसल देता है वहा आग की सटिया गाड दी। अब कार्तिकपूजा के लिए सबसे पुष्ट धान की बाली चाहिये। अब व तीना हेमत के इन खेना म उस पुष्ट झपा के लिए खेत से खेत क्रमश सुनहरे रेत वाली नदी की चाकी पार कर चले जायेंगे। जो जितना बडा थपा लायेगा वह गिरस्ती क लिए उतना ही अधिक पुण्य लायेगा। इस तरह एक होड-सी है। सोना न एक बडा सा झपा काटकर कहा, देख दादा कितना बडा झपा है। और तब पलटू न कहा देखें कहा? दखकर बाला, बडा नहीं तो और। कहकर उसने एक बडा सा झपा दिखाया। और इस तरह धीरे धीरे वे झपा के

लिए दूर के खेतो मे चले गये। कोई भी पसद नही आ रहा है। लगता है, यह जमीन पार करते ही बडे मिया का खेत है सबसे आला फसल होती है या और कही जहा उनके लिए पुष्ट धान की बाली लिए लक्ष्मी मायी प्रतीक्षा कर रही हैं। वे इस समय खेतो म लक्ष्मी मायी को ढूढ रहे हैं।

इस तरह स वे तीनो बहुत दूर चले आये। धान की पुष्ट और बडी बाली न ले जा सकने से गर्व नही किया जा सकेगा। बडी ताईजी नही कहगी, देख धनबहू तेरा बेटा कितना बडा झबा लेकर आया है। इन खेतो म वे धान की पुष्ट बाली के लिए खेत खेत मे चक्कर लगात फिर रहे है। धुधला-सा अधेरा। हेमत के खेत पर हल्का सा कुहरा। गगन म पवन म धुधली सी जुहाई। व झुक-झुक कर एक एक बाली हाथ म लिए देख रहे हैं और छोड दे रहे हैं। हाथ से नाप रहे हैं। नही बहुत छोटी है। करीब हाथ भर लबी न हो तो कार्तिक भगवान के गले म माला की तरह डाली नही जा सकेगी।

उस समय हाथ म लालटेन लिये कुछ लोग नदी के किनारे किनारे इधर चले आ रहे हैं। लालटेन की रोशनी देखते उनको लगा कि वे बहुत दूर चले आय हैं। उनको ध्यान ही नही कि वे नदी के कछार से होकर हाइजादी के मदान मे आ पहुचे हैं। लालटेन की रोशनी देखकर उनको घर लौटने की सुधि आयी।

वे नजदीक आने पर सोना ने देखा फेलू जा रहा है। सिर पर एक बडा-सा ट्रक लिये। एक हाथ वाला फेलू सिर पर ट्रक लिये जा रहा है। पीछे शम्सुद्दीन। और सबसे पीछे फातिमा। आज फातिमा ने शलवार पहन रखी है। सुनहले रग का पूरी बाह वाला फ्राक। कल अजुन वृक्ष के नीचे फातिमा का आने का वादा है। वह फातिमा के लिए चार चार श्रीघट रख देगा। इस समय फातिमा सजधज कर जा कहा रही है। फातिमा को देखकर वह कुछ कह न सका।

इतन बडे मदान म उन तीनो को देखकर शम्सुद्दीन को कुछ आश्चय हुआ। उसने कहा आप लोग ?

—धान की बाली ढूढने आए हैं।

इतनी देर मे शम्सुद्दीन को याद आया कि आज कार्तिकपूजा है। सभी लोग धान की पुष्ट बाली ढूढन निकल पडे हैं। उसने पूछा, मिली भी ?

उन लोगो न जो इकट्ठी की थी दिखाई।

शम्सुद्दीन हसा।—लक्ष्मी मायी इतनी छोटी कसे होगी। आइए हमारे साथ।

वे चलने लगे। सोना बिलकुल कुछ भी नही बोल रहा है। वह फातिमा के बगल मे चल रहा है लेकिन फिर भी बोल नही रहा है। फातिमा भी कुछ नही बोल रही। लेकिन वह ज्यादा देर रुठा नही रह सका। बोला, तू छिरीघट नही लेगी।

—रख दीजिएगा। ढाका से आन पर लूगी।

—तू ढाका जायगी?

—हम सभी ढाका जायेंग। मैं स्कूल म पढ़ूगी। घर नानी अकेली रहगी।

सोना बोला, लेकिन तूने पहले तो कुछ बताया नहीं।

—बतायें क्या? अब्बा ने सुबह ही तो बताया। सोना फिर चुप हो गया। फातिमा भी कुछ बोल नही रही है। वह बोली, सोना बाबू आप मुझे खत लिखेंगे।

—खत। खत क्या लिखें।

—आप कैसे रहते हैं लिखिएगा।

—छोटे चाचा डाटेंगे।

फातिमा वाली सझा को मैं रो रही थी तो अब्बा ने पूछा, तू रोती क्यो?

—तेरे रोने का क्या हो गया?

—क्या कुछ भी रोने का नहीं?

तब शम्सुद्दीन ने कहा यह देखिए धान की मोटी गदराई बाली। वह झील के पानी म अगोछा पहन कर उतर गया। इतनी बड़ी धान की बाली आपको कही ढूढे नहीं मिलेगी। यह कहकर उसने तीनो के हाथो म तीन बड़े बड़े धान के झप दिये और कहा, 'बिना उतरे पानी मे किसे परना आया। क्या ख्याल है मालिक? लक्ष्मी को लाने म काफी मेहनत करनी पडती है। यह कहकर अगोछे से बदन पोछकर फेलू स कहा तुम लोग चलते रहो। मैं इनको पहुचा आऊ। य लाग रास्ता चिन्ह कर घर नही पहुच सकेंगे।

शम्सुद्दीन अर्जुन वक्ष तक आया। पूरब का घर सामने है और वहा मालती है—जब्बर मालती को चुराने के फिराक म था फकीर साहब उस यहा रख गये हैं—और जब्बर उसकी पार्टी का एक मुखिया है—लिहाजा इस जुर्म के लिए वह भी कुछ जिम्मेवार है ऐसा ही उसको देखने से लगता है। इस बेइज्जती की वजह शम्सुद्दीन भीतर ही भीतर कुछ दुःखी है। उसने अपने को बडा बेबस पाया। वह तरह-तरह से मुसलमानो के भीतर आत्मविश्वास लौटा लाने की कोशिश कर रहा

जौ। नीचे थीपट पत्तियां में लगे हुये। पट में अरवा चावल और उस पर जैतून का पत्र। उसने अपनी धान की थाली माँ को दी। माँ ने दोनों हाथों से सोना के हाथ से धान की थाली का वरण कर लिया।

लेकिन शशीभूषण को देखते ही माना का दिल धड़क उठा था। अब इस पूजा में उस खास कोई उत्साह न रह गया था। मास्टरजी बड़े सख्त मिजाज के हैं। वे बहुत सवेरे उठेंगे। सबके दरवाजे पर जा पहुँचेंगे और पुकारने लगेंगे, सोना उठो। लालटू उठो। पलटू उठो। मुँह हाथ धो लो। सब लोगों को नींद से जगाकर वे मदार में ले जायेंगे। दिखा मदार के बाग व सब को मटरौला की टहनियाँ देंगे। दातौन करने को कहेंगे। वे मुँह में रख कर दातौन हो जाने के बाद कहेंगे चल आओ। उनके शचीद्राथ ने एक तख्तपोश दे रखा है। बड़ा-सा तख्तपोश। उस पर तरह-तरह की जड़ी-बूटियाँ इकट्ठी कर रखी हैं। पेट दर्द दाँत में दर्द सर दर्द और तरह-तरह की बीमारियों में वह दवा देगा। वे मुँह धोकर आते ही उनको भीगा हुआ चना देंगे वह। गिन गिन कर देगा। और गिन गिन कर फ्री हैंड एक्सरसाइज (कसरत) करायेगा। पढ़ाई खतम होने पर स्नान। सोना के सिर में वह तेल लगा देगा। सभी को लेकर वह पोखर में तैरेगा। फिर गरम गरम भात दाल और तला हुआ बगैर खाकर वे पैदल स्कूल जायेंगे। शशीभूषण के आते ही वे एक नियम से बंधकर इसान बनेंगे ऐसा तय रहता है।

इस नियम के भीतर शशीभूषण का सारा गुस्सा लालटू पर। लालटू का दंड बैठक एक सौ दस बार। माना का पचास बार। और पलटू का एक सौ बीस बार। पलटू अपना कसरत ढंग से निभा लेगा। सोना भी। लेकिन लालटू देर लगाकर उठक-बैठक करेगा। कभी कभी उठक बैठक के दरम्यान उसका निकर सर सर नीचे सरक आयेगा। उस समय शशीभूषण उसे कान में पकड़ कर उठाता है। और चिल्लाने लगता, धनभाभी धनभाभी।

चीख-पुकार सुनकर धनबहू दौड़कर आती तो देखती कि लालटू उलंग खड़ा है। उठक-बैठक में उसका निकर खुल गया है। उसके निकर में नारा नहीं।

—यह क्या।

—मैं क्या कह बताइए। इसके निकर में कभी नारा नहीं रहता।

—ठहरो, देखती हूँ। यह कहकर वह सन को अच्छी तरह से बटकर सुतली बनाती और निकर में भर देती। डर के मारे लालटू बाद में निकर से नारा नहीं

घोलता था। इस मास्टरजी से लालटू का छमरा छूगा हुआ है।

शशीभूषण को देखते ही सोना यह सब याद कर सकता है।

एक हवाई-जहाज के बारे में भी याद कर सकता है। वही पहला बार इस इलाके के ऊपर से हवाई-जहाज उड़ा जा रहा था। ढाका के पास कुर्मी टोला में लड़ाई का अड्डा बना है। मझले ताऊजी घर आने पर लड़ाई की कहानियां सुनाया करते हैं। मैदान से हवाई जहाज देखकर जब वह घर लौट रहा था तभी रास्ते में भेंट हो गई थी।

—ऐ मुन्ना, सुनो।

अटपटा शब्द सुनते ही वह ठहर गया था।

—ठाकुरबाड़ी किधर है ?

—उसने उंगली उठाकर दिखा दिया।

इस आदमी के बाल छोटे छोटे कतरे हुए। वे नवद्वीप के थे। यहां वे हाई स्कूल के हेडमास्टर बनकर आये है। बारदी से पैदल चले आए हैं इसलिए हाथ पैर धूल से सने हुये। घर दिखा कर ही सोना सीधे दौड़कर हारानपाल के घर के भीतर चला गया और छोटे चाचा को इत्तला दी। फिर दौड़कर बाहरी ड्योढ़ी के आंगन मे आकर खड़ा हो गया—कितनी देर में वह आदमी यहां आ जाता है।

घर में दाखिल होकर शशीभूषण ने कहा था यह तुम्हारा घर है।

उसने सिर हिलाकर सम्मति सूचित की थी।

—शचीन्द्रनाथ तुम्हारे कौन लगते हैं ?

—चाचा।

— एक बार चाचा को बुलाना तो जरा।

तब तक शचीन्द्रनाथ बाहरी ड्योढी के आंगन में आ पहुंचे थे। उसे देखते ही शशीभूषण ने नमस्कार किया था। कहा था आ गया।

—आइए। शचीन्द्रनाथ ने उनको बैठक में बिठाया।—यह रहा आपका कमरा और यह रहा तख्तपोश। और ये रहे तीन बालक।

तब तक सोना ताड़ चुका था कि यह उसके स्कूल के हेडमास्टर हैं—जिनके आने की चर्चा बहुत दिनों से है, जो बरीसाल के किसी इलाके में सकेंड मास्टर की हैसियत में शिक्षकता करते थे, यहां हैडमास्टर की नौकरी पाते ही चले आए हैं। शचीन्द्रनाथ ने ही इस सिलसिले में परवी—मेहनत की है। और यह कहा हुआ कि

हैडमास्टर उसी के घर मे रहेंगे, खायेंगे। और इन तीन बालका पर नजर रखेंगे।

शचीन्द्रनाथ ने कहा था, तुम लोग मास्टरजी को प्रणाम करो।

वे उस दिन कौन पहले प्रणाम करेगा — सभी उसके परा पर टूट पडे थे।

छूते ही उन्होंने कहा था, देखें तुम लोगा के दात।

सोना ने दात दिखाये।

—अच्छी तरह दात साफ नही करते। कहते हुए अपने हाथ पर धाकर आते वक्त ढेर सी मटकीला की टहनिया तोड लाय। और सभी का एक एक देकर— इस तरह दात माजना चाहिए दात नीचे स ऊपर की ओर माजना चाहिए इस तरह दात माजना हम लोग जानते ही नही खाना स ही सारी बीमारिया आती हैं यह सब कहते हुए उन्होंने प्रयोग द्वारा प्रदर्शित किया था।

साना लालट, पलटू बाहर आकर हसते हसते लाट पोट हो गये थ।

वही मास्टरजी आ गय हैं। अब सोना जब-तब पढाई छोड अर्जुन वृक्ष के नीचे भाग नही सकेगा। लालटेन लेकर सोना हाथ पैर धोने घाट की ओर चला गया। वह कुछ उदास-सा। फातिमा नही है। और वह अनमना है। अनमना न होता ता लालटेन लेकर अकेले घाट पर वह नही आ सकता था। उसे डर लगा होता।

वह घाट पर उतर गया। लालटेन उसने इमली के नीचे रख दी है। पर धोने के लिए पानी निकालते ही कुछ देखकर वह डर गया। पानी से ऊपर बिलकुल मत्स्य रक या रामचिरया जस पर के दो तलवे तिर रहे हैं। लाल। माना पैर के तलवो म सेंदूर पोत कर कोई लक्ष्मी मायी को पानी मे बहा गया है। लक्ष्मी के परो जसे दो पर पानी पर उतरा कर कोई डूबा हुआ है। देखते ही कूद कर वह भागा। परो स टकरा कर लालटेन गिर गई। हाफते-हाफते दक्खिन कमरे म हेलते ही वह हकलाने लग गया।

शशीभूषण ने क्षण भर की देर नही लगाई। शचीन्द्रनाथ और नरेनदास भी दौड पडे। शशीभूषण पानी म कूद पडे। नीचे लगा सिर के पास कोई सख्त सी चीज है। वह डुबकी लगाकर उठा लाया और देखा मालती है। गले म घडा बाधकर पानी म डूब कर आत्महत्या की कोशिश की है उसने। परो मे आलता लगाया है। माथे पर सेंदूर और हाथ और गले म जितने सारे गहने थे पहन कर उसने पानी के नीचे लुप्त हो जाना चाहा है।

शचीन्द्रनाथ ने नब्ज देखकर जान लिया कि प्राण अभी भीतर ही है। आखें बद

है। मालती बेहोश है और मल मल उल्टी कर रही है। पर पड़ा मुंह। माथे पर बड़ी-सी सेंदूर की बिंदी। माग म सेंदूर की रख माटी सी, परो म आलता। चारो ओर इतनी भीड है लकिन शचीन्द्रनाथ ने उस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। वह एकटक उस अभागिन लडकी की ओर देख रहा है। व नमक से धीरे धीरे उसका सारा शरीर ढक देने लगे। यह नारी अब आखें बद किये नमक क नीचे शायद एकात नीद म बेखबर है। सवेरा होते ही जाग उठेगी। इसी आशा म सभी बत्ती जलाये चारो ओर बैठ रहे। उस रात को सोना सो नहीं सका। सिरहाने वह भी जाग उठा रहा। बार-बार उसे रजित मामा याद आ रहे थ। जाने क्यो उस रजित मामा पर बडा गुस्सा आ रहा था।

ऊपर हेमत का आकाश है। नीचे धान खेत। और रात के अनगिनत सितारो की आभा और चारो ओर लोगबाग की भीड। मालती नमक क नीचे लेटी हुई मानो सो रही है। रात भीगने लगी तो सोना फिर जागता रह न सका। दक्खिन के कमरे मे जहा दरी बिछी थी वही आकर वह लेट गया था। लकिन जाने क्यो उसे नीद नही आई। और अब वह फिर वहा जाकर खडा हुआ ताज्जुब करते हुए उसने देखा रजित मामा हाथ म एक लाठी लिये भीड म खडे हैं। छोटे चाचा मामा से क्या कुछ कह रहे हैं।

रजित मालती के पैरो के पास जाकर बैठ गया। उनका अटेची सोना न लाकर बडी ताईजी को दे दी। उनके मुख पर खसखसी दाढी। कई रात जाग जाग कर पैदल ही इतनी दूर आया है। थकान से सोने का इरादा लेकर यहा चला आया था। भीड और गैस बत्ती की रोशनी देखकर रजित आश्चर्य करने लगा था लेकिन इस विस्मय ने प्रचड रूप से उसे हिला दिया है। उसे लगा नरेनदास ही इस आत्म हत्या के लिये जिम्मेवार हैं। नरेनदास ने उसे एक कोठरी म रख दिया है। या वह जब्बर। कहा है वह अब? हालाकि यह सब सोचने के लिए उसके पास ज्यादा फुर्सत नही। दाहिने हाथ का नमक के भीतर से उसने निकाला। नब्ज देखा। हाल बेह तरी की ओर। पैर के तलवे कितने गर्म हैं देखने के लिए उसने नमक हटाया।

तनदे पर अपना के दाग। रजित का अंतर किसी ने झकझोर दिया। मालती का मुख देखने का जी कर रहा है। उसने मुख के ऊपर से नमदा हटा दिया।

अब रात की अंतिम घडियां हैं। इस समय वह अकेले पहर पर है। नमदा हटाते ही उस जाने क्या लगा कि वह जोर-जोर से सास ले रही है। उसके माथे पर सेंदूर माग में सेंदूर। कौन कहता है कि मालती विधवा है। मालती का यह सुदर मुखडा और शरीर देखकर रजित भौंचक सा बना बैठा रहा। उसने उसके माथे को छूकर देखा। दोनों देखी। गनीमत कि उसने सबको समझा-बुझाकर सोने को भेज दिया है। सभी लोग एक साथ जागते रहने से क्या फायदा। घुरा कर मालती से प्यार करने की चेष्टा करते ही उसने आकाश की ओर देखा और उसे लगा भोर होती जा रही है। अब मालती का नमदा से बिलकुल अलविदा कर वह उसे दक्षिण के कमरे में ले गया और दरी पर लिटा दिया। पुकारा मालती, मैं आ गया हू।

वस्तुत इस दलदली गाव-देश की मिट्टी और इसान पानी के नीचे पनाह तलाशते हैं। प्राणधारण में मालती को कोई उत्साह नहीं मिल रहा है। पानी के नीचे अपने उस प्रिय लापता बत्तख को ढूढने के लिए ही शायद उसने डुबकी लगाई थी। अब मैं पानी पर उतराऊगी नहीं, पानी के नीचे डूब जाऊगी यही उसकी आशा थी।

सवेरे रजित ने थाना-पुलिस के बखेडे के डर से शचींद्रनाथ को एक बार थाना जाने के लिए कहा। छह कोस का रास्ता है। इसलिए पदल चल थाना जाने के लिए वह तैयार हुआ।

शचींद्रनाथ के थाने चले जाने के बाद रजित नरेनदास के पास गया। बोला उसे इस कोठरी में क्या रखा है आपने ?

नरेनदास ताना-पाई कर रहा था। मालती अब उसके लिए गलग्रह बन गई है। उसने कोई जवाब नहीं दिया।

रजित ने समझ लिया कि नरेनदास नहीं चाहता कि मालती बडे कमरे में रहे। लक्ष्मीजी का पट है—धर्माधर्म है। नरेनदास अब इन सब बातों में माथा-पच्ची करना नहीं चाहता। रजित को और कुछ कहने का हौसला न पडा। कौन है वह मालती का ? मालती का रहने का ठाव अब वही दरवानुमा कोठरी है। उसको अब घर के भीतर लिया नहीं जा सकता। जिंदगी मे अब वह खुली हवा, मुक्त मदान से

वंचित रहेगी, अब वह बारिश मे उघरे बदन भीग नही सकती। उसने सब कुछ गवा दिया है।

स्टीमर म भी एक आदमी बहुत अ यमनस्क होता जा रहा है। रेलिंग के पास खडे विशाल मघना नदी को देखते हुए वह बस मालती के बारे म ही सोच रहा है। दोना ओर कितने ही पेड पालव। स्टीमर जितना ही आगे बढता जा रहा है उतना ही मानो किशोर वय की एक बालिका पेड-पालव के नीचे नदी क कगार से दौडती जा रही है। उसके बाल उड रहे है। नगे बदन। लपेट कर साडी पहन रखी है। वह लगातार दौड रही है। दामोदरदी का मदान पीछे है। सामने उद्धवगज पडेगा। लेकिन वह आदमी कुछ भी नही देख रहा है—देख रहा है एक बालिका निरतर मदान पार करती चली जा रही है। जाने क्या छूना चाहती है—छू नही पा रही है। मालती के लापता हो जाने के बाद ही शम्सुद्दीन जाने कसा टूट सा गया था। ज बर उसकी जात बिरादरी का है लीग का भी नेता है। मामूली धन के लोभ स उसने ऐसा काम किया है। फूल जस एक जीवन को उसने नाश कर दिया है। जिसन उसके किशोर वय के सारे समय म तरह तरह के फूल खिलाये थे वह अब बेजान उन्मादी-सी। और मानो कोई दुघटना घटित हो जायगी—उसन मारे डर के निगाह फेर फेर ली है।

उस समय फेलू अपन बछड को लेकर मदान मे निकला जा रहा है। हेमत का सवेरा। चारो ओर धान ही क खेत। इन धान खेतो के लिए ही वह बछडे को छुट्टा छोड नही पा रहा है। छुट्टा छोडते ही धान खेत या उडद के खेत म मुह डाल देगा। इसी महीने दो-दो बार गौर सरकार का करिंदा अ दुल बछडे को काजीहौस दे आया है। वह अपग है इसलिए कोई उससे अब डरता नही। जिंदगी मे उसने बहुत सारे गुनाह किये हैं। अ लाह स उसका यह अजाम मिल रहा है। सारे इसान इसी ढग से सोचते हैं। तब उसके दिमाग म आता इस दुनिया म जितने भी साले माझी मल्लाह हैं सभी का कोच कर जरा देख लिया जाय—लेकिन हाय उससे नही बनेगा। उसके हाथा म अब कोई ताकत नही। काल डोरे से कौडी बधा हाथ मुर्दे की तरह जिस्म के एक तरफ झूलता रहता है। कभी कभी जी करता उस एक ही बार म काट कर फेंक दे। गले का सफाया करने जसा ही जिस्म स इस हाथ को अलहिदा कर देगा। लकिन कर नही पाता। इस मरे हाथ के प्रति उसका बडा मोह है। धूप म हाथ लकर बठ रहने पर यह हाथ उसे अपनी औलाद-सा लगने लगता।

हाथ म पगहा लिये वह चलने लगा। बछडा आगे बढना ही नही चाहता। हड्डी उभर आये इस बछडे का पेट वह किसी तरह से भी भर नही पाता। उसका लूला हाथ और यह बिर्रा बछडा उस बौराय द रहे हैं। और अन्नू भी। अब वह, वह फ्लू तो रहा नही, कबड्डी का खिलाडी भी नही—उसकी बीवी अब बिराने घर जाता है—किसका वह क्या करे। रात को बीवी बगल म होती तो नीद नही आती। बीवी उसकी कही रगरस म डूबी हुई। हाजी साहब का छोटा बेटा आकालू बसवारी म छिपा रहता। वह जब बछडा लेकर बाहर निकलता या अनाज चुरान जाता या रजोगम से कही दूर जगल म निकल जाता। उस समय यह युवती अपने रागरग म मस्त हो जाती है।

या अब वह कैसे पेट भर, दो पेट की ही तो गिरस्ती है—किसी किसी दिन तो रजोगम से नदी के किनारे टहलता रहता है—बछडा साथ होन पर वह दौड नही पाता। बछडे को लेकर चलता और अनाज की बाली काट लेना—बिलकुल ओटन जमा ही। रात के उडद को बिरवे उखाड लाता। जौ गहू के दिना मे जौ गहू। अकेले बनता नहीं। कभी-कभी बीवी भी उसके साथ रहती। चादनी रात म उसकी बीवी खेतो म घुस कर फसल काट लेती और वह मेड पर खडा रहता। कभी कभी खेत की मेड से हाक आती कौन जागे? सिटकारी-सी आवाज आती मैं जागू।

—साथ म कौन जागे।

—मिया साहब जागे। अन्नू का मिजाज माफिक रहे तो वह फेलू को मिया साब कहकर पुकारती है। इस समय अन्नू मानो उसकी अपनी अन्नू है। किसके साथ इश्क लडाती है—यह उसे याद नही रहता। इस अन्नू को लेकर फसल चुरान निकलने पर फेल को अहसास होता, बीवी उसके घर ही मे है। लेकिन जब अकेली खेत म चली जाती तो उसका शुबहा बढ जाता है। उसकी बीवी उससे चुराकर जब बिराने घर जाता है तब वह मारे अफसोस और अपनी नातवानी के बिर्रा बछडे के चूतड पर लात जमा देता।—साल कौवे, मुझसे खौफ नही खाते। और चारो ओर खेत मैदान खेतो की ओर देखो एक आदमी चला जा रहा है। उसके सिर पर तरह-तरह के परिंद उडते। तब वह खुरखुरी आवाज म हाक लगाता, ठाकुर, तुमन मुझे काना बना दिया।

केवल अपने दाहिने हाथ के बल पर वह बछडे को घसीटता ले जा रहा है।

उठेगी—मैं कसे बताऊं। किसने मन्नार की डाली उखाड़ कर फेंक दी है मुझे क्या मालूम।

—साली। क्या नहीं जानती है तू। फत्त उस वक्त शोर मचा सकता था। लेकिन किसस बताय। अब वह साला हाथ लिए बीवी स डरता है। जाने कब जब्बर हरे रंग की धारीदार साड़ी फुलल-तन खरीद कर द गया था—बदल म जब्बर अनू स क्या ल गया है कौन जान। फिर भी लूला होन की वजह स उसने सब कुछ बरदाश्त कर लिया है। इस समय बीवी के पास एक अंगोछा और एक फटी साड़ी ही सबल है। खेतों में फसल चुराने जाते वक्त वह फटी साड़ी पहन कर जाती है। और दिन भर भीतरी बाढ़ की आड़ म जब तक वह रहती तब तक एक छोटा-सा अंगोछा ही सबल है। कभी कभी अंगोछा जब भीग जाता तो बाड़ पर सुखाने दे देती। उस समय अनू प्राय नग्न हो जाती। प्राय कभी पूरपूर उलग। बाढ़ की आड़। सामने झुरमुट झाड़ी। आंगन स कोई जाय तो उसे पता ही नहीं चलता कि अंदरूनी बाढ़ के उस ओर फत्तू की बीवी मादरजाद नंगी बैठी है धान उबाल रही है, गेहूं भून रही है या सौंरन ज्वार भिगो रही है। जब जैसा मिल जाता यानी जो सार अनाज वह चुराकर लाती है उसी से साल भर गुजारा करना है इसलिए दिन भर बीवी अपने काम म लगी है।

जब तक बीवी इस तरह नंगी होकर अन्दर घूमती फिरती रहेगी तब तक वह आंगन म बैठे गुड़-गुड़ हुक्का गुड़कता रहेगा—और मनोहर मारे दृश्य बाड़ के भीतर बीवी की जवानी केले के कन्न के समान। अनाड़ी हाथों के इस्तेमाल से फत्तू न सब खराब कर डाला है। बीवी के बालों म तेल नहीं। आंखों म सुर्मा नहीं लगा सकता। त्योहार के दिन बीवी अगर किसी से उधार माग कर बालों मे या मुंह पर कुछ लगा लेती तो फत्तू जैसा आदमी भी अनू को लेकर नाव म निकल पड़ना चाहता है।

जितना देर वह घर रहेगा ओसार म बैठा रहेगा। पहर पर। कोई आते ही वह चुटकी बजाएगा। दो बार चुटकी बजाते ही अनू को पता चल जाता है। चटपट हाथ का काम छोड़ धारीदार साड़ी पहने बैठी रहती। सारा अनाज हांडी-पतीली म ढक कर रख देती। किसी को भी पता न चले कि रात को वह फसल चुरा लाती है।

यह सब दृश्य देखने म बड़ा मजा आता है। वह चोरी चोरी अंदरूनी बाढ़ के इस

ओर से देखता और मजा लेता। कभी तो बीवी के बदन पर तार-तार अगौछा—बिलकुल चिक चिलमन हो गया। हाजी साहब के घाट उस पार झाडी में जिस तरह फन उठाये वह मछली बीवी को देखने के लिये बैठा था, कमरे के भीतर भी वह कभी-कभी उसी अंदाज से बैठा रहता है। अपनी बीवी का मादरजाद नंगा जिस्म देखने मे फेलू को बडा मजा आता है।

इस तंगदस्ती और फटेहाली में भी यह बीवी अपनी लुनाई को कम बरकरार रखे हुई है - हाय उस समय फेलू आकालू का गराडील शरीर, चौडा चकला सीना और लाल रंग फज टोपी ही मरीचिका सी देख पाता है। आकालू अपनी दाढी में महमहाता अतर चुपड लेता है। आकालू बडा चालाक है। वह जब रास्ते से जाता है तो अपनी दाढी में अतर लगाकर जाता है। इत्र फुलेल की सुगंध पाते ही अंदरूनी बाढ के पीछे बीवी झूम उठती। उसका आदमी आ गया है। इत्र फुलेल की सुगंध से एक आदमी इस रास्ते यह जता गया है कि वह बसवारी की ओर जा रहा है। बीवी तब जब्बर की दी हुई हर रंग की साडी पहन कर चल देती। कहा चल दिये तुम। मतिउर के घर जा रही हू। चिउडा के लिए धान भिगो रखा है। चिउडा कूट दू तो दो दोरी चिउडा मिल जायेगा।

—और कुछ नही देगा?

—और क्या देगा?

—क्या तुझे एक बोसा नही देगा?

बीवी समझ जाती कि यह आदमी उस पर शक कर रहा है। अतर की खुशबू उसे मिल गई है। अल्लाह ने इस शख्स की सारी कूवत ले ली इसकी सूघने की शक्ति क्यो नही ले ली। जान ही क्यो नही ले ली। अन्नू कभी-कभी प्यार मुहब्बत के लिए तुल जाती है।

फेलू को पता चल जाता है कि आकालू इस तरह से उसकी बीवी की मुहब्बत चुराये ले रहा है। वह उस वक्त कुरबानी वाले छूरे की तलाश मे रहता है। लेकिन किसी दिन दोपहर की धूप में वह देख पाता कि आकालू सिर पर लंबी लाल रंग की फज टोपी पहन कर काले रंग का अद्धी का बारीक कुरता और चारखाने की लुगी पहने—आकालू एक दूसरा खुदाई साड बन गया है। मानो तीन साड उसे तीन ओर से पागल बनाये दे रहे हैं। एक तो आकालू है दूसरा हाजी साहब का साड तीसरा पागल ठाकुर। वह बछडे को फिर घसीटने लगा।

बीच बीच में फेनू कुरबानी वाला छुरा छप्पर के फूस में कभी यहां तो कभी वहां छिपा कर रखता है। अनू उसका गला काटकर तिड़ी हो जा सकती है। रोजो दिन घर के भीतर एक बेलदारी छप्पर के फूस में कभी कभी झांक कर वह देख लेता—वह ठीक है या नहीं, या आशानू बीबी के द्वारा उसका भी हरण कर लिया है।

बछड़े को इस तरह घसीट कर भी वह टस से मस न कर सका। वह खुदाई साड़ एक ही जगह पर चार पैरों पर अकड़ा खड़ा है। मानो कोई महान जीव हो। किसी ओर भी हरकत नहीं। बीच-बीच में वह साड़ उसकी आंखों के सामने मिया आफालुद्दीन बना जा रहा है। उसके बछड़े पर झपटने के लिए यह साड़ बीच-बीच में अपनी पूछ ऊपर उठाये ले रहा है।

अब वह साड़ सींग तानकर इधर झपट सकता है। साड़ के झपटने ही बछड़ा भी भागने लगेगा। भाग कर घर की ओर चला जायेगा। फेलू अगर पगहा थामे रहेगा तो उसे भी घसीट कर घर ले आयेगा। साला साड़ एक महाजीव है मानो जीव की आंख लाल-लाल—मानो उसके सामने या दूर जितने चरागाह खेत हैं, जितनी फसलें और घास है सब उसी के भोजन के वास्ते हैं। कौन है इस महापृथ्वी पर जो मेरे भोजन में हिस्सा बटाने का हौसला रखता है। मेरे सामने से गुजरता है। फेलू ने फोहश गालियां दीं, साला बछड़ा उसके सामने से जाने में डरता है।

बछड़े का क्या कसूर। फेलू खुद भी खौफ खा रहा है। उसने झट छिटकीला की एक टहनी तोड़ डाली। एक ही हाथ से उसने टहनी की पत्तियां फेंक कर उसे सटी-सी बना डाला। वह हाथ से सटी को ऊपर घुमाने लगा। साड़ देख ले कि फेलू में कितनी हिम्मत और ताकत है। लाठी घुमाकर अब वह साड़ को डरा रहा है। और अपने बछड़े से उसकी धाक कितनी ज्यादा है वह फेलू है एक हाथ चले जाने के बाद भी वह फेलू ही रह गया है यही जताना चाहता है। वह जानवर नजदीक आते ही उसके थोबड़े को थोथरा बना देगा।

एक दिन फेलू ने देखा कि साड़ उसके बछड़े का पीछा करता दौड़ रहा है। लूला होने की वजह से उससे कुछ बन नहीं रहा है। बछड़ा उसको घसीट कर घर ले आया है। साड़ उस समय महामारी-सा झपटता हुआ सहन में आ पहुंचा है। बछड़े को वह चोरी से घास चरा रहा था। साड़ की कितनी धाक है उसके सहन में आ धमकते ही हाय हाय मचने लगी। गया गया। चीख पुकार कुहराम। बछड़ा कमरे में

घुस गया। शायद साड एक हुरथे मे फेलू की झोंपडी उठाकर फेंक देता। लेकिन अनू के हाथो मे था गरम माड का गमला। जानवर की यह गुस्सल शक्ल-सूरत देखकर उसने सारा माड उस साड के मुख पर फेंक दिया। और तभी वह जानवर रभा उठा। मुह जल गया है। महापड पूछ उठाये मदान की ओर भाग रहा है। तभी से वह जानवर अपने दायरे म। फेलू अपने दायरे म। दो जीव। साड का मुह जल गया है। एक आख गलकर माथे मे घुस गई है। फेलू की भी एक आख चेचक से जाती रही। दो जीव अब एक एक आख लिये मौका मिलते ही लडते हैं।

फेलू को बेहद भय। फिर भी हाथ म सटी होन की वजह से कुछ डर कम हो गया। वह बछडे को लेकर फिर टहलने लगा। वह अच्छी घास की टोह म है। देखा माझी के खेत की मेड पर नरम घास। बछडे का पगहा थामकर वह बैठ गया। चारो ओर धान के खेत। वह बछडे को मेड पर घास चरा रहा है। घास चरते वक्त बछडे का छप छप और फत फत शब्द। पूछ हिला हिला कर बछडा बेफिक्री से चर रहा है। उसका घास चरना देखकर फेल त मय हुआ जा रहा है। और जाने क्यो पिछली रात की बात उसे बार बार याद आ रही है। कल सारी रात वह डर के मारे सो नही सका है। अनू शाम के बाद घर मे नही थी। फटी धारीदार साडी पहने जाने कहा उसकी बीवी चली गई। उसे वह दो चार घरो म ढूढता रहा। हाजी साहब के घर वह नही जा सकता। जाते ही मझली बीवी 'अरी ओ गुइया वाला गाना गाती है। हाजी साहब सटी मार सकते हैं। वह लौट आया था। नही, कही भी नही। अनू जब आई तब काफी रात हो गई थी। उसक सिर पर उडद के बिरवो का एक बोझ। हाजी साहब के खेत से वह चुरा लाई है। लाई है या कसर पर पर्दा डालने के लिए आकालू ने उडद के बिरवो का एक बोझ दे दिया है—यह उसकी समझ म नही आता।

बिना कह सुने चले जाने पर फलू को लगता बीवी कही मसखरी करने गई है। या आकालू क साथ वन जगल म इश्क लडाने चली गई हो। पिछली रात को कही जान की बात नही थी फिर भी बिना कुछ बताये वह चली गई। पेट मे हवस ही हवस। फेज टोपी सिर पर डाले अधेरी रात म दाढी म खुशबू चुपड कर आकालू निकल पडा है। किम अधेरे मे चारखाने की लुगी पहने आकालू खडा रहता बीवी सूघकर पता लगा लेती। वह उस दिन गौर चद के घर था। लौटते मे रात हो

जायेगी ऐसा कहा था। और इसी दरम्यान बीवी वन जगल में निकल गई।

या उसकी बीवी कार कारोबार से निबटन के बाद बछड़े को घास नहीं कहकर अधरे म खेत से सारा उड़द उखाड़ लाई है। जाने क्या-कुछ हो रहा है। गाव के लोग भी जानते हैं कि धावड फेलू की बीवी इन दिनो इश्क लड़ा रही है। धावड फलू की यह दुगन। उसकी बीवी गर क साथ इश्क लड़ाती है। भीतर ही भीतर आग-बबूला हो जाता है वह। सिर से बीवी पाश भी नही उतार सकी। कमर के सीधान एक लात जमा दी। पैर तो कोई लगडा नही। बल्कि हाथो की सारी ताकत अब परो म आ समाई है। लात खाकर अनू सभल नही सकी। उलट कर मुह के बल जा गिरी। पहले अनू को पीटन पर अनू ओसार म बठी घिघियाती रोती रहती थी। ऐसी रुलाई मानो घर पर कोई मर गया हो। रोने के साथ फोहश अलफाज तरन्नुम से गाते रहना। खेत क पास स कोई गुजरता तो जान जाता कि साला फेलू फिर बौखलाया हुआ है।

रोजमर्रे की बात है तभी कोई आता नही। फिर भी देखो इन दोनो म कितनी इश्क मुहब्बत है।

लेकिन आजकल मानो सबको पता चल गया है कि अनू मतिहारी (तबाकू) की पत्ती दात म मल रही है। फल गिरने के बाद भी अनू रोयी नही। कही पर उस पर रखन की ठास जमीन मिल चुकी है। रोने धोने गरियाने स फलू को डर नही रहता। आज कतई कोइ गाली-गलौज नही। अब बशक वह कहीं न कहीं चली जायेगी। फेलू इतना ही जानता है कि तलाक न देने पर बीवी कही भी जा नही सकेगी। आकालू चाहता है कि फेलू तलाक दे द। तलाक दे दे तो कुछ पसा भी मिल जायगा फेलू को—ऐसा प्रस्ताव भी आकाल ने फेलू के सामने रखा है। फेलू की सूरत उस वक्त देखो तो लगे बात-बात म यह मार-पीट महज दाम बढ़ाने के लिये। कितना दाम दोगे मिया ? लेकिन फेलू का दिल जानता है उससे यह नहीं होगा। अनू के न रहने पर वह मर जायगा।

लेकिन फेलू जब अनू क दाम-दर के बारे से सिर खपाता है तो वह एक आख से मुस्कराता रहता चेचक के दाग मुख के चारों ओर चारखाने की लुगी जसे और दाढ़ी क नीचे उसका सारा चेहरा कितना वीभत्स-सा—तो मिया हो जाय एक फसला। युवती के विनिमय म रुपया आता है। जितने दिन बीवी है उतने दिन तगन्स्ती फटेहाली में भी रुपया उधार मिल जाता है—अनू न रहने पर साल

हरामी के पिल्ले भी फेनू को इतने दिनों में बूढ़ोवास से उखाड़ कर फेंक दिये होते। सिर्फ बीच-बीच में उसका सहन के बीच से जाना बरदाश्त कर लेना पड़ता है। उस वक्त फेलू का बार बार जी करता टूटी हुई ठूठ की एक चोट जमा दे। साले कमीने में बच्चे की इश्कबाजी हवा हो जाय। अगले ही क्षण उसे याद पड़ जाता—उसका एक ही हाथ सबल है। अगर झपटे तो हरामी का पिल्ला उसकी गर्दन पकड़ लेगा और ऐसा मरोड़ेगा कि फेलू एक पागल कुत्ते की तरह रिरियाने लगेगा। इस लिए आबाल जाने पर वह चेहरे पर मुस्कराहट लाकर कहता—कहां जा रहे हैं भाई साहब? धान की उपज कैसी हुई खेतों में। हां, जाने कितने दिनों से कानिकशाली धान का भात नहीं खाया। धान कटे तो अनू को भेज दूंगा। दो कटटे धान दे दीजिएगा।

आबालू की आंखों के सामने भुनगे से उड़ने लगे। फेलू घात लगाये बैठा है कि कब धान कटेगा। उसकी समझ में नहीं आया कि क्या कहे। अनू कहां है? अंदर रनी वाली कटरियों में वह आंखें डाल देता। क्या उस दाढ़ी के अतर की खुशबू नहीं मिली? अनू को देखने के लिए ही वह मजबूरन सहन में खड़ा हो गया। कुछ बोलना ही पड़ेगा। उसने इधर उधर आंखें दौड़ाते हुए कहा बीबी को भेज देना मियां। दो कटटे धान दे दूंगा। डली सुपारी दूंगा। तम्बाकू पान जो भी लगे दूंगा। फिर वह धारों में अनू का स्पर्श व क्विार में है यह ताड़ लेते ही उसके जी में आता कि मियां के मुंह पर थूक कर चला जाय। अनू इस आदमी के पीछे कितनी तकलीफ उठाती है। किसी तरह छोड़कर भी नहीं आ पा रही है। जाने कैसे, कहीं से इतनी हसीन बीवी फांस कर ले आया है। कोई नहीं जानता यह कहना तो गलत होगा—माना जानवर भी नहीं जानते—इतने दिनों में फेलू की बीवी अनू है यही शादी का सबूत है। फिर अगर शरियत के मुताबिक तलाक न दे तो वह उसे अपने घर नहीं ले जा सकता। किसी और जगह बसाकर जा सकता है। अनू को मगर किसी गांव घर जाने पर किसी को भी पता नहीं चल सकेगा।

गोया फेलू को पता चल ही जाता कि उसकी बीवी भगाकर ले आएगा ही। फिर उड़ता हा तरा उसने पत्थर जिस तरह उसने लिया साहब के गले को गर्दन से टुकड़े कर दिया था उसी तरह से उसकी बीवी उसका गला भी टुकड़े करने के बाद ही भागती। और यही मारने बठ-बठ कर सिर्फ बीबी का मुंह देख रहा था। बीबी एक बार भी रोयी नहीं। तीन बार रात भर कृष्णा की रागनी में सिर झुकाय बैठ

कर बैठी रही। मारे डर के फेलू रात की शुरू घड़ियों में सो नहीं सका। चटाई बिछाये लेटे-लेटे चुपचाप बीबी का चेहरा देखता। कठोर चेहरा, आँखें अनम और बेरस। आँखें धधक रही हैं। बाहर उस समय कोई पछी बोल रहा था। हेमत के खेतों पर ओस गिर रही है। कुरूर के अड्डे फूटकर बेशक अब तक छाने आ गए होंगे। फेलू ने एक लबी सास ली तो उसे लगा बीबी हिलडुल कर बैठ गई है। और अबकी बार उसे कुछ तरस आया। बडे जोर से उसने मारा है। उसने कहा कहा गई थी ?

—मरने गई थी।

—मरने कहा गई थी ?

—खेतों में।

—क्या, क्या जरूरत थी खेतों मे ?

—घास न लाने पर तेरा प्यारा बछडा खाता क्या। दिन भर उसे खाने को क्या दिया है।

लगता है बीबी का गुस्सा कुछ ठडा पड रहा है। वह उठकर बैठ गया।—ला कुछ खाने को दे।

—नहीं दे सकती।

—क्या नहीं सकेगी। तुझे कौन भात देता है। कहकर उसने झपटने को सोचा। लेकिन उसी तरह अडी बैठी देखकर उसको उठने की हिम्मत नहीं पडी। छाजन में जहा उसने कुरबानी का छुरा रखा था वह वहा है या नहीं देखा। लेकिन छुरा वहा नहीं है। वह उतावला सा चेहरा लिये देखने लगा। एक ही आख से देखना पडता इसलिए पूरी गर्दन न घुमाने पर उसे दिखाई नहीं पडता। एक बार लगा कि उसने कहीं और रख दिया है। वह नाहक बीबी पर खफा हो रहा है। ढूढ लिया जायगा। फिर उसने अपनी बीबी को भला कौन सा सुख दिया। छिन छिन तरसाता ही रहा। छिन छिन उस पर नाएतबारी। तरस आ जाने पर वह उसके बगल में जाकर बैठ गया। पीठ पर हाथ रखकर दुलारना चाहा। लिपट कर प्यार करना चाहा। अन्नू अब मानो गले में दात गडा देगी—साप की तरह फुफकार रही है। मियां तुम मुझे छूना मत। तुम इबलीस हो। ना पाक हो।

—क्या कहा। मैं इबलीस हू ना-पाक हू। फेलू सड से कूद कर खडा हो गया। उसको मानो बीबी इतने दिनों के बाद पहचनवा रही है—तुम इबलीस हो तुम

शैतान हो। तुम्हे दीन ईमान से कोई सरोकार नहीं।

फेलू के परा का खून सड से ऊपर चढ़ गया। शायद वह अब कुछ कठोर कठिन कर ही डाले। वह बाहर के अधेरे म उतर आया। कमरे म रहने पर अभी कोई हत्याकाड हो जायेगा। उसने छावन के फूस म उस दूढा। नही, है नहा। मैं इब लीस हू, मैं ना पाक हू—ढूढते हुए उसने दुहराया है। नमाज नहीं पढ़ता हू अल्लाह का नाम नही लेता हू, मेरे गुनाह की कोई इतहा नहीं। लकिन यह सब क्या तू कहेगी इस वक्त। कहकर ही छलाग मार कर कमरे म घुस गया और बीवी के सामने धप्प से बठ गया। फिर बायें हाथ को दाहिने हाथ स उठाकर मरे हुए सांप की तरह बीवी की आखो के सामने डुलाता रहा। बोला बीवी तरी हिम्मत की दाद देता हू। यह मेरा मुर्दा हाथ है यह हाथ तुझे हौसला दे रहा है। तून मुझे ना पाक कहा। वर्ना किसकी इतनी हिम्मत है कितने ही लोग बाग झीकते फिरते हैं—तू तो औरतजात की है अन्नू। हसुआ कहा रख दिया। कुरबानी का छुरा।

—क्यो तुम मेरा गला काटोगे?

—दे तो बता सकता हू कि तेरा गला कटता है या नही।

अन्नू इस बार और भी सख्त हो गई। यह था तेरे मन म। यह कहकर ही वह पुआल के भीतर से हसुआ और कुरबानी का छुरा फर से निकाल कर ले आई।—ला दिया। अब जरा चलाओ तो देखें। तो जान लू कि तुमने एक काम किया। कहकर दोनो आखा को फलाये मानो रणरगिनी हो धारीदार साडी खोल उलग सी अनू ने उसके सामने गला बढा दिया।—मिया, हिम्मत नही। काटो न गला रेत रेत कर। कहकर ही वह कडी पड गई। फेलू के तेवर भी ऐसे कि अभी गला पकडकर नली ही काट डाले। अभी अभी फौरन ही वह कुछ करके रहेगा। लकिन अनू तनिक भी डर नही रही। क्योकि आँखें देख उसे मालम हो गया है कि इस आदमी पर दहशत हावी है। वह पहले की ही तरह आखें फाडे मानो आखो म शोले धधक रहे हों—खेत म शौहर के कत्ल की बात सुनकर जसा हहा कर कहकहा लगाने लगी थी भाग आते वक्त आज फिर उसी तरह पागल जसी ठहाका मारने लगी।

साथ ही साथ फेलू अपने मुर्दे हाथ की तरह बेजान हो गया। झटपट उसने दोनो हथियारो को हाथ के पीछे छिपा लिया। उसने चुपके से पुआल के ढेर मे अधेरे म दोनो हथियारो को छिपा कर रख दिया। अन्नू कडी आखो से देख रही है कि यह

धाकड़ आदमी धीरे धीरे रात का बौड़ा बनता जा रहा है। उसने कड़ी आवाज मे कहा, नहीं मार सके मियां। अब दिल म कोई हिम्मत नही।

—नहीं बीवी।

—तो फिर अपना काला मुह किसी को दिखाना मत।

फेनू को लगा कि वाकई अब उसके जीने का कोई अथ नहीं रह जाता। अपना मुह स्वय काटकर सजा दे सकने स या दोनो हाथो म मुड लेकर नाच सकने स मानो बीवी की बातो का माकूल जवाब दिया जा सकता था। लेकिन अधेरा उस ओर के गोठ म बछडे की आखें और चोरी स धान या दूसरी कोई फसल काट लाना—सभी कुछ अजीब-सा मायामय है—किसी तरह से भी कटामुड लेकर अब वह नाच नही सकता है। अपनी बीवी क अनदेख, पुआल के ढर म हथियार छिपा कर वह चटाई पर लबा पड गया था। फिर रात भर वह सो नही सका है। क्या जाने उसके सो जाते ही बीवी घर म आग लगाकर भाग खडी होगी। एक झुलसा हुआ आदमी आग के बीच सिकुडा सिमटा पडा रहगा—आग, हत्या का चित्र—फेनू का दिमाग फिर गया होता अगर वह न देखता कि बीवी आचल बिछाकर एक अलग लेटी हुई है। वह सावधानी से नजदीक चला आया। देखा अनू वाकई सो रही है या नींद का बहाना बनाय मसट्ट साधे पडी है। उसन कुप्पी की रोशनी म देखा कि अनू सचमुच सो रही है। उसका मन सहसा उदास हो गया। बीवी स प्यार करने का बडा जी कर रहा है। मुह को बढाकर फिर पीछे हटा लिया उसने। डर बडा डर। नागिन स डर। प्यार करते ही गल म दात गडा देगी। वह बीवी के बगल म अगोछा बिछाकर लेट गया था। और सवेरे अनू न ही उसे जगाया—जाओ बछडे को मदान म चरने छोड आओ।

मदान म बछडा लेकर आने के बाद यह माजरा। यह साड चार पैरो पर अकड कर खडा है। विशाल मदान, धान खेत सुनहरे रेतवाली नदी की कछार की उपक्षा कर फेनू को डरा रहा है।

और हाजी साहब का छोटा बेटा, जितना लबा है नही उसस ज्यादा लबा बनने का शौक है उस। लाल रग की टोपी सिर पर। चारखाने की लुगी पहने ताजे धूप मे खडा है। दाढी मे अतर की महक। बीवी पिछली रात की लात को निपट बिसर कर बसवारी मे चली जा रही होगी।

वह और साड और आकालूद्दीन पागल ठाकुर सभी क्रमश परस्पर प्रतिपक्ष

बनते रहे हैं। एक महिमामडित मनुष्य हेमत व सवेरे सुनहरे रतयानी नदी के कछार पर लेटे हैं। केवल वही जानते हैं साड कितनी तेजी स झपट तो फेलू का पट इस ओर स उस ओर तक छिद जाय।

मानो वह साड फेलू को देखत ही परा पर मौत का नाच नाचन लगा हो। इस बार साड शायद झपट पडे।

उस समय मालती हस रही थी। रजित की बातें सुनकर हस रही थी। हसी म भी इतना रज रहता है। मालती का मुख न देखन पर रजित का पता ही नही चलता होता। मालती का चेहरा कितना करुण और बेबस है। कितनी कठोर हसी।

दरबेनुमा कोठरी के भीतर मालती एक बत्तख की तरह बठी थी। हेमत की अतिम धूप उसकी कोठरी क टट्टर पर। हेमत क आखिरी दिन होने क कारण कुछ सरदी सी लग रही है। एक पतली सी कथरी ओढे मालती कबल की एक आसनी पर बठी है। अशौच का शरीर है मानो। चारो ओर उपेक्षा। नरेनदास धूप से पुआल उठाकर एक जगह बटोर रहा है। आभारानी धान पछोर रही है। शोभा आबू घर पर नही हैं।

आजकल आसानी स मालती घर स नही निकलना चाहती। बीच-बीच म घर के पास जो गाव का दरख्त है उसके नीचे आकर बठी रहती है।

रजित के आते ही मालती ने टट्टर खोल दिया था। क्योकि टट्टर गिराने के बाद चारो ओर अधेरा छाया रहता है। उसे क्रमश अधेरे से प्यार होन लगा है। चिडियाखाने की प्राणी की तरह अब वह जिन्दा नही रह पा रही है। क्या करे अब वह। जाने क्या हो गया है उसके भीतर। हर वक्त सरदी-सी और डर डर सा। दिल लरजता रहता। कडा ठहाका लगाने पर नरेनदास को डर लगने लगता। रजित स भेंट होत ही कहता जाइए देख आइए पागल की तरह हस रही है।

ऐसा सुनकर ही रजित आया था। उसके आते ही मालती एक विनीत और वश्य युवती बन गई। उसने एक जलचौकी बाहर ठल दी। सिर झुकाये उससे बठने को कहा। रजित के बठते ही मालती को मानो शरीर मे बल मिल जाता। यही

उसका एकमात्र पुण्य है जिससे उसने वह बात बताने को सोचा है। उसकी समझ में नहीं आ रहा है कि वह क्या करे। समझ में नहीं आ रहा था इसीलिए चेहरे पर यह बेबसी और दीनता। वह किसी तरह से भी वह बात बता नहीं सकी। इस व्यक्ति का मुंह देखते-देखते वह कैसी कुम्हला सी गई।

रजित बोला तुम ऐसा पागलपन करोगी तो कैसे चलेगा मालती।

—कैसा पागलपन ठाकुर ?

—कभी-कभी तुम गांव के पेड़ के नीचे भाग जाती हो। वहां चुपचाप बैठी रहती हो। कुछ भी खाती-पीती नहीं।

—कुछ भी खाना अच्छा नहीं लगता ठाकुर।

—अच्छा न लगने से कैसे चलेगा। खाना पड़ेगा। जिन्दा तो रहना है।

—तुम से ठाकुर मैंने एक छुरा दे जाने को कहा था। तुमने किसी तरह से भी नहीं दिया।

—फिर तुम्हारी वही एक बात।

—मेरी और कोई बात ही नहीं।

—तुम ऐसा करोगी तो करेगा क्या कर तुम्हें लेकर ?

—मेरे बारे में किसी को भी कुछ नहीं करना है।

—ऐसा नहीं कहते। कहना नहीं चाहिए। मानो बीमार मालती को रजित तसल्ली दे रहा हो।

—क्या तुमको ऐसा लगता है ठाकुर कि मुझ पर भूत सवार है ?

—तुम तो जानती हो मालती मैं इस सब में विश्वास नहीं करता।

—तो फिर तुम दादा की बातों पर यकीन क्यों करते हो ?

—करता हूं इसलिए कि तुम्हारा मुंह देखने पर मुझे डर लगता है।

—कैसा डर ?

—तुम्हारी शक्ल-सूरत कितनी अस्वाभाविक है। तुम तो ऐसी नहीं थी मालती। मन ही मन ईश्वर को पुकारो। वे तुम्हें भली चंगी कर देंगे।

—ठाकुर क्या तुम्हें भगवान में इतना विश्वास है ?

—अब मैं तुमसे क्या बताऊं। मुझे केवल यही डर सताता है कि तुम फिर मर जाओगी।

—मैं मरना नहीं चाहती ठाकुर। यकीन मानो, मैं मरना नहीं चाहती। तुम

नजरों से दूर रहते हो तो मुझे मरने की हिम्मत भी नहीं पड़ती। इसके बाद कुछ देर चुपचाप रहने के बाद वह बोली, अगर यह छुरा दे दिया होता। तुम लोगों ने मुझे मरने भी नहीं दिया। अब भला मैं क्या करूं।

रजित के सिर पर इस समय हेमंत की धूप आ पड़ी है। और कहीं किरण परिमित पट्टी की तरह। कमर के भीतर युवती नारी अधर में पड़ी है। मानो सदियों अरसा से रजित से कुछ कहना के लिए वह सो नहीं पा रही है। आंखों के नीचे काले हलके। हाथ-पैर दुबले-दुबले। चेहरे पर पसीना। और चारों ओर अद्भुत सन्नाटा। लेकिन बार बार वह छुरे के प्रसंग में चली आ रही है।

उसने कहा मालती तुमने माथे में सेंदूर लगाया था और पैरों में अलता। कितनी सुन्दर लग रही थी।

मालती ने कोई जवाब नहीं दिया।

—कितनी सुंदर आंखें हैं तुम्हारी मालती। तुम्हारे लिए मैं कुछ भी कर नहीं पा रहा हूं। तुमसे भला और क्या बताऊं।

मालती सिर झुकाये रही। मानो कुछ सोच रही हो।

रजित बोला, मैं चला जाऊंगा मालती। तुम्हारे साथ फिर मुलाकात होगी या नहीं मालूम नहीं। कब मुलाकात होगी यह भी नहीं बता सकता। मेरा अज्ञातवास खत्म हो गया। जाने से पूर्व तुमसे मिल गया।

मालती की आखें बड़ी-बड़ी लग रही हैं। उसने कहा तुमने पूछा नहीं कि क्या मैं पागल की तरह जोर जोर से हसती हू।

—पूछू भी क्या। कुछ कर जो नही पा रहा हू। पूछने से क्या फायदा।

मालती बोली, तुम्हारा अज्ञातवास समाप्त हुआ। कहते हुए मालती का दिल धड़क उठा।

—समाप्त। पुलिस को इत्तला मिल चुकी है कि मैं इस इलाके मे हू। आज या कल पुलिस के साथ एनकाउटर (मुठभेड) हो जा सकती है यही सोचकर भाग रहा हू।

'एनकाउटर शब्द मालती की समझ में नही आया। अब वह अपना अतीव क्लेश भूलती जा रही है। वह केवल अपने प्रियजन का मुखड़ा देख रही है। यह आदमी उसके पास आने पर किसी को कुछ सदेह नही होता। क्योकि वह इसी नारी को कितने ही दिन लाठी छुरे का खेल सिखाता रहा है। रजित एक महान आदर्श

में पता हुआ है। मालूनी सी एक विधवा युवती उसके लिए कुछ भी नहीं। बल्कि मालती की कठोर मुखमुद्रा उसके आने ही सहज बन जाती है। नरेनदास की धारणा है और अन्य लोगों की भी धारणा है कि मालती रजित से डरती है। अब वही युवक फिर लापता हो जायगा। वह लापता हो जायगा तो मालती के पास रह क्या जायेगा। अभी वह उससे सब कुछ बता दे सकती है। लेकिन किस तरह से बताये। ऐसी एक बात जो जानकर भी नरेनदास तोपे ढाप है। मालती ने अब रुआसी आवाज में कहा ठाकुर, मैं मरना नहीं चाहती। मुझ तुम कहीं ले चलो।

रजित ने देखा मालती की आखो से आसू टपक रहे हैं।

धीरे धीरे निजहरी ढलती जा रही है। खेता म धान की गध आ रही थी। मानो लगता है, ये जो चारो ओर खेत हैं हर कहा फसल है और उडद के खेत म नीलाभ रग के फूल, और धान की कटनी शुरु हो गई है, दूर के खेता म धान काटने का गीत सुनाई पड रहा था—सभी कुछ मालती के लिय बेमाने है। इस समय मालती क्या कर सुनने के लिए वह अधीर प्रतीक्षा म बठा है।

इतने दिनों तक रजित अपनी समिति के आदेश से कितने बड-बड कामो को अनायास निबटाता रहा है। कुमिल्ला म हडसन साहब को मारकर वह भागा हुआ है। पुलिस वाले जानते हैं कि अगरतल्ला होकर शिलचर और शिलचर स आसाम म कहीं वह रूपोश है। फरार। उसके बचपन का परिचय लबे अरसे तक कोशिश करने के बाद भी पुलिस को नही मिल सका। वह रजित है वही सुखमय दास है और वही कभी चरण मडल बन जाता है—और नदी पार कर गोपाल सामन्त का नाम अपना कर उसने नील-पूजन का बाजा बजाया था—ये सारी बातें पुलिस को मालूम होने पर भी रजित नाम का एक बालक यहा किशोरवय बिताकर भगोडा है यह उनको मालूम नहीं। इस जवार के लोग बस इतना जानते हैं कि रजित देश का काम करता फिरता है—बस इतना ही। इस समय मालती उसके सामने गुम्मी साधे बठी है और जीवनभर का जो आदर्श है वह सभी निरर्थक है। मालती का इस तरह गुम्मी साधे बठना वह बरदाश्त नही कर पा रहा है। अपने को बडा कमजोर पाने लगा।

उसके सामने कितना बडा मदान है फसल से भरे खेत हैं। थोडी-सी फसल की जमीन लेकर वह क्या करेगा। मालती को वह कही पहुचा नही पा रहा है। यह मालती की नियति है। कुछ भी वह बोल नहीं सका। सिर झुकाये चलते हुए वह

पेड-पाला के बीच अदृश्य हो गया।

मालती जिस तरह दबे पांव बत्तख की तरह निःशब्द आई थी उसी तरह धीरे धीरे भीतर चली गई। थोड़ी देर बाद ही आभा आई। उसके बाएं हाथ में लालटेन है। दाहिने हाथ में कसई की हुई थाली में खीर और गुड़। मामी का रात का भोजन। थाली रखते ही मालती टटोल कर खाने लगी। फिर वह अंधकार सहित, कोटर में धंसी हुई आंख लिए वह पड़ी रहेगी। आंखों में नींद नहीं। फिर यही लगता कि किसी रेगिस्तान में गिरे पर पत्र-पुष्प से शून्य कोई वन उन सा रहा है।

चलते चलते रंजित पोखर के भिड़ पर आ गया। वह जो अजाना वृक्ष है वह पत्तियों शाखा सहित बड़ा होता जा रहा है। चारों दिशाओं में धीरे धीरे अंधियारा उतरता आ रहा है। दक्खिन के कमरे में शशीमास्टर लड़कों को पढ़ा रहा है। सोना काफी जोर जोर से पढ़ता है। रंजित इस घर में आते ही वह अपने बड़े-बड़े शब्दों को सुना-सुना कर पढ़ता है। वह कितना बड़ा हो गया है और कितने कठिन कठिन शब्द इसी उम्र में जान गया है यह रंजित मामा को जताना चाहता है। इतनी उदासी में भी वह मन ही मन हंसा। वह चला जायगा। यह सब छोड़कर जाने में उसे हमेशा ही तकलीफ होती है। दीदी के पास वह बड़ा हुआ इसलिए सारा आकर्षण इसी दीदी से है। और पति उसका पागल है तभी तो मन में सदा एक ही चिंता—यह व्यक्ति सारी जिन्दगी इसी तरह से जियेगा और कविता पढ़ता रहेगा—दीदी का जीवन बड़े दुःख में बीता। यहां आने पर उसे लगता कि अपने ही घर वह वापस आ गया है। सारे खेत मैदान उसके परिचित। शायद इसीलिए जाने से पूर्व सब कुछ देख भाल कर जा रहा है। पोखर के भिड़ से ही उसने दक्खिन के कमरे की रोशनी देखी। शशीमास्टर आगे पीछे डोल डोल कर पढ़ाते हैं। इतिहास पढ़ाते वक्त—बालकों से जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियसी कहते समय उनको मिट्टी और मनुष्य के निमित्त एक गरमाई सी मिलती है। शशीमास्टर को इन तीन लड़कों से अपनी संतान के समान नेह है।

वह अंधेरे से अब निकल आया। संसार में अपना कहने को बस यही एक दीदी है। और कोई भी नहीं। पति पागल है। वह अब सीधे घर आ गया। अपने कमरे में जाकर पोशाक बदल डाला। उसके सूटकेस में जो कुछ रहना चाहिये सब सही सलामत है या नहीं यह देख लिया। महेन्द्रनाथ अपने कमरे में बैठे हैं। इस समय

वे थाड़ा-सा गम दूध लेते हैं। दीदी बेशक महेंद्रनाथ के पैरों के पास बैठी होगी।

दीदी से कहकर उसने थोड़ा सा खाना खा लिया। महेंद्रनाथ के कमरे में घुस कर प्रणाम करते वक्त उसने कहा, मैं आज ही चला जा रहा हूं।

आजकल बड़ी बहू इन बातों से विस्मित नहीं होती। वह कब कहां रहेगा या जायगा कोई जानना चाहे तो वह चुप रहती है। पहले इन बातों को लेकर बड़ी बहू रंजित से खटपट करती थी। अब नहीं करती। बेवक्त कहीं चला आ रहा है कहने पर भी उसे अचंभा नहीं होता। बल्कि वह उसके सामान सरिया देती है। ज्यादा बोलती नहीं। रंजित महसूस करता कि उसके जाने में दीदी भीतर ही भीतर कष्ट पा रही है। दीदी खामोश रहे तो उसे पता चल जाता है कि उसके जाने के बाद दीदी उसकी जरूर रोयगी। जाने से पूर्व जैसा वह प्रणाम करता है वैसा ही इस बार किया। फिर उदास चेहरा देखकर जैसा कहा करता, क्यों तुम मुस्कायी नहीं। मैं जाऊंगा और तुम मुस्काती नहीं। नहीं मुस्काओगी तो जाऊंगा कैसे?

तब बड़ी बहू जबरन हंसती। हंसकर छोटे भाई को विदा करती।

यह रही मेरी दीदी। कहकर सभी से विदा लेने के लिये पहले वह नविन के कमरे में हेल गया। शशीमास्टर से कहा चला जा रहा हूं। सोना के सिर पर कितने घने बाल हैं बालों में हाथ डालकर उसने सोना को दुलारा। बोला मैं जा रहा हूं। तुम लोग नेक बने रहना। मां का कहना मानोगे। ताऊजी का ध्यान रखोगे।

शशीमास्टर ने कहा तो फिर आप अज्ञात सफर पर जा रहे हैं?

—जाना पड़ रहा है।

—कब लौटेंगे?

—शायद अब और यहां लौट नहीं सकूंगा।

—क्यों?

—दिक्कत है।

—आप स्वदेशी आंदोलन वाले हैं। आप लोगों के बारे में सब कुछ जानने का सौभाग्य हमें नहीं मिलता। लेकिन बीच-बीच में आपकी तरह अज्ञात सफर पर निकल जाने का जी करता है। जाति की सेवा करने का मन करता है।

—जाति की सेवा तो आप कर रहे हैं। इससे बढ़कर सेवा और क्या हो सकती

है। इससे बढ़कर सेवा और कौन-सी हो सकती है।

—लेकिन जानते हैं कहकर शशीमास्टर उठ कर खड़ा हो गया। जाने कब देश स्वतन्त्र होगा।

—हो जायेगा।

—होगा जरूर। लेकिन देर हुई जा रही है। हम सभी लोग इसम कू नहा पडत इसीलिए देर हो रही है।

इस बात का रजित कोई जवाब नहीं दे सका।

—आपका क्या ख्याल है?

—किस सिलसिले म?

—यही देश की आजादी के सिलसिले म।

—सब लोग कूद पडेंगे तो घर गिरस्ती का काम कसे चलेगा?

- हा यह आपने ठीक ही कहा है। लेकिन लोग जसी सरगर्मी से जुटी है उससे आखिरकार जाने क्या होगा।

इस बात का जवाब देना ही पडेगा इसलिए रजित दूसरी बात पर आ गया।
—ये बच्चे आपसे बेहद हिले हैं। आजकल बडे ही जतन से दात साफ कर रहे हैं।

शशीमास्टर बोले दात ही सब कुछ है। देखू आपके दात।

कोई दूसरा मौका होता तो रजित क्या करता बताया नहीं जा सकता। लेकिन अब वह चला जा रहा है इसलिए बहुत सरल सहज बन गया है। इसलिए बिना कोई कुठा प्रकट किये उसने शशीमास्टर को अपने दात दिखाए।

लालटेन उठाकर शशीमास्टर ने सारे दात देखे। मानो कोई दक्ष डाक्टर उसके दात देख रहे हैं। मसूडे दबा-दबा कर उसने देखा। फिर लालटू से लोटा भर पानी लाने को कहकर उसने रजित के मूह की ओर देखा।—आपके नीचे वाले दात लेकिन अच्छे नहीं।

रजित हसते हसते बोला, क्या करने पर अच्छे होंगे?

—रोजाना रात को एक हड खाया कीजिए। कहकर वह बाहर गया। हाथ धोया। फिर लौट कर बोला हड से दात मजबूत होते हैं। लिवर बेहतर काम करने लगता है। अच्छी नीद आएगी। और हाजमे म इतनी मदद करेगी—कह कर जरा रुक गया। बहीखातानुमा पोथी म जाने क्या ढूढते हुए पन्ना उलटता रहा। ह शब्द के पष्ठ से हड किस पन्ने पर है ढूढकर हड के सारे गुण वह

बखानने लगा।

रजित ने देखा उस लंबी कापी पर कितने ही किस्म के आयुर्वेदीय फल फूल के नाम लिखे हैं। उनके उपकार के बारे में विस्तृत ब्योरा।

रजित ने कहा यह सब इनसे कहिए। इस देश की मिट्टी में जो कुछ होता है संसार में और कहीं वह मिलता नहीं।

शशीमास्टर बोले क्यों लालटू-पलटू मामा क्या कह रहे हैं। तुम्हारे मामा तो आज चले जायेंगे। प्रणाम करो।

सभी लोग एक साथ उठकर कौन पहले प्रणाम करे और प्रणाम खत्म कर फिर अपनी जगह जा बैठे इसी की प्रतियोगिता है मानो। रजित बोला, परीक्षा पास करते वक्त ऐसी ही होड़ होनी चाहिए। सबसे आगे निकलना है। सभी कुछ में जीतना है। और ऐसे ही समय रजित ने देखा उस ओर के अंधेरे बरामदे पर घर के पागल आदमी चुपचाप बैठे हैं। वह उनके पास जाकर बोला जीजा जी, मैं आज जा रहा हूं। कहकर उनके दोनों पैरों से सिर छुआकर उसने प्रणाम किया। प्रणाम करते वक्त बोला आशीर्वाद करें मैं कोई अच्छा काम कर सकूं।

वे बैठे थे। बैठे रहे। कोई बोल चाल नहीं। उनकी आंखें अंधेरे में दिखाई नहीं पड़ रही हैं। फिर भी महसूस किया जा सकता है कि जीवनभर यह आदमी एक सोने के हिरन के पीछे दौड़ रहे हैं। इस व्यक्ति की ओर देखते ही रजित की आंखें छलछला उठती हैं।

वह झटपट पश्चिम के कमरे में चला गया। धनबहू का चरण स्पर्श करते समय बोला धनदीदी, आज चला जा रहा हूं।

धनबहू ने कहा सावधानी से रहना।

इसके बाद शचीन्द्रनाथ से मिलकर गाढ़े अंधेरे में मैदान में उतर गया। शशी मास्टर साथ लालटू पलटू लालटेन लेकर पोखर के भिंड तक आये थे। आगे नहीं गये। रजित ने खुद ही कहा आप लोग लौट जायें मास्टर जी। अंधेरे में मैं रास्ता बेहतर देख लेता हूं। रोशनी रहने पर ही धुंधला-सा लगने लगता है।

अंधकार में उतर आते ही फिर वही मैदान, सुनहरे रेतवाली नदी तरबूज का खेत और ऊपर गगन चित्र विचित्र सारे सितारे और मैदान की वीरानी उसे बचपन की याद दिलाये दे रही हैं। बचपन में वह, शम्सुद्दीन और मालती—

मालती को लेकर वे नदी म तरते थे। तर कर दूसरे किनारे पहुच जाते थे। गहोना नाव के नीचे रजित कभी छिप जाता तो मालती डर जाती थी। वह पुकारती थी ठाकुर।

लग रहा है इस वक्त भी पीछे स कोई उसी तरह पुकार रहा है। ठाकुर तुम मुझे किसके पास छोडे जा रहे हो। तुम देश का काम करते फिरते हो क्या मैं भी तुम्हारा देश नही ? तुम्हारी इस जन्म भरी भूमि की मिट्टी म ही क्या मैं नहीं पनपी। मेरा सुख दुख क्या तुम्हारा सुख दुख नही। ठाकुर ठाकुर तुम बोलते क्यो नही ?

रजित ने जिस रफ्तार से जाने को सोचा था उतनी जल्दी वह चल नही पा रहा है। कोई उस लगातार पुकारता चला जा रहा है। मैं क्या करू ठाकुर। लगा कि चलते चलते वह अनमना सा किसी दरख्त के नीचे खडा हो जा रहा है। जितनी जल्द इस जवार को छाडकर जाने को उसन सोचा था जाने क्या उतनी जल्द वह जा नही पा रहा है। दरअस्ल उसके पर चल नही रहे थे। उसके सिर के ऊपर आकाश की तरह पवित्रता लिए मालती जाग रही है। वह पगभर भी आग नही बढ सका।

उसने जीवन मे जो कुछ सोचा नही था जो कुछ सपना ही था मन ही मन सब कुछ को झूठा साबित कर वह दूसरे जीवन म कूद पडेगा। देश के उद्धार स जाने क्यो यह काम कम महान नही लग रहा था।

वह उस पीपल क नीचे खडा रहा। अधेरा कितना गाढा है। और ये पेड पौधे कितने प्राचीन लगते हैं। अधरे मे खडे वह कुछ प्रत्यक्ष करने का प्रयास कर रहा है। गाव के भीतर सारी रोशनी की बुदकिया जल बुझ रही हैं। रात अब भी कोई गहरी नही। भुजग और कविराज स लाठी छुरे के खेल की सारी हिदायतें कौन कौन से नये अखाडे खोलने हैं वहा जाने पर किसके साथ उनको सबध सूत्र बना रखना है ये सारी बातें उसने ठीक ठीक बताइ या नहीं सब उस पेड के नीचे खडे खडे उसने सोच लिया। उस वक्त कहीं कोई कुत्ता भक रहा है। गीदड फेंकर रहे हैं। जलाली के कब्र पर इतन दिनो म कासफूल की एक झाडी उग आई है। कास के सफेद फूल इस अधेरे म जुहाई की एक फाक जसे आखो के सामने डोल रहे है। जीने क लिये जलाली का जीवन सग्राम ताजिदगी रहा। मृत्यु के बाद एक खड जमीन पाकर वह कितना मनोरम हस रही है। क्योकि

रजित को लग रहा था, अंधेरे म, न काम के फूल और न जुहाई मानो चप्पेभर जमीन क प्रति जलाली का प्यार था। वह मिल गई है इसलिए वह छोट बच्चे की तरह हस रही है। कासफूल जसी ही पवित्र हसी जलाली के मुख पर बनी हुई।

अंधेरे म खडे-खडे उसे भी लगा कि यह एक एक चप्पा जमीन सभी का प्राप्य है। सभी को यह देना है। भूखे और भूमिशून्य मनुष्य। भूमिशून्य का मायने पैरा के नीचे जमीन नहीं एस आदमी क बार मे वह सोच नही सकता। उसके पास घर होगा खेती किसानी के लिए जमीन होगी वह कुछ खायगा, खाने को मिलेगा उस, खाना न मिल तो मनुष्य की स्वतत्रता का कोई अथ नही रह जाता। मनुष्य की स्वतत्रता का अथ वह इसी को समझता है। जान क्या इस बार उसके दिमाग में आया कि चप्पाभर जमीन वह मालती को भी देगा।

या इस अंधेरे म गाढे अंधेरे म खडे होते ही वह एक साहसी व्यक्ति बन जाता है। उस मौत का डर नहा रह जाता। कितनी ही रातें ऐसे सारे वन-जगल, नदी मदान कहीं पहाड हो तो सिह शावक सा पहाड पर चढ जाना मानो निरतर एक ग्रह स दूसर ग्रह की ओर अभियान—य सार दुस्सह अभियान उस कभी-कभी जीवित रहने के लिये अधिक प्रेरित करत रहत हैं। कुछ भी न कर सकन मे उसे लगता है कि वह मुर्दा है। जीवन एकरस बन जाता। जिंदा रहन की कोई प्रेरणा नहीं रह जाती। उत्साह रहित व्यक्ति जसा वह अधार्मिक बन जाता। हडसन साहब की हत्या क बाद वह फिर कुछ नया काम करन जा रहा है। एक ग्रह से दूसरे ग्रह तक जान की भाति ही यह घटना है। अंधेरे म नरेनदास का घर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। अब भी रोशनी की बुदकिया दिपदिपा रही है। शायद नरेन दास गोठ मे गाय बाध रहा है। और आमागनी घाट से बरतन माज कर लौटते ही वह बढ सकेगा। अब उनका लेटन भर की देर है। मालती क बार म अब उनका भय-डर घट गया है। क्योकि मालती के शरीर म अब घुड दौड जमी ताजगी नहीं। मालती बीमार दुबली मरियल और लस्त-पस्त सी। और मालती के शरीर के भीतर इस समय धर्माधम का नगाडा बजा रहा है। मालती को नरेनदास घर म जगह नहीं द रहा है। मालती यहा रहेगी तो पागल हो जायगी।

क्रमश रात बढ रही है। मिनसारे पुलिस ठाकुरबाडी को घेर लेगी। ऐसी ही इत्तला उसे मिली है। सतोष दरोगा आमड फास के लिए नारायणगज गया है। एक मामूली आदमी को पकडने के लिये सतोष दरोगा ने पौशीदा ढग से मशोम्मत

जसा इतजाम कर डाला है। दरोगा को इतना डर है सोचकर उसे हसी आई।

कौन हैं ये लोग, उसकी समझ म नहीं आ रहा है जो उनको पकडाय दे रहे हैं। यहां उसकी किसके साथ दुश्मनी है ? कई कोस दूर थाना है। आन जाने म काफी वक्त लग जाता है। जल-जगल वाली जगह होने के कारण इधर खास कोई आना नहीं चाहता। यहा वह मज म अज्ञातवास कर रहा था। लेकिन चुपचाप भी बठे नहीं रहा जा सकता। समिति स उसने निर्देश मांगा। उनके निर्देश क अनुसार वह गाव गांव म अखाडे खोलता जा रहा था। फिर एक सूचना मिली—एक आदमी बाउल बनकर चिट्ठी दे गया—पुलिस उसका सुराग लगान म लगी हुई है। उसे भागना है।

अब उसे लगा कि नरेनदास के घर की रोशनी की बूदकियां जो जल रही थी बुझ चुकी हैं। उसने गेरु रग का कुरता पहन रखा है। उसके ऊपर जवाहर कट सदरी। सदरी के नीचे हाथ से टटोल कर देखा—नहीं ठीक ही है। वह अब साव धानी से आगे बढने लगा। उसको अब और कोई डर नही। देखा सामने के अंधेरे मे कोई जानवर घो घो कर रहा है। रिवालवर को कस कर पकडते ही उसे लगा वह तो घर का बवार का कुत्ता है। वह चला जा रहा है इसलिए विदा करने आया है।

रजित बोला घर जा। यहा क्या है ?

कुत्ता फिर भी पीछे पीछे आने लगा।

उसने कहा, तू जा बेटा। इतने दिनो मे मैं एक नेक काम करने जा रहा हू।

लेकिन कुत्ता बगल मे चलता ही आ रहा है।

—क्या कह रहा हू सुन नही पाता है क्या ?

अबकी बार कुत्ता परो पर लोट गया।

—हा, हा ठीक है। काफी हुआ। अब जा भी।

अबकी बार कुत्ता सचमुच भागकर पोखर के भिंड पर चढ गया। फिर अजुन वक्ष के नीचे खडे खडे देखने लगा रजित किधर जा रहा है।

रजित सावधानी से मालती के दरवाजे के सामने आकर खडा हो गया। टट्टर का दरवाजा। टाच जलाकर उसने देख लिया कि टट्टर के दरवाजे मे कोई सध है या नही। उस कोई सध ढूढे नही मिली। इसलिए बाहर खडे उसने धीरे धीरे पुकारा, मालती। लगा कि भीतर वाला प्राणी तब भी जाग रहा है। थोडी सी

पुकार पर ही आहट मिल गई। वह उठ कर बैठ गई है। गले का स्वर पहचान कर मालती का दिल धड़क रहा था। उसने कांपते हाथों से ही टट्टर खोल दिया।

—मैं।

मालती बोली नहीं।

अब हम चलेंगे।

मालती कुछ भी समझ नहीं पा रही है—हम चलेंगे कहकर रंजित क्या बताना चाह रहा है। वह सिर झुकाये वैसी ही खड़ी रही।

—मेरे साथ तुम चलोगी।

—कहां? सहसा मालती ने रंजित जैसा ही प्रश्न कर डाला।

जिधर दोनों आखें ले जायें।

—लेकिन मुझे तो कुछ कहने को था ठाकुर।

—अब कोई और बात नहीं मालती। देर करने पर हम पकड़ लिये जायेंगे।

—लेकिन मुझे डर लग रहा है। तुमको सब कुछ बता न सकने से

—रास्ते में तुम्हारा सब कुछ मैं सुन लूंगा। तुम झटपट आओ।

मालती अब कोठरी में घुसकर दो सफेद धोती, सेमिज और पत्थर की थाली ले आई।

—इतना सारा लेकर रास्ता नहीं चल सकोगी।

उसने पत्थर वाली थाली रख दी।

रंजित बोला, हमें रातोंरात गजारी के जंगल में घुस पड़ना है।

नदी के कछार पर उतर आते ही उन लोगों ने देखा टोडरबाग के उस ओर से कौन लोग टार्च जलाये चले आ रहे हैं। घोड़े की टाप की आवाज। रंजित समझ गया कि रातोंरात संतोष दरोगा ने गांव घेर लिया है। उसने मालती से कहा, पानी में कूद पड़ो।

पुलिस के लोगों ने अब टार्च बुझा दिये। वे चले जा रहे हैं।

रंजित बोला, पानी में डूबे रहो।

वे पानी में जैसे ही डुबकी लगायें वैसे ही लगा किसी को पता चल गया है। उसने कहा, मालती हम तैरना है। जितनी फुर्ती से मुमकिन हो। यह कह परकर नदी के दूसरे किनारे उठ उन्होंने देखा टार्च की रोशनी इधर आ पड़ी है। शायद रंजित गिरफ्त में आ जाए। टार्च रोशनी में शायद उसी को ढूंढा जा रहा था।

ऐसा भयानक मामले म भी रजित को मानो कोई फिक्र न हो। मालती का केवर ही थोडी सी असुविधा है। उसन मालती स कहा, समझ रहा हो ये कुछ गाड गये हैं। व कुछ पहन ही आ धमके हैं।

मालती कुछ भी समझ नहीं पा रही है। वह बठी-उठी आर रही है।

—क्या हुआ है तुम्हें ?

मालती बोली ठाकुर तुम भाग जाओ। देर लगान पर व तुम्ह पकड लेंगे।

रजित जिस प्रकार स्वाभाविक ढग स मुस्कराता है वसा ही मुस्कराया। उसने कहा यह तुम पहन लो। इसने मुझ विपत्तियो से कितनी ही बार बचाया है।

मालती ने देखा काल रग का एक कुरता है। उन्होंने जगल म घुमकर पोशाक बदल डाली। उसने अपने सूटकेस स एक एक कर सब कुछ निकाला। वाला यहा स्थान पर गाली निकलती है। यही ट्रिगर है। अच्छी हाल्डिंग होनी चाहिय। निशाना भी उम्दा होना चाहिये। लेकिन यह क्या मालती तुम उलटी क्या कर रही हो। कै करती हुई मालती बोल नहीं पा रही है।

रजित बोला तुमको क्या हुआ है मालती सब कुछ तुम बता दो। मरी समझ म कुछ भी आ नही रहा है।

जो कुछ इतने दिनो से मालती ने कहना चाहा था लेकिन मारे घृणा के कह नही सकी थी अब इस दुस्समय रो म आकर उसने रजित से कह दिया।

—ठाकुर मैं मा बन रही हू। तीन वहशियो ने मिलकर मुझे जननी बना दिया। है। आगे कुछ और वह कह नही सकी। मालती बार-बार बस ओकती ही रही।

अधेरे मे रजित कुछ भी देख नही पा रहा है। परो के पास बठी मालती ओक रही है। उस पार अनगिनत टाच की रोशनिया। जगल के भीतर रोशनी पठ नही रही। रोशनियो के कण केवल बारिश की तरह पत्तियो की सध से आ रहे हैं। रजित अब घुटने माडकर बठ गया। मालती के सिर पर उसने हाथ रखा और बोला, हमे बहुत सारा रास्ता पदल चलना है मालती। हम लोग कहा जायेंगे हमे नही मालूम। तुम उठो।

इस प्रकार नदी किनारे जो जगल है जिस जगल को सोना ने एक बार ताऊजी क साथ हाथी पर सवार होकर पार किया था उसी जगल म मालती और रजित रातभर सुबह होने के इतजार म पेड-तले अगल बगल लेटे रहे। रजित ने फिर एक भी बात नही की। मालती ने मारे डर के घास मे मुह छिपा रखा है। दोनो

हा रात भर जागते रहे। इसके बाद कान-सी बात कर फिर स स्वाभाविक बना जा सकता है यह रजित साच ही नही पा रहा है। कहा जाय, किसके पास ले जाये और एसी एक नारी को लेकर अब वह करे भी क्या ? पेड की शाखें और टहनिया हवा में हिल रही हैं। अतिम रात की चादनी पेडो की पत्तियो पर। मानो वही पत्ते-पत्ते पर झर रहे निशा के ओस। या कोई फिर से ऊची आवाज म पढ रहा हो—एट लास्ट द सलफिश जायट केम। तडके सबेरे उजास दिखने से पहले मालती ने हा उसे आवाज दी। रात की अतिम घडियो म रजित की आखें लग गई थी।

रजित हडबडा कर उठ बैठा। उसने खुद एक लुगी पहन ली। अपने सूटकेस से कुछ गाद और रगीन सन लेकर वह अब बिलकुल दूसरा ही एक आदमी बन गया। बुरके मे बीवी और रजित एक मिया साहब। बगल म टूटी छतरी। मिया-बीवी कुम्मती म जा रहे हैं एमा भान किये रजित लगडा लगडा कर चलने लगा।

चलते चलत मालती ने कहा ठाकुर तुम मुझे जोटन के पास छोड आओ।

रजित कुछ भी न बोला। ऐसी हालत मे उसे और कहा ले जाया जा सकता था। वह दरगाह की ओर चलने लगा। दिनभर चलने पर वह मालती को जोटन की दरगाह तक पहुचा देगा। उसने सोचा फिलहाल मालती को जोटन के पास पहुचाकर वह कही चला जायेगा।

और चलत चलते अचानक ही जाने किसके प्रति क्रुद्ध होकर जगल के भीतर ही चिल्ला उठा, वदेमातरम। क्रोध का प्रतिपक्ष ज्वर है या सतोष दरोगा, उसका चेहरा दखकर यह भापा न जा सका।

ऐसे भयानक मामले में भी रजित को मानो कोई चिन्ता न हो। मालती को लेकर ही थोड़ी सी असुविधा है। उसने मालती से कहा, समझ रही हो ये कुछ ताड़ गये हैं। ये कुछ पहले ही आ धमके हैं।

मालती कुछ भी समझ नहीं पा रही है। वह बैठी-बैठी कांप रहा है।

—क्या हुआ है तुम्हें ?

मालती बोली ठाकुर तुम भाग जाओ। देर सवेरे पर ये तुम्हें पकड़ लेंगे।

रजित जिस प्रकार स्वाभाविक ढंग से मुस्कराता है, वैसा ही मुस्कराया। उसने कहा, यह तुम पहन लो। इसने मुझे विपत्तियों में कितनी ही बार बचाया है।

मालती ने देखा काले रंग का एक कुरता है। उन्होंने जंगल में घुसकर पोशाक बदल डाली। उसने अपने सूटकेस से एक एक कर सब कुछ निकाला। घोड़ा यहां दबाने पर गोली निकलती है। यही ट्रिगर है। अच्छी होल्डिंग होनी चाहिये। निशाना भी उम्दा होना चाहिये। लेकिन यह क्या मालती तुम उलटी क्या कर रही हो। कै करती हुई मालती बोल नहीं पा रही है।

रजित बोला तुमको क्या हुआ है मालती सब कुछ तुम बता दो। मेरी समझ में कुछ भी आ नहीं रहा है।

जो कुछ इतने दिनों से मालती ने कहना चाहा था लेकिन मारे घृणा के कह नहीं सकी थी अब इस दुस्समय में आकर उसने रजित से कह दिया।

—ठाकुर मैं मां बन रही हूं। तीन वहशियों ने मिलकर मुझे जननी बना दिया। है। *आगे कुछ और वह कह नहीं सकी। मालती बार-बार बस औकती ही रही।*

अंधेरे में रजित कुछ भी देख नहीं पा रहा है। पैरों के पास बैठी मालती ओक रही है। उस पार अनगिनत टार्च की रोशनियां। जंगल के भीतर रोशनी पैठ नहीं रही। रोशनियां के कण केवल बारिश की तरह पत्तियों की सांध से आ रहे हैं। रजित अब घुटने मोड़कर बैठ गया। मालती के सिर पर उसने हाथ रखा और बोला हमें बहुत सारा रास्ता पैदल चलना है मालती। हम लोग कहां जायेंगे हमें नहीं मालूम। तुम उठो।

इस प्रकार नदी किनारे जो जंगल है जिस जंगल को सोना ने एक बार ताऊजी के साथ हाथी पर सवार होकर पार किया था उसी जंगल में मालती और रजित रातभर सुबह होने के इंतजार में पेड़-तले अगल-बगल लेटे रहे। रजित ने फिर एक भी बात नहीं की। मालती ने मारे डर के घास में मुंह छिपा रखा है। दोनों

हा रात भर जागते रहे। इसके बाद कान-मी बात कर फिर से स्वाभाविक बना जा सकता है यह रजित साच ही नही पा रहा है। कहा जाय, किसके पास ले जाये और ऐसी एक नारी को लेकर अब वह कर भी क्या ? पेड की शाखें और टहनिया हवा म हिल रही हैं। अतिम रात की चादनी पेडा की पत्तियो पर। मानो वही पत्ते पत्ते पर झर रहे निशा क ओम। या कोई फिर मे ऊची आवाज मे पढ रहा हो— एट लास्ट द सेलफिश जायट कम। तडके सवेरे उनास दिखने से पहले मालती ने ही उसे आवाज दी। रात की अतिम घडिया म रजित की आखें लग गई थी।

रजित हडबडा कर उठ बठा। उसन खुद एक लुगी पहन ली। अपने सूटकेस से कुछ गाद और रगीन सन लेकर वह अब बिलकुल दूसरा ही एक आदमी बन गया। बुरके में बीवी और रजित एक मिया साहब। बगल म टूटी छतरी। मिया-बीवी कुटमती म जा रहे हैं एसा भान किये रजित लगडा-लगडा कर चलने लगा।

चलत चलत मालती ने कहा ठाकुर तुम मुझे जोटन के पास छोड आओ।

रजित कुछ भी न बाला। ऐसी हालत म उसे और कहा ले जाया जा सकता था। वह दरगाह की ओर चलन लगा। दिनभर चलने पर वह मालती का जाटन की दरगाह तक पहुचा देगा। उसन सोचा फिलहाल मालती का जाटन के पास पहुचाकर वह कहीं चला जायेगा।

और चलत चलते अचानक ही जाने किसके प्रति क्रुद्ध होकर जगल के भीतर ही चिल्ला उठा वदेमातरम्। क्रोध का प्रतिपक्ष जब्बर है या सतोष दरोगा, उसका चेहरा देखकर यह भापा न जा सका।